रामायण

(वाल्मीकि) खण्ड-1

رامائن والمیکی

फ़ारसी से हिन्दी अनुवाद एवं सम्पादन

प्रो० शाह अब्दुस्सलाम
डा० वक़ारुल हसन सिद्दीक़ी

लेखक
सुमेर चन्द

रामपुर रज़ा लाइब्रेरी
रामपुर - २४४ ९०१ (उ.प्र.)

رب زدنی علما

रामपुर रज़ा लाइब्रेरी

ज्ञान सर्वत्र प्रभुः॥

RAMPUR RAZA LIBRARY

RAMPUR











RAMPUR RAZA LIBRARY
RAMPUR

रामायण

(वाल्मीकि)

खण्ड प्रथम

(पृष्ठ १ से ३५३ तक)

رامائن (والمیکی)

लेखक

सुमेर चन्द

फ़ारसी से हिन्दी अनुवाद एवं सम्पादन

प्रो० शाह अब्दुस्सलाम
एवं
डा० वक़ारुल हसन सिद्दीक़ी

रामपुर रज़ा लाइब्रेरी
रामपुर - २४४ ९०१ (उ.प्र.)

© रामपुर रज़ा लाइब्रेरी, (उत्तर प्रदेश)

पुस्तक का नाम : रामायण (वाल्मीकि) खण्ड प्रथम
लेखक : सुमेर चन्द
अनुवाद एवं सम्पादन : प्रो० शाह अब्दुस्सलाम
डॉ० वक़ारुल हसन सिद्दीक़ी
प्रतियाँ : 1000
मूल्य : ₹5000/- प्रति सेट (३ खण्ड)

प्रकाशक : विशेष कार्याधिकारी
रामपुर रज़ा लाइब्रेरी,
रामपुर (उत्तर प्रदेश)

मुद्रक : डायमंड प्रिंटर्स, नई दिल्ली-११०००२
फोन 9990270417

Name of the Book : **RAMAYAN (Valmiki) Vol. I**
Name of Author : **Sumair Chand**
Annotated & Translated by : Prof. Shah Abdus Salam
& (Late) Dr. W. H. Siddiqui

Published by : O.S.D. Rampur Raza Library,
Rampur (U.P.)

Printed by : Diamond Printers, New Delhi-110002
Phone 9990270417
Price : **₹5000/- per set(in 3 Vol.)**

Rampur Raza Library
Hamid Manzil, Rampur-244901 (U.P.)

Phone Library : 0595-2325045, 2327244
0595-2325346
Fax : 0595-2340548
Website : www.razalibrary.com
Email : osdrampurrazalibrary@gmail.com

विषय सूचि

मंगलाशा .... प्रो० सूर्य प्रसाद दीक्षित 4
प्रस्तावना .... प्रो० शाह अब्दुस्सलाम 5
प्रमाण पत्र .... डा० हरिशंकर मिश्र 15
रामायण (वाल्मीकि) 17
बिस्मिल्लाह 19
बाल काण्ड 27
सर्ग-१ 39
खण्ड प्रथम का भाग प्रथम 45

नोटः मूल पाण्डुलिपि में जितने पृष्ठ उप्लब्ध हैं केवल उन्हीं पृष्ठों का अनुवाद पेश है।

प्रो० सूर्य प्रसाद दीक्षित
पूर्व हिन्दी विभागाध्यक्ष
लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ।

१- साहित्यिकी,
डी-५४,
निरालानगर, लखनऊ

मंगलाशा

रामपुर रज़ा लाइब्रेरी द्वारा प्रकाशित यह रामायण एक अनमोल निधि है। इसके रचयिता श्री सुमेरचंद का प्रयास वन्दनीय है।

यह एक अत्यन्त प्राचीन पाण्डुलिपि की प्रस्तुति है। मूलरूप से यह फारसी भाषा एवं लिपि में लिखी गयी है। अनुवादक ने उसका हिन्दी खड़ी बोली रूपान्तरण किया है। इस ग्रन्थ में रामकथा से सम्बन्धित २५८ महत्वपूर्ण प्रकरणों को मुग़ल शैली में चित्रित किया है। यह चित्रावली निस्संदेह उच्चकोटि की है।

यह कृति वाल्मीकि कृत रामायण पर आधारित है। इस खण्ड में चार काण्ड हैं। लेखक ने दो खण्डों में इसे पूरा किया है और बड़ी सत्यनिष्ठा के साथ प्रामाणिक रामकथा प्रस्तुत की है।

इस संस्करण की एक विशेषता है इसकी द्विभाषिकता । इसमें फारसी, हिन्दी दो भाषाओं का सुन्दर समन्वय हुआ है। यह भाषायी सौहार्द तथा तुलनात्मक समीक्षा अर्थात् पाठालेचन का अद्भुत उदाहरण है। इसके गम्भीर पारायण से कई समस्याओं का समाधान सम्भावित है।

इस प्रति में जो चौखटे प्रत्येक पृष्ठ पर बनाये गये हैं, उनका लिपि विज्ञान की दृष्टि से अत्यधिक महत्व है।

रामायण का लिप्यंतरण, रूपान्तरण और संपादन करके प्रो० सलाम तथा उनके सहयोगियों ने पुस्तकालय विज्ञान में नयी अभिवृद्धि की है और २०० वर्षो से अधिक पुरानी इस सांस्कृतिक संपदा का नव संस्कार किया है। इसके लिए वे बधाई के आस्पद हैं। इसका शीघ्रातिशीघ्र प्रकाशन किया जाना हम सबके वृहत्तर हित में होगा। प्रकाशनोपरान्त, मुझे पूर्ण विश्वास है कि यह कृति अपनी अनन्यता तथा सार्थकता सिद्ध करेगी । साभिवादन-

(प्रो० सूर्यप्रसाद दीक्षित)

प्रस्तावना

संस्कृत साहित्य में वाल्मीकि कृत 'रामायण' आदिकाव्य और महर्षि वाल्मीकि 'आदिकवि' के रूप में विख्यात हैं। 'रामायण' में राम के आदर्श चरित का वर्णन है। यह हमारी भारतीय संस्कृति, सभ्यता एवं मानव मूल्यों की प्रतिष्ठा का आधार ग्रन्थ है । इस कालजयी साहित्य का सामाजिक, सांस्कृतिक, धार्मिक और आध्यात्मिक दृष्टि से विश्व साहित्य में अमूल्य योगदान है। इसकी प्रासंगिकता के सम्बन्ध में यह उक्ति-''यावत्स्थास्यन्ति गिरयः सरितश्च महीतले है । तावद् रामायण कथा लोकेषु प्रचरिष्यति।'' अर्थात् जब तक पहाड़ों और नदियों का अस्तित्व इस पृथ्वी पर रहेगा, तब तक रामायण की कथा लोक में प्रचारित रहेगी ।

इस कालजयी ग्रन्थ की प्राचीनता के सम्बन्ध में यह निर्विवाद है कि वेदों के पश्चात् जिस अनुष्टुप वाणी में काव्य का प्रवर्तन हुआ, वह 'रामायण' ही है। महर्षि वाल्मीकि ने देवर्षि नारद जी से जो राम कथा सुनी, उसी का वर्णन एवं विस्तार इस का प्रतिपाद्य है। रामायण के सृजन के सम्बन्ध में एक विलक्षण घटना है। एक बार महर्षि वाल्मीकि अपने शिष्य भरद्वाज के साथ गंगा नदी से कुछ दूर ही तमसा नदी के तट पर गये । वहाँ जाकर स्वच्छ जल को देखकर वाल्मीकि मुनि ने अपने शिष्य भरद्वाज से वृक्ष की छाल का बना वस्त्र माँग कर स्नान करने की इच्छा व्यक्त की और वृक्ष की छाल का बना वस्त्र लेकर वहाँ के रमणीय वन की शोभा के दर्शन करने लगे। इसी क्षण एक क्रौच पक्षी का जोड़ा दिखाई दिया, जिसमें से एक नर क्रौच पक्षी को किसी बहेलिये ने अपने बाण से घायल कर दिया था। वह पक्षी खून से सना, लड़खड़ाता, तड़पता हुआ जमीन पर गिरा और मर गया ।उसकी प्रिया क्रौच्ची विलाप करती हुई करूण – क्रन्दन करने लगी, ऐसे करूण क्रन्दन को सुनकर वाल्मीकि मुनि का अन्तःकरण करूणा से द्रवित हो गया और उन्होंने उस बहेलिये को शाप दे दिया कि:-

मा निषाद! प्रतिष्ठां त्वमगमः शाश्वतीः समा ।
यत् क्रौच्चंमिथुनादेकमवधीः काम मोहितम् ।।

अर्थात् हे निषाद! तुझे नित्य, निरन्तर कदापि शान्ति न प्राप्त हो, क्योंकि तुमने इस क्रौच्च के जोड़े से एक काममोहित नर जोड़े का बिना किसी अपराध के वध किया है। ऐसा कहकर वाल्मीकि मुनि ने अपने शिष्य भरद्वाज से कहा कि करूणा के कारण जो मेरे मुख से अनायास ही यह वाक्य निकल गया है, इसका सौन्दर्य देखने लायक है क्योंकि यह चार चरणों का है, प्रत्येक चरण में आठ-आठ अक्षर हैं, यह वीणा की तान पर गाया भी जा सकता है अतः यह शलोक रूप होना चाहिए या नहीं?ऐसी बात सुनकर भरद्वाज जी को बड़ी प्रसन्नता हुई और वाल्मीकि मुनि का समर्थन करते हुए कहा कि निश्चय ही यह वाक्य शलोक रूप होना चाहिए । ऐसी वाणी सुनकर तमाम् विचार मन्थन करते हुए उस श्लोक रूप वाक्य को बारम्बार मन में स्मरण करते रहे। इसी क्षण ब्रह्मस जी उनके सम्मुख प्रकट हुए वाल्मीकि मुनि ने उनका यथोचित आदर-सत्कार किया तथा कुशल क्षेम पूछ कर उच्च आसन दिया ।

ब्रह्मा जी ने वाल्मीकि मुनि को आसन ग्रहण कराकर उस श्लोक को पुनः सुना तो वाल्मीकि का हृदय पुनः चिन्ता और शोक में डूब गया । ब्रह्मा जी अन्तर्यामी थे उनकी मनःस्थिति को समझ कर कहा कि हे ब्रह्मण तुम्हारे मुख से निकला यह वाक्य छन्दोबद्धऔर श्लोक रूप ही होगा । यह मेरी प्रेरणा और संकल्प से ही ऐसा हुआ है। तुम श्री राम के सम्पूर्ण चरित्र का प्रणयन करो जैसा कि तुमने नारद जी से सुना है। इस काव्य में आपकी वाणी कभी झूठी नहीं होगी, तुम श्री रामचन्द्र जी की मनोरम, परम-पवित्र, छन्दोबद्धकथा को श्लोक रूप में प्रस्तुत करो । ऐसा कह कर ब्रह्मा जी अर्न्तध्यान हो गये । ऐसा चमत्कार देखकर महर्षि वाल्मीकि को आश्चर्य हुआ। जिस क्रौच्च पक्षी के दुःख से दुःखी वाल्मीकि के मुख्य से अनायास, समान अक्षरों वाले, चार चरणों का गान किया, वह था तो उनके हृदय का करूणाद्र शोक, किन्तु वही छन्दोबद्धश्लोकबद्धहोकर विश्व प्रसिद्धसम्पूर्ण रामायण के रूप में सात काण्डों में प्रकट हुआः-

१. बालकाण्डम्
२. अयोध्याकाण्डम्
३. अरण्यकाण्डम्
४. किष्किन्धाकाण्डम्
५. सुन्दरकाण्डम्
६. युद्धकाण्डम्
७. उत्तरकाण्डम्

१. वाल्मीकि रामायण के 'बालकाण्डम्' में कुल सतहत्तर (७७) सर्ग हैं जिसका पहला सर्ग तो 'मूलरामायण' के नाम से प्रसिद्धहै। इसमें श्री राम की कथा वाल्मीकि मुनि नारदजी से सुनते हैं। इसके बाद अयोध्या नरेश राजा दशरथ के नगर का वर्णन, दशरथ द्वारा अश्वमेघ यज्ञ का अनुष्ठान, राम, भरत, लक्ष्मण और शत्रुघ्न का जन्म संस्कार वर्णन, यज्ञ की रक्षा हेतु विश्वामित्र का राम और लक्ष्मण को ले जाना, विश्वामित्र द्वारा राम को दिव्यास्त्रो की प्राप्ति कराना, देवताओं और दैत्यो द्वारा समुद्रमन्थन, राजा जनक द्वारा विश्वामित्र सहित राम-लक्ष्मण का सत्कार, धनुष भंग, श्री राम आदि चारों भ्राताओं का विवाह, राजा दशरथ का समस्त पुत्र और पुत्र वधुओं सहित अयोध्या नगर में प्रवेश तथा भरत और शत्रुघ्न का अपने ननिहाल जाने आदि की कथा वर्णित है।

२. वाल्मीकि रामायण के 'अयोध्याकाण्डम्' में कुल एक सौ उन्नीस (११९) सर्ग हैं जिसके अन्तर्गत श्री राम की महिमा, राजा दशरथ द्वारा श्री राम के राज्याभिषेक की तैयारी, मन्थरा द्वारा कैकेयी को भड़काना, कैकेयी का राजा दशरथ से वचन माँगना, राम को चौदह वर्ष के वनवास का आदेश, राम का वन गमन निश्चय, लक्ष्मण का क्रोधित होना, राजा दशरथ की रानियों का दुःखी होना, सीता का वन में राम के साथ जाने का आग्रह, राम का वनवास जाना, दशरथ का चिन्तित होना, श्री राम आदि का चित्रकूट पहुँचना, सुमन्त्र का अयोध्या लौटना, दशरथ का विलाप एवं मृत्यु, भरत आदि का ननिहाल से वापस आना, कैकेयी के षड्यन्त्र का पता चलना, कैकेयी माता को भरत द्वारा कटु वचन कहना, दशरथ का अन्तेष्टि संस्कार कर भरत द्वारा राम को मनाने के लिए चित्रकूट प्रस्थान, राम का रघुकुल रीति का दृढ़ निश्चय, भरत द्वारा राम की चरण पादुकाओं को प्रतीक रूप में लाकर राजसिंहासन पर रख कर राज कार्य का संचालन करना आदि की कथा विस्तार से प्रस्तुत की गई हैं।

३. वाल्मीकि रामायण के 'अरण्यकाण्डम्' में कुल पिचहत्तर (७५) सर्ग हैं। इसमें राम-लक्ष्मण और सीता का तपासों के आश्रम में सत्कार, विराध का तीनों पर आक्रमण, विराध वध, श्री राम आदि का अगस्त्य मुनि के आश्रम

में प्रवेश, पंचवटी मार्ग में जटायु पक्षी का मिलना, शूर्पणखां प्रसंग, खर द्वारा भेजे गये चौदह राक्षसों का नाश, त्रिशिरा वध, शूर्पनखा का रावण के पास जाना, मारीच का सुवर्णमय मृग रूप धारण करना, रावण द्वारा सीता हरण, राम-लक्ष्मण द्वारा सीता की खोज, राम का निराश होना, शबरी के आश्रम पर राम के जाने आदि की कथा चित्रित है।

४. वाल्मीकि रामायण के 'किष्किन्धाकाण्डम्' में कुल सड़सठ (६७) सर्ग हैं। जिसमें राम का पम्पा-सरोवर की शोभा का वर्णन, श्री राम की व्याकुलता, हनुमान जी का श्री राम-लक्ष्मण से मिलन तथा वन में आने का कारण पूछना, सीता हरण की कथा, राम द्वारा हनुमान जी को बतलाना, सुग्रीव द्वारा सीता खोज की प्रतिज्ञा, बालि का युद्ध, राम द्वारा बालि का वध, वानर सेना को संगठित करना, सुग्रीव का सभी दिशाओं का परिचय देते हुए वानर सेना को भेजना, सम्पाति की आत्मकथा, हनुमान जी का समुद्र लाँघने हेतु उत्साह प्रकट करना इत्यादि कथा का समायोजन है।

५. वाल्मीकि रामायण के 'सुन्दरकाण्डम्' में कुल अड़सठ (६८) सर्ग हैं। जिसके अन्तर्गत हनुमान जी का समुद्र पार कर लंकापुरी पहुँचने का वर्णन, सिंहि का वध, हनुमान जी का रावण के अन्तःपुर एवं अशोक वाटिका में प्रवेश, भंयकर राक्षसियों के साथ सीता जी का मिलना, सीता-रावण संवाद, रावण द्वारा राम को तुच्छ बताना, राक्षसियों द्वारा सीता को प्रताड़ना देकर समझाने का प्रयास, सीता द्वारा समस्त प्रस्ताव की अवहेलना, सीता का विलाप एवं प्राण त्यागने का निश्चय, शिंशपा वृक्ष से हनुमान जी का अवतरण, सीता को राम की दी अगूँठी दिखाना एवं हनुमान द्वारा अपने को राम का प्रिय दूत बताना, हनुमान जी द्वारा लंका दहन, राक्षसों का भयभीत होकर विलाप करना, हनुमान जी का श्री राम को यह सन्देश देना कि सीता जी ने कहा है कि ''मैं केवल एक मास तक जीवित रहूंगी उसके बाद प्राण त्याग दूंगी।'' आदि कथा प्रस्तुत की गई है।

६. वाल्मीकि रामायण के 'युद्धकाण्डम्' में कुल एक सौ अट्ठाईस (१२८)

सर्ग हैं। इसमें राम द्वारा वानर सेना और हनुमान जी की प्रशंसा, विभीषण द्वारा सीता जी को वापस लौटाने की रावण को नेक सलाह एवं अनुरोध करना, विभीषण का रावण द्वारा तिरस्कार, विभीषण का श्री राम की शरण में आना, श्री राम का शरणागत् की रक्षा करना, सुग्रीव और रावण युद्व, लंका पर वानर सेना का आक्रमण तथा रक्षसों के साथ भयंकर युद्व, हनुमान जी द्वारा अकम्पन का वध, श्री राम-कुम्भकरण युद्वएवं कुम्भकरण वध, कुम्भकरण की मृत्यु का समाचार पाकर रावण का शोक एवं विलाप, लक्ष्मण द्वारा अतिकाम का वध, श्री राम द्वारा राक्षस सेना का संहार, अंगद द्वारा महापार्श्व का वध, राम-रावण युद्वऔर लक्ष्मण की मूर्च्छा, श्री राम विलाप, श्री राम द्वारा रावण वध, रावण की स्त्रियों का विलाप, विभीषण का राज्याभिषेक, सीता के चरित्र पर राम का संदेह एवं ग्रहण करने से मुकरना, सीता द्वारा अपने सतीत्व की परीक्षा हेतु अग्नि में प्रविष्ट होना, राम का अयोघ्या जाने हेतु पुष्पक विमान माँगना और अयोध्या गमन, अयोध्या में श्री राम का अभूतपूर्व स्वागत और भरत द्वारा श्रीराम को गद्दी सहर्ष प्रदान करना, रामराज्य का वर्णन आदि की कथा वर्णित है।

७. वाल्मीकि रामायण के अन्तिम अर्थात् 'उत्तरकाण्डम्' में कुल एक सौ ग्यारह (१११) सर्ग हैं। जिसके अन्तर्गत श्रीराम के दरबार में कौशिकादि महर्षियों का आगमन तथा रावण वंश का वृत्तान्त सुनाना, मन्त्रियों सहित रावण का यक्षों पर आक्रमण और उनकी पराजय का वर्णन, रावण का यमलोक पर आक्रमण और उसके द्वारा यमराज के सैनिकों का संहार, नल-कूबर का रावण को शाप, मेघनाद और जयन्त का आक्रमण, हनुमान जी की उत्पत्ति, बाल्यावस्था में हनुमान जी द्वारा सूर्य, राहु और ऐरावत पर आक्रमण, लोकापवाद के कारण सीता को त्यागना, ययाति को शुक्राचार्य का शाप, श्रीराम के दरबार में च्यवन आदि ऋषियों का आगमन, सीता के दो पुत्रों का जन्म, श्रीराम द्वारा शम्बूक का वध, अश्वमेघ के अनुष्ठान से इला को पुरूषत्व की प्राप्ति, श्रीराम के दान-मान की महिमा, सीता का राम से मिलन, सीता का शपथ ग्रहण और रसातल में प्रवेश, माताओं का परलोक गमन, भरत का गन्धर्वों पर आक्रमण और उनका संहार करना, वशिष्ठ

आज्ञानुसार कुश और लव का राज्याभिषेक, दुर्वासा-राम संवाद, भाइयों सहित श्रीराम का विष्णु स्वरूप में प्रवेश तथा साथ आये हुए लोगों का संतानक लोक की प्राप्ति, रामायण काव्य का सार तत्त्व और इसकी महिमा का वर्णन आदि को विस्तार से बताया गया है।

रामायण किस काल की रचना है?इस सम्बन्ध में बड़ा मतभेद है क्योंकि तत्कालीन परिस्थितियों और तमाम् प्रक्षिप्तांशों के कारण इसका काल निर्धारण एक दुष्कर कार्य है। रामायण के बालकाण्ड और उत्तरकाण्ड का, अयोध्याकाण्ड से युद्धकाण्ड तक कोई साम्य नहीं दिखाई देता है। वेदों में भी रामकथा का कोई सूत्र नहीं दिखाई पड़ता । जैकोबी महाशय ने भाषा के आधार पर बुद्धके पूर्व काल की रचना स्वीकार कर रामायण के मूल भाग की रचना छठी शताब्दी ई० पूर्व मानी है और अनेक विद्वानों ने भी इस तिथि को मान्यता दी है। फिर भी यह इतना लोकप्रिय काव्य है कि इसे किसी काल की परिधि में नही बाँधा जा सकता, इसे तो कालजयी साहित्य कहना ही युक्तिसंगत है।

इस लोकप्रिय साहित्य अर्थात् रामायण के अनन्त संस्करण तथा कई भाषाओं में अनुवाद हो चुके हैं। इसी कड़ी में श्री सुमेर चन्द द्वारा १७१३ ई० में किया गया वाल्मीकि रामायण का अनुवाद विशेष महत्त्व का है। यद्यपि यह अनुवाद रामायण के सभी सात काण्डों का क्रमबद्धअनुवाद नहीं है, फिर भी भारतीय संस्कृति और मानव मूल्यों का आधार लेकर श्रीराम के चरित्र का वर्णन, एक विशिष्ट शैली में प्रस्तुत कर, चित्रों की सहायता से सामान्य जनता को सन्मार्ग की ओर प्रेरित करने का अनुपम महाकाव्य अपने में महत्त्वपूण है।

वाल्मीकि कृत 'रामायण' को 'इतिहास' की संज्ञा दी गई है जो विश्व में प्रथम राम कथा का ग्रन्थ है जिसके पश्चात् रामकथा से सम्बन्धित काव्यों का प्रणयन हुआ । यह महाकाव्य ''सनातन काव्य बीज होने के कारण परवर्ती काव्यों का उपजीव्य है''। इसलिए भी यह महत्वपूर्ण ग्रन्थ है। इसकी

कथा सम्पूर्ण विश्व में प्रचारित और प्रसारित है। मर्यादा पुरूषोत्तम राम का आदर्श चरित्र निश्चय ही लोक मंगल करने वाला है । इस कलियुग में 'राम' का नाम उच्चारण धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष की प्राप्ति कराने वाला है। राजा का प्रजा के प्रति क्या कर्त्तव्य है तथा किस के प्रति कैसा आचरण और व्यवहार हमें करना चाहिए, इसकी शिक्षा हमें रामायण से मिलती है। इसकी प्रतिष्ठा वेद के समान है क्योंकि ऐसी मान्यता है कि वेदों के पश्चात् जिस अनुष्टुप वाणी में आर्षकाव्य का प्रवर्तन हुआ, वह वाल्मीकि कृत 'रामायण' ही है। यह इस पृथ्वी का प्रथम महाकाव्य है, इसलिए भी जन मानस के लिए समाहत है। इसकी रक्षा और प्रचार-प्रसार कर लोक का कल्याण करना अखिल ब्रह्माण्ड के प्रत्येक नागरिक का कर्त्तव्य है। वह सबके लिए संग्रह, पठन, मनन, श्रवण और चिन्तन का विषय है। इसके पारायण मात्र से दैहिक, दैविक और भौतिक तापों से मुक्ति मिलती है ऐसा जनमानस का अखण्ड विश्वास है।

भारत की संस्कृति में विभिन्न वर्गों, धर्मों, जातियों और मूल्यों का समावेश है। भारतीय सामाजिक जीवन, इतिहास, संस्कृति और दर्शन तथा कला मनुष्य के सदाचारी तथा सुखद मूल्यों का एक सुन्दर गुलदस्ता है। इसी Secular (सर्वधर्म और सर्व संभाव) की प्रवृत्ति ने ही भारतीय संस्कृति को और अधिक आकर्षक एवं सुन्दर बना दिया है। और इसी मिली-जुली संस्कृति और सभ्यता की झलक हम को भारत की वास्तुकला, चित्रकला, आचार-विचार एवं दृष्टिकोण में पूरी तरह झलकता है। भारतीय कला ने ऐशिया के अधिकतर देशों को प्रभावित करके अपना असर उन पर डाला, अरबों, ईरानियों, तुर्को और मध्य ऐशिया की जीवन शैली और सामाजिक मूल्यों को रंगारंग बनाया?अरबी फारसी तुर्की और अन्य भाषाओं में भारतीय क्लासिक और धार्मिक ग्रन्थों के अनुवाद किये। भारत में सल्तनत राज्य की स्थापना के बाद इस प्रकार की गतिविधियों में और बढ़ोत्तरी हुई। विशेषकर वेदों, रामायण, गीता, महाभारत के अनुवाद मुग़लकाल में एवं मकबूल रवायत (सुप्रसिद्धस्त्रोत) बन गये थे। मुग़ल बादशाह अकबर, जहाँगीर, शाहजहाँ, औरगंजेब तथा अन्य मुग़ल सम्राटों के काल में बड़ी संख्या में भारतीय ग्रन्थों,

पुस्तकों के अनुवाद अरबी, फ़ारसी तथा तुर्की भाषा में हुए। और मुग़ल कालीन चित्रकला से सुसज्जित इन पुस्तकों को जाविदाँ (जीवंत) बना दिया गया। और ये विभिन्न विषयों पर अनुवादित पाण्डुलिपियां संसार में श्रेष्ठता की पात्र बनीं !

इसी सिलसिले की एक अहम् कड़ी सुमेर चन्द की फ़ारसी में अनुवादित वाल्मीकि रामायण है जो फ़ारसी भाषा में और फ़ारसी लिपि में मुग़ल चित्रकला से सुसज्जित पाण्डुलिपि है तथा जो रामपुर रज़ा लाइब्रेरी में सुरक्षित भारत की एक नायाब सांस्कृतिक धरोहर है। इसमें २५८ रंगीन चित्र कलाकृत (Miniatures) हैं इस पाण्डुलिपि की महत्ता इसलिये और भी बढ़ जाती है कि संसार की किसी भी भाषा में लिखित रामायण में इतनी बड़ी संख्या में चित्र नहीं हैं। इस पाण्डुलिपि को सुमेर चन्द ने मुग़ल सम्राट फ़र्रूखसियर के शासनकाल में (सन् ११२८ हिजरी/१७१५ ई०) में लिखा था। यह पाण्डुलिपि ६७५ पृष्ठों पर केवल चार काण्डों पर आधारित है। प्रत्येक काण्ड के आरम्भ में सोने के पानी तथा कीमती पत्थरों के रंगो से गुलबूटे और नक्शो निगार से लौह (पृष्ठ का उपरी भाग) सजाई गई है।

इस हिन्दी अनुवाद का कार्य मैंने (शाहअब्दुस्सलाम) और पूर्व विशेषकार्याधिकारी स्व. डा. वकारूल हसन सिद्दीकी के साथ आरम्भ किया था । दो वर्षों की कड़ी मेहनत के बाद यह अनुवाद संपूर्ण हुआ था । इसके प्रकाशन में कुछ कारण वश बहुत देर हो गई। दुःख की बात यह है कि डा. वकारूल हसन सिद्दीकी का अब देहान्त हो चुका है और वह इस पुस्तक को प्रकाशित रूप में न देख सके । इस महान ग्रन्थ के प्रकाशन से उनको अपार हर्ष होता किन्तु वे जहाँ भी हों जिस रूप में हों, ईश्वर उनकी आत्मा को शान्ति दें यही मेरी मंगल कामना है।

इस महान् ग्रन्थ के प्रकाशन में जिन-जिन महानुभावों का योगदान रहा है उनके प्रति अनुवादक का आभार प्रकट करना परम कर्त्तव्य है। इस क्रम में मैं सर्वप्रथम उत्तर प्रदेश के महामहिम् श्री राज्यपाल/अध्यक्ष

रामपुर रज़ा लाइब्रेरी बोर्ड के सर्वश्री बनवारी लाल जोशी जी का तहेदिल से शुक्रिया अदा करता हूँ जिनकी वजह से मैं और हमारी रामपुर रज़ा लाइब्रेरी के प्रति विशेष अनुराग रहा है तथा समय-समय पर उनसे मार्ग दर्शन मिलता रहा है।

आदरणीय् श्री जी० पटनायक जी प्रमुख सचिव, श्री राज्यपाल का भी मैं बहुत आभारी हूं कि उनके कुशल मार्गदर्शन से ही रज़ा लाइब्रेरी के सभी कार्य कुशलतापूर्वक सम्पन्न होते हैं। उनकी विशेष रूचि इस पाण्डुलिपि के प्रकाशन में बड़ी सहायक रही है ।

आदरणीय् श्री जवाहर सिरकार जी सचिव, भारत सरकार, संस्कृति मंत्रालय का आर्थिक सहयोग इस ग्रन्थ के प्रकाशन में विशेष रहा है। उनके प्रति आभार प्रदर्शित कर आशा करता हूं कि आगे भी इसी प्रकार उनका सहयोग हमारी लाइब्रेरी को मिलता रहेगा ।

आदरणीय् प्रो० सूर्य प्रसाद दीक्षित जी महान् आलोचक एवं साहित्य मर्मज्ञ हैं उनकी मंगलाशा इस ग्रन्थ हेतु मिलना बहुत बड़ी बात है जिससे इस अनुवाद की महत्ता के साथ-साथ रामपुर रज़ा लाइब्रेरी का गौरव भी बढ़ा है। मैं उनके प्रति हृदय से कृतज्ञता प्रकट करता हूँ।

आदरणीय् प्रो० हरिशंकर मिश्र जी आचार्य हिन्दी विभाग, लखनऊ विश्वविद्यालय जो मेरे परम् आत्मीय एवं सहयोगी रहे हैं जिन्होंने मेरे निवेदन पर इस ग्रन्थ के अनुवाद का पहला प्रूफ़ पढ़ कर इसकी त्रुटियों तथा कमियों की ओर संकेत कर इसे पुस्तकाकार रूप में लाने में महती भूमिका निभाई है उनके प्रति मैं कृतज्ञता ज्ञापित करता हूं ।

मेरे प्रिय डॉ० राजेश कुमार शुक्ल, अंशकालीन प्रवक्ता, राष्ट्रीय संस्थान (मातिक विश्वविद्यालय, लखनऊ परिसर) लखनऊ जिन्होंने इस ग्रन्थ की वर्तनी संशोधन तथा प्रमाणिक पठन (प्रूफ़ रीडिंग) का दो बार अवलोकन कर तमाम त्रुटियों का निराकरण कर इसे ग्रन्थाकार रूप में प्रस्तुत करने में

विशेष सहयोग दिया उनके प्रति मैं हृदय से कृतज्ञ हूं ।

रामपुर रज़ा लाइब्रेरी, रामपुर के लाइब्रेरी एवं सूचना अधिकारी डा० अबुसाद इस्लाही के प्रति मैं शुक्रिया अदा करता हूं जिन्होंने प्रकाशन के पूर्व तमाम कठिनाइयों का सामना किया तथा अपने समस्त कार्यों का निर्वाह करते हुए इस ग्रन्थ के पूर्व होने में सहयोग दिया ।

इसके अलावा इस ग्रन्थ को रूपादित करने में जिन-जिन विद्वानों, आचार्यों, साहित्य मर्मज्ञों तथा रामपुर रज़ा लाइब्रेरी के अधिकारियों, कर्मचारियों तथा समाज सेवियों का येन-केन प्रकारेण सहयोग किसी भी रूप में मिला वे सब कृपा के पात्र है । उन सबका मैं शुक्रिया अदा करता हूं विशेषकर श्री अरूण कुमार सक्सेना, मोहिनी रानी और श्रीमती बिलकीस बानो फारूकी का भी शुक्रिया अदा करता हूं कि इन लोगों से भी इस कार्य को कुशलतापूर्वक सम्पन्न करने में बड़ी सहायता मिली ।

३ दिसंबर २०१०

प्रो० शाह अब्दुस्सलाम
विशेष कार्याधिकारी
रामपुर रज़ा लाइब्रेरी,
रामपुर



डॉ० हरिशंकर मिश्र
(डी. फिल्., डी. लिट्.)
प्रोफ़ेसर
हिन्दी एवं आधुनिक भारतीय भाषा विभाग
लखनऊ विश्वविद्यालय,
लखनऊ (उ०प्र०)

26, मानस विहार,
निकट-कूर्मांचल नगर,
लखनऊ-226016
फोन : 0522-2341881 (आ०)

पत्रांक ________

दिनांक ________
दिनांक: 06.09.10

प्रमाण-पत्र

वाल्मीकि रामायण का फारसी भाषा में लेखन सुमेर चन्द द्वारा 1715 ई0 में किया गया, जिसमें 358 उत्तर मुग़लकालीन पेंटिग्स हैं। रामायण में निहित जीवन मूल्यों और मंगलमय संदेश को अवाम तक पहुँचाने के लिए लेखक ने फ़ारसी में इसकी रचना की तथा प्रत्यक्ष प्रभावशाली बनाने के लिए पेंटिग्स की भी योजना की ।

इस रामायण ग्रंथ की आवश्यकता और महत्ता पारस्परिक प्रेम-व्यवहार, भाईचारे तथा नैतिक मूल्यों की दृष्टि आज और अधिक हो गई है।

प्रो0 शाह अब्दुस्सलाम और स्व0 डॉ0 वकारुल हसन सिद्दीकी ने तमाम अवाम के लिए हितकर ग्रंथ का अनुवाद किया ।

मैंने अनुवाद सहित उक्त ग्रन्थ को ध्यान से देखा। अनुवाद सरल, सुबोध और स्पष्ट भाषा में है। सभी लोग आसानी से समझ सकते है। प्रो0 शाह अरबी-फ़ारसी के उद्भट विद्वान है, हिन्दी और उर्दू भाषा पर भी उनका अधिकार है। अतः अनुवाद बहुत सुन्दर और मूल जैसा प्रभावशाली है। इस धार्मिक ग्रन्थ की नैतिकता और महत्वपूर्ण संदेश को ध्यान में रखते हुए और उन्हें सुरक्षित रखते हुए अनुवाद किया गया है।

मेरी स्पष्ट धारणा है कि प्रो0 शाह और डॉ सिद्दकी द्वारा अनुदित यह रामायण-ग्रन्थ नैतिक मूल्यों और समाज-हित के लिए महत्वपूर्ण है।

(डॉ0 हरिशंकर मिश्र)
Dr. Hari Shankar Mishra
Professor
Dept. of Hindi & Adhunik Bhartiya Bhash
University of Lucknow

نمبر
رامائن با تصاویر قلمی (خوش خط)
مصنفه سمیر چند –
داستان فارسی

رامائن فارسی

ز رشفص

रामायण

(वाल्मीकि)

खण्ड प्रथम
(पृष्ठ १ से ३५३ तक)

رامائن (والمیکی)

लेखक
सुमेर चन्द

फ़ारसी से हिन्दी अनुवाद एवं सम्पादन

प्रो० शाह अब्दुस्सलाम
एवं
डा० वक़ारुल हसन सिद्दीक़ी

रामपुर रज़ा लाइब्रेरी
रामपुर - २४४ ९०१ (उ.प्र.)



بسم الله الرحمن الرحیم

ثنا ها خدا را و رحمت سزاست ⁂ بر آنکو که هادی راه بهشت
سزاست ⁂ پس از منت وحده لا شریک
گنم شت رامائن بالمیک ⁂ سه رامائن اندر چه
بهر زمین ⁂ ولیکن پسندیدن خود رام این
بسال هزار و صد و بیست و هشت ⁂ قلم زاوش
بآخر نوشت ⁂ بر ضمیر قمر تنویر روشندلان
خورشید نظیر و دانایان عطارد تدبیر که مشتری سخنان
دلپذیر اند پرتو افکن باد که اضعف هر صغیر و کبیر و اخف

बिस्मिल्लाह-अर्रहमान-अर्रहीम

(आरंभ करता हूँ मैं उस परमात्मा के नाम से जो बड़ा दयालु और कृपालु है)

सारी प्रशंसा उस ईश्वर के लिए ही है जो मेरा पथप्रदर्शक है और कृपापात्र होना भी उसी को शोभनीय है। उस वहदहू लाशरीक (अद्वितीय, ईश्वर) के उपकार के बाद मैं यह रामायण लिख रहा हूँ। यद्यपि पृथ्वी पर तीन रामायणें पायी जाती हैं परन्तु श्रीराम की मनोनुकूल रामायण यही है। सन् ११२८ हिजरी में (१७१५ ई०) मेरी लेखनी ने इस रामायण को लिखना आरंभ किया और अन्त तक पहुँची।

सूर्य के समान उज्ज्वल हृदय, चन्द्रमा के समान ज्योतिर्मय अन्तःकरण वाले, बुध ग्रह जैसी युक्ति रखने वाले बुद्धिमान, मनोरम प्रवचन-कर्ताओं पर यह बात स्पष्ट हो कि यह लेखक जो छोटों और बड़ों में



هر نقیر و قطمیر که نام او بطریق تعمیه ازین بیت که
واو و دال و الف و کاف نوشتم ده و چند ٭ نام من
بود بترتیب چو کردم پیوند ٭ بر می آید رامایین بالمیک را
از زبان هندوی بزبان پارسی ترجمه می نماید اگرچه
قصه رام در هر سه رامایین باقسام الفاظ و کلام نگاشته
و بزبان انام و شهره خاص و عام و لیکن چون این
رامایین در ایام رام بانجام رسیده و کوش و لو
پسران آنخداوند بعد انصرام جنگ این را تمام سرائیده
اند و خوش شنیدن و پسندیدن و برگزین است بنابران

सबसे तुच्छ है और जिसका नाम इस सनअते तामिया (....) के सिद्धान्त पर इस बैत (छंद) से निकलता है।

> ''वाव व दाल व अलिफ़ व काफ़ नविश्तम दह व चन्द।
> नामे मन बूद बतरतीब चू कर्दम पेवन्द।।''

अर्थ- ''(फ़ारसी वर्णमाला के अक्षर) वाव, दाल और अलिफ़ और काफ़ को दस बार एवं चन्द जब मैंने लिखा और जब मैंने इसको तरतीब से जोड़ा तो वह मेरा नाम बन गया''।[1]

वाल्मीकि रामायण को मैंने एक हिन्दवी भाषा से फारसी भाषा में प्रस्तुत किया है। यद्यपि राम की कहानी रामायण में विभिन्न छन्दों और विभिन्न शैलियों में लिखी गयी है और यह कहानी सबकी जबान पर है, परन्तु यह रामायण (वाल्मीकि रामायण) श्री राम के जीवनकाल में ही लिखी गयी और लव एवं कुश जो श्रीराम के बेटे हैं, ने इस युग के समाप्त होने के बाद इसको पूर्ण रूप से काव्यरूप में प्रस्तुत किया। स्वयं सुना एवं बहुत पसन्द किया तथा इसका संकलन किया ।

---

[1] 'सुमेर चन्द'- सनअते तामिया के अन्तर्गत

अबजद (अरबी फ़ारसी) की वर्णमाला के अक्षरों में से मैंने वाव को दस बार (जिसकी संख्या 6 है, को दस बार लिखा) अर्थात् संख्या 6 x 10 = 60, 60 की संख्या का अक्षर ''सीन'' प्राप्त हुआ) इसी प्रकार दाल की संख्या 4 को दस बार लिखने पर 4 x 10 = 40 अर्थात् अक्षर ''मीम'' प्राप्त हुआ। इसी प्रकार अलिफ़ की संख्या 1 को दस बार लिखा तो संख्या 10 हुई अर्थात् अक्षर ''ये'' मिला और फिर अक्षर ''काफ़'' को जिसकी संख्या 20 है को दस बार लिखने पर संख्या 200 प्राप्त हुई और 200 संख्या का अक्षर ''रे'' प्राप्त हुआ इस प्रकार ''सीन'' ''मीम'', ''ये'' और ''रे'' अक्षरों को लिखा फिर इसमें ''चन्द'' को जोड़ा तो नाम निकला ''सुमेर चन्द'' यही इस पुस्तक रामायण (फ़ारसी) के लेखक का नाम है

वाव	-	6 x 10 = 60	=	सीन	सु
दाल	-	4 x 10 = 40	=	मीम	मे + चन्द
अलिफ	-	1 x 10 = 10	=	''ये''	र
काफ़	-	20 x 10 = 200	=	''रे''	



طبع تبرقیم آن گرایین شد : امید که طبع جهان گرد این : کشاف دقایق
نهان گردد این : تاریخ قدسیت ز فضل یزدان : سر دفتر تاریخ شهان گردد این :
چون ز رونشیان بلاغت دثار و دانان فصاحت شعار عبارت بسط اطراد اشتها
دار مرجز و تعقید و عاری درین کتاب که ترجمه لفظ بلفظ بکار میرفت نوشتن متقفی و مرغوب صورت
نمی گرفت بنابران عبارت عاری اتفاق افتاد مگر بعضی جا که بجز ادای معنی لفظ بهتر صورت
نیشد تسوید دو قسم اول رو داد باعث تالیف نسخه درچنین دور پرد : ذوب
گاوریت شن بر دم عیب : راستی دور شد ز اهل جهان : نیست غیر از دغا بسینه نهان
سیر : مان چه گرا بهت : گرچه فرخ سیر جهان شاه است : راه پرسی ز راه اندازند
آب خواهی بچاه اندازند : نزنند حرف غیر غصه و خشم : مردمی نیست جز بمردم چشم : سالک
جاده های یزدانی : خواجه راکش عرفانی : کرد تکلیف تا نویسم من : یعنی بالمیک رامایین :
تا بگیرند یاد اهل جهان : خصلت نیک از طریق مهان : راستی و نجات نیت خوب : کسب اخلاق
و خصلت مرغوب : زین سبب کلک را روان کردم : حالت رام را بیان کردم : هر که
درینجا صورت خواند دعای طمع دارم : زانکه من بنده گنهکارم : مصنف ترجمه
رامایین بطور رنگیشران : آن نشسته : پوتهی رامایین پیش نهاده و قلمدان زیر دست راست و زنار
کاشوزی سرخ در بر و نقش رام از سفید ابرشم نمایان باشد و دوتهی سفید در کمر خود و بر سر موی جوتی

इसी कारण इसके लिखने की ओर मेरी रुचि बढ़ी।

"आशा है कि यह रामायण संसार में सर्वस्वीकृत और मान्य होगी तथा यह गुप्त रहस्यों एवं मर्मों से परदा उठाने वाली होगी"।

ईश्वर की कृपा से इसका इतिहास बादशाहों के इतिहास से सर्वोपरि हो। चूंकि आलंकारिक शैली में लिखने वाले मुंशियों एवं कोमल शैली (लाटिका) के विद्वानों के अनुसार लेख के तीन सिद्धान्त और शैलियां प्रसिद्ध हैं। मुर्जज़ (संतुलित एवं सानुप्रास वाक्यों का गद्य) मुक़फ्फ़ा (छंद रूप) और आरी (सादी और सरल शैली)। इस पुस्तक में जो कि प्रत्येक शब्द के अनुवाद का ख़्याल रखा गया है। मुक़फ़्फ़ा और मुर्जज़ लेख में लिखना संभव न था। इसलिए इसको आरी अर्थात् सादी भाषा में लिखा गया। परन्तु जहाँ कहीं संस्कृत के शब्दों के अर्थ का स्पष्टीकरण पूर्ण रूप से संभव न था, उसे ऊपर लिखित दो शैलियों अर्थात् मुर्जज़ और मुक़फ़्फ़ा में लिख दिया गया।

वर्तमान समय में मनुष्यता और प्रेम तो लोगों के द्वारा दोष और कमी समझी जाती है। सत्यता, संसार में मनुष्यों से दूर जा चुकी है। लोगों के हृदय में छल-कपट के अतिरिक्त और कुछ नहीं है। यद्यपि ये बादशाह फर्रुख सियर का शासनकाल है परन्तु सदाचार और सभ्यता लोगों में कदापि नहीं है। अगर कोई रास्ता पूछे तो लोग उसे और भटका देंगे और अगर कोई पानी माँगे तो लोग उसे कुएँ में डाल देंगे। लोग क्रोध के अतिरिक्त कोई बात नहीं करते। अब तो शील एवं संकोच केवल दिखावे के लिए लोगों की आँखों में ही बसते हैं। ईश्वर के बताये रास्ते पर चलने वाले भगत (साधक) को नश्वर के बराबर न समझो, वह कभी नश्वर नहीं होता। इस तुच्छ लेखक ने कष्ट उठाया और वाल्मीकि रामायण के अर्थ को लिखा कि सारा संसार महान लोगों के स्वभाव एवं मानसिकताओं को याद रखे सत्यता, दानशीलता, कृपा, सदाचार और व्यवहार ही सर्वोपरि है। इसी कारण मैंने अपनी लेखनी को हाथ में लिया और श्रीराम के जीवनचरित्र का व्याख्यान किया। जो भी इस रामायण को पढ़े मैं उससे दया की आशा रखता हूँ क्योंकि मैं एक पापी और तुच्छ मनुष्य हूँ।

इस अनुवादित रामायण का लेखक सिद्धासन के तरीके पर आसन पर बैठा और रामायण (वाल्मीकि) को सामने रखा, कलमदान दाहिने हाथ की तरफ रखा, काशी के लाल जनेऊ पहने और ऊपर सफ़ेद रेशम के वस्त्र पहने जिस पर राम लिखा हुआ था। उस वस्त्र का दो भाग अपने कमर के चारों तरफ लपेटा। खुले बाल और सिर पर चोटी,

۵


بر سر گندم گون داغ چیچک نمایان پیشانی بلند ابرو فراخ چشم سیاه قیچی بروت و ریش سترده خال بر

5

मुखमंडल पर चेचक के दाग, चौड़ा और ऊँचा ललाट, नाक चौड़ी, कद मयम, दाढ़ी, मूंछ लगाये, मूंछ के नीचे दो तिल, शरीर दुर्बल, पतला और क्षीण।



آغاز ترجمه رامائن بالمیک کانڈ اول مسمی به بال کانڈ

جی سزاست بهگوان را و هر را دارندهٔ عالم را که او را جسم نیست و تمام عالم وجود اوست و
و نرگن است و گن هم اوست و بزرگی سزاست سردارا و لادر کهو را و شاد کننده
دل کوشلا را که رام است و کشندهٔ ده سر پر و شر تهه که چشم او مثل نیلوفر است بالمیک من
که رایض و عالم و دانندهٔ گفتارهاست از نارد پرسید درین زمانه کیست که بهنرها هنرور
باشد و دهرم دان و جگ دان و راست گو و صایم استوار و در طریق نیک کامل و خواهنده
نکوئی جمیع عالمیان و قوتمند و خوش شکل و فرو کشندهٔ خشم و غضب و نکوبینندهٔ بدکسان و از
غصهٔ او دیوتا هم ترسنده و در محافظت هر [illegible] او کامل بوده دست او توانا باشد
و کن و دولت را بحر بوده و همه طریق چهی در یکی باشد و مثل باد و آتش و آفتاب و اندر
برابر باشد اینقدر شنیدن از شما خواهش دارم و تو در چنین کس گفتن و دانستن قادر هستی
نارد که هر سه کال داننده است ماضی و مستقبل و حال گفته بالمیک را شنیده جواب گفت بشنو
اینچنین خصایل که تو گفتی در یک کس بسیار دشوار است و دیوتاها هم نمی بینم اما شنیده ام که بچنین
خصایلها آراسته در نسب اچهواکو رام نام خواهد شد یعنی حالا خود نسبت مستقبل را از کمال روشن ضمیری
می فرماید بلکه ازین هنرها افزون نیک طلعت و صاحب دل و والا همت و متحمل و خوش رو و
مطیع کنندهٔ حواس خمسه و عاقل و دانندهٔ رسم عالم و سنجیده گفتار و زیب افزای دولت

وکشنده

रामायण वाल्मीकि काण्ड (प्रथम)

बालकाण्ड

समस्त प्रशंसापरक वचन भगवान के लिये हैं जो संसार का पालक है, अजन्मा है और समस्त ब्रह्माण्ड में उसी का अस्तित्व है। समस्त घटनायें उसी की इच्छा से होती हैं इसलिए महानता का व्याख्यान उसके लिये उचित है। रघुवंश के शिरोमणि, कौशल्या के हृदय को प्रसन्न करने वाले, दस शिरों (रावण) का मर्दन करने वाले और दशरथ के पुत्र राम हैं जिनकी आँखें नीलमणि जैसी हैं। मैं वाल्मीकि जो कि तप, ज्ञानयुक्त और विविध बातों का जानने वाला हूँ, मैंने नारद से पूछा कि इस काल में ऐसा कौन है ?जो समस्त कलाओं का ज्ञाता, धर्म जानने वाला, यज्ञ सम्पादन करने वाला, सत्यवादी, सन्मार्ग पर चलने वाला, अच्छे कार्यों में निपुण, सारे संसार का भला चाहने वाला शक्तिशाली, सुन्दर, क्रोधजयी, दुष्टों का भी भला चाहने वाला हो। जिसके क्रोध से देवता भी भयभीत हों, जो तीनों लोकों की, तीनों कालों में रक्षा करने में पूर्ण रूप से सक्षम हो, जिसका हाथ घुटनों तक (आजानुबाहु) हो, जो धन सम्पत्ति का समुद्र हो, लक्ष्मी के समस्त गुण उसमें एकत्र हों और वायु, अग्नि एवं सूर्य तथा चन्द्रमा के समान हो। मैं यह सब आपसे सुनने की इच्छा रखता हूँ और आप ऐसे व्यक्ति के बारे में बतलाने एवं जानने में सक्षम हैं। नारद जो तीनों लोक के भूत, भविष्य और वर्तमान को जानने वाले हैं, वाल्मीकि की बात सुनकर, उत्तर में कहा ! कि सुनो इतने गुण और अच्छाइयों का जो तुमने वर्णन किया है उनका किसी एक व्यक्ति में एकत्र होना अत्यन्त कठिन है और देवताओं को भी मैं ऐसा नहीं देखता। यद्यपि मैंने सुना है कि इन गुणों से सम्पन्न इक्ष्वाकु वंश में राम नाम का एक व्यक्ति उत्पन्न होगा अर्थात् वह अभी से भविष्य के सम्बन्ध में अपने ज्ञान से बताता है। उक्त गुणों से भी बढ़कर है, वह सुन्दर, सहृदय, साहसी, धैर्यवान, सुन्दर शरीर वाले, बुद्धिमान, सांसारिक नियमों के ज्ञाता, मृदुभाषी, राज्य को बढ़ाने वाले और शत्रुओं का वध करने वाले होंगे।

وکشندۀ دشمنان بود و قدآور و درازدست و گلو مثل سنکهه و زنخ کلان و کمان
کلان کشد و کلان تیغ و کوده زانو و دست تا زانو داشته باشد و قوی و راست قوه
و از هر عضو درست باشد و رنگ او خوش آیین باشد و چشم کلان و سینه کشاده و نیک
طرح و دهرم دان و مستقل براستی و فر و کشندۀ غصه و صاحب دل و باشعور و پاکباز و زور
آور و محفوظ دارندۀ تمام عالم و نگاهدارندۀ دهرم و داننده همه بیدانک و همه شاستر
و فهمندۀ مغز معنی شاستر باهوش و خوش آینده جمیع جهان و صادق و غریب وضع
و بسیار دان و همیشه پرور است روان مثل سمندر در دریاها و عزیز صورت رام نام شادی
افزای کوشلا خواهد بود در ژرف نگری مثل عمان یعنی سمندر و در تحمل مانند کوه همانچل و بشن و بش
بقوت و ماه وش بدیدن و مانند آتش و موت بغضب و چون زمین بحلم و چون
کُبیر بترک دنیا و براستی غیر مانند و همچنین کس را دشرتهه نام پدر او جوراج یعنی ولی عهدی
دادن بخاطر گذرانند آنرا دانسته کیکیئی نام اهلیۀ او که دختر راجه کیکه بود و دو برها را که پیشتر راجه
داده بود خواهد خواست و آن اینست که رام به بیابان برود و بهرت پسر کیکیئی راج کند
و آن راجه که بحبل المتین دهرم بسته است رام پسر عزیز را به بیابان خواهد فرستاد
و رام بجهته نگاهداشت خاطر عزیز پدر و کیکیئی مادر میرود و برادر کلان را بدانگونه دیده لچهمن نام
برادر خورد عقب می رود و بهمه خوبی و حسن کامل سیتا اهلیۀ او عقب می رود بحسن

लम्बे शरीर वाले, लम्बे हाथों वाले, कम्बुग्रीव, धनुर्धारी, सुडौल अंगों वाले, लम्बी सी माला घुटनों तक रखेंगे। शक्तिशाली, बलशाली, श्रेष्ठ वर्ण वाले विशाल नेत्रों वाले, चौड़े वक्षस्थल, उज्ज्वल चरित्र वाले होंगे, धर्म के ज्ञाता और भविष्य को जानने वाले होंगे। क्रोधजयी, सहृदय, ज्ञानी, पवित्र और बलशाली होंगे। पूरे संसार की रक्षा करने वाले और धर्म की रक्षा करने वाले होंगे। समस्त जीवों और समस्त शास्त्रों के ज्ञाता तथा शास्त्र का अर्थ व उद्देश्य समझने वाले होंगे। सारे संसार में प्रसन्नता लाने वाले, सच्चरित्र और अलग वेशभूषा वाले होंगे। बहुत बड़े ज्ञानी और दीन दुखियों के पालक होंगे, गति ऐसी जैसे नदियों में समुद्र, सुन्दर छवि वाले होंगे। उनका नाम राम होगा जो कौशल्या की प्रसन्नता में वृद्धि करेंगे। उनकी दया दृष्टि समुद्र जैसी होगी। धैर्य और शालीनता में हिमाचल पर्वत जैसे उसका हृदय और शरीर शक्तिशाली होगा। देखने में चन्द्रमा जैसे, क्रोध में अग्नि और मृत्यु जैसे, धैर्य में पृथ्वी के समान, संसार के त्याग में संन्यासी जैसे और सत्यता में उनकी बराबरी नहीं होगी। ऐसे व्यक्ति के पिता का नाम दशरथ है। जब उनको उत्तराधिकारी बनाने का विचार दशरथ के हृदय में उत्पन्न होगा तो उसे जानकर उनकी कैकेयी नामक पत्नी जिसे उन्होंने वचन दिया होगा उनसे यह वचन मांगेगी कि राम वन को चले जाएं। उनके स्थान पर कैकेयी का पुत्र भरत राज करे। और वे राजा जो बहुत दृढ़ धार्मिक व्यक्ति हैं, अपने प्रिय पुत्र राम को वन भेज देंगे। राम पिता और माता कैकेयी को प्रसन्न करने तथा उनकी बात का सम्मान करने के लिए वन चले जायेंगे। अब आगे सुनो कि अपने ज्येष्ठ भ्राता को इस स्थिति में देखकर लक्ष्मण नामक उनके कनिष्ठ भ्राता भी साथ जाते हैं और पूरे तन-मन के साथ राम की पत्नी सीता भी उनके साथ जाती हैं,

وجوانی وشیرین زبانی ونیک طوری عقب او چنانکه ماهتاب باشد ورتهبان راجه دسرته
نشان ن در شرنگ پور قصبه بکنار گنگا برده می گذارد و آن جنگل و کوه ها و دریا ها و تالاب ها
طی کرده به کوهنه نام سرزدار رکهها دمی پوندد و بعد ملاقات او رام بالچهمن و سیتا
از آمر بهردواج رکهه بکوه چترکوت می رود و آنجا جای هموار نموده بنگل و اجن را پوشیده
یعنی بهها برتره
اقامت می کند از آن هر سه چترکوت چنان می نماید که کوه سمیر از نشستن مها دیو و کبیر
و لچهمی بعد رفتن رام راجه دسرتهه از هجر پسر هلاک شده بسرگ می رود پس ازان بششت وغیره
برهمنان بهرت را جو راج می گویند او قبول نمی کند و آن خواهش سلطنت گذاشته بدیدن رام
می آید و نعلین رام که کهراون باشد گرفته بر سر بسته باز می رود و در دیه نندگرام رفته بانتظار آمدن
رامچند براج اقامت می کند و رامچند آن کوه را گذاشته بصحرای دندک می رود و در آناشی
راه برادهٔ نام راچهس را می کشد بعده شربهنگ رکهه را می بیند و سوتیچهن را و اگست را
تیر وار اگست اندر دهنک نام کمان می گیرد و ترکش که تیر او کاهی کمی نکند نیز می گیرد و در پنج
جنگل برپنج وتی راگویند
وتی اقامت می کند در آنجا سوپ نکهی نام راچهسی می آید لچهمن گوش و بینی او می برد و او رفته
کهر و دوکهن و ترسرا نام راچهسان را بکشتن رام می آرد و رام تنها آنها را با چهارده هزار راچهس
بقتل می رساند و کشتن برادران را شنیده راون نام راچهس قوی هیکل و کامروپ یعنی
هر نوع صورت که خواهد خود را بیارآید و راجه راچهسان است بغصه تمام نزد ماریچ نام راچهس

जो सुन्दर, यौवन सम्पन्न, मृदभाषी और सच्चरित्र है उनकी एड़ी ऐसी है जैसे चन्द्रमा बुर्ज में होता है। राजा रथ में बैठकर शृंगवेरपुर नगर में गंगा के किनारे सर्दियों का मौसम बिताते हैं और वह जंगलों, पहाड़ों, दरियाओं और तालाबों को पार करते हुए निषादों के गुह नामक सरदार से भेंट करते हैं। भेंट के पश्चात राम, लक्ष्मण और सीता के साथ भरद्वाज के आदेश से चित्रकूट पर्वत पर जाते हैं और वहाँ समतल भूमि देखकर वभ्रुभाजन (मृगचर्म गैरिक वस्त्र) पहनकर निवास करते हैं। इन तीनों से चित्रकूट ऐसा प्रतीत होता है जैसे कि सुमेर पर्वत पर महादेव कुबेर और लक्ष्मी के बैठने से लगता है। राम के चले जाने के पश्चात् राजा दशरथ पुत्र के वियोग में परलोक सिधार जाते हैं। उसके पश्चात वशिष्ठ आदि ब्राह्मण जब भरत से राज करने के लिए कहते हैं तो वह स्वीकार नहीं करते हैं और राज्य की इच्छा को छोड़कर राम को देखने के लिए आते हैं। राम की खड़ाऊं लेकर और सिर पर रखकर वापस जाते हैं। नन्दिग्राम में जाकर रामचन्द्र के आने की प्रतीक्षा में शासन करते हैं। रामचन्द्र इस पर्वत को छोड़कर दण्डकारण्य वन में चले जाते हैं और मार्ग में बिराध नामक राक्षस का वध करते हैं। उसके पश्चात एक खड्ग, ऐन्द्र धनुष और तरकश जिसके तीर कभी नहीं चूकते थे, ले लेते हैं तथा पंचवटी में निवास करते हैं। वहाँ सूपनखा नाम की राक्षसी आती है, लक्ष्मण उसकी नाक, कान काट लेते हैं और वह घर जाकर खर, दूषण तथा त्रिशिरा नामक राक्षसों को राम का वध करने के लिए लाती है। राम इसका अन्य चौदह हज़ार राक्षसों सहित वध कर देते हैं। रावण नामक राक्षस जो अत्यन्त भीमकाय और अपना चेहरा बदलने की शक्ति रखता है, वही राक्षसों का राजा है। वह अपने भाईयों के वध का समाचार सुनकर क्रोध से क्रोधित होकर मारीच नामक राक्षस के पास सहायता के लिए जाता है।

جُثّه مرده

برای طلب مدد می رود و آواز جنگ رامچندر منع می کند راون بخاطر نیاورده بمکان رامچندر
می آید و ماریچ آهوی طلا گشته رامچندر را از آن مکان دور می برد و لچهمن هم بگفتهٔ سیتا
بیرون می رود و او سیتا را گرفته می برد و جٹایو نام گدّ را می کشد و رامچندر بعد از آن بغم
از جهان
والم با کبده رکهشی مانند ملاقات می کند و از و حقیقت را شنیده و او را سوخته کریا کرده
بعد از آن کبسنن پسر دنو را می بیند که بسنده را گشته کریا او از آتش می کند و او حقیقت شبری
و سگریو با و می گوید بعد از آن رام با لچهمن نزد شبری می رود و او پوجای رام کرده بسرگ
می رود و بعد رامچندر بکنار پنپا با هنومان بوزنه ملاقات می کند و از گفته او بسگریو ملاقی
می شود و او قوت بالی برادر خود می گوید و رامچندر پرتگیای کشتن او می کند و برای اعتبار
یعنی ذره
سگریو وجود مرده دوندوبه را چهر راه قریب صد جوجن یعنی چهار صد کروه می اندازد و هفت
درخت تاڑ او کوه را و تار ساتل را که زیر زمین است همه را بیک تیر سوراخ می کند او خوشحال شده
با ایشان دوستی می کند بعد از آن از کوههای مذکور بکشکندها نگری که بالی آنجا بود رام و لچهمن
و سگریو هر سه می روند بعد از آن سگریو شور می کند و آواز او بالی بیرون آمده با سگریو جنگ
می کند و رامچندر به تیر او را می کشد و سگریو بوزنه را سلطنت آنجا می دهد و او بوزنه ها طلبیده
برای دیدن سیتا هر سو می فرستد و از گفته سنپاتی گده هنومان بوزنه قریب صد جوجن دریا
شور لانگ زده بدان کنار می رود و در لنکا که راون بادشاه آنجا بود می در آید و آنجا سیتا را

वह उसको राम से युद्ध करने के लिए रोकता है। रावण उसके परामर्श की चिन्ता न करते हुए रामचन्द्र के निवास स्थान पर जाता है और मारीच एक स्वर्ण मृग के रूप में परिवर्तित होकर रामचन्द्र को उस स्थान से दूर ले जाता है। लक्ष्मण भी सीता के कहने से चले जाते हैं और वह (रावण) सीता को उठा ले जाता है। (मार्ग में अवरोध उत्पन्न करने वाले) जटायु नामक गिद्ध को मार डालता है। रामचन्द्र उसके बाद शोकाकुल अवस्था में गिद्ध से, जिसमें थोड़ा जीवन शेष होता है, भेंट करते हैं। उससे वास्तविकता सुनते हैं और उसके मृत शरीर को जलाकर क्रियाकर्म करते हैं। उसके पश्चात कबन्ध नामक राक्षस को देखते हैं और कबन्ध को मारकर उसका क्रियाकर्म अग्नि से करते हैं। वह शबरी और सुग्रीव का पता उनसे बताता है, इसके पश्चात राम लक्ष्मण के साथ शबरी के पास जाते हैं और वह राम की पूजा करके स्वर्ग चली जाती है। राम की भेंट वानर हनुमान से होती है और उनके कहने पर सुग्रीव से भी मिलते हैं। वह अपने भाई बालि की शक्ति उनको बताता है, रामचन्द्र उसका वध करने का उत्तरदायित्व लेते हैं। सुग्रीव के विश्वास के लिये वे बोद, मुरदा, विन्द और विभ राक्षसों को सौ योजन अर्थात् चार सौ कोस की दूरी पर फेंक देते हैं। ताड़ के सात वृक्षों में, पहाड़ में और पृथ्वी के नीचे तक सबमें एक बाण से छेद कर देते हैं। वह खुश होकर उससे मित्रता करते हैं। उसके पश्चात उक्त पहाड़ों से किष्किन्धा गुहा जहाँ बालि था, राम, लक्ष्मण और सुग्रीव तीनों जाते हैं। तब सुग्रीव शोर मचाता है और उसकी आवाज पर बालि बाहर आकर सुग्रीव से युद्ध करता है। रामचन्द्र उसे बाण से मार डालते हैं और सुग्रीव को वहाँ का शासन दे देते हैं। वह वानरों को बुलाकर सीता की खोज के लिए चारों ओर भेजता है। संपाती गिद्ध के कहने से वानर हनुमान लगभग सौ योजन के समुन्द्र को पार करके दूसरे किनारे पर जाते हैं। लंका में जहाँ का राजा रावण था पहुँचते हैं,

میجوید در آشوک بن که جائی بود می بیند و انگشتری رام داده از آنجا سن را گرفته بر می گردد
و پنج پسران وزیر راون را کشت و پنج پسر و لشکر را می کشد و آچهیه کمار را می کشد و از بهم
نام پسر راون
بنده اندرجیت به بند رفته لنکا را می سوزد و باز سیتا را دین پیش رام می آید و حقیقت
می گوید رامچندر با لشکر نیو و غیره بکنار دریای شور میرسد و از غصه به تیرها غلغله در دریا می اندزد
بعد از آن سمندر بصورتی او را نمودار می شود و از گفته دریا نل نام بوزنه پل بر سمندر می کند
بعد از آن ببهیکهن برادر راون را که با او ملاقی شده راج لنکا می دهد بعد از آن راون را با راچهسان
دیگر می کشد و از آن کار اندر و غیره دیوتاها بارکهه ها پوجا رام می کنند و از دیوتا برها
یعنی در [illegible]
گرفته و سیتا را گرفته بر پشپک بمان سوار شده باز به نندگرام می آید و آنجا با برادران
جٹاها را دور کرده راج اجودهیا می کند و با سیتا با آسودگی و راحت راج زمین می کند
در راج او مردمان را تصدیع نمی شود و آزار نمیشود و قحط نمی افتد و پسر در حیات پدر نمی
میرد و عورت بدهوا یعنی بی شوهر نمیشود و همیشه بگفتار شوهر کار می کند و نه کسی از
باد میمیرد و نه کسی در آب غرق می شود و نه کسی را از آتش تصدیع می شود چنانچه ست جگ
باشد و در راج او نه بدهوا و نه اناتهه و بد طریق و بخیل و آزارمند کسی نمی شود و صد اشومید
جگ می کند بسیار زر می بخشد و صد هزار گاو ماده بارها می بخشد و بر چهار برن را
بر دهرم خود داشته یازده هزار سال سلطنت می کند و به بشن لوک می رود تا ر گفت

वहाँ सीता की खोज करते हैं और उन्हें अशोक वाटिका में जो एक स्थान है वहाँ देखते हैं तो राम की अंगूठी उन्हें देकर वहाँ से लौटते हैं। वे रावण के मंत्री के पाँच पुत्रों और सेनापतियों को मार डालते हैं। अक्षकुमार को मारते हैं और पलीते रूपी पूँछ में आग लगाकर पूरी लंका को जला डालते हैं। फिर सीता को देखकर राम के पास आते हैं तथा उनसे सत्यता का वर्णन करते हैं।

रामचन्द्र सुग्रीव आदि के साथ समुद्र के किनारे पर पहुँचते हैं और क्रोध से बाणों के द्वारा हलचल उत्पन्न कर देते हैं। इसके बाद समुद्र मनुष्य रूप में प्रकट होता है और समुद्र के कहने से 'नल' नाम का वानर समुद्र पर पुल बनाता है। रावण तथा अन्य राक्षसों का वध करते हैं। इसके पश्चात रावण के भाई को, जिनसे भेंट हुई थी लंका का राज्य दे देते हैं।

इस कार्य से प्रसन्न होकर इन्द्र आदि देवता ऋषियों के साथ राम की पूजा करते हैं और देवताओं से वरदान लेकर सीता सहित राम पुष्पक विमान पर बैठकर पुनः नन्दिग्राम आते हैं और वहाँ भाइयों के साथ जटाओं को दूर करके अयोध्या पर शासन करते हैं। सीता के साथ प्रसन्नतापूर्वक पूरी पृथ्वी पर शासन करते हैं। उनके राज्य में लोगों को तनिक भी कठिनाई नहीं होती है और न कोई कष्ट अथवा आपदा आती है। अकाल नहीं पड़ता है, लड़का पिता के जीवन में नहीं मरता है, स्त्री विधवा नहीं होती है और सदैव पति का अनुसरण करती है। कोई न वायु से मरता है, न कोई पानी में डूबता है और न किसी को आग लगती है जैसा कि सतयुग में होता है। उनके राज्य में कोई विधवा, कोई अनाथ, चरित्रहीन, कंजूस और किसी को दुख पहुँचाने वाला कोई नहीं है। हर समय बुलबुल के चहकने की ध्वनि आती है, बहुत चावल लाती हैं। सैकड़ों बुलबुले चावलों सहित समर्पित रहती हैं। चारों वर्णों को धर्म पथ पर प्रवृत्त करते हुए ग्यारह हजार वर्ष शासन करते हुए राम विष्णु लोक में जाते हैं। नारद ने कहा

ای بالمیک رام باین گن ها اینچنین خواهد شد گفت نارد را شنین بالمیک
گفت ای دیو رکهه آنچه تو گفتی مرا هم چنین می نماید این اگهان یعنی افسانه هر که خواهد خواند از جمیع
عذاب خلاص خواهد شد و هر که این ادهیا را همیشه خواهد شنید و خواهد خواند با پسران و نبیرگان
تصدیع نخواهد کشید و همه را باین شنین راپهل خواهد یافت و از خواندن این برهمن خواهد شد
و چهتری بادشاه خواهد شد و بیس دولتمند خواهد شد و سودر از شنیدن بزرگی خواهد یافت



वाल्मीकि ! राम इन गुणों के साथ ऐसे ही होंगे। नारद की बात सुनकर वाल्मीकि ने कहा हे देवर्षि ! तुमने जो कहा मुझे भी ऐसा ही आभास होता है। यह कथा जो पढ़ेगा वह हर कष्ट से मुक्ति पायेगा, जो उसको सदैव सुनेगा उसे पुत्रों और पौत्रों की ओर से कोई कष्ट नहीं पहुँचेगा। इसके पढ़ने से ब्राह्मण विद्वान बन जायेगा, निर्धन क्षत्रिय राजा होगा, वैश्य धनी होगा और शूद्र इसको सुनने से महानता को प्राप्त होगा। वाल्मीकि ऋषि और नारद मुनि दोनों आसन पर बैठते हैं, वाल्मीकि प्रश्न करते हैं और नारद मुनि रामायण की कथा सुनाते हैं।



بالمیک رکهه و نارد من هر دو آن نشسته بالمیک سوال کرد و نارد قصه رامائن میگوید

سرگ اول رامائن مجمل زبانی نارد تمام شد سرگ گفته نارد را بالمیک شنین
باشاگردان خود عجب ماند و آن مهامن در دل رام را پوجا کرده باشاگردان نارد
را پرستش کرد و نارد از ایشان مرخص گشته بدیولوک رفت بعد از آن مهورتی بالمیک
بکنار تمسا نام دریا رفت و تیرتهه را صاف بی گل ولا دید با بهردواج شاگرد گفت
که دریا بی گل ولای مثل دل نیکمردان صاف و آب نیک و رنگ خورد و خوب است بالکل
پوشیدنی من بیار شتاب کن شاگرد از گفته او استاد رفته بالکل آورده داد او گرفت
در آب غسل کرد و جپ منود نجا نوشی با بث ترپن کرده و پترو دیوتا را آب داد
و همچنین تماشا می کرد که یک جفت جانور که آنرا کرونج گویند دید از آن دو یکی را صیادی
کشت ماده او وجود آن را خون آلوده دیده از غم نری و نوحه بر آسمان طیر کرد
بالمیک را از آن دل نرم شد و این اشلوک گفت اشلوک مانشاد پرتشتها تون ماکمه
شاسوتی سما؛ یت کرونج متهنا دیکهه وده کام موهته؛ معنی این آنست ای صیاد ترا بزرگی
نشود و نه بسیار سال بمانی اگر از جفت کرونج یکی را کشته از هوای شیطانی این
گفته در فکر شد که من چه گفتم لمحه فکر نمود. گفتار را فهمیده بشاگرد خود بهردواج که عقب ایستاده بود
گفت ای بهردواج با چهار پای به برابر حروف آنچه بیکر گفته ام اشلوک می شود شاگرد

گفت

सर्ग–9

नारद के द्वारा संक्षिप्त रामायण पूर्ण हुई। नारद की कही हुई कथा को सुनकर वाल्मीकि अपने शिष्यों सहित आश्चर्य में पड़ गये और इस महामुनि ने हृदय में ही राम की पूजा करके शिष्यों के साथ नारद की पूजा की तथा नारद इन लोगों से विदा होकर देवलोक चले गये। एक मुहूर्त के पश्चात वाल्मीकि तमसा नामक नदी के किनारे गये और तीर्थ को स्वच्छ देखकर अपने शिष्य भरद्वाज से कहा कि नदी बिना कीचड़ और मिट्टी वाली सज्जन पुरुष के हृदय के समान स्वच्छ है, उसका पानी और रंग बहुत अच्छा है। मेरे पहनने का वल्कलवस्त्र लाओ शीघ्रता करो। शिष्य ने उनके कहने से शीघ्रता से जाकर वल्कल वस्त्र लाकर दिया। उन्होंने उसे पहनकर स्नान किया और जप किया तथा चुप रहते हुए अबाट (हवन) और तर्पन किया। पवित्र देवता को जल दिया और अभी यही कार्य कर रहे थे कि पक्षियों का एक जोड़ा जिन्हें क्रौञ्च कहते हैं देखा। एक निषाद ने इनमें से नर को शिकार करके मार गिराया। इसकी मादा नर पक्षी को रक्तरंजित देखकर शोक से विलाप करती हुई आकाश में उड़ गयी। वाल्मीकि का हृदय उसके प्रति सहानुभूति से भर गया और उन्होंने यह श्लोक पढ़ा। श्लोक यह है–

मा निषाद ! प्रतिष्ठां त्वमगमः शाश्वतीः समाः।
यत्क्रौञ्चमिथुनादेकमवधीः काममोहितम् ।।

इसका अर्थ यह है कि ऐ शिकारी तुझको सम्मान प्राप्त न हो और न तू अधिक जीवित रहे। अगर तूने क्रौञ्च के जोड़े में से एक को मार दिया तो वह दुष्ट कर्म है। यह कहकर वह चिन्ता में पड़ गये कि मैंने क्या कह दिया ?एक पल विचार करके और अपनी बात का अर्थ समझकर अपने शिष्य भरद्वाज से, जो पीछे खड़े थे, कहा ऐ भरद्वाज ! मैंने जो कुछ सोचकर कहा है वह श्लोक हो जाता ह

کفت درست میشود همچنین کویان کویان در همان فکر بالمیک بمکان خود رفت و از عقب او بهردواج غریب طور کلس یعنی سبوی برنجی از آب پر کرده آمد بمکان خود رسیده نشسته خاموش بمراقبه بود که برهما جد کلان جمیع مردم آمد بالمیک اورا دیده برخاست اما خاموش و هر دو دست را بسته نمسکار کرده به ارگهه و پاد و چندن پوجا نمود او با جس وجه این را خیر و عافیت پرسید براسن یعنی سلام برهما نشست و بالمیک را نیز برای نشستن آسن داد با وجود نشستن برهما بالمیک بهمان فکر جانور و اشلوک بود و می کفت که صیاد که خود را نمی فهمد عذاب کرد که آن خوبصورت جانور را ناحق کشت. برهما که دانای ضمیر کسان است تبسم نموده به بالمیک کفت ای کلان رکهه آنچه از کشتن کرونچی کفتی اشلوک درست میشود و چهند یعنی وزن بحر درست می شود و سرستی یعنی کفتار درست است و جمیع افعال رامچندر را تو بکو او دهرماتما و هنرور و متحمل جهان بود چنانچه از نارد شنیده بکو احوال رامچندر و همراهیان او را و سیتا را آنچه ترا معلوم است. بکو آنچه معلوم نیست از کفته من روشن خواهد شد و احوال راجه دشرتهه با اهلیه و مملکت او بنوعی که بود و خواهد شد همه را بکو و کفته تو هرکز دروغ نخواهد بود بطریق دلخواه افسانه رام را بکو تا آن زمان که کوه ها و دریا ها بر زمین خواهد بود افسانه رام خواهد بود و تا زمانی که افسانه رامچندر در زمانه خواهد ماند تو در لوک من با رام خواهی بود. این بکفت و برهما رفت بعد از آن بالمیک . حالردان در فکرت بوده بار بار آن اشلوک

शिष्य ने कहा उचित है इस प्रकार इसी सोच में डूबे हुए वाल्मीकि अपने घर गये और उनके पीछे बेचारा भरद्वाज एक बरनजी मटका (कलश) पानी से भरा लेकर आया। वाल्मीकि अपने घर पहुँचकर चुपचाप ध्यानमग्न बैठे थे कि समस्त मानवों के पूर्वज ब्रह्मा आए। वाल्मीकि इनको देखकर उठ गये परन्तु खामोश और दोनों हाथ जोड़कर अर्ध्य, पाद्य और वन्दन से पूजा की। उन्होंने विधिपूर्वक उनका हालचाल पूछा और ब्रह्मा ने आसन पर विराजमान होकर वाल्मीकि को भी बैठने के लिए आसन दिया। ब्रह्मा के बैठे होने के बाद भी वाल्मीकि उसी पक्षी और श्लोक की चिन्ता में थे और कह रहे थे कि जो शिकारी स्वयं को नहीं समझता उसने पाप कर्म किया है कि इस सुन्दर पक्षी को अनावश्यक मारा। ब्रह्मा जो लोगों के हृदय की बात जानने वाले हैं मुस्कुराते हुए वाल्मीकि से कहा-ऐ महामुनि ! क्रौञ्च को मारने से संबंधित जो कुछ तुमने कहा वह श्लोक ठीक है। छन्द का माप ठीक है, सरस्वती अर्थात् वाणी ठीक है और रामचन्द्र के सारे कार्यों के संबंध में कहो। वह धर्मात्मा, गुणी और धैर्य स्वभाव वाले थे। अतः नारद से सुनी हुई रामचन्द्र, उनके साथियों और सीता की जो कथा मालूम है वह कहो, कहो जो कुछ ज्ञात है, कहने से मन प्रफुल्लित होगा। राजा दशरथ उनकी पत्नी और राज्य की परिस्थितियाँ जैसी थीं और भविष्य में जैसी होगी सब कहो और तुम्हारा कहा हुआ कदापि झूठा नहीं होगा। आकर्षक ढंग से राम की कथा सुनाओ क्योंकि जब तक पृथ्वी पर पहाड़ और समुद्र रहेंगे राम की कथा उस समय तक रहेगी और जब तक राम की कथा संसार में रहेगी तुम (**वाल्मीकि**)लोगों के मन में राम के साथ रहोगे। यह कहकर ब्रह्मा चले गये। इसके पश्चात भी वाल्मीकि शिष्यों के साथ चिन्ता में डूबे रहे। बार-बार वह श्लोक

رامی گفت تا از اشلوک اشلوک دیگر گفت همچنین از نوی عقل تمام رامایین با چنان اسلوک
گفت دهرم و ارتهه دهنده بگوناگون ارتهه بتفصیل تمام مانند سمندر از جواهر پر و مانند کیمیا
بزرگ عاقلمندی بن بابیجا بهرت های خوب دلخواه بحروف دلخواه جس و کیرت را چندین بیان نمود

بالمیک سوال می کند و برهما رامایین می گوید



दोहराते थे। यहाँ तक कि इस श्लोक से दूसरा श्लोक कहा और इसी प्रकार बुद्धि का प्रयोग करते हुए सम्पूर्ण रामायण इसी श्लोक में कह डाली। धर्म, अर्थ और काम देने वाले तथा अर्थपूर्ण (मोक्षदायक) समस्त विवरण से विभिन्न प्रकार का अर्थ रखने वाले जैसे कि रत्नों से भरा समुद्र हो और पारस जैसा महान, बुद्धिमान, शब्द भव्य अक्षर व वार्ता प्रिय, रामचन्द्र के यश और कीर्ति का वर्णन किया।



سرک از کانذ اول بر بهما حقیقت باح راچندر بالمیک بهگوان رکهه اف نه طوری کرد

یعنی آب دافضل

कुछ ने विवाह करके कुछ ने बिना विवाह के और उनकी स्वीकृति अथवा धमकी देकर उन पर अधिकार कर लिया। उसके पश्चात् वरुण की पुत्री वारुणी अपने विवाह की इच्छा से जल से प्रकट हुई और उसने दिति के पुत्रों को छोड़कर अदित के पुत्रों की इच्छा की। इसी समय से देवताओं ने 'सुर' नाम पाया और दैत्य ने सुरों की हत्या कर दी। उच्चैः श्रवा नामक अश्व प्रकट हुआ मणिरत्न प्रकट हुआ और अमृत भी निकला। मुख और दंत चिकित्सक (धन्वन्तरि) सफेद कमल के साथ निकला, उसके पश्चात् विष हलाहल निकला उसे महादेव ने कण्ठ में सुरक्षित कर लिया और अन्य दूसरी वस्तुएँ निकलीं। अमृत देखकर देवता उस पर दौड़े अदिति के पुत्रों अर्थात् देवताओं ने दैत्य के पुत्रों की हत्या कर दी और उनका वध करके इन्द्र ने अपने लोक का राज्य पाया और शत्रुओं का वध करके देवताओं के साथ बहुत अच्छा किया। दिति के पुत्रों के वध के बाद कश्यप ऋषि की पत्नी ने अपने पति से कहा तेरे पुत्र इन्द्र ने मेरे पुत्रों को मार डाला। इस आधार पर बहुत अधिक तपस्या के बदले तुझसे मैं एक ऐसे पुत्र की इच्छा रखती हूँ जो इन्द्र का वध करे अपना गर्भ सुरक्षित रख मैं तपस्या कर रही हूँ। उसकी वार्ता सुनकर मरीच के लड़के कश्यप ने उत्तर में कहा ऐसा ही होगा। तू पवित्र हो जा, इन्द्र को मारने वाली तू पुत्र जनेगी अगर तू पूरे एक हज़ार वर्ष तक पवित्र रहेगी। यह कहा और उसको आशीर्वाद देते हुए चले गये। अदिति के जाने के पश्चात् पूरे साज सज्जा के साथ कुशपल्व नामक तपोवन में आकर कठिन तपस्या करनी आरंभ कर दी। इन्द्र पूर्ण सद्भाव से सेवा करते थे। सब अग्नि, घास अर्थात् कुश, काष्ठ, फल और पेड़ों की जड़ जो वस्तुएँ खाई जाती हैं वह सब लाकर देते थे। जो कुछ चाहती उसे बड़े परिश्रम से लाते थे। प्रतिदिन उसकी सेवा में लगे रहते थे। जब एक हज़ार वर्ष में से दस वर्ष शेष बचे तो दिति ने बड़ी

باقیماند دت بمهربانی تمام به اندر گفت بعد گذشتن ده سال باقی مرا پسر که برادر تو باشد
پیدا خواهد شد هر دو برادر باهم شده هر سه لوک را راج خواهید کرد این بگفت و هنگام
دو پاس روز اقدام را بر سر کرده بخواب رفت شاید اندام نهانی در نمود و بود اندر بجوشی
خنجر کرده در وجود او داخل شده و از بجر که سلاح اندر است آن حمل را هفت پاره ساخت
هنگام پاره کردن آن حمل گریه کرد دت دانست و گفت بکش بکش اندر ازین گفته ما در بیرون آمده دست
بسته گفت تو پایها را بر سر کرده ناپاک خفته بودی ازو به نشیب من قابو یافته دشمن خود را هفت پاره کردم تو بر حال ام
خواهی بخشید صورت سمدر شیر که مندر نام کوه را چوب کرده و رسن از باسک ساخته یکطرف دیوتا و

یکطرف دیت چهارده رتن می آرند



कृपापूर्वक इन्द्र से कहा कि शेष दस वर्ष पूर्ण होने के पश्चात मेरा पुत्र जो तेरा भ्राता होगा, उत्पन्न होगा तुम दोनों भाई आपस में मिलकर तीनों लोक पर राज्य करोगे। यह कहा और दो घड़ी दिन शेष रहने पर पाँव को सर पर रखकर सो गयी। इसलिए इन्द्र प्रसन्नता से हँसे और उसके शरीर में प्रविष्ट होकर बज्र जो कि इन्द्र का अस्त्र है इससे गर्भ के सात टुकड़े कर दिये। गर्भ को टुकड़े करते समय दैत्य का रोना जानकर कहा मत मार मत मार। माँ के इस कहने पर इन्द्र ने बाहर आकर करबद्ध कहा तू पाँव को सर पर करके अपवित्र दशा में सोई थी। मैंने अपने नियन्त्रण में आए हुए शत्रु के सात टुकड़े कर दिये तू मेरी दशा पर दया कर।

एक तरफ़ देवता और एक तरफ़ १४ देव मंथन पर रत्न निकालते हुए!



سرگ ۳۶ بعد هفت پاره شدن حمل دِت بتصدیع تمام باندر گفت از سبب خطائی من تو
حمل را پاره کردی گناه تو هیچ نیست برین حمل ملطف فرما این هفت مُرُت هوا دیوتا خواهند شد
هفت جای را محافظت خواهند کرد و بمروت شهرت خواهند یافت یکی در برهم لوک خواهد بود
و یکی در اندر لوک سیوم بشنوک بایو یعنی چهار سو باد رفتن چهارم اطراف را نگاه خواهد داشت همین طور در
حکم تو خواهند بود گفته او را شنیده اندر دست بسته گفت آنچه فرمودی همچنان خواهد شد
بیشک چنان مقرر کرده مادر و پسر هر دو بآسمان رفتند یکی از آن هفت که بشنوک بایو مشهور بود
او با النبوکیا پسرا صحبت نمود بشال نام پسر تولد شد او این بشالا نام بلده بنا کرد و پسر بشال هیم چندر بود
نام شد و پسر او سوچندر بهتر نام شد و پسر او دهوم راشُو نام شد پسرش سرنجی تیز رو رفتار نام شد پسر او سهدیو همراه دیوتا باشد نام شد
پسر او کرشاشو پسر او سوم دت داد به ماهتاب پسر او جنمیجی پسر او که درین بلده میباشد پرمتی عقل کلان نام هست و از دعای
بشنوک بایو همگنان عمر دراز یافتند و قوتمند و دیر ما تما گشتند ای رام امشب همین جا
با راحت تمام اقامت خواهیم نمود پگاه صبحی راجه جنک را می بینیم بعد از آن استماع خبر آمدن بشوامتر
آن راجه پرمتی بپیشوا آمد با اوپادهیا و اقربا پرستش نمود و دست بسته به بشوامتر گفت
من بسیار بزرگم و بسیار مقبولم که شما را دیدم مثل من دیگری نیست ثمرهٔ زندگی من حاصل شد
و خواهش دل بر آمد بایکدیگر خیریت و عافیت پرسیده در اثنای گفتار پرمتی گفت این هر دو
نوجوان که مثل دیوتا با زور اند و روش چون فیل دارند و قوت چون شیر و خشم چون

सर्ग-३६

दिति का गर्भ सात टुकड़े कर दिये जाने के पश्चात् बड़े दुःख से इन्द्र ने उससे कहा कि मेरे अपराध के कारण तूने गर्भ के सात टुकड़े करा दिये तेरा कोई अपराध नहीं है। इस गर्भ पर दया कर यह सात मृत्यु के देवता होंगे। सात स्थान की रक्षा करेंगे और भलाई और सज्जनता में प्रसिद्ध होंगे एक ब्रह्मलोक में होगा, दूसरा इन्द्रलोक में तीसरा दिव्य वायु होगा अर्थात् वायु चारों ओर से चलेगी, चौथा चारों ओर की रक्षा करेगा इस तरह तेरे आधीन रहेंगे उसकी बात सुनकर इन्द्र ने हाथ जोड़कर कहा तूने जो कहा है निश्चय ही वैसा होगा यह निर्धारित करके माता और पुत्र दोनों आकाश में चले गये। इन सात में से एक जो शोक वायु के नाम से प्रसिद्ध था उसने अलम्बुषा अप्सरा के साथ संसर्ग किया जिससे विशाल नामक पुत्र पैदा हुआ उसने विशाला नामक नगर बसाया और विशाल का लड़का हेमचन्द्र नाम का हुआ। इसके पुत्र का नाम सुचन्द्र था उसके पुत्र का नाम धूम्राश्व था और उसका लड़का सृंजय नाम का हुआ और उसका पुत्र सहदेव नामक हुआ उसका पुत्र कुशाश्व उसका पुत्र सोमदत्त उसका पुत्र काकुत्स्थ उसका पुत्र जो इसी नगर में रहता है सुमति नाम है और इक्ष्वाकु के आशीर्वाद से सब दीर्घायु हुए और धर्मात्मा बने। राम आज की रात्रि हम यहीं निवास करेंगे। प्रातः मैं राजा जनक को देखता हूँ उसके पश्चात विश्वामित्र के आने का समाचार सुनकर वह राजा सुमति अगुवानी को आया और मन्त्रियों तथा सगे सम्बन्धियों के साथ सम्मान दर्शाया एवं करबद्ध होकर विश्वामित्र से कहा कि मैं बहुत वृद्ध हूँ और बहुत भाग्यशाली हूँ कि मैंने आपको देखा । मेरे जैसा भाग्यशाली कोई नहीं है मेरे जीवन का फल मुझे प्राप्त हुआ और हार्दिक प्रसन्नता हुई। एक दूसरे का कुशलक्षेम पूछते हुए वार्ता के मध्य में सुमति ने कहा कि यह दोनों युवक जो बल में देवता के समान हैं, हाथी जैसी चाल रखते हैं, शेर जैसी शक्ति

نیلوفر و دارنده اسلحه خوب اند مانند اشونی کماران اند چرا پیاده آمده اند و برای چه
هر دو فرزندان از نظر آفتاب [illegible] رسیده متوجه شده اند بصورت شغوان [illegible] مدام همراه او با [illegible] شده اند عبید له
آمده اند و از کیستند که مثل مهر و ماه این شهر را آراستند گفته او را شنیده بشوامتر حقیقت
شرم و کشتن راچهسان و دیگر ماجرا بتفصیل بیان کرد آن راجه پسران دشرته دانسته اعزاز و اکرام
بجا آوردند آن شب آنجا مانده صبحی در شهر راجه جنک رسیدند و آنجا را دیده خوشوقت شده
خوب خوب با حسنت گفتند نزدیک باغات آنجا مکانی خالی از آدمیان دیده رامچندر
از بشوامتر پرسید این مکان سایه دار خالی از کسان از کیست بشوامتر در جواب گفت این مکان
گوتم مهامنی است دیوتا هم اینجا را پرستیده اند او با اهلیا عورت خود در اینجا تپ میکرد
مهارکه
بسیار هزاران سال بگذشت وقتی در غیبت او اندر خود را بلباس گوتم ملبس نموده با اهلیا
یعنی بسیار [illegible]
گفت مرا خواهش جماع است سرعت بکن اهلیا اندر را بلباس گوتم فهمیده بخوشوقتی او عقل زشت
نمود و گفت شتاب شو مرا و خود را از گوتم نگاه دارا اندر قبول کرده با او صحبت کرد اهلیا
بحیرت و فکرت از زجر و توبیخ گوتم بود که درین اثنا گوتم که از غسل دریا برآمده مثل آتش
روشن بود اندر را آمده دید گشش یعنی گاه و چوب در دست گرفته بغضب گفت ای بیعقل
لباس من کرده کار ناکردنی را کردی بی ثمر خواهی شد اندر بصورت برکهه یعنی گاو حمل شده
بر زمین افتاد و از غصه اهلیه را نیز شاپ داد که بیشمار سالها تو که بدرگاه هستی در خاکستر
خواهی خفت و خواهی طپید در همین مکان خواهی ماند و کسی ترا نخواهد دید هرگاه صحرا رامچندر ولد

और नीलोफर (नीलकमल) के पुष्प के समान आंखों के स्वामी है तथा खूब शस्त्र रखने वाले हैं और सूर्य की सन्तान लगते हैं यह पैदल क्यों आए हैं ?और किसलिए आए हैं ?और किसके पुत्र हैं ?कि चन्द्रमा व सूर्य के समान इस नगर को दोनों ने सुशोभित कर दिया है। उसकी बात सुनकर विश्वामित्र ने सिद्ध आश्रम की वास्तविकता और राक्षसों को मारने और अन्य घटनाओं का विस्तार से वर्णन किया। उस राजा ने उन्हें दशरथ का पुत्र जानकर उनका सम्मान और आदर सत्कार किया उस रात्रि वहीं निवास करके प्रातः राजा जनक के नगर में पहुँचे और वह स्थान देखकर बहुत प्रसन्न हुए। उसकी भूरि-भूरि प्रशंसा की वहाँ उपवन के निकट एक आश्रम मनुष्यों से खाली देखकर रामचन्द्र ने विश्वामित्र से पूछा कि यह मानवरहित छायायुक्त स्थान किसका है। विश्वामित्र ने उत्तर में कहा यह आश्रम गौतम महामुनि का है। देवताओं ने भी यहाँ पूजा की है और वह बहुत हजार वर्ष बीते अपनी पत्नी अहिल्या के साथ यहाँ तपस्या करता था। एक बार उसके अनजाने में इन्द्र ने अपने को गौतम के वस्त्रों से सुसज्जित करके अहिल्या से कहा कि मुझे संभोग की इच्छा है शीघ्रता कर अहिल्या ने इन्द्र को गौतम के वेष में समझकर उससे कहा कि शीघ्रता से आ जाओ और अपनी इच्छा को गौतम से छुपाओ । इन्द्र ने स्वीकार करते हुए उससे संभोग किया अहिल्या गौतम के अभी आश्चर्य में थी कि इसी मध्य गौतम जो नदी में स्नान करके बाहर निकला अग्नि के समान प्रकाशित था। इन्द्र को आता हुआ देखकर घास (कुश) और (समिधा) लकड़ी हाथ में लेकर क्रोध से कहा ऐ मूर्ख। तूने मेरे रूप और वस्त्र गलत कार्य के लिए प्रयोग किये तू सन्तानहीन रहेगा। इन्द्र बरख अर्थात् गाय के रूप में गर्भ होकर पृथ्वी पर गिर पड़ा और उसने क्रोध से अहिल्या को शाप दिया कि तू अनगिनत वर्षों तक जीवन में धरती में सोयेगी और तड़पेगी और इसी भवन में रहेगी और तुझे कोई नहीं देखेगा।

دشرته خواهد آمد پاک خواهی شد و حرص و بیهوشی دور کرده اعزاز و اکرام او خواهی کرد آنزمان
صورت اصلی خواهی یافت این بگفت و گوتم در ملک سده و چارن رفت و اهلیا همین جاست
و تپ و ریاضت میکند مکان گوتم رکهه خالی از آدمیان و اهلیا که مثل سنگ افتاده رامچندر و لچهمن



जब इस वन में दशरथ के पुत्र रामचन्द्र आयेंगे तो तू पवित्र होगी और लालच और मूर्छा समाप्त करके उनका आदर सत्कार करेगी, उस समय तू अपना असली रूप पायेगी। यह कहकर गौतम सिद्ध और चारण से सेवित हिमालय पर चला गया और अहिल्या इसी स्थान पर है तथा पूजा व तपस्या कर रही है।

गौतम ऋषि का आश्रम जो मानव रहित है और अहिल्या पत्थर के समान बैठी हुई है।



سرگ ۴۷ چون اندر بی ثمره شد با آتش وغیره دیوتا گفت من برای راحت دیوتا مانع تپ
گوتم شدم او مرا بی ثمره کردانید بنابران شما همه بارکهها و چارن ها مرا باثمره بکنید یعنی تشبیل
بنمایید گفت او را شنیده آتش با دیوتا و پترها گفت این بی ثمر حل و برکهه فربه خواهد شد از سبب شما
بسیار ثمره خواهد شد گفته آتش را شنیده دیوتا و پتر حل و کاو یعنی میکهه برکهه
پیدا ساخته به اندر دادند از آن زمان دیوتا و پتر میکهه و برکهه اپهل میخورند و تسپبل
یعنی بیضه را دور میکنند بیضه ها
میکیرند اندر میکهه برکنه از آن زمان هست و ریاضت گوتم را بسیار ثمره هست بیایید
تا بمکان ماک او برویم و اهلیا را پاک کردانیم بعده بشوامتر را پیشوا کرده رامچندر و لچهمن دران
صحرا رفتند او را دیدند بریاضت نشسته تنها بنوعی که سر او را سر نه بینید بکمال محافظت
یعنی دیوتا یعنی
نگاهداشته در دود آتش وخاک تمام وجود او مثل روشنی آتش نمایان گویا بدر به برم
توکهار درگرفته است رام و لچهمن هر دو پای او گرفتند و او گفتار گوتم را بخاطر آورده
کهل
هر دو را اعزاز نمود هر دو را ارکهه و پاد داد رامچندر هم مطابق شاستر آن را قبول
نمود دیوتا از آسمان بشب برشت کردند یعنی گل باریدند و آواز دوندب
باریدن گلها
یعنی نقاره شد کنده هرپ و اپسرا ها آمدند دیوتا اهلیا را گفتند خوب خوب
و گوتم صاحب ریاضت کلان آمده با اهلیا پرستش رام کرد و رام هم پوجا را او
گرفته بشهر متهلا که شهر جنک است رفت اهلیا بصورت اصلی خود شده پوجا رام میکند و گوتم بر کهه

सर्ग-३७

जब इन्द्र अण्डकोष से रहित हो गया तो उसने अग्नि देवता से कहा मैंने देवता के विश्राम के लिए गौतम की तपस्या में विघ्न डाला उसने मुझे निःसन्तान (अण्डकोष रहित) कर दिया इसलिए आप महानुभाव ऋषियों और चारणों के साथ मुझे फलदार (अण्डकोष युक्त) बनाइए। उसकी बात सुनकर अग्नि ने देवता और पितरों से कहा यह फलरहित गर्भ और रक्ष में स्वस्थ होगा तुम्हारे लिए बहुत सी सन्तान होगी अग्नि की बात सुनकर देवता और पितरों ने वृषण (भेड़ा) उत्पन्न करके इन्द्र को दिया उसी समय से देवता, पत्र, मेघ और वृषण फल खाते हैं और सुफल लेते हैं इन्द्र मेघ बरख उसी काल से हैं और गौतम की तपस्या का बहुत फल है। आइए हम उसके पवित्र घर में चलें और अहिल्या को पवित्र करें। उसके पश्चात् विश्वामित्र की अगुवाई में रामचन्द्र और लक्ष्मण उस उपवन में गये और उसको देखा तपस्या के लिए अकेली बैठी हुई है इस प्रकार की सुर व असुर भी न देखे पूरी सुरक्षा में है। अग्नि के धुएं व मिट्टी में उसका पूर्ण अस्तित्व अग्नि के प्रकाश के समान स्पष्ट है जैसे कि वह शृंगार किए हुए है। राम और लक्ष्मण दोनों ने उसके पैर पकड़ लिये और उसने गौतम की बात याद करके दोनों का सम्मान किया दोनों को उसने अर्ध्य व पाद्य दिया। रामचन्द्र ने भी शास्त्र के अनुसार उन्हें स्वीकार किया। देवताओं ने आकाश से पुष्प बरसाए और नगाड़े की ध्वनि आई। गन्धर्व व अप्सरायें आईं देवताओं ने अहिल्या से कहा सुन्दर अति सुन्दर और कठिन तपस्या वाले गौतम ने आकर अहिल्या के साथ राम की पूजा की और राम ने भी उसकी पूजा की और नगर मिथिला जो जनक का नगर है गये। अहिल्या अपनी असली वेष में आकर राम की पूजा करती है और गौतम ऋषि भी पूजा करते हैं।



شوهر او و بشوامتر و لچهمن ایستاده



۳۸ سحرک هر دو بشوامتر را پیشوا کرده شهور و اکناف را نظاره کنان سیر رفتند تا آنکه
جای جگ راجه جنک را دیدند رام به بشوامتر گفت این جای جگ بسیار نیکست و بسیار صدها
و هزاران برهمنان اقسام اتسام ممالک و زبان دانان جمع شده اند و بسیار عرابها
آمده مکانی تجویز نمائید که آنجا براحت اقامت کنیم گفته رام را شنیده بشوامتر جای مخفی برکنار
آب اقامت کرد آمدن بشوامتر را شنیده راجه جنک با مشورتیان و وزرا و شتانند پروهت
پیش آمده پرستش کرد و بشوامتر قبول کرده خیر و عافیت او و راج و ملک را پرسید
و او موافق ضابطه بیان کردانید جنک دست بسته به بشوامتر گفت تصدیع راه را
بگذاشتن سزاواری بشوامتر قبول نموده بنشست پروهت و زنارداران
و راجه خود بر وسادهها موافق قدر و درجه نشستند جنک به بشوامتر گفت اکنون
ثمره جگ یافتم از دیدن تو من دانستم و خداوند بر من مهربان است و مهر که اهل دل
میفرمایند که دوازده روز باقیست تا دیوتاها یعنی بهترام برای بخششهای خود بیایند این هر دو
جوان که کلکی و جیغهها بر سر دارند و قوت مندند و کشاده سینه و دراز دست و دارند
شمشیر و کمان و حسن مثل کماران [illegible] آن کیستند و برای چه آمده اند آرزوی شنیدن این
دارم گفته او را شنیده بشوامتر گفت که اینها پسران راجه دشرته اند بعد از آن تفصیل آمدن
و کشتن راچهسان و اقامت سدهاشرم و دیدن بشالا و پاک کردن اهلیا و دیدن گوتم

सर्ग-३८

दोनों विश्वामित्र को आगे करके नगर और नगर के चारों ओर का दृश्यालोकन करते हुए चले जाते थे यहाँ तक कि उन्होंने राजा जनक के यज्ञ का स्थान देखा। राम ने विश्वामित्र से कहा यज्ञ का यह स्थान बहुत अच्छा है और यहाँ हज़ारों और लाखों ब्राह्मण विभिन्न देशों के विभिन्न भाषा जानने वाले एकत्र हो गये हैं। कोई ऐसा स्थान बताइए जहाँ हम आराम से निवास करें। राम की बात सुनकर विश्वामित्र ने एक गुप्त स्थान जल के किनारे निश्चित किया। विश्वामित्र के आगमन की सूचना पाकर राजा ने वहाँ अपने सलाहकारों, मन्त्रियों और पदाधिकारियों के साथ आकर पूजा अर्चना की। विश्वामित्र ने स्वीकार करते हुए उसकी और उसके राज्य की कुशलक्षेम पूछी और उसने परम्परानुसार उसका वर्णन किया। जनक ने करबद्ध होकर विश्वामित्र से कहा आगे जाने की चिन्ता छोड़कर यहीं विश्राम करें। विश्वामित्र स्वीकार करते हुए बैठ गये पुरोहित तथा स्वयं राजा अपने पद के अनुसार स्थान पर बैठ गये। जनक ने विश्वामित्र से कहा अब मैंने यज्ञ का फल पाया। आपके देखने से मैं बहुत प्रसन्न हूँ और ईश्वर मुझ पर दयावान है। और अहलेदिल महर्षि कहते हैं कि बारह दिन शेष हैं कि देवता अपने पुरस्कारों के लिए आयेंगे यह दोनों युवक जो सर पर कलगी और चोगा रखते हैं, बलशाली हैं, चौड़ी छाती वाले, लम्बे-लम्बे हाथ वाले, तलवार और कमान रखने वाले हैं, और सौन्दर्य में कुमार के पुत्रों की भांति हैं। यह कौन है और किस कारण आये हैं ? मैं यह जानने का इच्छुक हूँ। उनकी बात सुनकर विश्वामित्र ने कहा कि ये दोनों राजा दशरथ के पुत्र हैं उसके बाद आने और राक्षसों को मारने, सिद्ध आश्रम में निवास करने, विशाला नगर देखने, अहिल्या को पवित्र करने, गौतम को देखने,

و خواهش ایشان بدیدن کمان سخت کلان که راجه جنک داشت آنهمه را بیان کرده
بوضعی بشوامتر میانِ منجا بنشست گویا آتش و رنبوها و گفته بشوامتر را شنیده
نام آتش
شتانند پروهت که پسر کلان گوتم بود از خوشی موی بر تنش خاست و رام را دیده در تحیر ماند
نام و بیغ صد گونه راحت
و به بشوامتر گفت که والده مرا از دیدنِ رام ازان شاپ خلاص دادی خدا اجرا داد
از بزرگانِ من پرستش را سزاواری گفته او را شنیده بشوامتر جواب داد این عجب نیست
از صحبت نیکان نیک شود بعد ازان شتانند برآمچند گفت آمدن تو مبارک باد این بشوامتر
مهر که که بزرگی او در دل نمیگنجد و مثل تو در زمین سعید تر نیست که نگاهبان تو بشوامتر
صاحب ریاضت بسیار است و بزرگی و زور و روزه و ریاضت او میگویم بشنو راجه پر الیسر
برهما بود دهرم دل و تا بسیار مدت دشمن کش و کننده جگ و خیر خواه رعایا و او کش
نام داشت و او را پسر شد کشنابهه بسیار زور مند و دهرمی و او را پسری شد کادهی نام مشهور و او را
پسری شد این بشوامتر که بلند دل است و این بسیار سال راج این زمین نمود وقتی با لشکر
خود که اچهوهنی کامل بتعداد بود گشت میکرد و همچنین دریاها و کوهها و بیابانها و شهرها
طی کنان راه می نوشت تا گاه بمکان معین بششٹ رکهه وارد گردید با نواع گل آراسته
و با قسام بهایم و دیو رکهه پرستیده و از دیو و دانو و گندهرب پر لبسته و همه باشندگان
آنجا دور از غضب و ریاضت کشان آنجا بصورت مانند آتش و به بلند فکری بی مانند فرقه جیان کی از آنها

کفظ

राजा जनक के पास जो अत्यन्त ठोस कमान थी उसे देखने की इच्छा यह सब वर्णन किया तथा विश्वामित्र मुनियों के मध्य इस प्रकार बैठे जैसे कि अग्नि बसोहा में। विश्वामित्र की बात सुनकर शतानन्द पुरोहित जो गौतम के बड़े पुत्र थे उनके शरीर पर प्रसन्नता के कारण रोम खड़े हो गये और राम को देखकर आश्चर्य में पड़ गये और विश्वामित्र से राम को देखकर कहा कि राम ने मेरी माता को शाप से मुक्ति दी। ईश्वर इसका अच्छा फल दे मेरे पूर्वजों की ओर से आप पूजा के योग्य हैं। उनकी बात सुनकर विश्वामित्र ने उत्तर में कहा कि यह कोई आश्चर्य की बात नहीं है सज्जनों की संगत से सज्जनता ही प्रकट होती है। उसके पश्चात् शतानन्द ने रामचन्द्र से कहा कि आपका आना मेरे लिए शुभ हुआ यह विश्वामित्र महर्षि जिनकी साधुता हृदय में नहीं समाती है और आपकी तरह संसार में कोई अधिक प्रसन्न और भाग्यशाली नहीं है क्योंकि आपका रक्षक विश्वामित्र जैसा महान तपस्वी है। मैं इनकी साधुता और तपस्या बताता हूँ। सुनो राजा ब्रह्मा का पुत्र दयालु और लम्बी अवधि तक शत्रु को मारने वाला, यज्ञ करने वाला और प्रजा का शुभचिन्तक, उसका नाम कुश था। उसके एक पुत्र उत्पन्न हुआ कुशनाभ नामक, बहुत बलशाली और धार्मिक। उसके पुत्र हुआ गाधि नाम से प्रसिद्ध उसके पुत्र यही विश्वामित्र हुए। जो महान हृदय वाले हैं उन्होंने बहुत वर्षों तक इस पृथ्वी पर राज्य किया है। एक समय अपनी सेना के साथ जो अक्षौहिणी संख्या में पूर्ण थी हत्या और लूटपाट करते थे और इसी प्रकार नदियों, पहाड़ों, जंगलों और नगरों को ध्वस्त करते हुए मार्ग तय करते थे अचानक वशिष्ठ, ऋषि के एक निश्चित घर में प्रकट हुए जो हर प्रकार से सुसज्जित और विभिन्न प्रकार के पशुओं, देव, रथ, दानव और गन्धर्व आदि से भरा हुआ था। वहाँ के निवासी क्रोध से दूर, तपस्या करने वाले अग्नि की भांति है और उच्च्व विचार में अतुलनीय हैं। वह ऐसी जाति के हैं

که فقط آب میخورند و هیچ نخورند و جمعی چنانکه سوای باد هیچ تناول نمایند و بعضی چنانکه
برگ درختان که کهنه شده بزمین افتد آنرا بخورند و چوقی ثمره درخت باین انواع همگنان
حواس را مغلوب ساخته و بالکهلا و غیره رکهان غرض که ازین جماعه مکان بشست مانند برهم لوک
قسم از کهتریان در قوم خود برازنده باشد یا اینکه [illegible]
شد بشوامتر اینهمه را ملاحظه نمود و از باد پای خود که به تیزروی چون باد بود راجه بشوامتر
که حلقه زر در گوش داشت فرود آمد خانه راجه جنک و بشوامتر و رام و لچهمن وغیره



जो केवल जल पीते हैं और कुछ खाते नहीं हैं। कुछ ऐसे लोग हैं कि वायु के अतिरिक्त कुछ नहीं खाते, कुछ ऐसे हैं जो पेड़ों के पत्ते जो पुराने और कमजोर होकर पृथ्वी पर गिरते हैं उन्हें खाते हैं और पेड़ के फलों की अधिकता ने उन सबको आकर्षित कर रखा है। तात्पर्य यह है कि इस गिरोह के कारण वशिष्ठ का घर ब्रह्मलोक बना हुआ है। विश्वामित्र ने यह सब अवलोकित किया और अपनी तीव्र गति से जो वायु के समान थी राजा विश्वामित्र सोने का कुण्डल कान में डाले रखते थे नीचे उतरे।

विश्वमित्र, राम और लक्षमण!



سرگ ٣٩ جنگ بششت بعد از ان درانجا بشوامتر بششت را دید بخواهش تمام با آن
جب کننده بزرگ سر فرود آورد بششت گفت خوب کردی آمدی و آسن یعنی مسند
برای نشستن داد بنشست بعده سبزی که بی قلبه رانی شود و ثمرات و بیخ اشجار پیش
آورد بگرفت بعد بفراغت نشستن بشوامتر بششت ازو پرسید مردم تو بخیریت اند
و دهرم تو درست است و حراست رعایا نیکو میکنی و چاکران تو نیک اند و بگفته تو اند و اعدا
مظفر هستی و خزاین تو پر است و اولاد و نبایر تو بعافیت اند اینهمه را بگو بشوامتر در جواب آن
ها دیری بماجرا میگفت القصه هردو باهم به بهجت نشسته بودند در اثنای گفتار بششت از تبسم
به بشوامتر گفت میخواهم که ترا و تمام لشکر ترا ضیافت نمایم تو راجه هستی و از من پرستش را
سزاواری بشوامتر گفت مهمانی من از ثمرات و بیخها و آبها و آنچه در خانه تو بود کردی
بسکار تراست من میروم بششت باز برای ضیافت گفت بشوامتر گفت البته بکن بششت
شبلا نام ماده گاو خود را یاد کرد و گفت از اطعمه و اشربه وغیره ضیافت بکن از لشکریان زود آرام
هرکرا هرچه باید مهیا ساز و راجه را با اقربا او همه اطعمه و اشربه موجود نما چنانکه همگنان
سیر و خوشوقت چون بششت چنان فرمود شبلا مقصود همگنان مهیا ساخت از رسانید
دل بستر و پوشیدنی و اشربه و اطعمه و لاسه و کلها وغیره مثل کوه ها و دریا ها موجود نمود
و شیرینی و تلخی و ترشی و جغرات و شیر وغیره اقسام اقسام اذواق و لذاید برروی کار آورد

सर्ग-३६

वशिष्ठ का यज्ञ

इसके पश्चात् वहाँ विश्वामित्र ने वशिष्ठ को देखकर पूरे विश्वास से उस साधु जाप करने वाले के सामने सर झुकाया। वशिष्ठ ने कहा खूब किया आइये और बैठने के लिए आसन प्रस्तुत किया और वह बैठ गये। उसके पश्चात् सब्जी फल और वृक्षों की जड़ें (कंद-मूल) सामने लाकर रखीं वह सब उसने ले लीं। विश्वामित्र के आराम से बैठ जाने के पश्चात् वशिष्ठ ने उनसे पूछा आपके आदमी सकुशल हैं, आपका धर्म ठीक है, प्रजा की रक्षा आप भली प्रकार करते हैं, आपके कर्मचारी ठीक हैं, आपके अधीन हैं, आप शत्रुओं पर सफल हैं, आपका कोष भरा हुआ है, आपकी सन्तान और पोते कुशलपूर्वक हैं यह सब बताओ विश्वामित्र ने इन सबके उत्तर में बहुत देर तक वृत्तान्त कहा। निष्कर्ष यह कि दोनों बहुत देर तक प्रसन्नतापूर्वक बैठे रहे इसी मध्य वार्ता में वशिष्ठ ने विश्वामित्र से मुस्कुराते हुए कहा कि मैं चाहता हूँ कि आपकी और आपकी पूरी सेना की आवभगत करूं आप राजा हैं और मेरी ओर से पूजा अर्चना के अधिकारी हैं। विश्वामित्र ने कहा मेरा आतिथ्य सत्कार आपने फलों, कन्द, पानी और जो कुछ आपके घर में था सबसे कर दी, आपको नमस्कार मैं जा रहा हूँ। वशिष्ठ से फिर आतिथ्य के लिए कहा विश्वामित्र ने कहा अवश्य कीजिए। वशिष्ठ ने शबला (कामधेनु) नामक अपनी गाय को याद किया और कहा खाने पीने से आवभगत करो, सैनिकों में से जिसे जो चाहिए वह उपलब्ध करो और राजा के लिए उसके सम्बन्धियों सहित समस्त भोजन और शरबत तैयार करो, ऐसा कि सब प्रसन्न हो जाएँ। जब वशिष्ठ ने ऐसा कहा शबला ने सबकी इच्छा पूर्ण कर दी, आसन, बिस्तर पहनने के कपड़े, पेय, भोजन आदि पहाड़ों और नदियों के समान उपस्थित थे। मिष्ठान्न, नमकीन, दूध आदि विभिन्न प्रकार के भोजन और स्वादिष्ट चीजें सब उपलब्ध थीं।

و هزاران ظروف گوناگون حاضر آمد همگنان سیر و خوشوقت شدند هر گرا هرچه خواهش و آرزو بود موجود نمود بشواهستر با وزرا و مشورتیان و رعایا و چاکران سیر شده از خرمی تمام نشست و گفت صد هزار گاو ماده و جواهر اقسام میدهم شبلا مراده بششت گفت عوض هزار کرور گاو هم نمیدهم بشواهستر گفت تمام راج یعنی سلطنت خود و گنج های نقره و زر میدهم شبلا مراده بششت گفت نمیدهم زیرا که پیوسته هب و کب یعنی دادن دیوتا و پتر مرا محافظ هست اگن هوتر کلان و بل هوم را نیز و سوا ها کار و بگنشگار را هم محافظ باز بشواهستر گفت چهارده هزار فیل که بار گستوان زرین و دیگر آرایش آراسته اند میدهم و پنجاه و دو هزار اسپ با زیر آراسته می آرم و یازده هزار رتهه با اسپان خوب و کنکنی جال یعنی پارچه دامی با گهونگرو مزین میگذرانم و یک کرور گاو ماده زنگا رنگ میرسانم شبلا مراده بششت گفت با اینقدر هم هرگز نمیدهم جملگی اشیا من همین هست و زر من همین هست و راستی و زندگی من همین و درش و پورنماس یعنی هشتم جگ با دهیان کامل میکند این تمام کرپا منست

راجه بشواهستر نشسته و عقب او خدمتکار و صورت بششت و شبلا نام ماده گاو

और विभिन्न प्रकार के हजारो बर्तन आए। सब लोग बहुत प्रसन्न हुए और आनन्द लिया, जिसकी जो भी इच्छा और कामना थी सब उसने पूर्ण किया। विश्वामित्र मंत्री, सलाहकार, प्रजा और सेवकों के साथ सन्तुष्ट होकर पूरे आनन्द से बैठे। उन्होंने कहा कि मैं एक हज़ार गायें और विभिन्न प्रकार के रत्न देता हूँ, शबला (गाय कामधेनु) मुझे दे दो। वशिष्ठ ने कहा मैं उसे हज़ार करोड़ गायों के बदले में भी नहीं दूँगा। विश्वामित्र ने कहा मैं पूरा राज्य और धन सम्पत्ति के भण्डार देता हूँ शबला मुझे दे दो। वशिष्ठ ने कहा, नहीं दूँगा क्योंकि हव्य और कव्य अर्थात् देवता का आशीर्वाद और सहायता और पुत्र मेरे रक्षक हैं। वषट्कार मेरे अग्निहोत्र, बलिहोम, स्वाहाकार और वषट्कार की भी (यह शबला) संरक्षक है। विश्वामित्र ने पुनः कहा, चौदह हजार हाथी जो रत्न जड़ित हौदे और अन्य मूल्यवान सामानों से सुसज्जित हैं देता हूँ, दो हजार पचास सुसज्जित घोड़े भी देता हूँ, श्रेष्ठ घोड़ों सहित ग्यारह हज़ार रथ और सुसज्जित कपड़े आपको अर्पण करता हूँ। विभिन्न रंगों की एक करोड़ गाय पहुँचाता हूँ, शबला मुझे दे दो। वशिष्ठ ने कहा मैं इतने में कदापि नहीं दूँगा, मेरी सारी कमाई यही है, मेरी सम्पत्ति भी यही है, मेरी सच्चाई और मेरा जीवन भी यही है, दर्श पौर्णमास अर्थात् अठ्ठाईस यज्ञ, प्रचुर दक्षिणा वाले यज्ञ, यह सब इसी की कृपा है।



مرکبان

आगे राजा विश्वामित्र बैठे हुए हैं उनके पीछे सेवक है और वशिष्ठ तथा शबला नामक गाय का चित्र दिखाई पड़ रहा है।



کسر جنگ آن کاو ماده را بشِشت چون نداد بسوامتر از زبردستی گرفته برد
هنگام بردن شبلا بغفلت وحیرت گریه کرد و گفت چه مرا بشِشت گذاشت که مرا چاکران
راجه میبرند من چه بد کردم وچه عذاب کردم همین فکر زو بر پیش بشِشت رفت و گفت
من چکرده ام که بدست کسان راجه میسپاری بشِشت گفت من نمیگذارم ولیکن
راجه زبردست هست ومرا طاقت جنگ نیست شبلا گفت زور برهم از چهتری بالا است
خوب مرا بفرما من تکبر این را دور میکنم بشِشت گفت انچه دانی بکن شبلا هنبهه یعنی آواز نمود
از وی هزاران کس پیدا شدند واز باد او قوم کانبوج و بالهیک و دردا و بربر موجود گشتند
وسلاحها در دست گرفته لشکر بسوامتر را زدند و بار دیگر شکان و جون آفریدند تیغ و تیرها
گرفته دویدند هریک کوه وش به بدن خوفناک تمام لشکر را کشتن گرفتند بسوامتر استرها
رها کرد آنها تمام حیران وپریشان گردیدند بعد از ان آنهارا منتشر و متر دید بشِشت گفت
باز پیدا کن باز شبلا از آواز هنبهه کانبوج پیدا کرد واز مقعد جون واز شکنتهان یعنی دم
وغیره شکان واز پشم ملیچهه وکرات همان لحظه همه ها تمام لشکر بسوامتر صاف نمودند
اسپ و فیل ورتهه و پیاده هیچ نمانده بسوامتر پسران خود را که در شمار یکصد بودند امر
فرمود همگنان سلاح گرفته بر بشِشت دویدند وبشِشت آنهمه را از هونکار یعنی آواز خود
بسوخت و افیال و فروس و پیادگان ورتهان ایشان را هم بخاکستر برابر کرد بسوامتر آ

सर्ग-४०

युद्ध

जब वशिष्ठ ने वह गाय नहीं दी तो विश्वामित्र उसे बलपूर्वक ले गये। ले जाने के समय शबला दुःख और आश्चर्य से रोती जाती थी और कहती थी कि वशिष्ठ ने मुझे कैसे छोड़ दिया, राजा के सेवक मुझे ले जा रहे हैं मैंने क्या बुरा किया ?और क्या दुःख दिया ?इसी चिन्ता में बड़ी शीघ्रता से वशिष्ठ के पास गई और कहा मैंने क्या किया है कि आप मुझे राजा के लोगों को सौंप रहे हैं। वशिष्ठ ने कहा मैं नहीं छोड़ रहा हूँ परन्तु राजा बलशाली हैं और मेरे अन्दर युद्ध की शक्ति नहीं है। शबला ने कहा ब्राह्मण की शक्ति क्षत्रिय से अधिक है आप मुझे आज्ञा दें मैं उनका घमण्ड तोड़ती हूँ। वशिष्ठ ने कहा जो तू उचित समझे कर, शबला ने हुंकार अर्थात् ध्वनि निकाली। उससे हजारों व्यक्ति उत्पन्न हुए, उसकी हवा से काम्बोज बालम, दरदा और बर्बर जातियाँ अस्तित्व में आईं और हाथों में अस्त्र-शस्त्र लिए हुए विश्वामित्र की सेना को मारा। दूसरी बार उसने शक और म्लेच्छ जातियाँ पैदा कीं वह तलवार और भाले लेकर दौड़े और प्रत्येक देखने में पहाड़ जैसा भयानक था। सबने पूरी सेना का वध करना आरंभ किया। विश्वामित्र ने अस्त्रों को अलग कर दिया और वह सब देखकर आश्चर्यचकित और दुःखी हुए। उसके पश्चात् उनको बिखरा हुआ और परेशान देखकर वशिष्ठ ने कहा पुनः पैदा करो फिर शबला ने हुंकार ध्वनि निकालकर काम्बोज को पैदा किया पिछले हिस्से से यवन को और पूंछ आदि से शक को और बालों से म्लेच्छ और किरात को उत्पन्न किया। उन्होंने उसी समय विश्वामित्र की पूरी सेना को साफ कर दिया घोड़े, हाथी, रथ और प्यादे कुछ भी शेष नहीं रहा। विश्वामित्र ने अपने पुत्रों को जो संख्या में एक सौ थे आदेश दिया। सब अस्त्र शस्त्र लेकर वशिष्ठ पर दौड़े और वशिष्ठ ने अपनी हुंकार अर्थात् ध्वनि से सबको जला दिया और

پسر از اکشته دیده از انفعال در فکر شد چنانچه دریا سمندر بهیوج ماند و افعی را از دندان
بشکنند و آفتاب بمغرب رود یک پسر را که باقیمانده بود راج داده بصحرا رفت
و بر پشت هماچل که آنجا کنر میباشند رفته برای پسند کردن مهادیو تپ یعنی ریاضت
آغاز کرد و دست را بر آسمان برداشته بنوک انگشت پای ایستاده مثل اژدها باد را
خوراک کرده هیچ نخورد از آن تپ هر سه لوک طپیدند مهادیو که او را دهوجا یعنی
نشان او دست آمده به بشوامتر گفت چرا تپ میکنی آنچه آرزو داری بخواه من میدهم
بشوامتر دست بسته گفت اگر بر من مهربانی آنچه فن کمانداریست همه بده و سانک
و آو پهار و او پنکهت و جمیع استر که دیوتا و دانوان و دشمنان دیوتا و جچهه و کندهرب
و را چسان میدانند اینهمه میخواهم مهادیو فرمود همچنان شود بشوامتر همه را گرفته بجرمی
تمام و بقوت تام مثل سمندر که بروز شب بدر شود مکمل گشت و بشنت را از زور خود
کشته فهمیده بمکان بشنت آمد و همه استران را رها کرد چنانکه آنمکان سوختن گرفت
اینحالت را دیده هزاران رکهه گریختن گرفتند چنانکه مکان خالی ماند بشنت همه را گفت
مترسید من اینهمه را دور میکنم چنانچه آفتاب تاریکی را این بگفت و به بشوامتر رو کرده
آواز داد چون مکان خراب کردی بدطریق هستی و بیوقوفی و بی شعور هستی بعده دند
یعنی چوب را در دست گرفته بایستاد گویا دردود آتش جم دند دارست سرک

उनके हाथियों, घोड़ों, प्यादों और रथों को भी जलाकर भस्म कर दिया विश्वामित्र अपने पुत्रों को मृत देखकर दुख और पश्चात्ताप से ऐसे चिन्तित हो गये जैसे कि नदी और समुद्र लहर के बिना रह जाए, और साँप का दाँत तोड़ दे और सूर्य पूर्व में अस्त हो जाए। एक पुत्र को जो जीवित रह गया था राजपाट देकर जंगल की ओर चले गये और हिमाचल पर्वत के पीछे जाकर जहाँ वनमानुष रहते हैं महादेव को प्रसन्न करने के लिए तपस्या आरम्भ कर दी। हाथ आकाश की ओर उठाए हुए पैर की उंगलियों की नोक के बल खड़े होकर अजगर की भाँति कीड़े मकोड़े खाते। इसके अतिरिक्त और कुछ न खाते। इस तपस्या से तीनों लोक आहत हो गये। महादेव (वृषभध्वज) ने आकर विश्वामित्र से पूछा तपस्या क्यों कर रहे हो ?जो तुम्हारी इच्छा हो मांगों मैं पूर्ण करूँगा। विश्वामित्र ने करबद्ध कहा यदि आप मुझ पर दयावान् हैं तो रहस्यों सहित धनुर्वेद विद्या की जो कला है वह आप मुझे दे दें, सारे अस्त्र जो देवता, देवताओं के मित्र, शत्रु और यक्ष गंधर्व और राक्षस जानते हैं वह सब मैं चाहता हूँ। महादेव ने कहा ऐसा ही होगा। विश्वामित्र सबको लेकर पूरी प्रसन्नता और शक्ति के साथ जैसा कि समुद्र चौदहवी रात में बलशाली होता है अभिमान से पूर्ण हो गये और वशिष्ठ को अपनी शक्ति से मरा हुआ समझकर वशिष्ट के आश्रम में आये और सारे अस्त्रों को मुक्त प्रयोग कर दिया। जब वह आश्रम जलने लगा तो यह स्थिति देखकर हजारों मुनि भागने लगे जब आश्रम खाली हो गया तो वशिष्ठ ने सबसे कहा डरो मत मैं यह सब समाप्त कर दूंगा जैसे कि सूर्य अंधकार को समाप्त कर देता है। तत्पश्चात् विश्वामित्र की ओर मुँह करके पुकारा, तुमने आश्रम नष्ट कर दिया इसलिए तुम सत्य मार्ग से भटके हुए और मूर्ख हो। उसके पश्चात् हाथ में दण्ड लेकर खड़े हो गये जैसे कि आग के धुए में यमदूत खड़ा हो।

جواب بشوامتر بشست گفت که باش باش واگن استر رها کرد بشست گفت من ده السلام
انچه زور تست بنما حالا نخوت تو دور میکنم کجا زور چهتریان و کجا زور برهمنان ای سفلی
چهتریان به بین زور برهم را و استر اورا از دند خود بکشت بشوامتر رو در استر
و پاشپت و اندر اپشبک مانون بهاون بشن چکر و برهم پاش و کال پاش وغیره
انچه میدانست همه رها کرد بشست همه را ازان دند بکشت بشوامتر برهم استر را که آتش
وغیره پیشتر او بود رها کرد دیو رکهه و کند هرپ وغیره حیران ماندند بشست آنرا
تناول کرد و ازان کار بشست را چنان صورت مقبول گردید که هر سه لوک از دیدن او
بیهوش شدند و از هر مکان موهای او مانند شعاع آتش روشن بر آمد و آن دند که در دست
بشست بود بسوخت و منیشران وصف بشست کردند و گفتند زور تو در گفتن نیاید
تو بشوامتر را شرمنده کردی حالا خود را درکش که عالم تصدیع نیابد بشوامتر هم شرمنده
شده گفت لعنت بر زور چهتری زور برهمن زور آور است و سلاح را گذاشته
بریاضت رفت سرگ ۴۲ بشوامتر با بشست عداوت نموده بریاضت مشغول شد سمت دکن
با اهلیه خود اقامت گزید و ثمرات و بیخ خورده نمود و در دل کرد که من برهمن شوم او را آنجا
چهار پسر تولد شد هبس سند هبس سنت درزه نتر مهو دی و هشت پسر دیگر که راج میکردند و بعد
از هزار سال بشوامتر مثل آتش روشن شد سرگ ۴۳ بعد از هزار سال کامل از برهم لوک برهما آمده

सर्ग-४१

उत्तर

विश्वामित्र ने वशिष्ठ से कहा रुको, रुको और उसने आग्नेयास्त्र छोड़ा। वशिष्ठ ने कहा, मैं खड़ा हूँ तेरे भीतर जितनी शक्ति है दिखा मैं अभी तेरा घमण्ड दूर करता हूँ, कहाँ क्षत्रियों का बल और कहां ब्राह्मणों का बल। ऐ दुष्ट क्षत्रिय ! देख ब्राह्मण की शक्ति और उसके अस्त्र को अपने दण्ड से मार डाला। विश्वामित्र ने ब्रह्मास्त्र को जिसके मध्य में अग्नि होती है छोड़ा देवर्षि और गंधर्व आदि चकित रह गये। वशिष्ठ ने सबको शान्त कर दिया और इस कार्यवाही से वशिष्ठ की काया ऐसी हो गयी कि तीनों लोक उनको देखकर मूर्छित हो गये और प्रत्येक स्थान के उनके बाल जलती हुई मशाल की किरणों की भांति प्रज्वलित हो गये और दण्ड प्रज्वलित हो रहा था जो वशिष्ठ के हाथ में था। मुनीश्वरों ने वशिष्ठ की प्रशंसा की और कहा आपका बल वर्णन से परे है आपने विश्वामित्र को लज्जित कर दिया अब अपना क्रोध शान्त कर लीजिए। कहीं ऐसा न हो कि संसार फट जाए। विश्वामित्र ने भी लज्जित होकर कहा बुरा हो क्षत्रिय का बल, ब्राह्मण का बल उससे कहीं अधिक है और हथियार रखकर तपस्या के लिए चले गये।

सर्ग-४२

विश्वामित्र वशिष्ठ के साथ शत्रुता रखकर तपस्या में लीन हो गये और अपनी पत्नी सहित दक्षिण दिशा की ओर जाकर तपस्या करने लगे। फल और वृक्षों की जड़ें (कंद-मूल) खाकर हृदय में इस बात की इच्छा की कि मैं ब्राह्मण हो जाऊँ, वहीं उनके चार पुत्र उत्पन्न हुए हविष्पन्द, मधुष्पन्द, दृढ़नेत्र और महारथ और आठ दूसरे पुत्र जो राज्य करते थे। हजार वर्ष के बाद विश्वामित्र अग्नि के समान प्रज्वलित हुए।

بشیرین زبانی بشوامتر را گفت ای راجه که تو لوکها را گرفتی و ازین تپ براجرکهی سزاواری
بشوامتر آنرا شنیده از شرم فرو برده بغم تمام گفت ریاضت کلان کردم هنوز
راج رکهه هستم این بگفت و باز ریاضت کلان کردن گرفت درین اثنا راجه بود ترشنکو
بنده
ته برکه را خوشنود
نام از نسل اچهواکو او را در خاطر رسید که چنان جگ بکند که با همین کالبد خود بر آسمان
برود نزد بششت رفته خواهش را ظاهر کرد بششت گفت این خود دشوار است بعد از ان
پیش صد پسران بششت که هر صد بسمت دکن تپ میکردند رفته خواهش ظاهر نمود و گفت
کرد یعنی او استاد جواب داده شما حامی شوید راست میگویم که تمام نسب اچهواکو را در هر حال حامی
ربا
پروهت هست صورت ترشنکو و عقب او خدمتکار چوری در دست و صورت بششت و
راض



सर्ग-४३

पूरे एक हज़ार वर्ष के बाद ब्रह्मलोक से ब्रह्मा प्रकट हुए। मधुर भाषा में विश्वामित्र से कहा, ऐ राजर्षि ! तुमने सारे लोक प्राप्त कर लिये और उस तपस्या के कारण तू राजर्षि के योग्य है। विश्वामित्र ने यह सुनकर और लज्जा से सर झुकाकर बड़े दुख से कहा मैंने बड़ी तपस्या की, अभी मैं राजर्षि ही हूँ और पुनः तपस्या आरंभ कर दी। उसी समय में यह हुआ कि, इक्ष्वाकुवंशी त्रिशंकु नामक एक राजा था, उसके मन में विचार आया कि ऐसा यज्ञ करें कि इसी नश्वर शरीर के साथ आसमान पर चला जाएँ। उसने वशिष्ठ के पास जाकर अपनी इस इच्छा को प्रकट किया। वशिष्ठ ने कहा, यह कार्य अपने आप में कठिन है। इसके पश्चात् उसने वशिष्ठ के सौ पुत्रों के पास जाकर जो दक्षिण की ओर तपस्या कर रहे थे यह इच्छा प्रकट की और कहा कि तुम ही उत्तर देकर सहायक बन जाओ। मैं सत्य कहता हूँ कि इक्ष्वाकु की समस्त पीढ़ी के प्रत्येक दशा में वशिष्ठ के बाद आप सभी परमदेवता के स्थान पर हैं।

त्रिशंकु की तस्वीर उसके पीछे सेवक हाथ में मुगदर लिए हुए और साथ में वशिष्ठ का चित्र



سہ کہ کفته ترشنکو را شنیده پسران رکهه بغصه کفتند هر کاه بشست جواب داد
نزد ما چرا آمدی بیخ را کذاشته شاخ را چرا میکیری از ما مشکل است برو بشهر خود راجه
ترشنکو کفت پس بشست و شما هر دو جواب دادید من جای دیکر میروم پسران بشست
شناپ دادند که تو چانڈال خواهی شد بعد کذشتن آن یکشب صورت راجه بچانڈال مبدل
کشت پارچه نیله در زیر و پارچه سرخ بر سر چشم خوفناک سرخ و زرد و پوست خرس در بر
کرفته آنحال را دیده چاکران و عقب روان او از و کریختند فقط تنها راجه حیران و پریشان
ماند انکاه در پناه بشوامتر آمد و او راجه را بدان حال دیده که بعاجزی بصورت چانڈال
آمده وایستاده کفت چرا بدینحال هستی و چون آمده ترشنکو دست بسته کفت آرزو
داشتم که با کالبد خود بر آسمان روم کرو و پسران کورو باینحال رسانیدند من
کاهی قبل ازین دروغ نکفته ام و من جکیها اقسام کردم و رعایا را
بدهرم محافظت نمودم و کروها را بطور و طریق پسند داشتم با وجود
این کرو مهربان نشد پس آنچه کند تقدیر ایزدی کند تدبیر لا ینفع است در عقل من
چنان مشخص شد که در نیک و بد رسیدن بر حال مردم تقدیر قادر است
و تدبیر بیکار و من در پناه تو آمدم بر من رحم فرما راجه ترشنکو بصورت چانڈال پارچه
نیله در زیر و پارچه سرخ بر دوش و سر چشم سرخ و زرد و صورت خوفناک و پوست خرس

सर्ग-४४

त्रिशंकु की बात सुनकर ऋषि के पुत्रों ने क्रोध से कहा, जब वशिष्ठ ने उत्तर दे दिया तो अब हमारे पास क्यों आये हो ?जड़ छोड़कर टहनी क्यों पकड़ते हो ?हमारी ओर से कठिन है अपने नगर वापस जाओ। राजा त्रिशंकु ने कहा, बस वशिष्ठ और तुमने दोनों ने उत्तर दे दिया। अब मैं दूसरे स्थान पर जाता हूँ। वशिष्ठ के पुत्रों ने शाप दिया कि तू चाण्डाल हो जाएगा इसके एक रात बीतने के बाद राजा का मुख चाण्डाल के रूप में बदल गया। नीचे नीला कपड़ा और सर पर लाल कपड़ा, आँख भयानक लाल पीली, गधे की खाल बगल में, उसकी यह दशा देखकर नौकर और उसके पीछे चलने वाले सब भाग खड़े हुए। राजा अकेला आश्चर्यचकित खड़ा रहा। उस समय विश्वामित्र की शरण में आया। उसने राजा को इस रूप में देखकर जो विनम्र भाव के साथ चण्डाल के रूप में उसके पास गया था, जानबूझ कर कहा, तुम इस दशा में क्यों हो ?और कैसे आए हो ?त्रिशंकु ने करबद्ध कहा, मेरी इच्छा थी कि इस नश्वर शरीर के साथ स्वर्ग में चला जाऊँ लेकिन गुरु और गुरु के पुत्रों ने मुझे इस दशा को पहुँचा दिया। मैंने पहले कभी झूठ नहीं बोला है, मैंने विभिन्न प्रकार के यज्ञ किये और प्रजा को धर्म पर स्थिर रखा। मैं गुरुओं को उनके आचरण के कारण प्रिय रखता था। इनके अतिरिक्त गुरु दयावान नहीं हुए। बस जो कुछ करता है ईश्वर ही करता है, प्रयास निराधार है। मेरी बुद्धि में यह बात आई कि अच्छे बुरे तक पहुँचने में लोगों की दशा पर भाग्य ही सब कुछ है प्रयास असफल है। आपकी शरण में आया हूँ मुझ पर दया कीजिये।

در برو بهمان صورت دست بسته پیش بشوامتر ایستاده عرض میکند و صورت بشوامتر
مطبور رکهه که احوال مي پرسد و او جواب میکوید و صورت یکی از شاگردان



مرکدم بشوامتر

राजा त्रिशंकु चाण्डाल के रूप में, नीचे नीला वस्त्र, कन्धे और सर पर लाल कपड़ा, आँख लाल पीली, रूप भयानक, गधे की खाल बगल में, इसी रूप में करबद्ध विश्वामित्र के सामने खड़े होकर विनती कर रहे हैं और विश्वामित्र का चित्र ऋषि के रूप में जो कथा पूछ रहे हैं वह उत्तर दे रहे हैं और शिष्यों का चित्र



سرگ بشوامتر گفته راجه را شنیده بشیرین زبانی سخن فرحت افزائی او از زبان برآورد
که خوب کردی آمدی من ترا پناه میدهم در مکان من باش از جگ آرزوئی تو خواهد برآید
از گفته گرو اگرچه چنین صورت شد بهمین صورت بسرگ خواهی رفت این بگفت
و پسران و شاگردان و آشنایان وغیره را چنین فرمود که بیارید ساز جگ
از خرج راجه من جگ میکنم شاگردان او هر طرف رفتند این گفته بشوامتر را گفتند
جمیع منیشران مصلحت کرده دعوت را بسر و چشم قبول نمودند اما مهودی نام من و صد
پسران بششت لطیش گفتند که چهتری جگ کنانند شود و چاندال جگ کننده باشد
چگونه آنجا تناول نموده شود و برهمنان اگر طعام چاندال خورند راجه چگونه بسرگ
ن
خواهد رفت بدنیسان سخت جواب گفتند و چشم سرخ کردند شاگردان بشوامتر رفته بیا
کردند بشوامتر پسران بششت را گفت که نادانند همچو من نیک کردار را نکوهش میکنند
زمان
همگنان مرده خاکستر خواهند شد و گوشت خود خواهند خورد و همین
آنها را جم میگیرد و مهودی که مرا بدگفته است در همه جا خراب شده نکهاد یعنی
جانورکش خواهد شد این بگفت و خاموش شد و اینجا صورت بشوامتر
و راجه ترشنکو و صورت جگ و دو سه شاگرد بشوامتر و صورت ترشنکو
بطور سابق

सर्ग-४५

विश्वामित्र ने राजा की वार्ता सुनकर आनन्दमयी मधुर भाषा से यह बात कही कि अच्छा किया जो मेरे पास चले आए मैं तुम्हें शरण देता हूँ मेरे घर में रहो। यज्ञ से तुम्हारी मनःकामना पूरी हो जाएगी, गुरु के कहने से यद्यपि तुम्हारी दशा ऐसी हो गयी है लेकिन इसी रूप में तुम स्वर्ग में जाओगे। यह कहकर उसने पुत्रों, शिष्यों और परिचितों आदि से कहा कि राजा के धन से यज्ञ की सामग्री लाओ मैं यज्ञ करूंगा। उसके शिष्य चारों ओर गये और विश्वामित्र की यह बात सबसे कही सारे मुनीश्वरों ने सन्धि करके निमंत्रण स्वीकार किया लेकिन महोदय नामक मुनि ने और वशिष्ठ के सौ पुत्रों ने क्रोध से कहा कि एक क्षत्रिय यज्ञ कराने जाते है और एक चाण्डाल यज्ञ करने वाला होगा। कैसे कहां खाना खाया जायेगा और ब्राह्मण यदि चाण्डाल का भोजन करेंगे तो राजा स्वर्ग में कैसे जायेगा। इसीलिए उन्होंने कठोर उत्तर दिया और आँखें लाल कर लीं। विश्वामित्र के शिष्यों ने जाकर इसका वर्णन किया विश्वामित्र ने वशिष्ठ के पुत्रों से कहा कि वह सब अबोध हैं मुझ जैसे सज्जन को कष्ट पहुँचाते हैं। सब मरकर समाप्त हो जायेंगे और स्वयं अपना शव खायेंगे और उसी समय उन सबको मौत का फरिश्ता (यमराज) पकड़ेगा और महोदय जिसने बुरा कहा है वह हर स्थान पर नष्ट हो जायेंगे। यह कहकर वह शान्त हो गया। यहाँ पर विश्वामित्र, राजा त्रिशंकु का चित्र है। यज्ञ और विश्वामित्र के दो तीन शिष्यों का चित्र है, त्रिशंकु का चित्र पहले जैसा है।



مرک جک



هرک جگ بشوامتر پسران بششت را که صد بشمار بودند و مهودی را از زور ریاضت
کشته و خاکستر کرده و خراب نموده در میان رکهیشران گفت پسر اچهواکو که دهرماتماست
و راست گوست در پناه من آمده و از همین وجود خود خواهش رفتن آسمان دارد شما
همگنان هم بفرمائید گفته بشوامتر را شنیده همگنان از ترس او کنکایش کردند این پسر
کوشک هست و رایض و غصه دار مثل آتش از غضب شتاب خواهد داد بنابران جگ بکنیم
آدهرو یعنی صاحب جگ بشوامتر شد و رتج یعنی اندازنده ساز آتش دیگران گشتند
بدینگونه جگ راجه ترشنکو شد بشوامتر که دانش منتر بود جگ کرده برای گرفتن بخش
دیوتاها را طلبید نیامدند بشوامتر مهامُنی از غضب شروا را یعنی چیزی که از و جگ
چمچه چوبین که ازان روغن در آتش می اندازند
میکنند در دست برداشته به ترشنکو گفت قوت ریاضت من به بین اینک ترا
بر آسمان میبرم که سخت دشوار ست بعد ازان گفت از آغاز کودکی هرچه من نیک
کرده ام از زور و تپ آن با کالبد خود بر آسمان رو از همین گفتن رو برو منها
ترشنکو بر فلک رفتن گرفت اندر اینحالت را دیده باستصواب دیوتاها چنین گفت
که ای ترشنکو هنوز بر آسمان نرسیده بر زمین فرود رو از شاپ گرو خراب
و نادان آواک شرا یعنی سر در زیر فرو رو شتاب رو در زیر زمین باش
از گفت اندر ترشنکو بفرود افتادن گرفت بآواز شور بشوامتر را گفت نگاهدار نگاهدار

सर्ग-४६

विश्वामित्र ने वशिष्ठ के पुत्रों, जो संख्या में सौ थे को तपस्या के बल पर मारकर और नष्ट करके और उनका सर्वनाश करके ऋषियों से कहा- यह इक्ष्वाकु के पुत्र जो कि धर्मात्मा और सीधे मार्ग पर चलने वाले हैं और मेरी शरण में आए हुए हैं। अपने इसी शरीर के साथ स्वर्ग में जाने की इच्छा रखते हैं, तुम सब भी कुछ करो। विश्वामित्र की बात सुनकर उनसे डरकर सबने परामर्श किया, यह कुशिक का पुत्र है तपस्या करने वाले और अग्नि की भांति क्रुद्ध होकर शाप दे देंगे। इस कारण हमें यज्ञ करना चाहिए। विश्वामित्र यज्ञ करने वाले (अध्वर्यु) हुए और दूसरे अग्नि को हवि देने वाले (ऋत्विज्) हुए इस प्रकार त्रिशंकु का यज्ञ हुआ। विश्वामित्र ने जो मंत्र जानते थे यज्ञ करके अपना भाग ग्रहण करने के लिए देवताओं को बुलाया परन्तु वह नहीं आए। महामुनि विश्वामित्र ने स्रुवा प्रोक्षिणी से, अर्थात् वह वस्तु जिससे यज्ञ करते हैं हाथ में उठाकर त्रिशंकु से कहा अपनी तपस्या की शक्ति से मैं अभी तुम्हें स्वर्ग में ले जाता हूँ जो कि अति कठिन कार्य है। इसके बाद उन्होंने कहा बचपन के आरंभ से मैंने जो पुण्य किया है उसके बल व तपस्या से अपने शरीर के साथ स्वर्ग में जाओ। यह कहते ही मुनि के सामने त्रिशंकु स्वर्ग में जाने लगा। इन्द्र ने यह देखकर देवताओं के परामर्श से कहा कि हे त्रिशंकु ! अभी तू स्वर्ग में नहीं पहुँचा है पृथ्वी पर उतर जा और गुरू के अभिशाप से बुरे, अधो मुख नीचे किये हुए शीघ्र लौट जा और पृथ्वी पर रहो। इन्द्र के कहने से त्रिशंकु नीचे उतरने लगा और तेज आवाज से विश्वामित्र से कहा होशियार-होशियार बचाओ-बचाओ और विश्वामित्र ने क्रोध से कहा, रुक जा, रुक जा।

واو آز طیش گفت اقامت کن اقامت بعده بشوامتر از قوت ریاضت مانند
برهما بسمت دکهن هفت رکهه بیافرید و دیگر انجم را آفریدن آغاز کرد و از غضب چشم
سرخ کرده بطرف دکن کواکب برآفرید و اندر و غیره و دیگر لوک ها را آفریدن خواهش
نمود دیوتا تمام حیران گشته به بشوامتر گفتند این راجه از شاپ گرو پاک نشده بر فتن
سرگ سزاوار نیست حکم پران دانان را بجا آورد از ین نتوان گذشت این را شنیده
بشوامتر گفت من پرتگیا یعنی مشخص در دل کرده ام که ترشنکو با کالبد خود بآسمان رود
این را غلط نتوان کرد و انجم ها آفریده من تا که هر سه عالم باشند باشند این پرتگیا من نگاه دارید دیوها از حرف
بشوامتر اینهمه قبول کردند شتانند برام میگوید که هنوز آن انجم مثل آتش بسمت دکن روشن هستند و ترشنکو هم آنجا
اقامت دارد القصه دیوتا هم رفتند و رکهیشران هم جگ آخر نمود و بمکان خود ها گرائیدند بشوامتر در جگ ترشنکو در هوا معلق



इसके बाद विश्वामित्र ने तपस्या के बल से ब्रह्मा के समान दक्षिण की ओर सात ऋषि पैदा किये और दूसरे नक्षत्रों को उत्पन्न करना आरम्भ किया। उन्होंने क्रोध से आँख लाल करके दक्षिण की ओर सप्तर्षि पैदा किये और इन्द्र आदि दूसरे लोक उत्पन्न करने की इच्छा की। सारे देवताओं ने चकित होकर विश्वामित्र से कहा कि इस राजा त्रिशंकु के गुरू के शाप से मुक्ति नहीं मिली है। स्वर्ग में जाने योग्य नहीं है पर उन जानने वालों को यहाँ लाइये, इससे अनदेखा नहीं किया जा सकता। यह सुनकर विश्वामित्र ने कहा, मैंने मन में यह निश्चय कर लिया है कि त्रिशंकु अपने शरीर के साथ आकाश पर जायेगा। इसको बदला नहीं जा सकता है ताकि तीनों लोक रहें। मेरी इस इच्छा का ध्यान रखो देवताओं ने डर के मारे विश्वामित्र की यह बात मान ली। शतानन्द श्री राम से कहते हैं कि अभी तक वह तारे अग्नि के समान दक्षिण की ओर प्रकाशमान हैं और त्रिशंकु की सन्तान भी अधिक संख्या में है। देवता भी चले गये और ऋषिगण भी यज्ञ समाप्त करके अपने स्थान पर चले गये।

विश्वामित्र यज्ञ में व्यस्त हैं और त्रिशंकु हवा में अटका है।



سرگ ۴۷ بعد رفتن منیشران بشوامتر که رایشی است و میان منیها چون سر است
بجمیع باشندگان صحرا گفت درین طرف که پایل دکن است بسیار فساد میشود طرفی
دیگر رفته ریاضت بکنم این بگفت و بطرف مغرب برکنار پهکر رفت و تپ کلان که سخت و دشوار
باشد آغاز کرد و ثمرات و بیخ را خورده طپید آنجا هم از بشوامتر عجایبات بوقوع آمد **انبریکه** نام
راجه که را انجا خاطر رسید که نرمید جگ بکنند یعنی آدمی را بآتش بسوزد زیرا که بهایم جگ او را
اندر برده بود مطابق شاستر عوض آن آدمی را باید داد اینچنین اوپادهیای راجه گفتند
انبریکه که پسر **نابهاک** بود برای این کار در ملکها و شهرها و قصبات و مکانها گردید جایی
رچیک نام برهمنی را دید پسران بسیار در خانه داشت و مفلس بود با او گفت صد هزار
گاو میدهم یک پسر را بده من نرمیده جگ میکنم و تو مفلس و پریشانی اگر در خاطر رسد
سودا کن **رچیک** برهمن گفت پسر کلان را هرگز نمیفروشم زیرا که **گشتب بهگوان** گفته پسر کلان را
نباید فروخت و اینکه از همه خورد است عزیز مادر است که گفته اند پدر را پسر کلان تر
عزیز باشد و مادر را پسر خوردتر و اینکه میانه است **شونه شیپه** نام دارد این را میفروشم
چنانچه راجه عوض صد هزار گاو **شونه شیپه** را گرفته بذوق تمام بر رته نشانده بملک خود
روان شد بر کنار پهکر که آنجا بشوامتر بود منزل گرفت آنجا **شونه شیپه** بشوامتر را دیده
با جگر دریده و خراب از سبب فروختن خود در قدم او افتاد و گفت نه مادر است و نه پد

सर्ग-४७

ऋषियों के जाने के बाद विश्वामित्र ने, जो कि तपस्या करने वालों और मुनियों के मध्य मस्तक के समान हैं, जंगल के समस्त निवासियों (ऋषियों) से कहा- उस दक्षिण दिशा की ओर बहुत विघ्न हो रहा है। अब मैं किसी और तरफ जाकर तपस्या करूंगा, यह कहकर पश्चिम की ओर पुष्कर के किनारे चले गये और महान तप आरंभ किया। पेड़ों के कन्द, मूल खाकर तपस्या की वहाँ भी विश्वामित्र से बहुत से चमत्कार हुए। अम्बरीष नामक अयोध्या के महाराजा के मन में यह विचार आया कि नरमेध यज्ञ करें अर्थात् मनुष्य को आग में जलायें क्योंकि उसके यज्ञ वाले पशु को इन्द्र ले गये थे। शास्त्र के अनुसार उसके बदले में मनुष्य की बलि देनी चाहिए ऐसा राजा के गुरुओं ने कहा। अम्बरीष जो नाभाग का पुत्र था इस कार्य के लिये देश, विदेश, शहरों, गाँवों और विभिन्न स्थानों पर गया। एक जगह ऋचीक नामक ब्राह्मण को देखा। उसके बहुत से पुत्र थे और निर्धन थे उसने कहा- मैं तुम्हें सौ गाय देता हूँ तुम एक पुत्र को मुझे दे दो, मैं यज्ञ करूंगा और निर्धन और बूढ़ा हो चुका हूँ। यदि मन करे तो सौदा कर लेना। ऋचीक ब्राह्मण ने कहा मैं बड़े लड़के को कदापि नहीं बेचूंगा क्योंकि भगवान भार्गव ने कहा है कि बड़े लड़के को नहीं बेचना चाहिए और यह जो सबसे छोटा है माँ का लाडला है। जैसा कि लोगों ने कहा है कि पिता को बड़ा लाडला अधिक प्रिय होता है और माँ को सबसे छोटा लड़का। यह जो बीच का है उसका नाम शुनःशेप है उसे बेचूँगा। अतः राजा ने एक हजार गायों के बदले शुनःशेप को लेकर बड़े चाव से रथ पर बैठाकर अपने देश की ओर प्रस्थान किया। पुष्कर के किनारे जहाँ विश्वामित्र थे उसने पड़ाव किया। शुनःशेप विश्वामित्र को देखकर जोर से चिल्लाया और अपने को बेचे जाने के कारण, उसे गलत बताया। उसने कहा

ونه آشنا ونه برادر من در پناه تو آمده ام مرا نگاهدار و کار راجه هم شود و من زنده مانم همچنان کن که پسر غریب را پدر نگاهدارد گفته او را شنیده تشوامتر دلاسا او کرده به پسران خود گفت پدران پسران را برای این نگاه میدارند که بهنگام سختی بکار آیند و آنوقت رسیده است و آن اینست که این پسر برهمن است و در پناه من آمده این را جان بخشی باید نمود و شما همه نیک کردار و نیکمرد هستید بنوعیکه خلاصی او شود و جگ راجه شود بکنید حاصل آنکه از شما کسی بجائی او برود این را شنیده آنها به پدر گفتند چرا پسران خود را گذاشته پسر دیگر را محافظت میکنی چنانچه کسی گوشت خود را خورد تشوامتر گفته آنها را شنیده از غصه چشم سرخ کرده شاپ داد این سخن از دهرم بیرون است که مرا گفتید شما را گوشت خود خوراک خواهد شد و مثل پسران بشسٹ خواهید افتاد و هزار سال آخر خواهید شد باین آتش غضب پسران خود را سوخته به شونه شیپه گفت این منتر یعنی افسون گفته مرا خواهی خواند اندر ترا خلاصی خواهد داد و جگ راجه کامل خواهد شد شونه شیپه آن منتر را یاد کرد و با راجه انبرکیه گفت مرا شتاب بمکان جگ خود ببر و دیچها خود را تمام کن راجه این را شنیده بخیریت تمام بمکان جگ رفت و شونه شیپه را بطریق بهایم بمنتر بست چون اندر و غیره برائی بخش خود آمدند شونه شیپه اندر را ستود و او مهربان گشته او را زندگی و قوت و جیش مرحمت فرمود و جگ راجه بتمام رسید آنچه آرزو داشت از مهربانی اندر بحصول انجامید

न मेरे पिता हैं और न माता, न कोई परिचित है और न भाई, मैं आपकी शरण में आया हूँ मुझे बचाइये। राजा का काम भी हो जाये और मैं जीवित भी रहूँ ऐसा करें जैसे कि कोई पिता किसी असहाय बच्चे की रक्षा करता है। उसकी बात सुनकर विश्वामित्र ने उसे सान्त्वना दी और अपने पुत्रों से कहा पिता अपने पुत्रों की इसलिए रक्षा करते और उनका ध्यान रखते हैं कि वह विपत्ति में उनके काम आए और वह समय आ चुका है। वह यह है कि यह ब्राह्मण का पुत्र है और मेरे संरक्षण में आया है उसके प्राण की रक्षा करनी चाहिए और तुम सब अच्छे चरित्र वाले सज्जन पुरुष हो। ऐसा कुछ करो कि उसके प्राण भी बच जाएं और राजा का यज्ञ भी हो जाये। इसका उपाय यह है कि तुम में से कोई उसके स्थान पर चला जाए यह सुनकर उन सबने पिता से कहा आप अपने पुत्रों को छोड़कर दूसरे लड़के की क्यों रक्षा कर रहे हैं?जैसे कि कोई अपना ही माँस खाए। विश्वामित्र ने उनकी बात सुनकर क्रोध से आँख लाल करके शाप दिया कि यह बात धर्म के विरुद्ध है जो बात तुमने कही, तुम्हारा माँस तुम्हारा अपना आहार होगा और वशिष्ठ के पुत्रों के समान हो जाओगे। दो हजार वर्ष तक निकृष्ट रहोगे इस क्रोध रूपी अग्नि से अपने पुत्रों को जलाकर उसने शुनःशेप से कहा-यह मन्त्र जो तू पढ़ेगा वह तुझे स्वतन्त्रता देगा और राजा का यज्ञ पूरा हो जायेगा। शुनःशेप ने वह मन्त्र याद कर लिया और राजा अम्बरीष से कहा मुझे शीघ्र अपने यज्ञ के स्थान पर ले चलो और अपनी दीक्षा पूरी करो। राजा यह बात सुनकर कुशलतापूर्वक अपने यज्ञ के स्थान पर ले गया और शुनःशेप को पशुओं की भाँति यूप (खूंटे) से बांध दिया। जब इन्द्र आदि उनके मोक्ष के लिए आए तो शुनःशेप ने इन्द्र की स्तुति की। उन्होंने दयालु बनकर उसे जीवन, शक्ति और सेना प्रदान की। राजा का यज्ञ समाप्त हुआ और उसकी जो इच्छा थी वह इन्द्र की दया से सम्पूर्ण हो गयी।

بشوامتر دهرماتما تا هزار سال بر پهکر یعنی تالاب مغرب ریاضت کرد و درانجا تالاب
پهکر که در اجمیر شریف دید باشد و مکانها کناره او و مکان و صورت بشوامتر که ریاضت
میکند و صورت دو سه شاگرداو



विश्वामित्र और धर्मात्मा ने एक हजार वर्ष तक पश्चिम के पोखर अर्थात् तालाब पर तपस्या की। यहाँ वह तालाब जो अजमेर शरीफ में है देखा जा सकता है और उसके किनारे-किनारे मकान, विश्वामित्र का आश्रम और उनका चित्र भी दिखाई दे रहा है जो तपस्या कर रहे हैं और उनके दो तीन शिष्य का भी चित्र दिखाई दे रहा है।



نشسته اگر بخاطر بگذرد بیاید رام صاف دل حکم را بسر و چشم قبول کرده به سیتا گفت که کیکی
مادر من البته برای جوراج من بجد و جهد ساعی خواهد بود حالا راجه مشوم البته مرا باید رفت
سیتا بطریق ادعیه گفت طرف مشرق ترا اندر حافظ باد و طرف جنوب راجم و طرف مغرب را
برن و طرف شمال اکبیر القصه بعد گفتار سیتا رام با سومنتر از خانه برآمد چنانچه شیر از کوه
برآید بر رتهه که مانند رعد آواز داشت از جواهر و زر آراسته بود و مثل آتش بلند مینمود
سوار شده مثل آفتاب روان گشت کیت ها یعنی نشانهای بعید پیشتر روان شدند و چتر
و چامر در دست گرفته لچهمن در پس پشت سوار گشت هنگام برآمدن رام از هجوم شور
و شغب بلند شد اسپان خوب و فیلان مانند کوه صدها و هزاران از عقب روان گردیدند
و پیش پیش سپاهیان شمشیربند و کماندار بیشمار روانه گشتند آوازهای نقاره
و کرنای وغیره برآمد و باد فروشان و بندی بوصف مشغول شدند و زنان شهر بر مناظر

دغزو:

सर्ग-१६

लोगों का जनसमूह जो द्वार पर था आगे बढ़ते हुए सातवें द्वार पर पहुँचा, देखा कि दोनों ओर धनुर्धारी आदि बैठे हुए हैं और सुरक्षा के कार्यों में व्यस्त हैं। उन्होंने सुमन्त्र को देखा और जाकर रामचन्द्र को सूचित किया, राम ने सम्मान के साथ कहा कि आयें, सुमन्त्र अन्दर आ गए। रामचन्द्र को सुमन्त्र ने देखा सुन्दर पलंग पर बैठे हुए हैं और सीता उनके पीछे बैठी सेवा कर रही हैं, जैसे कि लक्ष्मी, विष्णु की सेवा पर तैनात अर्थात् रक्षा करती है। सुमन्त्र ने नमस्कार करके कहा कि राजा आपको देखना चाहते हैं इस समय कैकेयी के पास बैठे हुए हैं यदि उचित समझें तो चलें। सुहृदय राम ने आज्ञा को सम्मानपूर्वक स्वीकार करते हुए सीता से कहा कि कैकेयी मेरी माँ हैं वह मुझे उत्तराधिकारी बनाने में अवश्य प्रयास करेंगी। अब मैं राजा बनूँगा, मुझे अवश्य जाना चाहिए। सीता ने शुभकामना के रूप में कहा चारों दिशाओं- पूर्व दिशा में इन्द्र और उत्तर दिशा में यम, पश्चिम दिशा में वरुण और दक्षिण दिशा में कुबेर आपके रक्षक हैं। निष्कर्ष यह कि सीता के आशीर्वाद के बाद राम सुमन्त्र के साथ महल से बाहर आए जैसे कि शेर पहाड़ से निकलता है। एक ऐसे रथ पर, जिसकी आवाज़ मेघ के समान थी रत्न से सुसज्जित था और अग्नि की भाँति तेजवाला था सवार होकर सूर्य की भाँति चले। अधिकांश प्रतीक व पताका आगे चले और हाथ में चँवर लेकर लक्ष्मण पीछे सवार हुए। राम के बाहर आने के समय कोलाहल हुआ और पहाड़ के समान सैकड़ों, हज़ारों घोड़े, हाथी पीछे-पीछे चले और आगे-आगे असंख्य हथियार सहित सिपाही चले। बाजे, शंख की आवाजें आने लगीं और प्रशंसक कवि व कथाकार प्रशंसा में व्यस्त हुए,

و غرفه‌ها ایستاده گل باریدن آغاز کردند و میگفتند که کوشلا مادر تو خوشحال خواهد بود
و وزنان سیتا ممتاز ست که عزیز رام ست و او ریاضت بسیار کرده چنانچه
وهنی با ماه باشد سیتا با رام ست عرض که رام از هر طرف انواع سخنان
خوشی افزا می شنید و از دهام مردم و هجوم خلایق تماشا میدید در اینجا صورت رام
بلو راجها بر رتهه اسپان مرصع سوار شده و عقب لچهمن چامر در دست نشسته و چتر
نوزک اسپان کوتل و فیلان و نشانها و بان‌ها و سپاهیان کماندار و نقاره و کرناو کلبنا که می بازند



शहर की स्त्रियाँ कोठों और छतों पर खड़ी होकर फूलों की वर्षा करने लगीं और कहती थीं कि आपकी माता कौशल्या प्रसन्न होंगी। सीता सारी स्त्रियों में श्रेष्ठ हैं कि वह राम को अत्यधिक प्रिय हैं और उन्होंने बड़ी तपस्या की है। जिस प्रकार चाँद रोहिणी के साथ होता है उसी प्रकार सीता राम के साथ हैं। राम चारों ओर से भाँति-भाँति की प्रशंसक बातें सुनते थे और लोगों के जनसमूह तथा प्रजा के समूह का दृश्य देखते थे।

राम का चित्र, घोड़ों से सजे रथ पर सवार पीछे हाथ में चामर लिये लक्ष्मण बैठे हुए हैं। आगे-आगे घोड़े, हाथी, पताका, प्रतीक, सिपाही और बाजे आदि तथा फूल जो बरसाए जा रहे हैं।



سرگ آمدن راچندر خوشوقت می آمد و گفتار خرمی افزا میشنید در شاه که از بوهای خوش
و پارچه های نفیس مملو بود و آز الماس وغیره جواهر و پهٹنگ و بلور وغیره برآسته بود
میگذشت و آشیرباد یعنی دعای بسیار درویشان و گدایان مستمع میگشت کسی که
رام را دران زمان نمیدید خود را می نکوهید و رام مثل ابر از پسران راجه ها که گرد بگرد بودند
ممتاز میرفت القصه در محل راجه که از کنگره ها مثل قله کیلاس که تا آسمان مثل سفید بادبان
برازنده و از خانه ها پنشپاک های طلا فرازنع بود داخل شد و از همه دروازه ها گذشته چون
در دروازه اندرون رسید همه مردم شادان گشتند چنانچه از طلوع ماه چهارده دریای شور

در اینجا صورت خانه راجه که تمام سفید است و لنگر نمایان و صورت رام چندر بر سر بازیب تمام داخل خانه راجه میشود



سرگ اینجد

सर्ग-२०

श्रीराम प्रसन्नतापूर्वक आ रहे थे, प्रसन्नता बढ़ाने वाली बातें सुनते जा रहे थे, जिस मार्ग से जा रहे थे वह सुगन्ध और सुन्दर वस्त्रों तथा स्फटिक आदि रत्नों से सुसज्जित था। भिक्षुकों का आशीर्वाद कानों में पड़ रहा था जिसने उस समय राम को नहीं देखा अपने को बुरा भला कहता था। राम बादल के समान राजाओं के पुत्रों से जो आसपास थे सुशोभित होकर चल रहे थे। निष्कर्ष यह कि राजा का महल जो अपने शिखरों के कारण से कैलाश शिखर के समान आकाश तक ऊँचा था, सफेद और पुष्पक विमान के समान चमक रहा था। श्री राम जब प्रविष्ट हुए और बाहरी द्वार से होते हुए जब अन्दर वाले द्वार पर पहुँचे तो सारे लोग प्रसन्न हो गये जैसे कि चौदहवीं का चाँद निकलने से समुद्र।

राजा के महल का चित्र जो पूरा सफेद है और कंगूरे हैं तथा राम का चित्र जो सर पर हाला (वृत्त) डाले प्रवेश करते हैं।



سری رامچندر پدر را دید بر بستر غمگین و غریب طور نشسته و کیکئی نزدیک است اول قدم
پدر افتاده نمسکار کرده بعده قدم کیکئی را نمسکار کرد پس از آن لچهمن پایهای پدر و کیکئی را
نمسکار نمود چون راجه رام را دست بسته نزدیک ایستاده دید آن سخن ناگوار نتوانست گفت
همین نام رام از زبان برآورد گریه کرد رامچندر پدر را بدین غم و گریه مثل دریای عمان
که از امواج بر هم شود یا آفتاب از زم یعنی ددو بنجار شوریده گرد دوید متامل گشت
و از غم متردد و از الم متحیر گشته کیکئی را پرنام نموده گفت که ای دیوی من راجه را چه گناه
کرده ام که با من سخن نمیگوید یا وجود راجه را آزار تپ نیست زیرا که دایم راحت دسوار است
یا از بهرت نوجوان یا شترگهن یا از مادرهای ما خبر زشتی مسموع شده است یا من
از نادانی خطای کرده ام بنا بر آن بی مهربانی راجه یک لمحه زندگانی خود نمیخواهم یا کسی از مردم
جواب ناصواب گفته که راجه از آن برآشفته اینهمه را بمن بگو که پدر خدائی حاضر من است
و چرا با من خاموش از سخن است کیکئی گفت راجه را نه تصدیعست و نه غصه چیزی در دل گذشته
از خوف تو گفتن نمیتواند عزیزا دو راز عزیزی گفتن بر زبان او نمی آید و ترا آنچه ازین
بشنوی کردن آن ضرورست و آن اینست که قبل ازین مراد و بر داده حالا ندامت
میکشد چنانچه بر آب طغیان گرفته پل بندد آن را هم من خواهم گفت این ترا نتواند گفت
رام گفت بدینسان مرا چه میفرمائی من از گفته راجه با آتش درافتم و زهر خورم و در آب غرق شوم

सर्ग-२१

रामचन्द्र ने पिता को देखा, जो एक दुःखी और निर्धन की भाँति बैठे हुए हैं तथा कैकेयी निकट हैं श्रीराम ने पहले पिता के चरणों में झुककर नमस्कार किया उसके बाद लक्ष्मण ने पिता के चरण स्पर्श कर कैकेई को नमस्कार किया। जब राजा ने राम को करबद्ध निकट खड़े देखा तो वह कष्टदायी बात कहने का उनमें साहस न हुआ क्योंकि जैसे ही राम का नाम मुख से निकलता आँसू गिरने लगते। रामचन्द्र पिता को इस दुख और विलाप की दशा में देखकर क्षुब्ध समुद्र नदी के समान जो टकराती हुई लहरों वाला हो या सूर्य के समान जो जो राहु से ग्रसित है चिन्तित हुए और दुख तथा कष्ट से चकित हुए। कैकेयी को नमस्कार करके पूछा कि माता जी ! मैंने राजा के प्रति क्या पाप किया है कि वह मुझसे नहीं बोल रहे हैं या राजा के शरीर को कोई क्ष्ट, दुःख अथवा रोग है। क्योंकि सुख-सुविधा सदा रहना तो कठिन है या नवयुवक भरत, शत्रुघ्न अथवा हमारी माताओं की ओर से कोई बुरा समाचार आया है अथवा मुझसे अज्ञानतावश कोई पाप हो गया है इस कारण से। मैं बिना राजा की दया के एक क्षण भी जीवन नहीं चाहता या लोगों में से किसी ने कुछ कहा है जिससे राजा क्रुद्ध है यह सब मुझको बताइये क्योंकि मेरे पिता मेरे भगवान हैं। मेरे साथ बोलते क्यों नहीं ? कैकयी ने कहा- राजा को न कोई कष्ट है और न क्रोध। एक बात उनके मन में आयी है वह तुम्हारे भय से कह नहीं सकते। किसी प्रिय को अपने से दूर करने की बात उनके मुख पर नहीं आ रही है लेकिन वह सब तुम्हें सुनना आवश्यक है। वह यह है कि इससे पहले उन्होंने मुझे दो वचन दिये थे, अब लज्जित हैं जैसे पानी से बढ़कर बाँध बन्द हो जाता है। उसको मैं कहूँगी कि वह यह बात तुमसे नहीं कह सकते। राम ने कहा, यह आप मुझसे क्या कह रही हैं मैं तो राजा के कहने से आग में कूद पड़ूँगा, विष खा लूँगा और पानी में डूब जाऊँगा।

بکو راجه چه در خاطر کرده که بران علنمایم کیکئی گفت قبل ازین در جنگ اسرواسر پدر را
باز خم محافظت کردم این مراد و بر داد یکی بهرت را راج دادن و دوم ترا بصحرا ر دندکان
فرستادن اگر تو گفتهٔ پدر را بصدق مقرون گردانی پس ازین بشنو ترا در صحرا نه سال
و پنج سال که مجموع چهارده سال باشد در صحرا باید گذرانید وانچه سامان جوراج موجود است
ازین بهرت را جوراج بده و تو جتا و چیر بر سر نگاهدار اینطور حکم پدر تست گفته کیکئی را
شنیده رام تبسم نمود و گفت همچنان خواهم کرد اما این را بفرما که راجه از زبان خود چرا
سخن نمیگوید چنانچه همیشه میگفت اگر راجه هم نمیگفت من خود و سیتا راج و دولت را
بخوشوقتی بهرت را حواله کنم چه جای آنکه راجه خود بفرماید همین زمان کسان بر تیز روا سیا کارن
بروند و بهرت را از خانه ماموں جهته راج دادن زود بیارند من همین زمان زود بدبند
صحرا میروم کیکئی شاد شده گفت همچنین خواهد شد بهرت مردم را خواهند آورد
اما تو زود رفتن صحرا را سزاوار اگرچه از شرم پدر تو هیچ نمیگوید اما این غصه نخواهد شد
و تا که تو ازین شهر بدر نمیروی تا آن زمان پدرت نخواهد برخاست و نخواهد خورد و راجه
بر چارپای طلا از غم بیهوش افتاده بود و رام از گفته کیکئی چنانکه کسی اسپ را چابک زند بر رفتن
صحرا سرعت کرد و غمناک نگشته به کیکئی گفت من حریص دولت و دنیا و جهان نیستم
مرا مانند رکهه فقط خواهان دهرم بدان اگر راجه نگفت تو مرا خداوندتری از والده خود برسید

سیتارا

राजा से कहिए कि उनके हृदय में जो कुछ है मैं उसका पालन करूँगा। कैकेयी ने कहा इससे पहले सुर और असुर के युद्ध में मैंने तुम्हारे घायल पिता की रक्षा की थी। उन्होंने मुझे दो वचन दिये थे एक भरत को राज्य देने का और दूसरा तुम्हें वन भेजने का। यदि तुम अपने पिता के वचन को पूरा करना चाहते हो तो मुझसे सुनो। तुम्हें वन में ९ वर्ष और ५ वर्ष जो कुल १४ वर्ष होता है, वन में बिताना पड़ेगा उत्तराधिकारी की जो व्यवस्था है उससे भरत को उत्तराधिकारी बना दें। तुम सिर पर जटा रख लो तुम्हारे पिता की यही आज्ञा है। कैकेयी की बात सुनकर राम ने मुस्कुराकर कहा, मैं ऐसा ही करूँगा। यह बता दीजिए कि राजा स्वयं क्यों नहीं बात कर रहे हैं जैसे कि सदा करते थे। यदि राजा न भी कहते तो भी मैं और सीता राज्य व धन प्रसन्नतापूर्वक भरत को सौंप देता। इसी समय लोग तीव्र गति वाले घोड़ों पर सवार होकर जायें और भरत को मामा युधाजित् के घर से शीघ्र लायें मैं इसी समय वनवास के लिए वन जाता हूँ। कैकेयी ने प्रसन्न होकर कहा, ऐसा ही होगा भरत को लोग ले आयेंगे लेकिन तुमको शीघ्र वन चले जाना चाहिए। तुम्हारे पिता लज्जा के कारण कुछ नहीं बोल रहे हैं, यह क्रोध नहीं है। जब तक तुम इस शहर से बाहर नहीं चले जाओगे उस समय तक तुम्हारे पिता नही उठेंगे और न कुछ खायेंगे। राजा दुःख के कारण सुनहरी शय्या पर अचेत लेटे हुए थे। राम ने कैकेयी के कहने से वन जाने में इतनी जल्दी की जैसे कोई घोड़ों को चाबुक मारे और वे दुःखी नहीं हुए। राम ने कैकेयी से कहा, मैं सांसारिक धन का लालची नहीं हूँ मुझे आप ऋषि के समान धर्म का प्रेमी समझिये। यदि राजा न भी कहते तो आप मेरी मालकिन हैं, मैं अपनी माँ से आज्ञा लेकर सीता को लाता हूँ।

سیتارا با رام من در صحرا تا چهارده سال خواهم بود بهرت راج کند راجه دشرته این را
شنیده گریه و زاری کرد رام پای راجه و کیکئی را نمسکار کرده برآمد و لچهمن با گریه و زاری
از عقب برآمد رام دل و حواس را در تصرف خود کرده در خانه مادر خود رفت و دلگیر رفت
تا کسان از تصدیع پیدا نشود درینجا صورت راجه دشرته بر چارپای طلا خوابیده میگرید و نزدیک چارپای
کیکئی نشسته و صورت رام و لچهمن بطور راجها که پای پدر و مادر را بوسه میدهند



मैं वन में चौदह वर्ष तक रहूँगा, भरत राज्य करे, राजा दशरथ ने यह सुनकर विलाप किया। राम राजा और कैकेयी के पाँव छूकर बाहर निकले और लक्ष्मण पीछे से विलाप करते हुए निकले। राम अपने हृदय और मन को शान्त रखते हुए अपनी माँ के महल में गये तथा दुःखी नहीं हुए ताकि लोगों को कष्ट न हो। राजा दशरथ का चित्र सोने के पर्यंक पर सोए हुए विलाप कर रहे थे। पर्यंक के पास कैकेयी बैठी हुई हैं और राम तथा लक्ष्मण का चित्र जो राजाओं के समान माता पिता के चरण स्पर्श कर रहे हैं।



سرگ ۲۲ در هنگامیکه هر دو دست بسته رام و لچهمن از انجا بر آمدند از زبان اندرون محل
راجه آواز غم انگیز بر آمد یعنی او که پناه ما بود و مثل کوشلا ما یانرا محافظت میکرد و کاهی
غصه نمینمود او بصحرا میرود و عقل راجه رفته است چنانچه بچه کاو ماده جدا شود همچنان زبان راجه
بشور زاری مینمودند چون رام آمده در خانه والده خود داخل شد او از شادی پیش آمد
و گفت راجه راست گوست ترا حالا جوراج میکند گفته کوشلا را شنیده رام گفت تحقیق
شنیده که خوفی تصدیعی پیدا شد زیرا که تا چهارده سال مرا در صحرای که آنجا کسی نباشد
باید بود بدستور فقیران ثمرات وغیره باید خورد و بهرت را برای جوراج راجه طلبیده است
مادر این را شنیده بیهوش بر زمین افتاده چنانچه از آسمان ستاره افتد رام بدست خود
او را برداشت کوشلا برام گفت عقیمه را یک غم میشود که مرا پسر نیست و او که یک پسر دارد
او را بسیار غم و مرا ده ازان الم بحضور تو من یکی و هیچ از شمارم هنگامیکه تو بصحرا رفتی بس
هر آئینه هلاک نمست من رانده تر از شوهر کم صحبت و از گفت و شنود کیکئی از با من باشعور
و پر فنونست کیکئی از ضحک و خنده مرا بخاطر نخواهد آورد و مرا برداشت نیست بودن اینجا
مرا معقول نیست و از بیست و هفت سال که عمر تست پاره غم من رفته ازو پاس و تدابیر و
تصدیعها غم رفته مرا اینجا نگذارد دیگر آنکه برت روزه و بخشش و تپ آنچه من برای پسر کردم همه بی ثمر
شد چنانچه تخم در زمین شور ازین تصدیع چرا جگر من نمیدرد یا مرا مرگ نیست بدینگونه

सर्ग-२२

जिस समय राम, लक्ष्मण दोनों करबद्ध वहाँ से निकले राजा के महिला-निवास से दुःखभरी आवाज आयी कि जो हमारा रक्षक था, कौशल्या के समान हम सबकी रक्षा करता था, कभी क्रुद्ध नहीं होता था वह वन को जा रहा है क्या राजा की मति मारी गई है ?जिस प्रकार गाय का बच्चा माँ से बिछुड़ जाए, उसी प्रकार रानियाँ विलाप कर रही थीं। जब राम अपनी माता के महल में प्रविष्ट हुए वह प्रसन्न हुई और कहा राजा सत्यवादी हैं अब वह तुम्हें उत्तराधिकारी बना रहे हैं। कौशल्या की बात सुनकर राम ने कहा, मैंने सही बात सुनी है कि आपके ऊपर एक डर और भय उत्पन्न हो गया है क्योंकि मुझे चौदह वर्ष तक एक ऐसे वन में जहाँ कोई न हो रहना पड़ेगा। भरत को उत्तराधिकारी बनाने के लिए बुलाया है। माँ यह सुनकर बेहोश होकर भूमि पर गिर पड़ी जैसे आकाश से तारा गिरता है। राम ने उन्हें हाथों पर उठा लिया। कौशल्या ने राम से कहा बांझ स्त्री को एक दुख होता है कि मेरे सन्तान नहीं है और जिसे एक लड़का होता है उसे अनेक दुःख होते हैं। मुझे दस गुना कष्ट है कि तेरे सामने मैं कुछ नहीं हूँ जिस समय तू वन को जायेगा उस समय मेरा अन्तिम समय होगा और वह कैकेयी की वार्ता से अत्यन्त दुःखी हुईं। कैकयी हँसी के कारण मुझे तुच्छ समझेगी और यह मुझसे सहन नहीं होगा। मेरा यहाँ रहना उचित नहीं है और २७ वर्षों की जो तेरी आयु है, मेरे दुखों का अन्त हो गया था उससे मेरे कष्ट और दुःख सब समाप्त हो गये थे। वह मुझे यहाँ नहीं छोड़ेंगे और दूसरे यह कि व्रत, त्याग और तपस्या मैंने पुत्र के लिए किये थे वह व्यर्थ हो गया जिस प्रकार बंजर भूमि में बीज व्यर्थ हो जाता है इस दुख से मेरा कलेजा फट क्यों नहीं जाता और मुझे मृत्यु क्यों नहीं आती?



بسیار زاری میکرد چنانچه گاو ماده در جدائی بچه درینجا صورت خانه کوشلا دکوشلا

بیهوشش بر زمین افتاده وصورت رام ولچهمن ورام از دست خود برمیدارد

इसी प्रकार वह बहुत अधिक विलाप कर रही थीं जैसे कि बच्चे के बिछुड़ने में उसकी माता गाय की स्थिति होती है।

कौशल्या के भवन का चित्र, कौशल्या पृथ्वी पर मूर्छित पड़ी है। राम व लक्ष्मण का चित्र और राम उन्हें अपने हाथों से उठा रहे हैं।



سرگ ۲۲ در ان زمان که کوشلا در گریه و زاری بود لچهمن با او و رام گفت مرا هم نیکو
نمی نماید که رامچند راج گذاشته از گفته عورت بصحرا رود راجه دشرته خود پیر شده
عقلش سلب گشته و مغلوب حواس شده رامچند چنان گناه نکرده که این را بصحرا باید فرستاد
فرشته خو و بے غریب و نرم دل و دشمنان را هم دوستدار چنین پسر را بی تقریب که بصحرا
فرستاده است کدام دهرم است تا زمانیکه کسی از ین خبر واقف نیست مرا همراه گرفته تو خود
راجه کن هر گاه تو بجنگ در آئی من کمان گرفته عقب تو باشم کدام کس طاقت دارد که روی ترا
بیند از تیرهای تیز پیکان تمام اجودهیا را خالی از مردم میکنم بهرت یا هر که دوستدار راجه
خواهد شد همه را همین زمان خواهم کشت پدر ما اگر بر گفتار کیکئی مستقیم است پس دشمن ماست
ترک این میکنم این راجه چه قوت است که بهرت را بی غل و غش راج دهد من و تو هر گاه عداوت
نمودیم که قدرت دارد که زمین از ما بگیرد تو خداوند منی پس من بسته رسن دوستی توام راستت
سوگند تو اگر رام مرا آتش روشن بفرستد بدانید که من در رفتم حالا این غم نیز دایم چنانکه
آفتاب تیرگی را اینقدر گفتار لچهمن دلیر دل را شنیده کوشلا برامچند گفت برادر تو خوب میگوید
اگر کردنی هست برخیز اگر تو دهرما تما هستی و دهرم میکنی پس فرمان من چنین است فرمان ما
در همه وقت لایق قبول است کشپ رکهیشر ازین بسر گرفت چنانچه راجه ترا سزاوار لیست
نام رکهیشر عادلی
پرستش ست من همچنانم بصحرا مرو از جدائی تو میمیرم و با تو مرا گاه خوردن میوه

اگر تو

सर्ग-२३

जिस समय कौशल्या विलाप कर रहीं थी लक्ष्मण ने उनसे और राम से कहा मुझे भी यह उचित नहीं प्रतीत हो रहा है कि रामचन्द्र राज्य छोड़कर एक स्त्री के कहने से वन चले जायं। राजा दशरथ वृद्ध हो चुके हैं उनकी बुद्धि भ्रष्ट हो गयी है, सोचने समझने की शक्ति खो चुके हैं और रामचन्द्र ने ऐसा कोई अपराध नहीं किया है कि उन्हें वन भेजना चाहिए। वह देवता तुल्य हैं दीन दुखियों के रक्षक मृदुहृदय और शत्रुओं को भी मित्र समान रखने वाले ऐसे पुरुष को अकारण वन भेज देना कौन सा धर्म है ?जब तक कि कोई इस समाचार से भिज्ञ नहीं है। आप मुझको साथ लेकर चलिये और स्वयं को राजा बना दीजिए। जब युद्ध होगा तो मैं धनुष लेकर आपके पीछे रहूँगा। किसके अन्दर शक्ति है कि आपका मुखड़ा देखे। तीव्र नोंक वाले बाणों से मैं पूरी अयोध्या को लोगों से खाली कर दूँगा। भरत या जो भी राजा का मित्र होगा मैं उसी समय उसका वध कर दूँगा। हमारे पिता यदि कैकेयी की बात पर दृढ़ हैं तो वह हमारे शत्रु हैं मैं उन्हें छोड़ दूँगा?यह कौन शक्ति है कि भरत को बिना प्रचार एवं आयोजन के राज्य दे रहे हैं। जिस समय मैं और आप शत्रुता पर उतर आयेंगे तो किसमें शक्ति है कि पृथ्वी हमसे ले सके। आप मेरे मालिक हैं, मैं आपकी मित्रता के डोर से बँधा हुआ हूँ यह सत्य है। आपकी सौगन्ध यदि राम मुझे प्रज्वलित अग्नि में भी भेजेंगे तो समझिये मैं उसमें चला जाऊँगा अब मैं इस दुख को समाप्त करता हूँ जैसे कि सूर्य अंधकार को समाप्त करता है। वीर लक्ष्मण की इतनी बात सुनकर कौशल्या ने कहा तुम्हारे भ्राता ठीक कहते हैं। अगर करना है तो उठो अगर तू धर्मात्मा है, धर्म का पालन करता है, तो मेरा आदेश यही है और मेरी आज्ञा हर समय स्वीकार करना आवश्यक है। काश्यप राक्षस इसी (माता की सेवा के) कारण से स्वर्ग में गया जिस प्रकार राजा तुम्हारे लिए पूजनीय हैं उसी प्रकार मैं भी हूँ। वन को मत जाओ तुम्हारे वियोग से मैं मर जाऊँगी। तुम्हारे साथ रहकर मुझे घास खाना स्वीकार है।

اگر تو مرا میگذاری و میروی زهر میخورم و میمیرم پس عذاب بر گردن تو خواهد شد

از همه مرشدان والده ترجیح دارد بنابران گفته من کن رامچندر گفت چرا از محبت و مهر انچنین چیز

میگوئی تو نسبت خود را قیاس کن بگو گفته شوهر زن را ترجیح دارد یا گفته مادر پسر را بعد از ان

مرا نصیحت کن مرا طاقت انحراف از حکم پدر نیست بنابران از سر تو انکار میکنم مرا رفتن صحرا

بفرمانه تنها من گفته پدر میکنم بزرگان کرده اند پرسرام ولد جمدگن از گفته پدر سر رینکا نام

مادر خود از پرش یعنی تبر جدا کرد از بزرگان من سگر هم گفته پدر کرده است این بگفت باز بو

به لچهمن گفت میدانم که ترا محبت من بسیار هست و از تصدیع من تو غم هست اما دهرم از همه

ترجیح دارد و از دهرم ها گفته پدر دهرم خوب هست و کیکئی از فرموده پدر مرا گفته است پس تو

هم پیرو عقل من باش اینقدر به لچهمن گفته باز دست بسته بکوشلا گفت میدانی اگر پیرو هم پسر

مرا فرمان ده بعد فراغ ایام بودن صحرا مانند راجه ججاتی باز خواهم آمد و جس من در جهان مشهور

خواهد شد برای اندک زندگانی اینجهان فانی این جس را پس پشت نخواهم انداخت بدینگونه

بسیار گفت مادر بار بار میدید و باز بمحبت او میگرائید درینجا صورت خانه کوشلا

وصورت کوشلا که نشسته وصورت رام و لچهمن که دست بسته رام

سخن میگوید لچهمن

خشمناک شده راه ستیزه میپوید

यदि तुम मुझे छोड़कर जाओगे तो मैं विष खा लूँगी और मर जाऊँगी उसका पाप तुम्हारे ऊपर होगा। माता समस्त बड़ों और मुनियों से श्रेष्ठ है। अतः मेरा कहा करो। रामचन्द्र ने कहा आप प्रेम में ऐसी बातें क्यों कर रही हैं ?आप अपने वंश पर विचार कीजिए बताइये कि एक स्त्री के लिए पति की बात महत्वपूर्ण है या लड़के के लिए माता की बात, इसके पश्चात् मुझे शिक्षा दीजिए। मेरे अन्दर पिता की आज्ञा के उल्लंघन की शक्ति नहीं है। अतः मैं आपको नमस्कार करता हूँ मुझे वन जाने की आज्ञा दीजिये केवल मैं ही अपने पिता के आदेश पर नहीं चल रहा हूँ (इसके पूर्व अन्य) बड़ों ने भी पालन किया है। जमदग्नि के पुत्र परशुराम ने पिता के कहने पर रेणुका नामक अपनी माता का शीश बाण से अलग कर दिया था। मेरे पूर्वजों में से शुक्र ने भी पिता का आदेश माना। फिर लक्ष्मण को सम्बोधित करते हुए कहा- मैं जानता हूँ कि तुम्हें मुझसे बहुत प्रेम है और मेरे कष्ट से तुम्हें दुख है परन्तु धर्म पर सब एक मत और दृढ़ हैं, सभी धर्मों में से पिता की आज्ञा का पालन श्रेष्ठ धर्म है। कैकयी ने पिता के कहने से मुझसे कहा है अतः तुम भी मेरी बुद्धि के अनुकूल बन जाओ। लक्ष्मण से इतना कहकर उन्होंने पुनः कौशल्या से करबद्ध निवेदन किया। आपको विदित है कि मैं जाऊँगा अतः आप मुझे आज्ञा दीजिये। वन में रहने की अवधि पूर्ण करने के उपरान्त राजा ययाति की भाँति मैं पुनः वापस आऊँगा और मेरी आज्ञाकारिता समस्त संसार में प्रसिद्ध होगी। इस नश्वर संसार की छोटी सी आयु के लिये मैं अपने चरित्र को कलंकित नहीं होने दूँगा। इस प्रकार उन्होंने बहुत सी बातें कहीं, माता बार-बार देखती थी और फिर प्रेम से रो पड़ती थी।

कौशल्या के भवन और कौशल्या का चित्र जो बैठी हुई हैं और राम एवं लक्ष्मण का चित्र,कि राम हाथ जोड़े वार्ता कर रहे हैं और लक्ष्मण क्रोध में है।



۲۰

مرکز راجہ پنجم.



سرگ ۳۴ رامچند بر لچهمن گفت بشنو این فساد در جوارح شدن من آمد این را از مادر و پدر نمیدانم بلکه بر راستی مستقیم هستم و راست روام از جبر داشتن و جدا نمودن و مندل کردن من و رفتن صحرا کیکئی خوشوقت میشود اول طیاری راج کردن بعد از آن از مادر من منع آن نمودن اینهمه را از آفریدکار میدانم راحت و رنج خوف و ایمنی یافتن و نا یافتن شدن و نشدن و هرچه هست همه کار پروردگار است این را بعقل تحقیق بدان و رکهیهای رایض بزرگ از تقدیر در تصدیع اند از سبب غضب ریاضت گذاشته مایل حرص گشته اند چیزی که در دل و در گمان نبود و از غیب بوقوع آید آن را از خدا باید دانست از رفتن جوراج مرا غمی نیست پس تو هم چنان در دل مقرر کن ای لچهمن منع راج من نه کیکئی میکند و نه پدر را تقصیر است اینهمه از تقدیر بدان

درینجا صورت خانه کوشلا و کوشلا ایستاده و رام با لچهمن متوجه سخن گشته



सर्ग-२४

रामचन्द्र ने लक्ष्मण से कहा सुनो यह दुर्घटना मेरे यहाँ होने से हुई है मैं उसे अपने माता-पिता की ओर से नहीं समझता, मैं सत्य मार्ग पर हूँ और सत्यवादी हूँ। मेरे वल्कल धारण करने और जटा रखने और वन जाने से कैकयी को प्रसन्नता होगी। पहले राज्य-पाट की तैयारी करने और उसके पश्चात् माता के उससे मना करने को मैं भगवान की ओर से समझता हूँ प्रसन्नता, दुख, भय और शान्ति पाना या न पाना, होना या न होना और जो कुछ है सब ईश्वर का काम है। इस बात को तुम बुद्धि से जाँच-परख कर जान लो। बड़े-बड़े तपस्वी ऋषि भाग्य के कारण कष्ट पाते रहे हैं और दैव के कारण तपस्या छोड़कर लालच की ओर आकर्षित हो गये जो बात हृदय में और अपने अधिकार में न हो, आकाश की ओर से आए उसे ईश्वर की ओर से जानना चाहिए। उत्तराधिकार के जाने से मुझे कोई दुख नहीं है।

अतः तुम भी हृदय से यही निश्चित कर लो और हे लक्ष्मण ! मुझको राज्य से मना करना न तो कैकेयी कर रही है और न तो पिता का इसमें कोई दोष है इन सबको तुम भाग्य की ओर से जानो।

कौशल्या के भवन और कौशल्या का चित्र जिसमें वह खड़ी है और राम लक्ष्मण के साथ बातों में व्यस्त है।



۲۰ سرک غصه لچهمن چون اینقدر رامچندر گفت لچهمن سر فرو کرده با غربت و کربت ازانجا
زود رفت ابروان را از طیش باهم بسته دم سر و کشید مثل افعی که سوراخ بند باشد مثل دست فیل
دست خود را برو کردانید و سر را کج کرد چنانکه دستار از سر افتاد شمشیر آبدار را بر داشته
روی خود قرمز نمود و بالا دیده سر بجنبانید و برامچندر گفت اگر تو خانه را گذاری از سبب دهرم
والا از کاذب گفتن مردم مثل تو سپاهی اینچنین نامردی میکند و سخنان عذبان میگوید
چهتری شو و بی شعوری بگذار نامردان تدبیر را بر تقدیر می اندازند نه مردان گفته کیکئی در آچه
چرا باید کرد و انتقام چرا نباید گرفت تدبیر دهرم بسیار است اما عمل آن برای بد گفتن زمانیان
غیری را آچه کن بعد ازان کار خود کن راحت و آرام تمام عالم گذاشتن و فقط گفته کیکئی کردن
این عقل و شمه تبه از شهوت و حرص . ست از دهرم نیست اگر در بیکار تو مستعد میشوی حالا قوت
و قدرت مرا مردم می بینند از منع راج مر الطیش شده چنانکه فیل مست از کجک مثل آندرو غیره
لوکپالان را خواهم کشت چه جای پدر ترا در چهارده سال در جنگل نباید بود مرا بفرما سر پدر را
میشکنم هرگاه من بزور در آیم زور تقدیر هیچ است تو خود را راجه کن بعد چند هزار سال راج تو نیک شود
راج ترا من نگاهبانم این بازوان من برائی دیدن نیستند بلکه برای کمان کشیدن است و نه
شمشیر من برائی بستن است و نه تیرها برائی ترکش اینها برائی تسخیر دشمنانست حالا از شمشیر من
خرمن خرمن مردم کشته می افتند چنانچه از برق هرگاه من شست در زه انگشت کرده تیرها د کمان

सर्ग-२५

लक्ष्मण का क्रोध

रामचन्द्र ने जब इतना कहा तो लक्ष्मण सिर नीचा करके सम्मान और दुःख से शीघ्रता से चले गए क्रोध से भौहों को चढ़ाकर दुख भरी आह खींची, किसी साँप के समान जिसका छेद बन्द हो गया हो। हाथी की सूँड़ के समान राम ने अपना हाथ उन पर फेरा और शिर इतना झुका लिया कि पगड़ी सर से गिर पड़ी और अपनी तलवार उठाकर मुखड़ा ठीक किया ऊपर देखकर शिर सहलाया और रामचन्द्र से कहा यदि तुम धर्म के कारण घर छोड़ रहे हो अन्यथा लोगों के झूठ बोलने से तुम जैसा सिपाही ऐसी कायरता करता है और पागलों जैसी बातें करता है। क्षत्रिय बनो और मूर्खता छोड़ो। नपुंसक व्यक्ति प्रयास को भाग्य को सौंप देते हैं न कि मर्द कैकयी और राजा के आदेश का क्यों पालन किया जाए और प्रतिशोध क्यों न लिया जाय। धर्म के रूप बहुत हैं उन्हीं का पालन कीजिये संसार वालों के बुरा कहने के लिये किसी अंजान व्यक्ति को राजा बना दीजिये और उसके पश्चात् अपना कार्य कीजिये। संसार की सारी सुख सुविधा को छोड़ देना और केवल कैकयी की बात मानना दशरथ की यह बुद्धि वासना और लालच के कारण है धर्म के कारण नहीं। यदि आप तत्पर हों तो अभी आपकी शक्ति और प्रभाव लोग देख लेंगे। राज्य से विरत करने के कारण से मुझे किसी मत्त हाथी की भाँति क्रोध है। इन्द्र आदि लोकपालों का मैं वध कर दूँगा। पिता के स्थान पर तुम्हें चौदह वर्ष के लिए वन में नहीं जाना है। मुझे आज्ञा दीजिये मैं पिता का सर उड़ा देता हूँ मैं जब उत्साह में भरा हूँगा तो मेरे समक्ष भाग्य बिल्कुल छोटा हो जायेगा। आप स्वयं को राजा घोषित कर दीजिये कुछ हजार वर्ष बाद आपका राज्य अच्छा होगा आपके राज्य का मैं रक्षक हूँ। मेरी यह भुजाएँ देखने के लिए नहीं हैं वरन् कमान खींचने के लिए हैं, और न मेरी तलवार बाँधकर रखने के लिए है और न बाण वरन् यह सब शत्रुओं को पराजित करने के लिये है। अब मेरी बिजली की तरह चंचल तलवार से लोग खलिहान के रूप में पड़े होंगे।

کشیده می ایستم کدام کس مقابل می آید حالا تیرها پرتاب میدهم و زمین بی فیل و اسپ و آدم
میکنم بنوعیکه تو راجه شوی مرا بفرما در اینجا صورت رام و لچهمن بطور غصه سرخ کرده
و در پیشانی شکن انداخته و یکدست سوی آسمان کرده و در دست دوم شمشیر گرفته و همه سلاح در کمر
بسته و دستار او که بزیر افتاده رام بر سر او می نهد



जिस समय मैं अंगूठा लगाकर कमान में तीर खींचकर खड़ा हूँगा तो कौन मेरे सामने आने का साहस करेगा ?अभी मैं तीरों को छोड़ता हूँ और पृथ्वी को हाथी, घोड़े और मनुष्यों से खाली कर देता हूँ जिस प्रकार कि आप राजा हो जाए, बस मुझे आज्ञा दीजिये।

राम का चित्र, लक्ष्मण क्रोध में सर टेढ़ा किये, माथे पर बल डाले, एक हाथ आकाश की ओर उठाए और दूसरे हाथ में तलवार लिये दूसरे सारे हथियार सजाए हुए हैं तथा उनकी पगड़ी जो नीचे गिर गयी थी राम उनके सर पर रख रहे हैं।



۳۶

مسطی

مهر گفتار رامچندر این طور گفت لچهمن را که بر پدر غصه شده بود شنیده بشیرین زبانی

آن آتش کشته گفت ای لچهمن از تو عجب نیست که همچو من غرق دریای غم را نجات دهی پاک رو

و صاف دل و راست رو راجه نست و گرو یعنی مرشد هست گفته او را دروغ نباید کرد گفته

پدر را بعمل آرنده در جهان و در عاقبت صواب کار دایم خواهد شد اگر ترا در من محبت است

هم

و خادم من هستی این غصه را دور کن و عقل بجال دار و از گفته من چنان بعمل آر که مرا ا

رنق

یاد نکند و از خدمت تو محظوظ باشد و خدمت مادران زیاده تر کنی و ترا باید که با بهرت بود

و فتق و بند و بست ملک بکنی لچهمن گفت برای که تو خواهی رفت من هم خواهم رفت و بصحرا

در خدمتکاری تو خواهم بود بلیتو این شهر را خواهم گذاشت دبتیو در سرگ هم بروم اگر مرا

عزیز داری عقب خود بری و منع نکنی در صحرا برای تو اقسام اقسام ثمرات و فواکه لذیذ خواهم آورد

جنگل

و در کوه‌ها و فیافی ممد و معاون تو خواهم شد فرمان بردار و چاکر تو در جنگل خواهم بود

و سبوی آب پر کرده خواهم آورد و برای تو طعام طیبا خواهم ساخت باید که مرا هیچ جا

بود

نگذاری لچهمن چون بدینسان بسیار گفت آخرش رام قبول کرد و گفت همراه من خواهی

هستی

تو برادر عزیز من هستی و خادم و محب ———

رنگ

در اینجا صورت رام و لچهمن بطور راجه‌های قوی هیکل دراز دست کتف بلند چشم سرخ نما و ملیح

جسیغه بر سر و همه سلاح بسته با هم سخن میگویند و صورت مکان و کوه مثلا

सर्ग-२६

लक्ष्मण की इस प्रकार की बातें सुनकर कि पिता पर क्रोध कर रहे हैं उन्होंने मृदुभाषा से उनके क्रोध की अग्नि को बुझाकर कहा- हे लक्ष्मण ! तुम में इतनी शक्ति है कि मुझ जैसे दुख में डूबे हुए का दुख दूर कर दो। पवित्र, सुहृदय और सत्यमार्ग पर चलने वाले मेरे राजा हैं, मेरे गुरू हैं उनके कथन को झूठा नहीं होने देना चाहिए। अपने पिता के आदेश का पालन करने वाला इस संसार में और परलोक में सदैव पुण्य पायेगा। यदि तुम्हारे अन्दर मेरे लिये प्रेम है और तुम मेरे सेवक हो तो यह क्रोध समाप्त करो, और अपनी बुद्धि को ठीक करो। मेरे आदेश से ऐसा करो कि मुझे राजा भी स्मरण न करे और तुम्हारी सेवा प्राप्त हो, तुम माताओं की सेवा और अधिक करना, तुम्हें चाहिए कि भरत के साथ रहकर देश की व्यवस्था और शासन प्रबन्ध करो। लक्ष्मण ने कहा जिस मार्ग पर आप जा रहे हैं उसी मार्ग पर मैं भी जाऊँगा और वन में आपकी सेवा में रहूँगा। आपके बिना मैं इस नगर का त्याग कर दूँगा और आपके बिना मैं स्वर्ग में भी नहीं जाऊँगा। यदि आपको मैं प्रिय हूँ तो अपने संग ले जायें और मना न करें। मैं वन में आपके लिये विभिन्न प्रकार के फल एवं स्वादिष्ट मेवे लाऊँगा और पहाड़ों और मरुस्थलों में आपका सहायक एवं सहयोगी हूँगा। वन में आपका आज्ञाकारी सेवक रहूँगा और पानी का घड़ा भरकर लाऊँगा आपके लिए भोजन तैयार करूँगा। अतः आप मुझे अकारण यहाँ न छोड़ें लक्ष्मण ने जब इस प्रकार बहुत सी बातें कहीं तो अन्ततः राम ने स्वीकार किया कि तुम मेरे साथ रहोगे तुम मेरे प्रिय भ्राता हो, सेवक और प्रिय हो।

राम और लक्ष्मण का चित्र राजाओं के समान विशालकाय लम्बे हाथ, ऊँचे कंधे, लाल आँखें, रंग साँवला, सर पर पगड़ी समस्त हथियार बाँधे आपस में बातें कर रहे हैं और भवन व कौशल्या का चित्र।

١٢٢





سرگفتار کوشلا رامچندر را از گفته پدر مستعد رفتن صحرا دید کوشلا با گریه تمام گفت
اگر تو دهرم را پیش کرده گفته مرا بشنو از ریاضت ها و نیم ها و روزه ها تو از من تولد شده
بنابران گفته مرا ترا البته باید کرد ترا با امید تمام از طفلی پرورده ام که مرا محافظت خواهی کرد
حالا تو مرا از جان میکشی چنانکه سوکن یعنی عورت دوم شوهر خوشحال شوند و نکوهش کیکی
نخواهم شنید در سایه پسر خود دلقرار خواهم ماند و بی تو امشب هم نتوانم زیست تو گفته پدر را
که مغلوب کیکی است مکنی همه عمر درخت پرورده هنگام ثمر قطع میکند و دهرم که از اچهواکو
آمده ازا گذاشته ترا یکسو کرده بهرت را راج میدهد و من این را در کتابها و گرنته ها شنیده ام
و من راجه گفته که اگر مرشد و پیر باشد و مغلوب حرص بود و کردن و ناکردن را نداند گفته او
نباید کرد و در شاستر و غیره از ده برهمنان او پادهیا که ازو چیزی نخوانند بزرگترست
و از ده او پادهیا پدر بزرگترست و از ده پدر مادر بزرگترست درین
زمین پدر گرو یعنی استاد است اما مادر در حمل میدارد و میپرورد
ازان بزرگترست بنابران من از پدر تو ترجیح دارم گفته من البته
باید کرد یعنی خود را راجه بکن و اگر نخواهی نمود زود بجانه جم من خواهم رفت یعنی خواهم مرد

درینجا صورت خانه کوشلا و کوشلا روبرو بصورت خوب
و عقب او مادر لچهمن و صورت رام و لچهمن ؞

सर्ग-२७

कौशल्या की वार्ता

रामचन्द्र को पिता के कहने से वन में जाने के लिए तैयार देखकर कौशल्या ने रोते हुए कहा यदि तुमने धर्म को प्रस्तुत किया है तो मेरी बात सुनो। तुम बड़ी तपस्या और व्रत आदि के द्वारा उत्पन्न हुए हो। अतः तुम्हें मेरी बात अवश्य माननी चाहिए मैंने तुम्हें बचपन से बड़ी आशा से पाला है कि तुम मेरी रक्षा करोगे। अब तुम मुझे जान से मार रहे हो जैसे सुख सम्पन्न पति की दूसरी पत्नी सौतन होती है और मैं कैकेयी के कटुवचन नहीं सुनूँगी। अपने पुत्र की छाया में मेरे हृदय को शान्ति मिलेगी और तुम्हारे बिना मैं आज की रात भी जीवित नहीं रह सकती। तुम पिता का कहा हुआ जो कैकेयी के वश में है न करो। सारी आयु पेड़ की भाँति देखरेख की, अब फल देने के समय राजा उसे काट रहे हैं और धर्म जो इक्ष्वाकु कुल में चला आया है उसको छोड़कर और तुम्हें अलग करके भरत को राज्य दे रहे हैं। मैंने यह बात कथाओं और ग्रन्थों में सुनी है कि किसी ऐसे राजा का कहा हुआ जो लालची हो और करने और न करने को न जानता हो तो उसका कहा हुआ नहीं करना चाहिए। शास्त्र आदि में है कि गुरू जिससे कुछ पढ़े वह दस ब्राह्मणों से बड़ा है और दस गुरूओं से पिता बड़ा है और दस पिता से माता बड़ी है। इस पृथ्वी पर पिता गुरू है लेकिन माँ जो बच्चे को गर्भ में रखती है और उसका पालन करती है वह इससे भी बड़ी है इस कारण मैं तेरे पिता पर वरीयता रखती हूँ मेरा कहा हुआ अवश्य करना चाहिए अर्थात् स्वयं को राजा बना दो और यदि तुम नहीं बनोगे तो मैं अति शीघ्र अपने घर चली जाऊँगी अर्थात् मर जाऊँगी।

कौशल्या के महल का चित्र सामने सुन्दर कौशल्या है उसके पीछे लक्ष्मण की माँ और राम व लक्ष्मण का चित्र।



179



سرگ ۱۸ گفتار رام بکوشلا رامچندر گفت که راجه والی من و تست در منع من تووانی نیستی
لهذا باید که مرا حکم رفتن صحرا بدهی شوهر زنان را خداست وهم او صاحب است بنابران
دربجا آوردن حکم راجه ترا منع کردن نمیرسد باید که در خدمت شوهر باشی
وانتظار باز آمدن من داری تو در حسب ونسب بزرگ هستی خداوند و مرشد
که
شوهر تست انچه گفته او نکردی از محبت من بگذاشتن دهرم نسزاواری و ترا باید
را
از سبب من براجه چیزی نگوئی و باکیکئی و بهرت هم بد نگوئی چنانچه مرا همچنان بهرت
پسندآری و کیکئی را مثل همشیره شماری با کسی که از خود زورآور باشد عداوت
را
نباید کرد و با کمزور هم عداوت لازم نیست این مقرر خاطر تست اگر پدر من جوراج بهرت
داد پس تقصیر او چیست و کیکئی پیش ازین بر گرفته است تقصیر او هم نیست و راجه
که پیشتر بر داده باشد حالا بسبب کذب نوعدیگر بعمل نیارد گناه او چه باشد
تو میدانی که من بصحرا خواهم رفت بنابران مرا فرمان ده بدینگونه چون رامچندر
داد
رفتن جنگل با لچهمن مقرر نمود بار دیگر با کوشلا گفت میدانی که گفته راجه پشت نخواهم
برای این جهان فانی که در زندگانی کم است بنابران مرا فرمان رفتن جنگل بده
رام
درینجا صورت رام ولچهمن بطور سابق بصورت راجهاجنیه بر سر و صورت کوشلا مادر
که استاده سخن میگوید رام بمادر خود و اراده رخصت گرفتن میدارد

सर्ग-२८

कौशल्या से राम की वार्ता

रामचन्द्र ने क़हाः राजा मेरे और आपके मना करने में आप जानती हैं अतः आपको चाहिए कि आप मुझे वन जाने का आदेश दे दें। पति स्त्रियों का भगवान होता है और वह शासक भी है। अतः यहाँ राजा की आज्ञा पालन करने से रोकने का हक आपको नहीं है आपको चाहिए कि आप पति की सेवा में रहें और मेरे वापस आने की प्रतीक्षा करें।

उनकी बात से आप न फिरें। मेरे प्रेम में धर्म छोड़ देना आपको उचित नहीं लगता और आपको चाहिए कि मेरे कारण से आप राजा को कुछ न कहें और भरत और कैकेयी से भी कोई बुरी बात न कहें जैसे आप मुझको समझती हैं उसी प्रकार भरत को समझें और कैकेयी को बहन समान समझें किसी ऐसे के साथ जो अपने से अधिक शक्तिशाली है शत्रुता नहीं रखनी चाहिए और निर्बल के साथ भी शत्रुता नहीं करनी चाहिए मेरे हृदय में यह बात निश्चित है कि यदि मेरे पिता ने भरत को उत्तराधिकारी बना दिया तो इसमें उनका क्या दोष है ?और कैकेयी उनसे पहले वचन ले चुकी हैं उनकी गलती भी नहीं है। राजा जो पहले वचन दे चुके हैं और अब झूठ के कारण से कोई दूसरा कार्य न करे तो इसका फल क्या होगा ?आप जानती हैं कि मैं वन में जाऊँगा। अतः आप मुझे आज्ञा दें और इस प्रकार जब रामचन्द्र ने लक्ष्मण के साथ वन जाने का निर्णय कर लिया तो कौशल्या से पुनः कहा आप जानती हैं कि मैं राजा की बात को अवश्य मानूँगा। इस नश्वर संसार के लिए जिसमें जीवन बहुत कम है अतः आप मुझे वन जाने की आज्ञा दे दें।

राम लक्ष्मण का चित्र यथावत, राजाओं के समान शिर पर पगड़ी और राम की माता कौशल्या का चित्र कि राम खड़े होकर अपनी माता से वार्ता कर रहे हैं और विदा लेने का विचार कर रहे हैं।

١٨١





سرگفتار رام   رامچندر بار دیگر گفت ای مادر مرا و ترا گفتهٔ راجه البته کردنی هست زیرا که
همه را راجه مرشد و پیشواست اینک تا چهارده سال در صحرا مانده باز می آیم کوشلا بار دیگر از گریه به رامچندر گفت
میدانم که زندگی زنان شوهر هست و پروردگار و خداوند همچنان تراست بنابران در رفتن صحرا ترا منع نمیکنیم
اما مرا هم همراه ببر رامچندر گفت اینهم از انصاف نیست زیرا که شوهر بهر نوع تکیه و پناه زنست خصوص راجه
که خداوند و صاحبدل باشد و چنانچه من ترا پسرم همچنان پتنک بهرت خدمت خواهد کرد چنانچه پدر من
غمناک نشود همچنان باید کرد و همان زن دهرماتماست که شوهر را پناه خود داند و همان پت برتا
یعنی محکوم شوهر درینجهان کیرت یعنی خوبی و نام و نیک می یابد و عاقبت بسرگ میرود بنابران تو خدمت
شوهر بکنی بدستور گرهستیان یعنی خانه داران در رضامندی شوهر باشی و بخواهش آمدن برهمنان را
پرستش کنی چون رامچندر چنین گفت کوشلا گفت خوب برو و حکم پدر بجا آر و آنچه گفته بخدمت شوهر مستقیم
خواهم بود این بگفت و بگریه و زاری بیهوش شده بر افتاد در اینجا صورت رام و لچهمن که از مادر رخصت میشوند


و او بیهوش شده بر زمین افتاده

سرگفتار کوش

सर्ग-२९

राम की वार्ता

श्री रामचन्द्र जी ने पुनः कहा हे माता ! मुझे और आप को राजा की बात अवश्य माननी चाहिए क्योंकि राजा सबके धर्मगुरू और पथप्रदर्शक हैं। अभी चौदह वर्षों तक वन में रहकर मैं पुनः आऊँगा। कौशल्या ने रोते हुये दोबारा राम से कहा ''मैं जानती हूँ कि स्त्री का जीवन उसका पति होता है और वही उसका परमेश्वर भी होता है। ऐसे ही तुम्हारे लिये है मैं इसी कारण तुमको वन जाने से नहीं रोकती हूँ लेकिन मुझे माँ को अपने साथ ले चलो। रामचन्द्र जी ने कहा यह भी इंसाफ की बात नहीं है क्योंकि पति हर प्रकार से स्त्री का रक्षक और आश्रय होता है। विशेषकर राजा जो कि पालक होता है और जिस प्रकार मैं आपका पुत्र हूँ उसी प्रकार भरत आपकी सेवा करेगा इसमें कोई संदेह नही। जिस कार्य से मेरे पिता को दुख न पहुँचे वह ही हमें करना चाहिये। वही स्त्री धर्मात्मा है जो अपने पति को अपना आश्रय समझे। अपने पति की आज्ञाकारी स्त्री ही इस संसार में यश और सम्मान पाती है और बाद को स्वर्ग में भी जाती है। इसलिये आप एक गृहस्थ स्त्री की तरह अपने पति की सेवा करें और पति की इच्छानुसार रहें तथा ब्राह्मणों के आने की इच्छा में पूजा पाठ करें। जब रामचन्द्र जी ने ऐसा कहा तो कौशल्या ने कहा ''बहुत अच्छा, जाओ, पिता की आज्ञा का पालन करो और जो कुछ तुमने कहा है मैं पति की सेवा में लीन रहूँगी। उन्होंने यह कहा और विलाप करते हुए गिर पड़ी। राम और लक्ष्मण का चित्र, जो माता से बिछुड़ रहे हैं और वह बेहोश होकर भूमि पर गिर गयी हैं।

سرگفتار شت کوشلا کوشلا باز بهوش آمده چنین گفت دهرماتما و نیکخواه جمیع ذیحیات
پسر و شوهر تهه چیان نصیبه ها برداشت خواهد کرد چاکران و غلامان کسیکه اطعمه لذیذ میخورند او خود
چگونه ثمرات و گل و برگ جنگلی خواهد خورد دیگر این فکر مراست مردم خوف خواهند خورد که راجه پسر عزیز
و هنرمند را از شهر بدر کرد لهذا چنانچه گاو ماده عقب بچه خود برود همچنان پس تو خواهم رفت
رامچندر گفت از فریب کیکئی راجه مرا بصحرا فرستاده و ترا گذاشتن شوهر هرگز لازم نیست اگر
این در دل هم گذرد زبون است تا که شوهر تو زنده است او خداوند تست تا آن زمان ترا بخدمت او مشغول
باید شد چون رامچندر چنین گفت کوشلا قبول نمود و بدینسان دعای رفتن نمود و از گوناگون
خوشبوئیها و اطعمه دیوتا را پرستش و نمسکار کرده برائی خیر و عافیت باز آمدن تو اینچنین میخوانم
ساده دیوتا و مروت دیوتا و رکهه ها و دهاتا و بدهاتا و پوکها و بهگ و اریا و برن و بسو و آفتاب
و رود در همه ها تا مر و یاور و ممد و معاون تو باد و اطراف و گوشه ها و ماه ها و سالها و شب ها و روزها و ساعت
همه خیرخواه تو باد و آنچه دعا هنگام رفتن آندر برائی کشتن برتردینت دیوتاها کرده اند آن دعا
نصیب تو باد و آن دعای که هنگام رفتن گرر برای آوردن امرت یعنی آبحیات بنتا مادر او کرده
نصیب تو باد و بیدها و انگ بیدها و علوم و فسونها و حروف و تحل و حافظه و عقل نگهبان تو باد
وسه ها و دیو رکهه و برهم رکهه صافدل و هفت رکهه و نارد و قمر و زهره و برجیس و دیگر کواکب و گره ها
حافظان تو باد در صحرا از خوف بطریق لباس فقرا افعی و غیره جانوران زهردار ترا مانند آبحیات شواد

सर्ग-३०

कौशल्या की वार्ता

कौशल्या ने फिर होश में आकर ऐसा कहा- धर्मात्मा और सारे जीवनधारियों का अच्छा चाहने वाला दशरथ का पुत्र ऐसा कष्ट सहन करेगा। जिसके सेवक और दास स्वादिष्ट भोजन खायेंगे वह स्वयं कैसे फल, फूल और जंगली पत्ते खायेगा ?दूसरे मुझे यह चिन्ता है कि लोगों को भय होगा कि राजा ने प्रिय और गुणी पुत्र को शहर से निकाल दिया। अतः जिस प्रकार गाय अपने बच्चे के पीछे-पीछे जाती है उसी प्रकार मैं तेरे पीछे जाऊँगी। रामचन्द्र ने कहा, कैकेयी के छल से राजा ने मुझे वन में भेजा है और आपके लिये पति को छोड़ना कदापि उचित नहीं है। यदि मन में ऐसा विचार भी आए तो बुरा है जब तक आपके पति जीवित है वह भगवान् हैं उस समय तक आपको उनकी सेवा में व्यस्त रहना चाहिए। जब रामचन्द्र ने यह कहा तो कौशल्या ने इसे स्वीकार किया और इस प्रकार जाने का आशीर्वाद दिया। भाँति-भाँति की सुगन्धों और भोजनों से देवता की पूजा और नमस्कार करके उनके सकुशल लौटने के लिए यह कामना की। साध्य देवता, मरुद्गण, ऋषि और धाता-विधाता पूषा, भग, अर्यमा, वरुण, बसु और सूर्य सारे के सारे तुम्हारे सहयोगी और सहायक हो। सिद्धगण चारों दिशाओं में चन्द्रमा वर्ष, रात, दिन सारे समय में सब तुम्हारे शुभचिन्तक हो। जो आशीर्वाद वृत्रासुर राक्षस की हत्या करने के लिए जाते समय इन्द्र को देवताओं ने दिया था वही आशीर्वाद तुम्हें मिले। जो आशीर्वाद गरुड़ को अमृत लाने के लिए जाते समय उसकी माँ विनिता ने दिया था वही आशीर्वाद तुम्हारे भाग्य में भी हो। वेद और बुद्धि तुम्हारी रक्षक हो और श्रद्धा, देवर्षि और स्वच्छ हृदय ब्राह्मण सप्तर्षि, अग्नि, चन्द्रमा और दूसरे तारे तुम्हारे रक्षक हों। भयानक वन में भिक्षुओं के वस्त्र की भाँति सर्प आदि विषैले जन्तु तुम्हारे लिये अमृत के समान हों। राक्षस, पिशाच और भयानक तथा डरावने जन्तु जो रक्त पीते हैं और जिनमें घातक विष होता है, जिनके आकार नाना प्रकार के होते हैं एवं जो जन्तु जल में रहते हैं उन सब से तुमको कोई हानि न पहुँचे।

وراچهس و پشاج و چیچه و خونخواران و بیابانان مخوف و زنبور و عقرب و کرم و دانس و پشه و مارها خیرخواه تو

باد و افیال و گرازها و شش بانان و شیرها و خرسها و گاومیشها جنگلی نیک اندیش تو باد و دیگران

که خون میخورند و هلاهل باشند و گوناگون صورت دارند و آنها که در آب می باشند از همه ترا ضرر مرساد

و مرشد جمیع لوک برهما و مهادیو با گنهای خود و بشن محافظ تو باد و بخیریت بازآی و امید من برآری

این بگفت و دست بر سر او گذاشت و اجازت داد رامچند برخاست و پردچهنا نمود یعنی گرد گردید

و در پا افتاد و نمسکار کرد و با لچهمن بخانه یعنی مکان بودن خود آمد اینجا صورت کوشلا در رام که دست بر سر

رام نهاده سخن میگوید و صورت رام و لچهمن که در پای مادر افتاده نمسکار میکنند و صورت خانهٔ کوشلا



सारे लोकों के रक्षक ब्रह्मा, महादेव अपनी शक्ति के साथ और विष्णु तुम्हारे रक्षक हों और तुम सकुशल लौटकर आओ तथा मेरी आशा पूर्ण करो। यह कहकर उनके शिर पर हाथ फेरा और आज्ञा दी। रामचन्द्र ने उठकर उनकी परिक्रमा की और चरणों में गिरकर प्रणाम किया तथा लक्ष्मण के साथ अपने महल में आये।

राम की माता कौशल्या का चित्र जो राम के शिर पर हाथ रखे हुए बात कर रही हैं और राम व लक्ष्मण का चित्र जो माँ के चरणों में पड़े हुए प्रणाम कर रहे हैं, एवं कौशल्या के महल का चित्र।



۲۱۳ گفتار سیتا در آن زمان که رامچندر بخانه زود آمد و دید که سیتا دل را بانتظار رام داده و

جوراج یافتن او بخاطر کرده خوشوقت بود و بربالائی خانه منتظر آمدن رامچندر نشسته ناگاه

رام را دید از شرم سر فرو کرده و غمناک شده باستقبال آمده چامر یعنی قسطاس گرفته

عقب ایستاده و بدینگونه بطریق استفسار پرسید چرا برهمنان تعریف تو نمیکنند و چرا غمین هستی

چرا از چهتر که مثل ماه چهارده است برآزنده نیستی و چامرها و بجن‌ها چرا ترا نیست و بادو دوشان

و اوصاف چرا تعریف جوراجی تو نمیکنند برهمنان و غیره چرا پیشکش تو نمی آرند چرا نوکران

و غلامان تو حاضر نمیشوند و رتهه که بست اسپ و چهتری مرصع اوراست چرا نیامده است و فیل دلخواه تو

کجاست بدینگونه میپرسید رامچندر گفت بشنو باعث دلگرفتگی من این است راجه راست بود

کیکئی را دو بر داده بود و آن هر دو چنان مقرر شد که مرا تا چهارده سال هرآینه در صحرا باید بود

و بهرت را راج اجودهیا باید نمود من پرستهان یعنی پای تراب میکنم و برائی دیدن تو آمده ام

مرا اجازت ده و ترا باید که بخدمت خسر و خوشدامن مستقیم باشی تا که من بیایم و خوبی و تعریف

من نزد بهرت نگوئی زیرا که دولتمندان برداشت سخن وصف دیگری نمیتوانند کرد من برای

بجای آوردن حکم پدر همین ساعت بصحرا میروم و ترا هم واه پاس باید کرد و صبحی باید برخاست

دیو جا باید کرد و دوشتهه را نمسکار باید کرد که او خداوند ماست و جمیع والده‌ها را مطابق ضابطه

خورد و کلان و ذات و غیره بپائی باید افتاد و در حکم برادر من باید بود و درام بهرت

सर्ग-३१

सीता की वार्ता

जिस समय श्री रामचन्द्र शीघ्रता के साथ अपने महल में प्रविष्ट हुए तो उन्होंने देखा कि सीता राम की प्रतीक्षा में मग्न और उनके राजकुमार बनने की कल्पना हृदय में बसाये प्रसन्न हो रही हैं और परकोटे में राम की प्रतीक्षा में बैठी हैं। जैसे ही राम को देखा लज्जा से शीश झुकाकर और नम आँखों से राम के स्वागत के लिए मूर्छल लेकर उनके पीछे खड़ी हो गयीं और कारण जानने के लिए पूछा ब्राह्मण आपकी प्रशंसा क्यों नहीं कर रहे हैं ?आप दुःखी और चिन्तित क्यों हैं ?क्यों आप छत्र से जो कि पूर्णमासी के समान है उठाकर लाने वाले नहीं हैं ?क्यों आपके लिए मूर्छल आदि नहीं हैं ?सम्मान गीत और प्रशंसा करने वाले क्यों आपके राजकुमार बनने की प्रशंसा नहीं कर रहे ? ब्राह्मण आदि क्यों आपको आशीर्वाद नहीं दे रहे ?क्यों आपके सेवक उपस्थित नहीं हो रहे हैं ? वह रथ जिसमें बीस घोड़े लगे हुए हैं और जिसकी रत्नजड़ित छतरी है क्यों नहीं आया ?आपका प्रिय हाथी कहाँ है ?आदि इसी प्रकार की बातें वह पूछती जा रही थीं। रामचन्द्र ने कहा, सुनो मेरे दुःख का कारण यह है कि सत्यवादी राजा ने कैकेयी को दो वचन दिये थे और यह दोनों, यह तय हुए कि मुझे प्रत्येक परिस्थिति में चौदह वर्ष तक वन में रहना होगा और भरत को अयोध्या का राज्य मिलेगा। मैं प्रस्थान कर रहा हूँ और तुम्हें देखने के लिए आया हूँ मुझे आज्ञा दो। अब तुम्हें चाहिए कि सास ससुर की सेवा में लगी रहना जब तक मैं वापस न आऊँ। मेरा गुणगान एवं प्रशंसा भरत के सम्मुख मत करना क्योंकि सत्ता के मालिक किसी अन्य की प्रशंसा सहन नहीं कर सकते। मैं पिता की आज्ञा पालन के लिए इसी समय वन को प्रस्थान कर रहा हूँ। तुम्हें भी उनका सम्मान करना चाहिए। प्रातः उठकर पूजा पाठ करना चाहिए और राजा दशरथ को प्रणाम करना चाहिए जो हमारे स्वामी हैं। छोटे बड़े और जाति आदि के अनुसार सभी माताओं के चरण छूना चाहिए तथा मेरे भ्राता के आदेश के अनुसार रहना चाहिए।

که او راجه ملک و دولت و سبب ماست باید بود زیرا که راجه ها باندک چیز خوشوقت میشوند
و باندک رغصه درآیند و کاهی پسر را که از جگر پیدا شوند از دشمنی بکشند و بیگانگان را از دوستی
بدوستی گیرند و والده مرا که از هجر من در غم است برای خوشوقت شدن من خدمت خواهی کرد
و ترا آنچنان باید بود که کسی را از تو آزار نرسد ۳۲ **گفتار سیتا** چون رامچندر
چنین گفت سیتا بشیرین زبانی نمسکار کرده از غربت محتوی رغصه چنین گفت ای پسر خوشنود من
بدان که پدر و مادر و اهلیه و فرزند و سینه کرده خویش می یابند و نصیب خود میخورند نه
پدر از گناه پسر و نه پسر از گناه پدر راحت و رنج می یابند کرده خود می یابند اما نصیب شوهر را
اهلیه شریکست من عقب تو میروم هر کجا که میروی سوگند زندگی است من بتو بر ماندن سرگ
هم راضی نیستم تو والی و مرشد و پناه و خداوند هستی اگر در راه مون خار دار خواهی رفت
من پیش پیش خواهم رفت و خارها بپا خواهم سود و عورات را نه پدر نه مادر نه پسر و نه دوستان از
محافظت میکنند بلکه کالبد خود محافظت نمیکند غیر از شوهر و از محل و غرفه و مناظر و بمان
قدم تو ملاذ منست بلکه از سرگ هم زیاده تر است بنابران مهربانی کن و با خود ببر در جنگل که
آنجا خرس و فیل و شیر وغیره جانورانند در پناه شوهر آسوده خواهم بود و هرگز لوک یاد
نخواهم کرد غیر از شوهر خود و حواس درونی و بیرونی را مسخر کرده در خدمت تو خواهم بود و تو
مثل آتش هستی بمحافظت هر سه لوک سزاواری چه جای من از پناه تو اندر هم مرا نتواند

भरत के आदेशानुसार, जो देश और हमारे वंश व सम्पत्ति के राजा है, रहना चाहिए क्योंकि राजा छोटी सी बात पर प्रसन्न हो जाते हैं और छोटी-सी बात पर क्रोधित हो जाते हैं। कभी वह पुत्रों को जो इनके अत्यन्त प्रिय होते हैं, शत्रुता से मार डालते हैं और अन्जान को मित्रता से अपने साथ ले लेते हैं। मेरी माता जो मेरे वियोग में दुःखी हैं मेरी प्रसन्नता के लिए तुम उनकी सेवा करोगी और तुमको इस प्रकार रहना चाहिए कि किसी को तुमसे कष्ट न पहुँचे।

सर्ग-३२

सीता की वार्ता

जब रामचन्द्र ने यह बात सीता से कही तो सीता ने क्रोध मिश्रित असहाय रूप से कहा हे मेरी सास के पुत्र ! आपको ज्ञात होना चाहिए कि माता पिता, पत्नी पुत्र और बहू अपने कर्म का फल पाते हैं और अपने भाग्य का खाते हैं। पिता न पुत्र के पाप से और न पुत्र पिता के पाप से दुख व सुख पाते हैं। सब अपने कर्म का पाते हैं। परन्तु पति के भाग्य में पत्नी सम्मिलित है। आप जहाँ भी जायेंगे मैं आपके पीछे-पीछे आऊँगी। अपने जीवन की सौगन्ध मैं आपके बिना स्वर्ग में भी रहने के लिए सहमत नहीं हूँ। आप मेरे स्वामी गुरू आश्रयदाता और ईश्वर हैं। यदि आप काँटों और जंगलों में जायेंगे तो मैं आपके आगे-आगे चलूँगी तथा अपने पैरों से कांटों को कुचल दूंगी। स्त्रियों की रक्षा पिता, मॉ, पुत्र और मित्र नहीं करते हैं और न ही वह स्वयं अपनी रक्षा करती है केवल पति ही उसका रक्षक है। महल, चौबारे, दृश्य और सवारी से अधिक आपके चरण मेरा आश्रय ही नही अपितु स्वर्ग से भी अधिक है। अतः कृपा करके मुझे भी अपने साथ वन में ले चलिये जहाँ हाथी और शेर आदि पशु हैं मैं अपने पति के संरक्षण में सुखी रहूँगी। अपने पति के अतिरिक्त तीनों लोकों को याद नहीं करूँगी और आपकी सेवा करूंगी। आप विष्णु के समान हैं तीनों लोक की रक्षा के योग्य हैं क्योंकि आपके आश्रय में होने के कारण इन्द्र भी मुझे नहीं ले सकते।

گفت و با تو برگ و بارِ اشجار خواهم خورد و ترا تصدیع نخواهم داد و مرا خواهش دیدن دریاها
و کوهها و تالابها و هامون هست و نیلوفر و هنس و کارند و اکها با تو سیر خواهم کرد
بدینگونه با تو گذشتن هزار سال و صد سال بخاطر نخواهم آورد و چنانچه در سرگ
سیتا همچنین میگفت رامچندر باراده نبردن و تصدیع بودنِ صحرا بدینگونه بیان نمود

درینجا صورت خانه رام و سیتا جام در دست گرفته روبروی رام آمده و صورت رام
و لچهمن که ایستاده سخن میگویند و صورت جانوران رنگارنگ و گلهای گوناگون



मैं आपके साथ वृक्षों के फल पत्ते खाऊँगी और आपको कोई कष्ट नहीं दूँगी। मुझे नदी, पहाड़, तालाब वन , नीलोफ़र और हंस आदि देखने की इच्छा है, मैं आपके साथ भ्रमण करूँगी। आपके साथ इस प्रकार हज़ार वर्ष और सौ वर्ष बीतने को भी नहीं सोचूँगी जैसा कि स्वर्ग में। सीता इस प्रकार वार्ता करती जा रही थी और रामचन्द्र उनको साथ, न ले जाने का अपना निर्णय तथा वन में रहने का कष्ट एवं कठिनाइयों का इस प्रकार वर्णन कर रहे थे।

राम के महल का चित्र। सीता हाथ में मूर्छल लिये राम के सामने हैं और राम व लक्ष्मण का चित्र, जो खड़े बातें कर रहे हैं। रंगीन पशुओं और विभिन्न फूलों का चित्र।



سرگ ۲۳ گفتار رامچندر رام گفت ای سیتا تو به نسل بزرگ زاده همیشه دلا بیاد من داری

لهذا بشنو دلرا در تو گذاشته تنها با کالبد خود میروم والبته حکم پدر بجا می آرم تصدیعهای

بودن صحرا بشنو و آنرا شنیده اراده رفتن از دل بدر کن بر تو رحمت نموده بسبب تصادیع

صحرا نمی برم آنجا بسیار شیرها مست و کشنده آدمی هستند ازانها خواهی رسید

و فیلان مست که هستی ازانها میچکد در آنجا بسیار مثل کوهها ازان لرزان خواهی گردید

و در آنجا برودت سرما بسیار است و گرسنگی هم بیشمار و دیگر از جانوران گوناگون بسیار

خوفست ماران که از غار برآیند و بکنار دریا روند ازانها بسیار ترس است و زنبورها و عقربها

و کرم و ڈانس و پشهها در صحرا افزونند ازان تصدیع از حد بیرون و دریاها که ژرف اند

و در میان آنها تمیس و نهنگ بسیار آنها را شنا باید کرد و بسبب گیاه خاردار و دلدل

خشک و در و باره و از طرق صحرا انباشته ازان تصدیع رفتن بیحد است و طعام

خورش آنجا از بدری و آمله و انگد و آک سیاه و شاک تلخ و تبرنیه باید نمود اگر چیزی یافته نشود

تا چند روز بخورش باید بود و خانه برگ درخت که برن شالا نام دارد و چارپائی که از دست

خود از گاه باید کرد بر زمین باید گذرانید و بقدر سد رمق باید خورد و بار جٹا باید برداشت

و پوست درخت مثل بهوج پتر و اجن را باید پوشید و از دهرم در راه ما که غسل باید کرد و مون

یعنی خاموشی باید گزید این بسیار تصدیعست و گلهائی که خود یابد آورد باید خورد این

सर्ग-३३

रामचन्द्र की वार्ता

राम ने कहा हे सीते ! तू एक से सम्बन्ध रखती है, तू मेरा स्मरण सदा दिल में रखती है। अतः सुनो! मैं अपना हृदय तेरे अन्दर छोड़कर अपने इस शरीर के साथ अकेला जाता हूँ और पिता की आज्ञा का पालन करता हूँ। वन में रहने की कठिनाइयां सुनकर हृदय से जाने का विचार निकाल दें। तुझ पर दया करते हुए मैं शिकार के लिए वन नहीं जा रहा हूँ। वहाँ बहुत से मस्त शेर नरभक्षी हैं उनसे भयभीत होना चाहिए और मस्त हाथी हैं जिनकी मस्ती नष्ट करने वाली है। वहाँ बहुत से पहाड़ हैं जिनसे काँपना चाहिए वहाँ शीत ऋतु की ठंडक बहुत है और भूख का आभास भी बहुत है एवं दूसरे विभिन्न प्रकार के पशुओं का भय है। सांप है जो गुफा से निकलते हैं, नदी के किनारे चलते हैं उनसे बहुत डर लगता है। बिच्छू, कीड़े-मकोड़े और मच्छर वन में बहुत अधिक हैं उनका बहुत भय है। नदी में मगरमच्छ बहुत हैं उनको पार करना होगा और घास - फूस, काँटेदार मार्गों से चलना होगा, उनसे कठिनाई बहुत होती है। वहाँ का भोजन बेर, आंवला और इसी प्रकार की कड़वी तीखी सामग्री है। यदि कुछ न मिले तो कई दिन तक बिना खाये रहना होगा। रहने के लिए झोपड़ा होगा, पलंग के स्थान पर घास होगी, भूमि पर रहना होगा और जीवित रहने के लिए खाना होगा। जटा का बोझ सहन करना होगा और वृक्षों की छाल, वस्त्र के स्थान पर पहनना होगा। धर्मानुसार माघ के महीने में स्नान करना होगा, शान्त रहना होगा। ये बहुत सी कठिनाइयां हैं और स्वतः उगने वाले फूल खाने होंगे,

این تصدیع زیاده تر و دیوتا و پترها را پرستش باید کرد و هر گدائی که بیاید او را پرستش
باید کرد و باید خورانید و غصه و حرص را باید گذاشت و تحمل از تپ باید کرد از خشکی
غیر از پوست نخواهد ماند مرا با توجه محبت خواهد ماند تمام وجود در ریاضت و باد خراب
خواهد شد من ترا نخواهم دید و در صحرا از آواز کرفش و غیره بسیار خوفست اینهمه تامل
کن و بخاطر آر و بصحرا مرو چون رامچندر چنان گفت سیتا تبسم کرده برامچندر گفت این
تصدیعها که گفتی این دیگر از است و مرا که در پناه تو باشم هیچ تصدیع نیست با تو میروم
و اگر میگذاری حالا خود را هلاک میکنم و من از برهمنان شنیده ام که گفته سیتا را
رفت
در صحرا چندی باید گذرانید این را بخاطر آورده دایم آرزوی دیدن صحرا دارم مرا با تو باید
که این هنگام آن آمد و برهمنان راست گفته اند در پائی تو می افتم مرا همراه ببر با تو سیر خواهم
نمود زنان را شوهر خداوند است و من از برهمنان شنیده ام زن را باید که مانند سایه عقب شوهر
باشد هر گاه برود همراه رود و هر گاه بایستد بایستد با شوهر محبت دارد و همراهی او خواهد
و با او بسر کرد برود اینچنین میگفت و گریه میکرد رام سر فرو کرده هیچ ندید همراه بردن او
بخاطر نمیکرد سرگ ۳۴ گفتار جواب سیتا این اراده رامچندر را دانسته بغصه تمام گفت
پدر من که جنک ست پو توفست و خود را عاقل میداند که همچو رامچندر داماد نامرد را
مرد میداند این تمام جهان دروغ میگوید که رامچندر تنها چون آفتاب روشن است

यह और कठिनाई की बात है। देवताओं और पितरों की तपस्या करनी होगी अपितु जो भी आयेगा उसकी तपस्या करनी होगी और भोजन कराना होगा। क्रोध और लालच को छोड़ देना होगा, परिश्रम करना होगा। ठण्ड के कारण त्वचा के अतिरिक्त शरीर पर कुछ शेष न बचेगा। मेरे साथ तुझे क्या प्रेम बचा रहेगा ?समस्त काया कठोर परिश्रम में और वायु में नष्ट हो जायेगी। मैं तुझको नहीं देखूँगा और वन में भेड़िये आदि की आवाज से बहुत भय लगता है यह सब भी विचार हृदय में ला और वन मत जा। जब रामचन्द्र ने यह कहा तो सीता मुस्कुराईं और रामचन्द्र से यह कहा। यह कठिनाइयाँ जो आपने वर्णन की दूसरों के लिये है। जबकि मैं आपकी शरण में रहूँगी तो मुझे कोई कठिनाई नहीं होगी। मैं आपके साथ चलूँगी। आप मुझे यहाँ मरने के लिए छोड़ रहे हैं ?अब मैं स्वयं अपने को मार लूँगी। मैंने ब्राह्मणों से सुना है कि सीता को वन में कुछ समय व्यतीत करना चाहिये। उसे मन में रखते हुए मुझे सदैव वन देखने की इच्छा रही है। मुझे आपके साथ चलना चाहिए क्योंकि इसका समय आ गया है। ब्राह्मणों ने सत्य कहा है, मैं आपके चरणों में पड़ी रहूँगी मुझे अपने साथ ले चलिये मैं आपके साथ भ्रमण करूँगी। स्त्रियों के लिये पति ही उनके भगवान हैं और मैंने ब्राह्मणों से यह भी सुना है कि स्त्री को चाहिये कि छाया की भाँति पति के पीछे रहे। जब भी जाये साथ जाये और जब खड़ा हो तो खड़ी हो, पति के साथ प्रेम रखे और उसका साथ चाहे, उसके साथ स्वर्ग में जाये, वह यह कहती जाती थी और रोती जाती थी। परन्तु राम शीश नवाए हुए कुछ नहीं देख रहे थे और उन्हें साथ ले जाने का विचार मन में नहीं आता था।

सर्ग-३४

वार्तालाप

सीता ने रामचन्द्र की यह इच्छा जानकर जानबूझकर क्रोध से कहा, मेरा पिता जनक मूर्ख है, और स्वयं को बुद्धिमान समझता है कि राम जैसे नपुंसक दामाद को पुरुष जानता है, यह पूरा संसार झूठ कहता है कि श्री रामचन्द्र अकेले चमकदार सूर्य की भांति हैं।

که همچو من زن را که غیر او ملاذ و معاذ ندارد میخواهد که بگذارد و مرا مانند ستاوزی الهیه
ستنبونت پسر دیومت سین پیر و خود دان که غیر شوهر هیچ پناه ندارم و غیر همراهی تو
در دل هم نمیگذرانم مانند کماری یعنی نوجوانی را آوردی حالا سیلوهی یعنی قریب
پست شده ام دیگر را دادن اراده داری و من از کالبد و دل و گفتار گناه تو نکرده ام
چرا مرا میگذاری و اگر گناهی از نادانی کرده ام عفو نموده مهربانی فرما از همراهی تو کاه و سنخ و خارهای
اشجار مرا مانند نخل خواهد بود و اگر بادی گرد من خواهد افشاند آنرا چون چندن خواهم دانست
و اگر آنجا هیچ درخت و ثمر آنها برای خوردن خواهی داد خواه لذیذ خواه غیر لذیذ مرا چون امرت
یعنی الحیات خواهد شد و بهمراهی تو برادران و مادر و پدر را یاد نخواهم کرد اگر بیتو سرگ یعنی بهشت
روهم نرک یعنی دوزخ باشد لهذا مرا با خود ببر و الا همین زمان زهر میخورم این تصدیع هجر تو
یکلحه هم برداشت نخواهم نمود چه جای سه سال و ده سال و یکسال که چهارده سال باشد بدینسان
دختر جنک گریه کرده در پای شوهر افتاده و بدینگونه گفتار غربت انگیز او که جگر را زخم نمود رامچندر
هم از گریه اشکها چون آتش فرو ریخت بحدیکه تالاهای آب با شد و او را از میان پای خود برداشت
و بشیرین زبانی گفت ای نیکو مبتو من هم سرگ نمیخواهم و مرا خوف هم نیست اگر اندر خود باشد
این رفتن صحرا دهرم هست که بزرگان گفته اند این را نمیتوانم گذاشت مثل دریائی که مکان ساحل خود
نگذارد آنچه مرا باید بگفت همان میکنم اگر میخواهی همراه من بیا مرا خاطر تو عزیز است اسباب و پیرایه ها برهمنان را

वे मुझ जैसी स्त्री को जिसका, उनके अतिरिक्त कोई अन्य ठिकाना और आश्रय नहीं है चाहते हैं कि यही छोड़ जायें। मुझे आप घुमत्सेन के पुत्र सत्यवान की पत्नी सावित्री की भाँति अपना सेवक समझिये, कि पति के अतिरिक्त मेरा और कोई आश्रय नहीं है। आपके संग के अतिरिक्त मैं और कोई बात मन में नहीं ला सकती। आप मुझे विवाह करके किशोरावस्था में लाए थे अब मैं बीस वर्ष के लगभग हो चुकी हूँ अब आप मुझे दूसरों को देने का मन में विचार रखते हैं ?यद्यपि मैंने अपने शरीर, मन और बातों से आपका कोई अनिष्ट नहीं किया है फिर भी आप मुझे क्यों छोड़ रहे हैं ?और फिर भी यदि मैंने मूर्खता में कोई अपराध किया है तो कृपया मुझे क्षमा कर दें। आपकी संगति में मेरे लिये घास और वृक्षों के कांटे उपवन की भाँति होंगे। यदि वायु मेरे पर धूल उड़ायेगी तो मैं उसे चन्दन समझूंगी, यदि आप वहां मुझे वृक्ष की जड़ और फल खाने को देंगे, चाहे वह स्वादिष्ट हो या अस्वादिष्ट हो, तो वह मेरे लिये अमृत के समान होगा। आपके साथ रहकर मैं अपने भाइयों और माता-पिता को याद नहीं करूँगी, यदि मैं आपके बिना स्वर्ग में भी जाऊँगी तो वह नरक होगी। अतः आप मुझे अपने साथ ले चलिये। मैं इसी समय विष खा लूँगी परन्तु आपके वियोग का यह कष्ट मैं एक पल के लिए भी सहन नहीं करूँगी। जबकि तीन वर्ष, दस वर्ष और एक वर्ष मिलाकर चौदह वर्ष होते हैं। जनक की पुत्री इस प्रकार विलाप करती हुई पति के चरणों में पड़ी थी और उसके हृदय को भेदने वाली बातें ऐसी थीं कि राम के हृदय को आहत किये दे रही थीं। रामचन्द्र भी रुदन के कारण गरम-गरम इतना अश्रु बहा रहे थे कि उससे तालाब बन जाए। फिर उन्होंने सीता को अपने चरणों के मध्य से उठाते हुए मधुर भाषा में कहा हे सज्जन स्त्री ! तेरे बिना मैं भी स्वर्ग नहीं चाहता हूँ और मुझे भय भी नहीं है। यदि इन्द्र स्वयं हो तब भी यह वन जाना धर्म है बड़े बूढ़ों ने कहा भी है कि मैं इसे नहीं छोड़ सकता, जैसे कि समुद्र अपना तट नहीं छोड़ता है। पिता ने जो मुझे कहा है मैं वही करूँगा। यदि तू मेरे साथ चाहती है तो आ मुझे तेरी इच्छा अधिक प्रिय है।

ونیک کارا زا بسرعت و شتابی بخشنده باش اینچنین از زبان شوهر شنیده بزودی از خوشحالی

زر و نقره و غله وغیره بخواهند کان بخشیدن گرفت درینجا صورت رام و لچهمن و عقب رام

صورت سیتا با پیرایه خوب در پای رام افتاده و رام او را از دست برمیدارد و صورت

دو کس دیگر که بر دروازه ایستاده اند



अपना समस्त सामान कपड़े आदि शीघ्रता से ब्राह्मणों और सज्जन लोगों को दे डालो। पति के मुख से इतनी बात सुनते ही सीता ने जल्दी-जल्दी सोना चांदी, अनाज आदि माँगने वालों को देना आरंभ कर दिया।

राम और लक्ष्मण का चित्र, राम के पीछे सीता का चित्र, जो सुन्दर वस्त्र में राम के चरणों में पड़ी हैं और राम उसे हाथ से उठा रहे हैं तथा दूसरे दो व्यक्तियों का चित्र जो द्वार पर खड़े हैं।



گفتار لچهمن اینطور گفت و گوی سیتا و رامچندر را لچهمن که پیشتر آمده حافظ بود
شنیده باقدام سیتا و برادر افتاده گفت اگر رفتن صحرا مقرر نموده اید من هم کمان
گرفته عقب شما میروم و میتو راج و سرگ لوک و دولت بی نهایت هیچ نمیخواهم رامچندر
از مهربانی بالچهمن گفت تو برادر عزیز منی نباید بصحرا بروی تو متحمل و با دولت باش
این را شنیده لچهمن پای برادر را گرفته گفت مرا منع مکن در جای دشوار خدمت تو
خواهم کرد رامچندر گفت اگر تو با من خواهی رفت خدمت کوشلا و سومترا که خواهد کرد
پدر من مغلوب حواس شده بهرت را راج داده محکوم کیکئی خواهد گشت و کیکئی از مستی
دولت و راج کور گشته کجا پرداخت باری یعنی سوکن خواهد کرد بنابران تا که من آیم
تو پرورش ایشان کن لچهمن دست بسته بار دیگر گفت مثل من هزاران نوکر کوشلا
راست او را که هزاران دیه در تصرف ست بهرت البته خدمت خواهد کرد و من خادم تو
خواهم شد پیش پیش تو رفته راه صاف خواهم نمود و ثمرات صحرائی و گلها و برگها
برائی تو خواهم آورد و همه شب بیدار خواهم بود رامچندر ازین گفته بسیار مهربان گشته بود
گفت البته همراه من بیا اما از دوستان اجازت و کمانی را که راجه را برن داده
و ترکش که تیر ازو کم نمیشود همراه بگیر و کوچ ابهند یعنی جوشن که هرگز شگافته نشود و تیرها
تیز پیکان و شمشیر آبدار و کمانی که در خانه استاد من است اینهمه را بیار این را شنیده

सर्ग-३५

लक्ष्मण की वार्ता

सीता और रामचन्द्र की इस प्रकार की वार्ता सुनकर, लक्ष्मण ने, जो पहले से उपस्थित थे सीता और भाई के चरणों में गिरकर कहा, ''यदि आप वन में जाने का निर्णय कर चुके हैं तो मैं भी धनुष लेकर आपके पीछे-पीछे आऊँगा। आपके बिना राज्य, स्वर्ग, लोक और अत्यधिक धन उन में से कुछ नहीं चाहूँगा।'' रामचन्द्र ने प्रेम से लक्ष्मण से कहा कि ''तू मेरा प्रिय भ्राता है, तुझे वन में जाना उचित नहीं, धैर्य रखो और आराम से रहो यह सुनकर लक्ष्मण ने भाई के चरण पकड़कर कहा ''मुझे मत रोकिये, कठिन स्थान पर मैं आपकी सेवा करूँगा'' रामचन्द्र ने कहा ''यदि तुम मेरे साथ जाओगे तो कौशल्या और सुमित्रा की सेवा कौन करेगा?मेरे पिता की बुद्धि भ्रष्ट हो गयी है वह इन्द्रियों के वश में हो गये हैं। भरत को राज्य देकर वह कैकेयी के आधीन हो जायेंगे और कैकेयी सम्पत्ति राज्य कीमस्ती में अंधी होकर अपनी सौतन की देखरेख कहाँ करेगी। अतः जब तक मैं न आऊँ तुम उनकी देखभाल करो।'' लक्ष्मण ने करबद्ध पुनः निवेदन किया ''मेरी माता कौशल्या के हजारों सेवक हैं और हजारों गाँव उसके अधिकार में हैं। भरत अवश्य उसकी सेवा करेगा और मैं आपका सेवक रहूंगा। आपके आगे-आगे चलकर मार्ग साफ करूंगा आपके लिये जंगल के फल-फूल और पत्ते लाऊँगा, सारी रात्रि जागता रहूंगा।'' रामचन्द्र ने इस वार्ता से बहुत प्रभावित होकर कहा तुम मेरे साथ अवश्य आओ परन्तु मित्रों से अनुमति ले लो। एक धनुष जिसने राजा को वचन दिया था और तरकश, जिसके बाण कभी कम नहीं होते साथ ले लो। कवच जो कदापि फट नहीं सकता और तेज नोक वाले बाण तथा धारदार तलवार और कमान जो मेरे गुरू के घर में है, यह सब लाओ।

لچهمن زر و دار از همراهیان پرسیده و همه اسلحه را گرفته آمده حاضر شد بار دیگر رامچندر

بلچهمن گفت آنچه نقد و جنس برابست میخواهم که برهمنان را بخشم و یاران بسیار کسانی را

که بسیار متعلقان دارند و اندک زر و دیگر آنها که نوکران و دوستان من اند اینها را

هم برای وظیفه چیزی بدهم و سوجگ پسر بششت را و غیره برهمنان را نیز بسیار

درینجا صورت رام و لچهمن بطور سابق و لچهمن که دو کمان و یک ترکش و زره و شمشیر آورده

و در پای رام و سیتا افتاده و صورت خانه



यह सुनते ही लक्ष्मण जल्दी से अपने साथियों से पूछते हुए सारे हथियार लेकर उपस्थित हो गये। रामचन्द्र ने पुनः लक्ष्मण से कहा कि ''नकद धन व अन्य सामान जो कुछ मेरे पास है मैं चाहता हूँ कि सब ब्राह्मण को दे दूँ। अतः तुम ऐसे लोगों को लाओ जिनके सम्बन्धी और खाने वाले अधिक हों तथा धन कम हो। दूसरे वह लोग जो मेरे सेवक तथा मित्र हैं उनको भी मैं वज़ीफे के लिए कुछ दूंगा, और वशिष्ठ के पुत्र सुयज्ञ आदि ब्राह्मणों को भी लाओ।''

राम और लक्ष्मण का चित्र यथावत और लक्ष्मण जो धनुष तथा एक तरकश, कवच और तलवार लाए हुए राम व सीता के चरणों में पड़े हैं और भवन का चित्र।



سرگ ۳۲ از فرموده برادر لچهمن در خانه سوجک رفت و در آتشکده که آنجا نشسته بود
رفته گفت رامچندر برادر من بصحرا میرود شما را طلبیده سوجک که در خواندن مشغول بود
سند هیا یعنی پرستش کرده با لچهمن روانه شد و در خانه رام آمد و رامچندر او را دید
با سیتا پیشوا رفت و بطریق پیشکش کونڈل یعنی گوشواره طلا و حمائل جواهر لعل و یاقوت
و بازوبند و بلی یعنی کره که در دست می پوشند و دیگر جواهر بیشمار گذرانیده پرستش نمود
و سیتا فرمود که این آشنائی وقت نست و بیدها را تمام خوانده هار طلائی و غیره زیور
و اسباب بسیار برائی اهلیه این بده و پلنگ خواب که از اقسام جواهر مرصع است هم بده سیتا
همچنان کرد و فیلی شترجی نام که معنی آن دشمن کش باشد و بنائی یعنی ماهون مرا داده است
از اپیرایه پوشانیده با هزار کاو ناده من باین بخشیدم سوجک که اینهمه را گرفته اسیس یعنی دعا کرد
و سوائی این دیگر برهمنان را رامچندر بسیار زر بخشید و دیگر خیرخواهان را نیز داد و چاکران
و چوبداران و اهل حرفه و آنها که همراه بودند هر یکی را مطابق قدر زر بذل نمود و باز بلچهمن گفت
که تو هم نقد و جنس ببرهمنان بخش و دوستان و خواهندگان را از کاو ماده و زر و نقد
و اطعمه و غیره و اثواب و پارچه هرچه باشد مطابق آرزوی همگنان بده و اگست و کوشک
و کارکی و شاندل را طلبیده ببارش اکرام جواهر سیر کن و دوستان خیر اندیش
من که همیشه خدمت من میکنند و اچارج پتری را بیار که با نجا سواریها و جواهرها می بخشم

सर्ग-३६

भाई के आदेश से लक्ष्मण सुयज्ञ के घर गये और अग्निकुण्ड में जहाँ वह बैठे हुए थे जाकर कहा ''मेरे भाई रामचन्द्र वन को जा रहे हैं और उन्होंने आपको बुलाया है।'' सुयज्ञ जो पढ़ने में व्यस्त थे पूजा करके लक्ष्मण के साथ चल दिये और महल में आए। रामचन्द्र उन्हें देखकर अगुवाई के लिए बढ़े और दक्षिणा के रूप में कान की बाली अर्थात् कुण्डल स्वर्ण हीरे, जवाहरात भुजा पर बांधने वाला (बाजूबन्द) कड़ा जो हाथ में पहनते हैं एवं दूसरे रत्न देकर दक्षिणा दी और सीता से कहा ''यह मेरे काल का ज्ञाता है, समस्त वेद पढ़ डाले हैं उनकी पत्नी के लिये सोने का हार आदि आभूषण और बहुत सारा सामान दे दो तथा मसहरी जो हर प्रकार के रत्नों से जड़ित हैं वह भी दे दो। सीता ने पति की आज्ञा का पालन किया और शत्रुञ्जय नामक हाथी जिसका अर्थ होता है शत्रु का वध करने वाला और जो मुझे मामा ने दिया है उसको मूल्यवान वस्त्रों से सुसज्जित करके हजार गायों के साथ उनको दिया। सौजक ने यह सब लेकर प्रार्थना की। उनके अतिरिक्त दूसरे ब्राह्मणों को भी रामचन्द्र ने बहुत सम्पत्ति दी और दूसरे शुभचिन्तकों नौकरों, चोबदारों और अहलेहरफा उन सब को जो सहायक व सहयोगी थे उनमें से प्रत्येक को उसके पद के अनुरूप दिया। फिर लक्ष्मण से कहा कि तुम भी नकद धन और सामान ब्राह्मणों को दे दो। मित्रों और मांगने वालों को गऊ, धन, नकद धन, खाने आदि वस्त्र, पारचे आदि जितना संभव हो सके उनकी इच्छानुसार दे दो। अगस्त्य, कौशिक, कार्की और शान्डिल्य को बुलाकर रत्नों की वर्षा का चमत्कार देखो और मेरा भला चाहने वाले मित्र जो सदैव मेरी सेवा करते हैं और अचार्य पुत्री को लाओ मैं उन सबको सवारी और रत्नों से सम्मानित करूंगा। मेरा गुणगान करने वाले और मेरे सेवक हैं

وآنها که با دزوشان وخدمتکاران منند وآنانکه مرا پارچه ها میپوشانند وانکه ریش
حجامت مینمایند وآنانکه خوشبوی میمالند وانانکه طعام می پزند وانانکه برائی خوشوقتی
دل حاضر میشوند وآنانکه افسانه میکویند ازینان هر یک را هزار هزار نشک و برائی خوردن
هزار هزار من شالی و هزار هزار ماده کاو بده و پهلوانان مرا و شعبده بازان وسخن پردازان
و برهمنان بازی کنان مرا هزار نشک بده راقم ترجمه مقدار نشک در لیلاوتی چنان مینویسد
که ده کودی را دمشک و ده دمشک را کاکنی و چهار کاکنی را پن و شانزده پن را درم و شانزده
درم را نشک باشد غرض رامچندر فرمود که خدمتکاران کوشلا و سومترا را نیز دو دو هزار
نشک بده و گدایان و برهمنان وآنانکه کوشلا ما در مرا خدمت میکنند دو دو هزار
نشک بده و همین مقدار گدایان سومترا را و همچنان کن که کسی از رفتن من پریشان نکردد
و مرا هیچ چیز چنان نیست که ندادنی باشد این را شنیده لچهمن موافق فرموده بهر یک داد
و مردم را فرمود تا آمدن من خانه را محافظت نمایند بعده خزانچی را فرمود وانچه زر باقی نشست
همه را بیار خزانچی همچنان کرد رامچندر آن زر ابغربا و مفلوکان و ناداران بخشید سبهاج تربیت
نام کسی برای جک دختر میخواست او را موافق خواهش او داد صورت رام و لچهمن و سیتا
برابر نشسته و سو جک برهمن را رامچندر کنڈل در کوش و هار لعل و یاقوت در کلو و بازو بند
جواهر و کڑه طلا در دست پر پلنک نشسته زر و جواهرش نهاده واز دست سیتا با حلیه سو جک

जो लोग मुझे वस्त्र पहनाते हैं, जो मेरी दाढ़ी की हज़ामत करते हैं, शरीर पर सुगन्ध मलते हैं, जो भोजन बनाते हैं, जो मनोरंजन के लिये उपस्थित रहते हैं, जो कथाएँ व लघु कथाएँ कहते हैं उनमें से प्रत्येक को एक हजार रुपये और खाने के लिए हज़ार-हज़ार मन चावल तथा हजार-हजार गायें दो। मेरे पहलवानों, जादूगरों गवैया और खेलकूद दिखाने वाले ब्राह्मणों को हजार-हजार नशक दो। (अनुवादक कहता है कि नशक कर मूल्य लीलावती में यह लिखा है कि दस कोदी को दशक कहते हैं और दस दशक को काकुनी कहते हैं और चार काकुनी को पन और पन्द्रह पन को द्रहम और पन्द्रह दरहम का नशक कहते हैं)। अन्त में श्री रामचन्द्र ने कहा कि कौशल्या और सुमित्रा के सेवकों को भी दो-दो हज़ार नशक दो और इतनी मात्रा सुमित्रा के फ़कीरों को भी दो इस प्रकार ऐसा करो कि कोई मेरे जाने से दुखी न हो। मेरी कोई ऐसी वस्तु नहीं है जो देने योग्य न हो। यह सुनकर लक्ष्मण ने आदेश के अनुसार प्रत्येक को दिया और लोगों से कहा कि मेरे आने तक घर की रक्षा करें। उसके पश्चात् कोषाध्यक्ष से कहा कि मेरा जितना माल शेष है वह सब लाओ। कोषाध्यक्ष ने ऐसी ही किया रामचन्द्र ने उसे गरीबों और फटेहाल लोगों तथा अपंगों को दे दिया सुबहाज तरचत नामक एक व्यक्ति अपनी पुत्री के यज्ञ के लिये कुछ धन चाह रहा था उसको भी उसकी इच्छानुसार दिया।

श्री राम का चित्र, लक्ष्मण और सीता बराबर बैठे हुए हैं। सौजक ब्राह्मण को रामचन्द्र कान की बाली गले में लाल और याकूत का हार, बाजूबन्द रत्न और सोने का कड़ा हाथ में दे रहे हैं, शय्या (मसहरी) पर बैठे हुए हैं सामने जवाहर रखे हुए हैं और सीता के हाथ से सौजक की पत्नी को दिलवा रहे हैं।

داده و هوم و سند ها میکند و شترجی فیل را پیرایه جواهر پوشانیده به برهمن بخشیده





۳۷

سرگ رفتن نزد پدر رامچندر همه متاع خانه را بخشیده با سیتا و لچهمن برای دیدن پدر
رفت هر دو برادر اسلحه‌ها گرفته در شاهراه بگذشتند و سیتا عقب اینها میرفت
و مردم خلایق بر بالائی بام برآمده تماشا میکردند و در کوچه و برزن از بس هجوم
طاقت عبور نبود و از هر طرف گوناگون سخنان میگفتند آن رامچندر که عقب او لشکر چترنگ
یعنی فیل و اسپ و رتهه و پیاده میرفت او تنها با سیتا و لچهمن میرود و با وجود قدرت
و طاقت گفته پدر رارد نمیکند آن سیتا که پیشتر جانداران فلک و طیور هم دیدن
نمیتوانستند او را حالا مردم کوچه می بینند آنکه ذاتی وجود او پر از پیرایه ست اگر گرمی میشد
زنان ماه رو او را بادکش میکردند آن سیتاست غرض که دشرتهه بیوقوف شد
که این را بصحرا فرستاد ازین تمام جهان تصدیع یافت چنانچه جانوران آب را از خشک شدن آب
یا بوقت ماه را کلف گیرد رامچندر بیخ درخت است ما همه ثمر و گل و برگ اگر کندن
بیخ ما همه مستاصل بشویم و خانه و باغ و خوابگاه را گذاشته با پسر و غلامان و زنان
و بهایم و سواری وغیره همه عقب رام میرویم که بیکسی تنها اینجا بماند و آن جنگل خود
شهر خود خواهد شد آنجا که رامچندر خواهد رفت بدینسان سخنان شنیده
رامچندر با لچهمن و سیتا برای دیدن پدر رفت و در اینجا صورت رام را
که شمشیر بسته و لچهمن و سیتا عقب او در شاهراه میرود

सर्ग–३७

पिता के पास जाना

श्री रामचन्द्र अपने घर का सारा सामान बाँटकर सीता और लक्ष्मण के साथ पिता को देखने के लिये गये। दोनों भाई हथियार लिये हुए मार्ग से जा रहे थे और सीता उनके पीछे चल रही थीं अन्य लोग कोठों के ऊपर आकर देख रहे थे। गली में जन समूह की अधिकता के कारण चलना कठिन था। लोग विभिन्न प्रकार की बातें कर रहे थे कि वह रामचन्द्र जिनके पीछे सेना चतुरंगिणी अर्थात् हाथी, घोड़े, रथ और पैदल सेना चलती थी। सीता आज लक्ष्मण के साथ अकेले चल रही हैं। शक्ति और प्रभाव होने के बावजूद पिता की बात को नकार नहीं रहे हैं। वह सीता जिनकी झलक इससे पहले आकाश के पशु पक्षी भी नहीं देख सकते थे, उनको इस समय गली के सब लोग देख रहे हैं। जिनका अपना अस्तित्व वस्त्रों से ढका होता था, गर्मी होती थी तो सुन्दर स्त्रियां उन्हें पंखा झलती थीं यह वही सीता हैं। दशरथ पागल हो गये हैं कि उनको वन भेज दिया और सम्पूर्ण संसार की निन्दा मोल ले ली। जैसे कि जल के पशुओं को जल के सूख जाने से या चन्द्रमा को असमय ग्रहण लग जाने से होता है। रामचन्द्र वृक्ष की जड़ हैं और हम सब फल फूल और पत्ते हैं। जड़ खोद देने से हम सब मर जायेंगे। घर, बाग़ और शयनकक्ष को छोड़कर पुत्रों, दासों तथा स्त्रियों, पशुओं एवं सवारियों आदि के साथ हम राम के साथ पीछे जायेंगे। कैकेयी यहां अकेली और वह वन जहाँ रामचन्द्र जायेंगे स्वयं अपना शहर बन जायेगा। इसी प्रकार की बातें सुनते हुए श्री रामचन्द्र, लक्ष्मण और सीता के साथ पिता को देखने के लिये गये।

श्री राम का चित्र जो तलवार लगाए हुए हैं तथा लक्ष्मण और सीता उनके पीछे-पीछे जनपथ पर चल रहे हैं।

۱۹۸





۳۰ سرگ حال راجه دشرته پیش از آنکه رامچندر بوبا سیتا و لچهمن برسد راجه دشرته گریه نمود
میگفت ای کیکئی مرا کشتی از رفتن رامچندر و بمردن من خوشوقت باش بهرت ترا هم ترک
میدهم ای احمقه ترا که کس این مصلحت داد با وجود رامچندر بهرت کودک چسان راج خواهد کرد
تو مانند شب آخرت چسان اهلیه من شدی مثل افعی زهردار هستی لعنت بر عورات
است تخصیص آنها که کار آراسته را مانع آیند از سبب حرص زرپرستندگان
و دوستان را گذارند ای کیکئی دل تو بیرحم است که بر من رحم نمیکنی ترا درینجهان
و در انجهان راحت مباد زیرا که پسر عزیز مرا جدا میکنی پسر من که بسواری پالکی و رتهه
سزاوار است چگونه پیاده در صحرا خواهد رفت و کسیکه بتناول اطعمه لذیذ سزاوار است
او تلخ و تیز و ترش ثمرات صحرا چسان خواهد خورد و آنکه بسیار نازک و پیرایه های نیک
میپوشید او چگونه پوست درختان خواهد پوشید بهر نوع لعنت بر من است که از سبب عورت
پسر محکوم خود را ترک میکنم مرا مردم چه خواهند گفت و آن شب است و بام دیو و جاوالی
و کشب مرا از رفتن رامچندر چه خواهند گفت و هنگام عیش پسر من تصدیع می یابد
مردن خواهد شد اگر رامچندر خواهد رفت بدینگونه راجه گریه میکرد که سومنتر عرض نمود
رامچندر آمده است راجه فرمود که اندرون آید درینجا صورت راجه دشرته بالای
چارپائی نشسته و دست برداشته سخن میگوید و کیکئی زیر چارپای نشسته و سومنتر وزیر پیش ایستاده

सर्ग-३८

राजा दशरथ की दशा

इसके पूर्व कि श्री रामचन्द्र, सीता और लक्ष्मण के साथ वहाँ पहुँचे राजा दशरथ रो-रो कर कह रहे थे "हे कैकेयी ! तुमने मुझे मार डाला। रामचन्द्र के जाने से और मेरे मरने से तू प्रसन्न हो मैं तेरे लिये भरत को भी छोड़ देता हूँ। ऐ मूर्ख तुझे किसने यह परामर्श दिया रामचन्द्र के होते हुए भरत बच्चा कैसे राज्य करेगा ?तू जीवन के अन्तिम रात्रि की भांति कैसे मेरी पत्नी हो गयी। तू सर्प के समान विषैली है। धिक्कार है ऐसी स्त्रियों पर, विशेष रूप से उन पर, जो बने कार्य में रुकावट डालती हैं। धन और लालच के कारण अपने चाहने वालों और मित्रों को छोड़ देती हैं। ऐ कैकेयी ! तेरा हृदय कठोर है कि मुझ पर तू दया नहीं करती। तुझे इस संसार में न शान्ति मिले और न उस संसार में। क्योंकि तू मेरे प्रिय पुत्र को मुझसे अलग कर रही है। मेरा वह पुत्र जो पालकी और रथ की सवारी का अभ्यस्त है वह पैदल वन में कैसे जायेगा?और जो व्यक्ति स्वादिष्ट भोजन खाया है या खाया करता है, वह वन के कड़वे कसैले और खट्टे फल कैसे खायेगा? जो बहुत कोमल और सर्वश्रेष्ठ वस्त्र धारण करता है वह वृक्षों की छाल कैसे पहनेगा?मुझ पर धिक्कार है कि स्त्री के कारण अपने आज्ञाकारी पुत्र को छोड़ रहा हूँ। मुझे लोग क्या कहेंगे और वशिष्ठ, वामदेव, जाबालि और कश्यप मुझे रामचन्द्र के जाने से क्या कहेंगे ?और मेरे विलासिता के समय मेरा पुत्र कष्ट उठायेगा। मुझे मर जाना होगा यदि रामचन्द्र जायेंगे। राजा इसी प्रकार विलाप कर रहे थे कि सुमन्त्र ने निवेदन किया "रामचन्द्र आये हैं" राजा ने कहा कि अंदर आयें।

राजा दशरथ का चित्र, चारपाई पर बैठे हुए हैं, हाथ उठाकर बातें कर रहे हैं और कैकेयी चारपाई के नीचे बैठी हुई हैं तथा सोमन्त्र (मंत्री) सामने खड़े हैं।





سرگ ۲۹ بیهوشی راجه دشرتهه رامچندر را حکم درآمدن فرموده خود بیهوش افتاد بعد از
یکساعت کامل بهوش آمده بر سنگهاسن نشست و سومنتر دست بسته عرض کرد که رامچندر
حکم را برسر جا داد و متاع خانه را به برهمنان وغیره بخشید مثل آفتاب که از شعاع خود
روشن کرد و مشتهر شد و با سیتا و لچهمن برای دیدن قدم تو آمده است اگر فرمان
رود بیاید و قدم به بیند راجه فرمود زود بیاید مرا آرزوی دیدن اوست چون راجه
چنان گفت عورات راجه که بشمار سیصد و پنجاه بودند آراسته و پیراسته در انجا آمدند
القصه رامچندر با لچهمن و سیتا داخل اندرون شد چون راجه رامچندر را دست بسته دید
بیهوش بر افتاد و ازینطرف رامچندر هم بیهوش بر زمین خفته ازینحالت هزاران عورات
در خانه راجه وای ویلا نمودند بعد از انکه راجه بهوش آمد رامچندر دست بسته عرض کرد که من
حکم رفتن صحرا میخواهم و لچهمن و سیتا را هر چند منع کردم ایشان مرا نمیگذارند بنا بر ان
ما همه رفتن صحرا مقرر نمودیم راجه دشرتهه در گریه شده گفت ای رام مرا از سبب کیکئی
دغا داد تو مرا در قید کن و راجه اجودهیا باش رامچندر گفت تو مرشد و خداوند و پدر و حاکم
و پرورنده و قابل پرستش هستی حکم ترا م انجا آوردنیست مرا فرمان رفتن صحرا داده و تو
هزار سال راج بکن و پرتگیا کیکئی بنما و ترا دروغگو کرده هرگز لوک نمیخواهم راجه گفت
اگر همچنین مقرر است همراه من بصحرا برو و بیتو نخواهم زیست و بهرت انجا راج بکند رامچندر

सर्ग-३९

राजा की बेहोशी

राजा दशरथ रामचन्द्र को अंदर आने का आदेश देकर स्वयं अचेत हो गये। पूरे एक घण्टे के बाद वे होश में आकर सिंहासन पर बैठे। सुमन्त्र ने करबद्ध उनसे निवेदन किया कि रामचन्द्र ने आपके आदेश का पालन किया और घर का समस्त सामान ब्राह्मणों आदि को दे दिया। सूर्य की भांति, जो अपनी किरणों से प्रकाशमान होता है, वे प्रसिद्ध हो गये और सीता तथा लक्ष्मण के साथ आपके चरणों के दर्शन के लिये आये हैं। यदि आज्ञा हो तो आयें और चरणों के दर्शन करें। राजा ने कहा शीघ्र आयें मुझे उन्हें देखने की इच्छा है। जब राजा ने यह बात कही तो राजा की स्त्रियां जो संख्या में तीन हज़ार पचास थीं सुसज्जित होकर वहां आयीं श्री रामचन्द्र लक्ष्मण और सीता के साथ अन्दर प्रविष्ट हुए। जब राजा ने रामचन्द्र को करबद्ध देखा तो बेहोश होकर गिर पड़े और उस ओर रामचन्द्र भी बेहोश होकर गिर पड़े। इस दशा को देखकर राजा के दरबार की हजारों स्त्रियों ने राजा के होश में लाने का प्रयास किया, होश में आने के बाद राम ने राजा दशरथ से करबद्ध निवेदन किया कि मैं वन जाने की आज्ञा चाहता हूँ लक्ष्मण और सीता को मैंने भरसक रोका लेकिन यह मुझे नहीं छोड़ रहे हैं। इस कारण हम सबने वन जाने का निर्णय कर लिया है। राजा दशरथ ने रोते हुए कहा हे राम ! मुझे वचन के कारण कैकेयी ने धोखा दिया। तू मुझे क़ैद कर दे। अयोध्या का राजा बन जा। रामचन्द्र ने कहा आप गुरू, भगवान, पिता, और पूजनीय हैं, मुझे आपके आदेश का पालन करना है। मुझे आप वन जाने की आज्ञा दीजिये और आप हज़ार वर्ष राज्य करें तथा कैकेयी का वचन पूरा करें। मैं तीनों लोक में आपको तुच्छ नहीं करना चाहता। राजा ने कहा यदि यही निर्णय है तो मुझे भी अपने साथ ले चलो, मैं तुम्हारे बिना जीवित नहीं रहूँगा और भरत यहाँ राज्य करे। रामचन्द्र ने कहा महाराज ! आपका जाना उचित नहीं है, आप सत्य पर डटे रहिये और धर्म के अनुसार राज्य कीजिये।

کفت ای راجه رفتن تو نه سزاوار است بر راستی مستقیم باش واز دهرم راج مکن چون رامچندر

چنین عرض نمود راجه بطریق دعا فرمود ترا اکیرت نصیب باد و عمر دراز و شجاعت و دهرم همیشه بیاب

و باز اینجا بیایی و براه خوب رو و مرا راست کو ساز و امشب مادر و مرا ببین و همین جا باش رامچندر

کفت اینهمه زر و غله و بار و کاه و بهایم و حشم من کذاشتم بهرت را بده و سیتا را هم ترک کنم

وانچه از منست بکذارم اما پرتنکیا که برفتن صحرا مقرر کرده ام نکذارم و تو از جدائی من برهم مشو

مثل تو از جا نرود مانند دریا که از مکان ساحل خود بالا نرود راج و راجت و جواهر و سرک هم هیچ نمیخواهم

همین حکم تو بجا می آرم سوکند نیکو کاری تست ثمرات و بیخ ها را خورده و صحرا و غارها و دریاها و

تالاب ها و کوناکون اشجار را دیده براحت خواهم کذرانید تو بری الذمه خواهی شد راجه دسرته بر سنکهاسن

بیهوش افتاده و کیکئی نزد نشسته و یک عورت چور بردار عقب راجه ایستاده و رام و لچهمن و سیتا روبرو ایستاده

رخصت میشوند



जब रामचन्द्र ने यह विनती की तो राजा ने आशीर्वाद देते हुए कहा तुम्हें कीर्ति मिले। लम्बी आयु, वीरता व पौरुष और धर्म सदा पाओ तथा फिर यहाँ वापस आओ, भली प्रकार जाओ और मुझे सत्यवादी प्रमाणित करो। आज की रात माँ को और मुझे देख लो तथा इसी स्थान पर रहो। लेकिन राम की यह तपस्या कि वन में जाना निश्चय कर लिया है नहीं छोडूंगा और मेरे वियोग से चिन्तित न हो आप जैसा व्यक्ति अपने स्थान से नहीं टलता। नदी के समान जो अपने तट से दूर नहीं होती और मैं राज्य, विलासिता रत्न यहां तक कि स्वर्ग कुछ नहीं चाहता मैं तो बस आपकी आज्ञा का पालन करना चाहता हूँ। आपके पुण्यों की सौगन्ध मैं फल और जड़ें (कंद) खाकर और वन गुफा, नदी, तालाब और पेड़ देखकर आराम से बिता दूंगा। आप निश्चिन्त हो जायेंगे।

राजा दशरथ सिंहासन पर बेहोश पड़े हैं। कैकेयी पास बैठी हुई हैं और एक स्त्री राजा के पीछे खड़ी है तथा राम व लक्ष्मण और सीता सामने खड़े हैं।



سر کِ غصه راجه دشرته راجه از کردهٔ خود پشیمان شده سومنتر را فرمود که چترنگ لشکر ز
با اسلحه و اثواب زود طیار کن که با رامچندر بروند و عورات جوان و خوبرو با زر و زیورها
با پسر نوجوان سن البته همراه شوند و دوستانی که با رامچندر اخلاص دارند هم روانه کردند
و نوکران و خادمان نیز و آنها که خزانچی ها من اند همه زر را گرفته رفاقت نمایند و بر همان
که در شهر هنند و پهلوانان و رقاصان و سرانیدکان و افسانه گویان و کندهربان و
روندکان و نایکا یعنی دستک زنان برائی معاشرت رامچندر همراه او باشند و دانندکان
راه صحرا و بهایم خانگی و افیال وغیره رفیق شوند که در انجا تفرج کنان خانه را یاد نکنند
و انچه دولت و اقبال منست همه همراه برود بهرت بارکهان اجودهیا را محافظت خواهد نمود
تا که رامچندر باز آید راجه بدیکونه میگفت کیکئی از غصه براجه گفت برداده باز چرا دروغ گو
میشوی چنانچه کسی شراب خورده بخشیده باشد راجه کفت پس تو این راج را نگاهدار
مرا بار بار چه میکوئی کیکئی کفت مهاراب چرا میکنی سکر زرک تو پسر کلان را بصحرا بدر کرد
که اسمنج نام داشت راجه در غم بود که سدهارته نام وزیر جواب داد و گفت اسمنج را
سکر بواسطهٔ بدر کردهٔ و خانه رعایا را ویران میکرد و طفلان را در دریا سرجو می انداخت
بنابران رعایا نزد راجه سکر فریاد کردند که یا تنها اسمنج پسر خود را بدر کن یا مایانرا
بگذار بنابران سکر اسمنج را بدر کرده بود و رامچندر هنرمند و کلان و دهرماتماست

सर्ग-४०

राजा दशरथ का क्रोध

राजा ने अपने किये पर लज्जित होकर सुमन्त्र से कहा कि मेरी चतुरंगिणी सेना हथियार और वस्त्रों के साथ शीघ्र तैयार करो, वह रामचन्द्र के साथ जायें। किशोर व सुन्दर स्त्रियां, धन व रत्न और आभूषण सहित मेरे नवयुवक पुत्र के साथ अवश्य जायें। वह मित्र भी जो रामचन्द्र के शुभचिन्तक हैं प्रस्थान करें और नौकर सेवक भी तथा मेरे कोषाध्यक्ष भी। सारा धन लेकर साथ जायें। जो ब्राह्मण शहर में हैं और पहलवान, नर्तक, ब्राह्मण कवि, कथाकार, और दस्तक देने वाले रामचन्द्र के साथ रहने के लिए सब उनके साथ जायें। वन का मार्ग जानने वाले, पालतू पशु और हाथी आदि साथ रहे ताकि वहां उनकी क्रियाकलापों को देखते हुए घर की याद न आये। भरत ऋषि के साथ अयोध्या की रक्षा करेंगे यहां तक कि रामचन्द्र वापस आ जायें,राजा इस प्रकार कह रहे थे कि कैकेयी ने क्रोध से कहा राजा आपने वचन दिया है फिर पूरा क्यों नहीं कर रहे हैं जैसे किसी ने शराब पीकर दिया हो। राजा ने कहा बस तू ही राज्य चला मुझे बार-बार क्यों कहती है। कैकेयी ने कहा रुष्ट क्यों हो रहे हो, आप श्रेष्ठ पुरुष सगर ने अपने पुत्र को वन भेज दिया था जिसका नाम असमंज था राजा दुखी था कि सिद्धार्थ मंत्री ने उत्तर दिया और कहा असमंज को सगर ने इसलिए देश निकाला दिया था कि वह प्रजा का घर नष्ट करता था और बच्चों को सरयू नदी में डाल देता था। इस कारण प्रजा ने राजा सगर के सामने फरियाद किया कि या तो अपने पुत्र असमंज को देश निकाला दीजिये या राज्य छोड़ दीजिये इस कारण सगर ने असमंज को देश निकाला दे दिया था जबकि रामचन्द्र गुणी, बड़े और धर्मात्मा हैं।

کیکئی بار دیگر گفت رامچندر خود بخود راج و راحت گذاشته میرود راجه تو خود

با بهرت با آسایش بمان و بگذران در اینجا صورت راجه دشرتهه بر سنگهاسن بطور سابق و

صورت کیکئی نیز بهمانطور و صورت سومنتر و سدهارتهه وزیر هر دو دست بسته

ایستاده و رام و لچهمن و سیتا روبرو ایستاده



कैकयी ने पुनः कहा रामचन्द्र स्वयं राज्य और विलासिता छोड़कर जा रहे हैं तथा राजा आप स्वयं भरत के साथ आराम से रहिये और जीवन व्यतीत कीजिये।

राजा दशरथ का चित्र जो सिंहासन पर यथावत् बैठे हुए हैं कैकेयी का चित्र भी इसी प्रकार है। सोमन्त्र और सिद्धार्थ मंत्री का चित्र दोनों दायें बाएं हाथ पर खड़े हैं और राम, लक्ष्मण एवं सीता सामने खड़े हैं।



سرگفتار رامچندر گفتار کیکئی و جواب را شنیده رامچندر گفت من این راج و آسایش را
گذاشته بصحرا میروم مرا با دولت و مردم وغیره اشیا چکار مرا تا چهارده سال در
صحرا باید بود درین اثنا کیکئی بی‌شرم چیر یعنی پارچه پوشش فقرا خود آورده و برامچندر
داد که بحضور همگنان بپوش رامچندر آنرا از دست کیکئی بگرفت و جامهای قیمتی از تن
بدر کرده آن چیر را پوشید و بهمین آئین لچهمن هم جامه‌ها را بدر کرده بحضور پدر چیر پوشید
بعد ازان سیتا چیر را از دست کیکئی بگرفت و بطریق گریه رامچندر را گفت منتشران
باشندگان صحرا چگونه چیر می‌بندند این را گفته از بیهوشی یک گره در گلوئی خود بسته
بایستاد و منفعل ماند درین اثنا رامچندر نزدیک آمده و بالائی پارچه خوب او آن چیر به بست
اینحالت را دیده بشست که پیر و مرشد یعنی پروهت همه است به کیکئی گفت ای گنه‌کار
سفله نسب راجه را بفریب و دغا دادی سیتا را بصحرا نباید رفت رامچندر از حکم پدر
اگر میرود برود و اگر از محبت شوهر میرود ما همه میرویم و تمام شهر میرود نوکران
و اهل سلطنت میروند و بهرت و ستر گهن هم چیر را بسته عقب رامچندر میروند در شهر خالی
تو تنها راج کن اگرچه تو برای پسر خود که بهرت است این کار نموده و عذاب کرده او هرگز
نخواهد نمود و عوض پیرایهائی نیکو سنه را چیر دادی این سزاوار نیست تنها رامچندر را
رفتن صحرا مقرر است سیتا با پیرایه‌هائی خود همراه او خواهد بود و الطمعه و اشربه خوب

सर्ग–४१

रामचन्द्र की वार्ता

कैकेयी की बात और उत्तर सुनकर रामचन्द्र ने कहा मैं यह राज्य और ऐश्वर्य का जीवन छोड़कर वन को जा रहा हूँ। मुझे धन, दौलत, व्यक्ति और वस्तुओं आदि से क्या सम्बन्ध। मुझे चौदह वर्ष तक वन में रहना है। इस मध्य कैकेयी लज्जावश भिक्षुओं वाला वस्त्र स्वयं लेकर आई और रामचन्द्र को दिया कि सबके सम्मुख इसे धारण करो। रामचन्द्र ने उसे कैकेयी के हाथ से ले लिया और मूल्यवान वस्त्र शरीर से उतारकर वह भिक्षुओं वाला वस्त्र पहन लिया। इसी प्रकार लक्ष्मण ने भी सारे वस्त्र उतारकर पिता के सामने पुराना कपड़ा पहना। उसके पश्चात् सीता ने पुराना वस्त्र कैकेयी के हाथ से लिया और रोते हुए रामचन्द्र से कहा वन के निवासी मुनीश्वर किस प्रकार चर अर्थात् भिक्षुओं का वस्त्र पहनते हैं यह कहते हुए अर्धमूर्छित अवस्था में अपने गले में एक गाँठ लगाकर खड़ी हो गयी और बेचैन व प्रभावित हुई। इसी मध्य रामचन्द्र निकट आये और उनके सुन्दर वस्त्र के ऊपर वह चर बाँध दिया यह स्थिति देखकर वशिष्ठ ने जो पूर्वज अर्थात् सबके पुरोहित हैं ने कैकेयी से कहा ऐ पापी ! तुच्छ परिवार वाली तूने राजा के साथ छल से विश्वासघात किया। सीता का वन में जाना उपयुक्त नहीं है। रामचन्द्र यदि पिता के आदेश से जाते हैं तो जायें और यदि सीता पति के प्रेम में जा रही है तो हम सब चलते हैं, समस्त नगर जायेगा, सेवक और समस्त राज्यवासी जायेंगे तथा भरत और शत्रुघ्न भी चर बाँधकर रामचन्द्र के पीछे जायेंगे निर्जन नगर में तू अकेली राज्य कर। यद्यपि तूने अपने पुत्र भरत के लिये यह कार्य किया है और पाप किया है परन्तु वह कदापि नहीं करेगा और अच्छे वस्त्रों के बदले तूने सबको चर दिया यह उचित नहीं है। रामचन्द्र का अकेले वन जाना निश्चित है।

و پرستاران نکو و پارچه گران قیمت با سیتا باشند نه چرا اما سیتا که خواهان خواهش شوهر
بود آز او دور نکرد مردم چون آنحالت دیدند راجه دشرتهه بد گفتن گرفتند راجه دم سرد
کشید بکیکئی گفت تنها رفتن رامچندر را برگرفته نه لچهمن و سیتا را ای بدطریق زشت آخر
اینها را چرا چرا داد راجه دشرتهه همین طور سخنان میگفت که رامچندر عازم صحرا شد و سمنترو کرده
عرض کرد که کوشلا مادر من ریاضت کش ست و پیر است و از هجر من در دریا غم
غرق و پیش ازین غم جدائی پسر کاهی ندیده از رحمتی که بر نست او را خواهید دید چنان نشود
که از جدائی من بخانه جم برود یعنی بمیرد راجه در لباس منیشران این سخن از رامچندر شنیده
جواب نتوانست داد ساعتی در فکر شده از غم گریه کرده گفت من پیش ازین در جنم دیگر
پسر از جدا کرده باشم و بسیاران کشته باشم که اینحالت مرا پیش آمده لعنت بر من بحیاست
که مغلوب عورت شدم راست گفته اند دانایان که نافهمیده بر ند هند بتخصیص سنگدلان
و عورات را نیک کردار ازا چنین معامله روند بد چنانچه مرا رو داد آرزو دارم که بمیرم
زیرا که مردم را مردن در غم از رفتن پسر خوبتر بود و لیکن بی هنگام مرگ هرگز نشود فرزند
عزیز را بصحرا فرستادم چرا جگر من نمیدرد هنگام ناز و پرورش او بود من بتصدیع
کمان حکم فرموده‌ام و هنگام مراست این بگفت و نام رام گرفته خاموش شد و بیهوش افتاد
بعد از ساعتی بخود آمده بسومنتر فرمود که رتهه من طیار کرده بیار که برو سوار شده رامچندر

सीता अपने वस्त्रों समेत उनके साथ रहेगी। अच्छी खाने पीने की वस्तुएँ सज्जनता की देवी सीता के साथ मूल्यवान वस्त्र होंगे न कि चीर। उन्होंने सीता को जो अपने पति की इच्छा चाहती थी उसको अलग नहीं किया। लोगों ने जब यह स्थिति देखी तो राजा दशरथ को दोषी कहने लगे। राजा ने ठण्डी सांस खींचकर कहा तूने रामचन्द्र के अकेले जाने का वचन लिया है न कि सीता व लक्ष्मण का। ऐ कुलक्षणी ! तूने इन लोगों को चर क्यों दिया ?राजा दशरथ यही बात कर रहे थे कि रामचन्द्र वन जाने को तैयार हुए और शीश झुकाकर कहा कि मेरी माता कौशल्या तपस्विनी हैं और वृद्ध हैं और मेरे वियोग में दुख के सागर में डूबी हैं। इससे पूर्व उन्होंने पुत्र के वियोग का दुख कभी नहीं देखा। आप उसी कृपा दृष्टि से जो मुझ पर है उसको देखेंगे। ऐसा न हो मेरे वियोग में वह यम के घर चली जाये अर्थात् मर जायें। राजा मुनीश्वरों के वेष में रामचन्द्र की यह बात सुनकर उत्तर नहीं दे सके। थोड़ी देर चिन्तित रहकर दुख के कारण रोते हुए कहा ''मैंने उससे पहले दूसरे जन्म में उसके पुत्र को अलग किया होगा और बहुत लोगों का वध किया होगा जिससे मेरी यह स्थिति हुई। मुझ निर्लज्ज पर धिक्कार है कि मैं स्त्री से पराजित हो गया। बुद्धिमानों ने सत्य कहा है बिना समझे हुए वचन नहीं देना चाहिए। विशेष रूप से कठोर हृदय वालों और स्त्रियों को चरित्रवान के साथ ऐसी घटना नहीं होती जैसा कि मेरे साथ हुई मेरी इच्छा है कि मैं मर जाऊँ क्योंकि लोगों के लिए दुःख में मरना स्वर्ग में जाने से उचित होता है। लेकिन असमय मृत्यु कदापि नहीं आती। मैंने अपने प्रिय पुत्र को वन में भेज दिया। मेरा हृदय फटता क्यों नही है यह समय तो उसके पालन करने और उसके लाड़ प्यार करने का था, लेकिन मैंने बड़ी निर्दयता से यह आदेश दिया। मुझ पर धिक्कार है।'' यह कहते हुए राम का नाम लेकर शान्त हो गये और बेहोश होकर गिर पड़े। एक घड़ी बाद होश में आकर सुमंत्र से कहा कि मेरा रथ तैयार करके लाओ ताकि उस पर सवार होकर रामचन्द्र के पास जायें सुमंत्र ने रथ तैयार करके हाथ जोड़कर निवेदन किया राजा ने कहा मेरे महल

بصحرا برود سومنتر رتهه را طیار کرده دست بسته عرض نمود راجه فرمود از خانه من
اثواب و پارچه خوب و پیرایه های اسلوب مطابق حساب چهارده سال برای سیتا
بدهند بموجب حکم راجه توشکچی بعمل آورد سیتا آن پارچه پوشیده چنانچه آفتاب در روز
ورش شود نمودار و زیبنده شد صورت راجه دشرتهه بر سنگهاسن نشسته و کیکئی نزدیک
چهاردهم
راجه زیر تخت نشسته و رام و لچهمن چیر یعنی لباس فقرا در بر کرده ایستاده و سیتا هم چیر میپوشد

و یک گره چیر در کلو بسته و رام گره دیگر جا میدهد



से अच्छे वस्त्र लाकर चौदह वर्ष तक के लिए सीता के लिए दे दो। भण्डार घर के अधिकारी ने राजा के आदेश का पालन किया। सीता वह वस्त्र पहनकर ऐसी सुन्दर और सुसज्जित हो गयी जैसे कि दिन में सूर्य निकला हो।

राजा दशरथ का चित्र सिंहासन पर बैठे हुए कैकयी राजा के निकट तख्त के नीचे बैठी हुई है। राम लक्ष्मण चीर अर्थात् भिक्षुकों का वस्त्र धारण किये हुए खड़े हैं सीता भी चीर पहने हुए हैं तथा एक गाँठ चीर गले में बाँध रखा है और राम दूसरे स्थान पर गाँठ लगा रहे हैं।



۴۴ **سرگ وداع رام** کوشلا سیتا را پارچه و پیرایه پوشیده دیده از مهر سر او بوسید و گفت
تو در صحرا با رامچندر میروی و دولتمند زاده و ناز پرورده و از مستی و کبر و خوبی جوانی
که خوی عورات است پسر مرا محقر نشمری زیرا که شوهر خداوندست عورات را باید که چنان
خدمت کنی که مرا یاد نکنند نه زنان را کسی دشمن است و نه دوست آنچه در خاطر ایشان آید بکنند
باد را بند و آتش را مسخر توان کرد اما دل زنان که همیشه بیقرار است نتوان گرفت اما شوهر
خواه دانا باشد خواه نادان هر که خدمت شوهر کند عاقبت بسرگ رود سیتا دست بسته گفت
آنچه میفرمائی همچنان خواهم کرد هنگام انعقاد و ازدواج من چنان عهد شده که اگر از کوه
افتادن باشد یا در آتش رفتن مرا گفته شوهر باید کرد رامچندر گرو یعنی استاد و شوهر
و خداوند منست درین شک نیست چنان خدمت خواهم نمود که راج وغیره را یاد نکند
کوشلا گفت این از تو عجب نیست و خدمت لچهمن زیاده تر از رامچندر خواهی نمود
بدینگونه بسیتا گفته رامچندر را گفت بر سیتا مهربان خواهی بود و لچهمن را عزیز خواهی
داشت رامچندر گفت لچهمن دست راست منست و سیتا سایه من اینها را چگونه خواهم
گذاشت و هر گاه من کمان و تیر گرفته بایستم از والی تسه لوک آندر هم دهشت ندارم
و این چهارده سال حکم راجه بسرعت میگذرد چنانچه یکروز باشد و اینک از صحرا باز می آیم
اینقدر بوالده خود گفت بعد سیصد و پنجاه والده های خود را دید و دست بسته با آنها گفت

सर्ग–४४

राम की विदाई

कौशल्या ने सीता को पारचा और पैराया (भिक्षुओं वाला वस्त्र) पहने हुए देखकर प्रेमपूर्वक उसके सर का चुम्बन लेकर कहा ''तू रामचन्द्र के साथ वन जा रही है तेरा धन व ऐश्वर्य में लालन-पालन हुआ है और जवानी के गुणों से पूर्ण मस्ती की, जो स्त्रियों का स्वभाव है। तू मेरे पुत्र को तुच्छ नहीं मानती क्योंकि पति स्त्रियों का भगवान है। तुझे चाहिए कि तू राम की ऐसी सेवा करे कि वह मुझे याद न करे। स्त्रियों का न कोई शत्रु है और न मित्र। उनके मन में जो आता है यह वही करती हैं। वायु को बन्द और अग्नि को नियन्त्रण में किया जा सकता है, लेकिन स्त्रियों का हृदय जो सदा व्याकुल रहता है उसे नियन्त्रित नहीं किया जा सकता, पति चाहे वह बुद्धिमान हो। जो स्त्री भी पति की सेवा करेगी अन्त में वह स्वर्ग में जायेगी।'' सीता ने हाथ जोड़कर कहा जो कुछ आप कह रही हैं मैं वही करूँगी। मेरे विवाह के समय यही प्रण हुआ है कि चाहे पर्वत से गिरना पड़े या अग्नि में चलना पड़े, मुझे पति की आज्ञा का पालन करना होगा। रामचन्द्र गुरू अर्थात् मेरे शिक्षक, पति और भगवान हैं इसमें कोई संदेह नहीं मैं उनकी ऐसी सेवा करूँगी कि वह राज्य आदि को याद नहीं करेंगे। कौशल्या ने कहा तुमसे यह आश्चर्य नहीं है और तू लक्ष्मण की सेवा रामचन्द्र से भी अधिक करेगी। सीता से इस प्रकार की बात करते हुए उन्होंने रामचन्द्र से कहा, तुम सीता के प्रति दयालु रहोगे और लक्ष्मण को प्रिय रखोगे। रामचन्द्र ने कहा, लक्ष्मण मेरा सहयोगी है और सीता मेरा साया हैं मैं भला उन्हें कैसे छोड़ सकता हूँ ? जिस समय मैं धनुष बाण लेकर खड़ा हूँगा तो उस समय तीनों लोक के मालिक इन्द्र से भी नहीं डरूँगा और राजा के आदेश के यह चौदह वर्ष शीघ्र बीत जायेंगे। और मैं शीघ्र ही वन से वापस आ जाऊँगा माता से उन्होंने इतना कहा। उसके बाद उन्होंने अपनी तीन हजार पचास माताओं के दर्शन किये और उनसे हाथ जोड़कर कहा।

اکر کناهی دانسته نادانسته کرده باشم عفو فرمایید آنها شکل جماعهٔ کلستان شغنی

نمودند و اجازت دادند صورت رام و لچهمن و سیتا بطور سابق و لباس سابق و صورت

کوشلا مادر رام و صورت دو سه عورت دیگر مو پریشان کرده و رام وغیره نمسکار میکنند و رخصت میشوند



''यदि मैंने जानबूझकर या अनजाने में कोई पाप किया हो तो क्षमा कर दें।

राम लक्ष्मण और सीता का चित्र पहले के समान और पहले के वस्त्र में। राम की माता कौशल्या का चित्र और दो तीन दूसरी स्त्रियों का चित्र जो बाल बिखेरे राम आदि को नमस्कार कर रही है और विदा हो रही है।



سرگفتار سومنتر بعد از ان سیتا و رام و لچهمن نزدیک راجه رفته پردچهنان راجه
کروند یعنی گرد گشتند بعد و لچهمن سومترا مادر خود را قدم گرفت او از محبت سرش را
گرفته دعا کرده گفت بی آفت براه خواهی رفت و بخدمت مشغول خواهی شد و تو مرا با برادران
خود از گناه خلاصی دادی زیراکه مرا و عورت خود را گذاشته همراه رامچندر قدم نهادی
او مر شد و برادر کلان و گرو یعنی پیر تست رامچندر را بجای دشرتهه خواهی دید و سیتا را
بجای من خواهی فهمید و صحرا بجای اجودهیا خواهی پسندید بعد از ان برامچندر گفت
که محافظت لچهمن خواهی کرد که این خادم تست رامچندر گفت همچنان خواهد شد درین اثنا
سومنتر گفت رتهه طیار است سوار شو هر جا که فرمایی ببرم تا چهارده سال ترا در صحرا باید بود
نخست سیتا بخرمی پیرایه و پارچه پوشیده با شوهر سوار گردید و مقدار ایام بودن صحرا
ثوب و پارچه نزدیک نهاد و همچنان اسلحها و ترکشها و کوچه یعنی جوشنها بار کردند بعده
رامچندر و لچهمن هر دو برادر سوار گشتند و سومنتر اسپان را راند و مردم شهر تمام همراه رامچندر
دویدند پیش و پس یمین و یسار از دهام کسان بود و میگفتند ای سارتهی اندکی آهسته ران
که روی رامچندر را ببینیم این دل مایان مثل قمر میبرد و باز کی از صحرا خواهد آمد و کی این را خواهیم دید
تنها سیتا نیکو کار است که مثل سایه رام با رام میرود و با لچهمن نیک کردار است که بخدمت
برادر کلان مستعد گشته این نوع مردم میگفتند ناگاه راجه دشرتهه خود با هجوم عورات

सर्ग-४५

सुमंत्र की वार्ता

उसके बाद राम, लक्ष्मण और सीता ने राजा के निकट जाकर उनके चारों ओर चक्कर लगाया। उसके बाद लक्ष्मण ने अपनी माता सुमित्रा के पांव छुए। उसने प्रेम से उनका सर पकड़कर आशीर्वाद देते हुए कहा "तुम बिना किसी विपदा के मार्ग पर जाओ और सेवा में व्यस्त रहो, तुमने मुझे अपने भाइयों के साथ पाप से मुक्ति दी। क्योंकि तुमने मुझे और अपनी पत्नी को छोड़कर रामचन्द्र का साथ दिया। वह तुम्हारे मुनि, बड़े भाई और गुरू हैं तुम रामचन्द्र को दशरथ के स्थान पर मानोगे और मेरा स्थान सीता को दोगे तथा अयोध्या के स्थान पर वन को प्रिय रखोगे। इसके बाद उन्होंने रामचन्द्र से कहा कि तुम लक्ष्मण की रक्षा करोगे कि वह तुम्हारा सेवक है। रामचन्द्र ने कहा कि ऐसा ही होगा इसी मध्य सुमंत्र ने कहा रथ तैयार है सवार हो जाइये। जहाँ आप कहेंगे ले जाऊँगा। चौदह वर्ष तक आपको वन में रहना होगा। सबसे पहले सीता प्रसन्नतापूर्वक पैराया व पारचा (भिक्षुकों का वस्त्र) धारण कर पति के साथ सवार हुईं और वन में रहने के दिनों के सामान, कपड़े और पारचे निकट रख लिये। इसी प्रकार हथियार, बाण और कवच रख लिये। फिर रामचन्द्र और लक्ष्मण दोनों भाई सवार हुए, सुमन्त्र ने घोड़ों को बढ़ाया और शहर के सारे लोग रामचन्द्र के साथ दौड़े, आगे, पीछे, दाएँ, बाएँ लोगों का समूह था वे सब कह रहे थे "हे सारथी ! तनिक धीरे-धीरे रथ चलाओ ताकि हम रामचन्द्र का मुख देखें। यह हम लोगों का हृदय जो चन्द्रमा के समान है, ले जा रहे हैं और भगवान जाने फिर कब वन से वापस आयेंगे तथा कब हम उन्हें देखेंगे। अकेले सीता भाग्यशाली हैं कि राम की छाया के समान राम के साथ जा रही हैं, या लक्ष्मण सज्जन हैं कि बड़े भाई की सेवा पर तैनात हो गये हैं। लोग इस प्रकार की बातें कर रहे थे अचानक राजा दशरथ स्वयं स्त्रियों के समूह में अपने पुत्र को देखने के लिये ऐसे बाहर निकले।

برائی دیدن پسر برآمد چنانچه ماه کلف گرفته نماید آوازه خلایق می شنید کسی میگفت
یا رام کسی میگفت یا سیتا کسی میخواند یا لچهمن رامچندر ببارتهی گفت تا مادران و راجه را
مرا از دیدن من تصدیع نشود رتهه را زود بران راجه عقب می آید بشست وغیره برهمنان
گفتند اگر میخواهید که رام بار دیگر شتاب ببینید همراه او تا دور روید راجه گفته آنها
شنیده باگریه تمام بر مکان بایستاد درینجا صورت رتهه مع اسپان خوب و رام و لچهمن و سیتا
بر سوار اند و سومنتر رتهبان و صورت زنان که گریه کنان عقب میروند و راجه و بشست ایستاده رام را می بینند

و مینالد



जैसे कि चन्द्रमा पर ग्रहण लगा हुआ दिखता है। वह लोगों की आवाज़े सुन रहे थे कोई कह रहा था हे राम ! कोई कह रहा था। हे सीता ! कोई कहता था हे लक्ष्मण ! रामचन्द्र ने सारथी से कहा ! रथ को शीघ्र ले चलो ताकि मेरी माताओं और मेरे पिता राजा को मेरे देखने से कष्ट और दुख न हो, राजा पीछे आ रहे हैं। वशिष्ट आदि ब्राह्मणों ने कहा यदि आप चाहते हैं कि राम को पुनः शीघ्र देखें तो उनके साथ दूर तक न जायें। राजा उनकी बात सुनकर रोते हुए अपने स्थान पर खड़े रह गये।

रथ का चित्र श्रेष्ठ घोड़ों के साथ, राम, लक्ष्मण और सीता उस पर सवार हैं और रथवान सुमंत्र भी तथा स्त्रियों का चित्र जो रोती हुई पीछे-पीछे चल रही हैं। राजा और वशिष्ठ खड़े राम को देख रहे हैं एवं रो रहे हैं।



۲۹

مرگ شوهر زنان بعد روان شدن رامچندر زنان محل شور گریه کردند و گفتند

رامچندر رامچندر

که رامچندر تکیه و پناه ماست کجا میرود و شجاع و راست رو عالم و دهرم دان و رزم کو و به تسلیم سخن پدر آن

کجا میرود بدینگونه مادران رامچندر با یکدیگر دست برداشته بشور فریاد میکردند و مردم شهر اکن

ها با بچه

هوتر نمیکردند با وجودیکه آفتاب بغروب رسیده بود و افیال پوشش خود انداخته و گاو با وجه

نمودند

در ساخته و سکر یعنی زهره سرخ بنظر می آمد و برسپت یعنی مشتری و سنیچر یعنی زحل غمناک مینما

آمد

و سوم یعنی ماه بتصدیع بود و همه کواکب را ضیا به تنزل بود و بساکها نچهتر ظلمات آلوده بر فلک نظر می

بود

و کسان شهر بخوردن و بازی کردن دل نمیکردند گویا هم شهر برهم شده بود و اطراف به تیرگی اندوده

محبت

و باد سرد بود و نماه خالی از گردونه آفتاب از برودت فرد زنان را بشوهران رغبت و نه شوهر از زنان

صورت خانه راجه و صورت سیاه و

آشنایان رامچندر خود دیوانه شده بودند همه کس کیکئی را زشت میگفتند و راجه را نیز

مادران رام و دیگر زنان محل دست برداشته موی پریشان کرده و صورت شب ستاره سکر سرخ و ماه



सर्ग-४६

स्त्रियों का कोलाहल

रामचन्द्र के चले जाने के बाद महल की स्त्रियों ने रोना आरम्भ किया और कहा कि रामचन्द्र हमारा सहारा हैं। कहा जाता है जो वीर संसार में सीधे मार्ग पर चलने वाला, धर्म जानने वाला, नम्रतापूर्वक वार्ता करने वाला और मुस्कुराते हुए बातें करने वाला है, वह रामचन्द्र कहा जाता है। इस प्रकार रामचन्द्र की माताएँ एक दूसरे से हाथ उठाकर चीख पुकार और फ़रियाद कर रही थीं तथा शहर के लोग सो नहीं रहे थे जबकि सूर्य अस्त हो चुका था। हाथी अपना परिधान उतार चुके थे और गायें अपने बच्चों से चिपट चुकी थीं। शुक्र ग्रह लाल दिखाई देने लगा था। समस्त ग्रह दुखी दिखाई दे रहे थे, चन्द्रमा दुखी था, सारे सितारों का प्रकाश धीमा पड़ चुका था और विशाखा नक्षत्र आकाश पर अंधेरे के समान लग रहा था। शहर के लोगों का दिल खाने, खेलने-कूदने में नहीं लग रहा था, सारा शहर शोक में डूबा था और चारों ओर दुख छाया हुआ था। हवा ठण्डी थी न स्त्रियों को पतियों की इच्छा थी न पतियों को पत्नियों का प्रेम। रामचन्द्र के परिचित दीवाने हो चुके थे सबके सब कैकेयी को बुरा कह रहे थे और राजा को भी।

राजा के महल का चित्र और राम की माताओं तथा महल की दूसरी स्त्रियों का चित्र। हाथ उठाए हुए बाल बिखराये हुए और रात, लाल शुक्र और काले ग्रह का चित्र।



سر کی اضطراب راجه دشرتهه تا که رتهه رامچندر را میدید پلک باهم نزد نگاه کرد او
بنظر نیامد بیهوش شده بر افتاد سمت دست راست او کوشلا رسید و سمت دست چپ او
کیکئی کردید راجه بکیکئی گفت روی تو نمی بینم تو فقط حریص و طامع هستی و دبرم گذاشته
بگذار راجه خاک آلوده از زمین برخاسته بگفت مردم پیاده ها بنظر می آیند و رامچندر
دیده نمیشود آن نوجوان و غریب نما و سرخ حدقه چشم ماه رو و کشاده سینه و دراز دست
و اسد خرام و مثل کوهه کاو کتف او و دارنده سیاه اجن گویا دیوتا از آسمان فرود آمده
اینچنین رامچندر بنظر نمی آید کیکئی تو خرم شو که راجه از جهان میرود بدینگونه راجه گریه کرده
در قلعه ارک داخل شد و فرمود که مرا در خانه کوشلا ببرید القصه داخل خانه کوشلا
خالی از رام و لچهمن و سیتا دیده دست برداشته بشور گریه نمود چون نیم شب بگذشت
راجه بکوشلا گفت ای کوشلا من ترا نمی بینم دست خود بر من بگذار که نظر از روی
دل در رام رفته است و بر نمیگردد این را شنیده کوشلا زیاده تر گریه کردن گرفت

سر کی اضطراب کوشلا ۴۸ کوشلا براجه گفت رام را بصحرا فرستاده کیکئی را آرزوی دلخواه
بر آمده است و مرا خواهد ترسانید رام اگر درین شهر بودی کلاکری کردی اینطور برهم
چرخ آرزو بود نواز گفته او رام و لچهمن و سیتا را بصحرا فرستادی کی ایام بودن ب
صحرا آخر خواهد شد و هر دو پسر و سیتا را کی خواهم دید و کی دختران شهر او شانرا

सर्ग-४७

राजा दशरथ की व्याकुलता

राजा दशरथ ने जब तक रामचन्द्र का रथ दिखाई देता रहा पलक नहीं झपकाई। जैसे ही वह आँखों से ओझल हुआ बेहोश होकर गिर पड़े उनके दाहिनी ओर कौशल्या पहुँची और बाईं ओर कैकेयी गईं। राजा ने कैकेयी से कहा मैं तेरा मुख नहीं देखूँगा। तू केवल लालची, ईर्ष्या से पूर्ण है। तूने धर्म छोड़ दिया है। राजा मिट्टी से भरे हुए भूमि से उठकर कह रहे थे मुझे पैदल लोग दिखाई दे रहे हैं परन्तु रामचन्द्र दिखाई नहीं दे रहे हैं। वह युवक, गरीबों का पालक, लाल आंखों वाला, चन्द्रमा के समान, चौड़े सीने वाला, लम्बे हाथों वाला, शेर की चाल चलने वाला, उसके कन्धे पहाड़ के समान ऊँचे, काले केश वाला जैसे आकाश से देवता नीचे उतर आये हैं ऐसे रामचन्द्र मुझे दिखाई नहीं दे रहे हैं। कैकेयी तू प्रसन्न हो जा कि राजा संसार से जा रहा है। इसी प्रकार राजा रोते हुए अरक किले में प्रविष्ट हुए और कहा मुझे कौशल्या के महल में ले चलो। कौशल्या के महल में प्रविष्ठ होकर उसे राम, लक्ष्मण और सीता से खाली देखकर हाथ उठाकर विलाप करने लगे तथा मन चंचल होने लगा। जब आधी रात बीत गई तो राजा ने कौशल्या से कहा हे कौशल्या ! मैं तुझे देख नहीं पा रहा हूँ तू मुझ पर अपना हाथ रख, क्योंकि दृष्टि हृदय की ओर से राम के साथ जा चुकी है और वापस नहीं आ रही है। यह सुनकर कौशल्या ने और अधिक रोना आरंभ कर दिया।

सर्ग-४८

कौशल्या की व्याकुलता

कौशल्या ने राजा से कहा, राम को वन में भेजकर कैकेयी के मन की इच्छा पूरी हो गयी है। अब वह मुझे भयभीत करेगी। यदि राम इसी शहर में होते और भिक्षाटन करते इस निर्दयी आकाश की यही इच्छा थी। आपने उसके कहने से राम लक्ष्मण और सीता को वन में भेज दिया। वन में रहने की अवधि कब पूरी होगी और मैं दोनों पुत्रों और सीता को कब देखूँगी और कब वह शुभ अवसर प्राप्त होगा।

دیده شرم خواهند نمود و رام را دیده کی به برهمنان بخشش خواهم نمود بیشک من
کم طالعم که پسر من بصحرا رفت سرگ ۴۹ احوال رام بلچهمن خاموش میرفت و برهمنان
وغیره مردم از عقب میگفتند که باز گردد و بهکت هستیم و بازگشتن تو میخواهیم و گذاشتن
گفته بهگتان تو خود میدانی که چطور هست همین نوع کلمات میگفتند و رام ساکت بود
و میرفت چون قدری راه نوشتند برکنار دریائی تمسا رسیدند رامچندر دریا را دیده
به لچهمن چنان گفت اول شب است در صحرا باید بود و یاد خانه نباید نمود و ببین تمام جنگل
غم انگیز که بهایم و طیور همه بیدل اند حالا اجودهیا مکان سلطنت پدر من با تمام مرد و زن
در فکرت خواهد بود مردم با من و تو و بهرت و شترگهن متعلق اند و مرا فکر مادر و پدر راست
که از گریه نابینا نشوند بهرت دهرماتما هر آئینه مادر و پدر را بگفتار تسلی خواهد نمود ازین باره
خاطر من اطمینان می یابد فی الجمله امشب همین جا منزل کنیم اینچنین بخاطر من میگذرد و لچهمن را
چنین گفته بسومنتر سارتهی گفت اسپان را از رتهه بکشا القصه منزل کردند رامچندر سندهیا
یعنی پرستش شام نمود و سومنتر و لچهمن برائی خواب رامچندر از گیاه وغیره خوابگاه ساختند
رامچندر از مصلحت لچهمن با سیتا در انجا بنشست لچهمن خود آب آورده پائی رامچندر را
بشست و بعده پائی سیتا را بشست بعده لچهمن با سومنتر خوبی و خوبیهای رام بیان
کردن گرفت و رام با جمیع مردم شهر و هجوم بر ساحل تمسا بر خوابگاه خود خواب کرد و لچهمن

शहर की कन्याएं उन्हें देखकर लजाएँगी और कब मैं राम को देखकर ब्राह्मणों को दान दूंगी। निःसन्देह मैं दुखी हूँ कि मेरा पुत्र वन चला गया।

सर्ग-४६

परिस्थितियाँ

राम लक्ष्मण के साथ शान्ति से चल रहे थे और ब्राह्मण आदि लोग पीछे से कह रहे थे कि फिर लौट कर आयें हम तो भगत हैं, तथा आपकी वापसी के इच्छुक हैं। भक्तों की कही हुई बात को न मानना, आप स्वयं जानते हैं कि, कैसा है। इसी प्रकार की बातें कर रहे थे और राम शान्ति से चले जा रहे थे। जब अधिक मार्ग तय हो गया तब तसमा नदी के किनारे पर पहुँचे। वहाँ रामचन्द्र ने नदी को देखकर लक्ष्मण से कहा ''वन में रहने की पहली रात्रि है और अपना घर याद नहीं करना चाहिए। देखो सारा वन दुखी है, पशु-पक्षी सब दुखी हैं। अब मेरे पिता की राज्य अयोध्या समस्त स्त्री पुरुष के साथ चिन्तित होंगे और लोग मुझसे, तुमसे, भरत और शत्रुघन से जुड़े हैं। मुझे माता-पिता की चिन्ता है कि रो-रोकर अन्धे न हो जायें। भरत धर्मात्मा निःसन्देह माता पिता को सान्त्वना देंगे इसी कारण मुझे पूर्ण सन्तुष्टि है। हम आज की रात यहीं रुकेंगे। मेरे हृदय में यही बात आ रही है। लक्ष्मण से यह कहकर सुमन्त्र सारथी से कहा ''घोड़ों को रथ से अलग कर दो'' सबने वहीं पड़ाव किया। रामचन्द्र ने शाम की पूजा (संध्या) की और सुमंत्र और लक्ष्मण ने रामचन्द्र के सोने के लिए घास-फूस से शयनकक्ष तैयार किया। रामचन्द्र लक्ष्मण का मन रखने के लिए सीता के साथ वहाँ बैठे। लक्ष्मण ने स्वयं जल लाकर रामचन्द्र के पांव धोए, फिर सीता के पाँव धोए और उसके बाद लक्ष्मण ने सुमंत्र से रामचन्द्र का गुणगान करना आरंभ किया। फिर राम शहर के समस्त लोगों और समूह के साथ तसमा के तट पर अपने खेमे में सोये।

و سار بنتی را تمام شب به بیداری و گفتن خوبیهائی رآم و هنرهایش بگذشت

درینجا صورت تمسا دریا و صورت رام و سیتا بر بستر کاه نشسته و رام با پیرایه برهمن
چرح و سیتا با پیرایه خوب و صورت لچهمن که پای رام و سیتا میشوند و صورت سومنتر رتهبا
و صورت رتهه که بر بسته پایه ایستاده و صورت اسپان که جدا کرده ایستاده گیاه میخورند



लक्ष्मण और सारथी की पूरी रात जागकर तथा रामचन्द्र का गुणगान करने में व्यतीत हुई।

तसमा नदी का चित्र और राम व सीता का चित्र जो घास के बिस्तर पर बैठे हुए हैं। राम फटे पुराने वस्त्र में और सीता सुन्दर वस्त्र में हैं और लक्ष्मण का चित्र जो राम व सीता के पाँव धो रहे हैं। सुमंत्र रथवान का चित्र और रथ का चित्र जो तीन पाए पर खड़ा है। घोड़ों का चित्र जो अलग कर दिये हैं और घास चर रहे हैं।



سرگ طیاری رتهه رامچندر بر خاسته غربت و کربت شهریان دیده سخن
نیک لچهمن بلچهمن گفت که ازینجا اراده رفتن بسمت خانه باید کرد تا که این مردم خفته اند
ما بر رتهه سوار شده برویم و بار بصحرا برویم تا مردم بگذارند و نوع دیگر بخاطر نمی آید لچهمن گفت
در خاطر من هم همین می آمد زود بر رتهه سوار شوند سومنتر رتهه را طیار کرده دست بسته
پیش آورد رام سوار شده برائی برگردانیدن مردم بسارتهی گفت رتهه را سمت اجودهیا ببر
بعد از دو گهری رتهه را باز گردان سومنتر همچنان بعمل آورد صبحی چون مردم برخاستند
دانستند که رامچندر برگشته بشهر رفت همه برگشته آمدند **سرگ رفتن رامچندر**
مردم بعد از رفتن رامچندر بخانه خود ها آمدند و با زنان و پسران خود ملاقات کردند دیدند
که گریه و زاری میگذارند کسی بر خوابگاه خواب نمیکرد و کسی را گویا متاع گمشده کسی از زائیده
شدن براور خوشحال نمیشود و میگفتند آن دریا نیکوکار و نیلوفر خوب است که آنجا رام است
کوهها و اشجارها و گلها گوناگون نیک اند که آنجا رام اقامت کند و بوقت هم بر درختان گل
و ثمر خواهند آمد چون رام خواهد رفت صحرا و کوهها هر جا که رامچندر خواهد بود بطریق ضیافت
پیش خواهند آمد او والی ماست و او پناه ماست هرآئینه عقب او خواهیم رفت بدینگونه زنان
بشوهران خود میگفتند کیکئی درینجا راج کند هرگاه ما زنده نخواهیم ماند پس پسر وزیر بچه کار
خواهد آمد و از رفتن رام راجه بسیار نخواهد زیست و از مردن او ادهرم خواهد شد آن کیکئی

सर्ग-५०

रामचन्द्र ने उठकर शहरवासियों के कष्ट और निर्धनता देखकर लक्ष्मण के साथ अच्छी-अच्छी बातें कीं, कि यहाँ से घर की ओर जाने का निश्चय करना चाहिए जब तक यह लोग सो रहे हैं हम रथ पर सवार होकर चलें और फिर वन की ओर चले ताकि लोग छोड़ दें दूसरी कोई बात मेरे मन में नहीं आ रही है। लक्ष्मण ने कहा मेरे मन में भी यही बात आ रही थी। शीघ्रता से रथ पर सवार हो सुमंत्र रथ को तैयार करके सामने लाया और राम ने सवार होकर लोगों को वापस करने के लिए सारथी से कहा। रथ को अयोध्या की ओर ले चलो उसके थोड़ी देर बाद रथ को फिर लौटा लेना। सुमंत्र ने यही किया जब सुबह लोग उठे तो यही समझा कि रामचन्द्र वापस शहर चले गये हैं, सब वापस आ गये।

सर्ग-५१

रामचन्द्र का जाना

लोग रामचन्द्र के जाने के बाद अपने-अपने घर आ गये और अपने पुत्रों तथा पत्नियों से भेंट की। देखा कि वह सब विलाप करना नहीं छोड़ रहे हैं कोई शयनकक्ष में नहीं सो रहा था। जैसे किसी का कोई सामान खो गया है। कोई अपने भाई के पैदा होने से प्रसन्न नहीं हो रहा है, लोग कह रहे थे कि वह नदी और नीलोफर अच्छे हैं जहाँ राम हैं। असमय भी वृक्षों पर फल फूल आयेंगे जब राम जायेंगे तो वन और पहाड़ जहां भी रामचन्द्र होंगे सब आवभगत करेंगे। वह हमारे मालिक हैं वह हमारा आश्रय हैं वास्तव में हम उनके पीछे जायेंगे स्त्रियाँ अपने पतियों से इस प्रकार कह रही थीं कैकेयी यहाँ राज करे जब हम जीवित नहीं रहेंगे तो फिर पुत्र और धन किस काम आयेगा?राम के जाने से राजा अधिक दिन जीवित नहीं रहेगें ।और उसके मरने से अधर्म होगा। वह कैकेयी

له پسر و شوهر را از حرص گذاشت ما را چگونه محافظت خواهد کرد و ما در راج کیکئی نخواهیم بود و
سوگند پسران خود میخوریم که از رفتن رام نخواهیم زیست بدینگونه زنان میگفتند و
گریه میکردند صورت رام با لباس مذکور و سیتا با لباس خوب و لچهمن که هر سه بر رتهه
اسپان سوار اند و سومنتر رتهه بان و صورت رتهه طرف منعکس یابد یعنی اگر روی مشرق باشد

طرف مغرب چرا که سمت اجودهیا میرود



जिसने लालच के कारण पुत्र और पति को छोड़ दिया वह कैसे हमारी रक्षा करेगी। हम कैकेयी के राज्य में नहीं रहेंगे और हम अपने पुत्रों की सौगन्ध खाते हैं कि हम राम के जाने से जीवित नहीं रहेंगे। इस प्रकार स्त्रियाँ वार्ता कर रही थीं और रो रही थीं।

राम का चित्र, बताये गये वस्त्र में और सीता सुन्दर वस्त्र में, लक्ष्मण तीनों घोड़ों वाले रथ पर सवार हैं। सुमंत्र रथवान और एक ओर रथ का चित्र है अर्थात् यदि पूरब की ओर क्योंकि वह लोग अयोध्या की ओर जा रहे हैं।



سرگ ملاقات گوهه رامچندر چون بموجب فرموده پدر خود از منزلی که فرود آمده بود
راه نوشت در اثنائی راه صبح گشت سندهیا صبح یعنی پرستش پگاه نموده و باز بر رتهه
سوار شده کوچ فرموده رفته رفته بر دریای گومتی عبور کرده دیهات و کلهای و صحراها را
تماشا کنان میرفت و سخنان مردم چنان می شنید که لعنت بر دشرته هست که مغلوب شهوت شد
و بمشکل کیکئی عذاب کار هست که در امور خطا رغبت کرد بدین آئین گفتار مردم اطراف
و جوانب میشنید و راه می نوردید بعد از ان بید سمرتی نام دریا را عبور نمود و بسمت دکهن
رتهه روان فرمود بعده باز گومتی گوکلا را که بدریائی شور می پیوندد گذر کرده دریای سرجو را
که طاوس و کبک یعنی هنس بر و بسیار اند دید و آن زمین راجه من با چهواکو بخشیده بود
سیتا را نمود و بسیار تهی گفت کی اینجا باز آمده شکار بازی خواهم نمود مرا این آرزو هست
القصه قریب هنگام شام براه شهر تمرنک پر از سرجو عبور کرد رامچندر دست بسته بسمت اجودهیا
رو کرده گفت من با سیتا و لچهمن از تو مرخص میشوم بعد انقضائی ایام بودن صحرا باز
ترا خواهم دید و بعده رامچندر که از گریه چشم سرخ داشت دست راست برداشته کشید
به بعضی مردم که تا آنجا همراه بودند گفت من از شما مهربانی و محبت دیدم شما تصدیع
حالا بروید آنها پردچهنا کرده برگشتند بعده رامچندر راه دیهات و کوهها طی نموده بر کنار دریای
گنگا رسید چطور دریا که آبش پاکست و از کوه هماچل بر آمده و برائی رفتن سرگ نردبانست

सर्ग-५२

गुह की भेंट

रामचन्द्र अपने पिता की आज्ञानुसार जिस स्थान से आये थे तो रास्ते में सुबह हो गई उन्होंने सुबह की पूजा (प्रातः संध्या) की और फिर रथ पर सवार होकर प्रस्थान किया। धीरे-धीरे गोमती नदी को पार किया देहात, फूलों और वनों की सैर करते जा रहे थे तथा लोगों की इस प्रकार की बातें सुनते जा रहे थे कि धिक्कार है दशरथ पर, कि कामवासना में लीन हो गये, प्रेम में अंधे हो गये और सबसे अधिक कैकेयी पापी है क्योंकि उसने गलत कार्य किया। इसी प्रकार चारों ओर से लोगों की बातें सुनते हुए मार्ग पर जा रहे थे उसके बाद वेद स्मृति को पार किया और रथ को दक्षिण की ओर मोड़ दिया। उसके बाद फिर गोमती नदी को पार किया जो समुन्द्र में जाकर मिलती है और सरयू नदी को देखा जिस पर हंस और मोर अधिक हैं। वह भूमि जो राजा मनु ने इक्ष्वाकु को दी थी सीता को दिखाई और सारथी से कहा मैं यहाँ फिर कभी आकर शिकार खेलूँगा मेरी यह इच्छा है। अतः सायंकाल के निकट श्रृंगवेरपुर शहर के मार्ग से सरजू नदी को पार किया। रामचन्द्र ने हाथ जोड़कर अयोध्या की ओर मुंह करके कहा "मैं सीता और लक्ष्मण के साथ तुझसे विदा हो रहा हूँ। वन में रहने की अवधि समाप्त होने के बाद फिर तेरे दर्शन करूंगा। उसके बाद रामचन्द्र ने जिनके नेत्र रोने के कारण लाल हो गये थे दाहिना हाथ उठाकर कुछ लोगों से, जो वहाँ तक उनके साथ थे कहा, मैंने आप लोगों की ओर दया और प्रेम से देखा आप लोगों ने कष्ट उठाया अब आप लोग जाइये।" वह लोग फेरा लगाकर वापस चले गये उसके बाद रामचन्द्र देहात और पहाड़ों को पार करते हुए गंगा नदी के किनारे पहुँचे। इस रूप से कि नदी का पानी पवित्र है, यह हिमालय पहाड़ से निकला है और नदी स्वर्ग में जाने के लिए तेजी से बह रही है।

سرگ ملاقات گوهه رامچندر چون بموجب فرموده پدر خود از منزلی که فرود آمده بود
راه نوشت در اثنائی راه صبح گشت سندهیا صبح یعنی پرستش پگاه نمود و باز بر رتهه
سوار شده کوچ فرموده رفته رفته بدریای گومتی عبور کرده دیهات و کلهای و صحراها را
تماشا کنان میرفت و سخنان مردم چنان می شنید که لعنت بر دشرتهه است که مغلوب شهوت شد
و بسکن کیکئی عذاب کار است که در امور خطا رغبت کرد بدین آئین گفتار مردم اطراف
و جوانب میشنید و راه می نوردید بعد ازان بید سمرتی نام دریا را عبور نمود و بسمت دکهین
رتهه روان فرمود بعده باز گومتی کوکلا را که بدریای شور می پیوندد گذر کرده دریای سرجو را
که طاؤس و کبک یعنی هنس بر وی بسیار اند دید و آن زمین راجه منّ با چهواکو بخشیده بود
سیتا را نمود و بسارتهی گفت کی اینجا باز آمده شکار بازی خواهم نمود مرا این آرزوست
القصه قریب هنگام شام براه شهر شرنگ پیر از سرجو عبور کرد رامچندر دست بسته بسمت اجودهیا
رو کرده گفت من با سیتا و لچهمن از تو مرخص میشوم بعد انقضائی ایام بودن صحرا باز
ترا خواهم دید و بعده رامچندر که از گریه چشم سرخ داشت دست راست برداشته
به بعضی مردم که تا آنجا همراه بودند گفت من از شما مهربانی و محبت دیدم شما تصدیع کشیدید
حالا بروید آنها پردچهنا کرده برگشتند بعده رامچندر راه دیهات و کوهها طی نموده بر کنار دریای
کنگا رسید چطور دریا که آبش پاکست و از کوه هماچل بر آمده و برائی رفتن سرگ زد بانشست

सर्ग-५२

गुह की भेंट

रामचन्द्र अपने पिता की आज्ञानुसार जिस स्थान से आये थे तो रास्ते में सुबह हो गई उन्होंने सुबह की पूजा (प्रातः संध्या) की और फिर रथ पर सवार होकर प्रस्थान किया। धीरे-धीरे गोमती नदी को पार किया देहात, फूलों और वनों की सैर करते जा रहे थे तथा लोगों की इस प्रकार की बातें सुनते जा रहे थे कि धिक्कार है दशरथ पर, कि कामवासना में लीन हो गये, प्रेम में अंधे हो गये और सबसे अधिक कैकेयी पापी है क्योंकि उसने गलत कार्य किया। इसी प्रकार चारों ओर से लोगों की बातें सुनते हुए मार्ग पर जा रहे थे उसके बाद वेद स्मृति को पार किया और रथ को दक्षिण की ओर मोड़ दिया। उसके बाद फिर गोमती नदी को पार किया जो समुन्द्र में जाकर मिलती है और सरयू नदी को देखा जिस पर हंस और मोर अधिक हैं। वह भूमि जो राजा मनु ने इक्ष्वाकु को दी थी सीता को दिखाई और सारथी से कहा मैं यहाँ फिर कभी आकर शिकार खेलूँगा मेरी यह इच्छा है। अतः सायंकाल के निकट श्रृंगवेरपुर शहर के मार्ग से सरजू नदी को पार किया। रामचन्द्र ने हाथ जोड़कर अयोध्या की ओर मुंह करके कहा ''मैं सीता और लक्ष्मण के साथ तुझसे विदा हो रहा हूँ। वन में रहने की अवधि समाप्त होने के बाद फिर तेरे दर्शन करूंगा। उसके बाद रामचन्द्र ने जिनके नेत्र रोने के कारण लाल हो गये थे दाहिना हाथ उठाकर कुछ लोगों से, जो वहाँ तक उनके साथ थे कहा, मैंने आप लोगों की ओर दया और प्रेम से देखा आप लोगों ने कष्ट उठाया अब आप लोग जाइये।'' वह लोग फेरा लगाकर वापस चले गये उसके बाद रामचन्द्र देहात और पहाड़ों को पार करते हुए गंगा नदी के किनारे पहुँचे। इस रूप से कि नदी का पानी पवित्र है, यह हिमालय पहाड़ से निकला है और नदी स्वर्ग में जाने के लिए तेजी से बह रही है।

و مهر کبه ها پرستش او میکنند و سمد را مهکبی است یعنی پت رانی اعنی عورتی که سردار
صاحب خانه باشد و بر و سارس و کرونج آواز میکنند در و سوسمار و مکر و افعی هستند و آهوان
و چارن میباشند رام کنگارا دیده بسومنتر گفت امشب همین جا منزل کنیم و این درخت
انگودی نیز نزدیکست سومنتر و لچهمن هر دو قبول کردند سومنتر اسپا را واگذاشت
رام با سیتا و لچهمن از آن رته فرود آمد و زیر درخت بنشست سومنتر دست بسته
ایستاد و والی آنجا که قوم نکهاد است آنکه گوهه نام داشت و دیر با تا مادر است کود دوست
رامچندر بود آمدن رام شنیده با بزرگان و اقربای ذات خود پیشوا آمد رام او را
از دور دیده با لچهمن از جای خود برخاسته نزدیک او آمد با یکدیگر ملاقات کردند گوهه گفت
چنانچه اجودهیا تراست اینمکان هم از آن تست هر چه فرمایید بعمل آریم و ارگهه و پادو و اطعمه
و اشربه و لبه و بستر و اسپان وغیره پیشکش آورد و گفت خوب کردی که آمدی
این تمام زمین از آن تست ما همه چاکران تو ایم تو خداوند مایی رامچندر گفت تو همیشه
اعز و محب هستی ترا و برادران ترا دیدم در خانه خیریت و عافیت هست انچه بمن گفتی
و برای پیشکش من طیار کردی وقت گرفتن این نیست چون رامچندر چنین گفت گوهه آنچه
آورده بود واپس فرستاد و خود همانجا ماند چون شام شد رامچندر آب را که لچهمن خود
آورده بود گرفت و پرستش کرد و بر زمین از کاه بستر کرده سیتا و رامچندر بخواب رفتند

सारे ऋषिगण उसकी पूजा करते हैं और समुद्र की महकबी है अर्थात् पटरानी अर्थात् एक ऐसी स्त्री जो सरदार और गृहणी होती है। उस पर सारस और करूंज आवाज लगाते हैं उसमें सोसमार, मकर और अजदहे होते हैं और हिरन और नीलगायें होती हैं। राम ने गंगा को देखकर सुमंत्र से कहा, आज की रात हम यहाँ पड़ाव डालेंगे और यह अगूंदी का वृक्ष भी निकट है। सुमंत्र और लक्ष्मण दोनों ने इसे स्वीकार किया सुमंत्र ने घोड़ों को छोड़ दिया। राम सीता और लक्ष्मण के साथ उस रथ से नीचे उतरे और वृक्ष के नीचे बैठ गये। सुमंत्र हाथ बाँधकर खड़ा रहा और वहाँ का शासक जो नकहाद कौम से सम्बन्ध रखता था जिसका नाम गुह था और जो धर्मात्मा, सत्य वादी और रामचन्द्र का मित्र था राम के आगमन का समाचार सुनकर अपनी जाति के सम्मानित लोगों के साथ स्वयं अगुवाई और स्वागत के लिये आया। राम उसको दूर से आता देखकर लक्ष्मण के साथ अपने स्थान से उठे और उसके निकट गये आपस में भेंट हुई। गुह ने कहा, जिस प्रकार अयोध्या आपकी है उसी प्रकार यह स्थान भी आपका है। जो आप कहें मैं उसका पालन करूँगा और पद, भोजन, वस्त्र, बिस्तर और घोड़ों आदि का प्रस्ताव रखा और कहा, आपने अच्छा किया कि यहाँ आए यह सम्पूर्ण भूमि चूँकि आपकी है इसलिये हम सब आपके सेवक हैं। आप हमारे मालिक हैं रामचन्द्र ने कहा ‘‘तुम सदा से मुझे प्रिय हो मैंने तुम्हें और तुम्हारे भाईयों को देखा। घर में कुशल मंगल है ?जो कुछ तुमने कहा और मुझे भेंट देने के लिए लाए यह समय उनके लेने का नहीं है। जब रामचन्द्र ने यह कहा तो गुह ने जो कुछ लाया था सब वापस भेज दिया और पूजा की तथा भूमि पर घास का बिस्तर लगाकर सीता और रामचन्द्र सो गये।

وگوهه و سومنتر و لچهمن بیدار بوده بایکدیگر برای گذرانیدن شب سخنها میگفتند:

دراینجا صورت رام و لچهمن بطور سابق و سیتا با پیرایه سابق در زیر درختی بر بستر گیاه نشسته
و سومنتر رتهبان ولرتهه و اسپان را جدا کرده و خود استاده و صورت راجه گوهه که چیزی خوردنی
و نوشیدنی را پیشکش میگذارد



गुह, सुमंत्र और लक्ष्मण जागकर रात बिताने के लिये एक दूसरे से बातें करते रहे।

राम और लक्ष्मण का चित्र यथावत् और सीता का चित्र पहले के समान। एक वृक्ष के नीचे घास के बिस्तर पर बैठे हुए हैं और सुमन्त्र रथवान, रथ से घोड़ों को अलग करके खड़ा है तथा राजा गुह का चित्र जो कुछ खाने-पीने की सामग्री और घोड़ा प्रस्तुत कर रहा है।



سرگ گفتار گوهه لچهمن را بیدار دیده گوهه گفت برائی تو بستری طیار کرده ام بران
آسایش کن اینهمه مردم برائی خدمت توانند و تو آسودگی را نزاواری من برائی محافظت
بیدار خواهم بود سوگند براستی تست که مرا هیچ چیز در دنیا از رامچندر عزیزتر نیست از دولت او
در عالم جشن و کیرت می یابم لچهمن گفت من چگونه رام و سیتا بر زمین خفته گذاشته
خواب هم کرد و آسایش زندگی خواهم نمود این رامچندر که دیوتا و دیت همه با او
بجنگ طاقت ندارند از رفتن این بصحرا دشرته هم بسیار نخواهد زیست و شتاب
این زمین بیوه خواهد شد کوشلا و والدهٔ من بیشک نخواهد زیست اگر والدهٔ من
ستر گهن را دیده خواهد زیست اما کوشلا از تصدیع تمام خواهد مرد بلکه از رفتن رام تمام اجودهیا
خراب خواهد شد کسی در کوچه ها و بازارها آنجا بآرام نخواهد بود والقصه درهمین گفت و شنود لچهمن بیدار
وایستاده ماند و آن شب بگذشت رامچندر را هم از خواب چشم چندان بهم زد در فکر گذاشتن راج و خانه
وغیره و رفتن صحرا خواب او رفت

सर्ग-५३

गुह की वार्ता

लक्ष्मण को जागता देखकर गुह ने कहा, आपके लिये मैंने एक बिस्तर तैयार कर दिया है उस पर आराम कीजिये। यह सारे लोग आपकी सेवा के लिये हैं आपको विश्राम करना चाहिये। आपकी रक्षा के लिये मैं जागूँगा। आपकी सत्यता व सज्जनता की सौगन्ध कि मुझे संसार में कोई चीज रामचन्द्र से अधिक प्रिय नहीं है। उनके प्रताप से मैं संसार में ख्याति और प्रसिद्धि व वरीयता पाऊँगा। लक्ष्मण ने कहा मैं सीता और राम को भूमि पर सोया हुआ छोड़कर कैसे सोऊँगा तथा जीवन का सुख कैसे प्राप्त करूंगा ?यह रामचन्द्र जिनसे युद्ध करने की शक्ति देवताओं और दैत्य में भी नहीं है उनके वन जाने से दशरथ भी अधिक जीवित नहीं रहेंगे और शीघ्र ही यह भूमि विधवा हो जायेगी। कौशल्या और मेरी माता भी अधिक जीवित नहीं रहेंगी। मेरी माता तो शत्रुघ्न को देखकर जी लेगी लेकिन कौशल्या तो दुःख के कारण मर जायेंगी। अपितु राम के चले जाने से सम्पूर्ण अयोध्या नष्ट हो जायेगी। वहाँ की गलियों और बाजारों में कोई शान्ति से नहीं रहेगा। अतः लक्ष्मण इसी कहने सुनने में खड़े जागते रहे और वह रात्रि बीत गयी। रामचन्द्र को भी नींद नहीं आई। राज्य और महल छोड़ने की चिन्ता एवं दुःख में उनकी नींद भी भाग गई।



سرگ عبور گنگا بگاه رامچندر که دست دراز و سینه گشاده دار و لچهمن را بآواز گفت
رفت و آفتاب برآمد آواز کوکلا یعنی غراب هندی وطا و بگوش میرسد حالا دریا گنگا را
عبور باید نمود لچهمن آواز را شنیده با گوهه و سومنتر نزد رام رفت رامچندر گفت
کشتی که بادبان داشته باشد زود بیارید این را شنیده گوهه کشتی و ملاح را حاضر
آورده دست بسته عرض نمود که کشتی موجود است هر دو برادر کهرگ یعنی شمشیر را بستند
و بر کنار گنگا رفتند سومنتر گفت مرا چه امر است رام گفت برو و رتهه را ببر پیاده بصحرا

सर्ग-५४

गंगा को पार करना

प्रातः रामचन्द्र ने, जिनके हाथ लम्बे और छाती चौड़ी थी, लक्ष्मण से ज़ोर से कहा कि रात बीत गई और सूरज निकल आया, कोयल और मोर की अवाज कानों में आ रही है। अब गंगा नदी को पार करना चाहिए। लक्ष्मण आवाज सुनकर गुह और सुमन्त्र के साथ राम के पास गये। रामचन्द्र ने कहा कोई नाव केवट सहित शीघ्र लाओ। यह सुनकर गुह ने नाव और केवट को प्रस्तुत करके हाथ जोड़कर निवेदन किया कि नाव उपस्थित है। दोनों भाइयों ने कहरक अर्थात् तलवार बाँधी और गंगा के किनारे गये। सुमंत्र ने पूछा, मेरे लिये क्या आज्ञा है ?राम ने कहा "जाओ और रथ भी ले जाओ मैं पैदल ही वन में जाऊँगा, और



خواهم رفت و سومنتر بطریق مصلحت گفت ترا الحال ظاهر نباید نمود که رامچندر
با اهلیه و برادر چون مردم غربا در صحرا است سومنتر گفت ثمرات خوردن و برهم چرخ
کردن هم جایز نباید داشت زیرا که نازک بدن هستی و تو با سیتا و لچهمن در صحرا بوده
از تپ هر سه لوک را مسخر خواهی نمود و لعنت مراست که محکوم کیکئی خواهم بود و این بگفت و
از گریه آب از دیده او رفت چون رو را از آب بشست رامچندر بعد و بت بیانی باد گفت
چنان کنی که راجه پیر فرتوت است از هجر من تصدیع نیابد و آنچه برائی خاطر داشت کیکئی نماید
همان کنی و راجه را برائی این نربشتر یعنی والی مردم گویند که فرمودهٔ ایشان در هر کار رد
نگردد و والدهٔ من کوشلا کم مطالع و قبل ازین تصدیع ندیده اگر پی من زنده خواهد بود
از من نمسکار کرده خواهی گفت که غصه و غم و رنج برائی من و سیتا و لچهمن نباید کرد
از گفته پدر هزار سال در صحرا باشم چنانچه دیوتا بسرگ لوک و علاج غم پدر خواه
بیش باشد خواه اندک و هنوز که طبیبی هست کامل نخواهد کرد و سوائی پسر و هر فرزند
که گفته پدر را از کاهلی نکند او خود را بسرگ انداز و مثل دولتمند که ترک آچار نماید
من در آتش افتم لیکن چنان نکنم که رضائی پدر نباشد و تو بعد انقضای ایام چهارده
سال باز مایان را خواهی دید و کیکئی و غیره مادران مرا نمسکار خواهی کرد و برائی
خاطر من بهرت را طلب داشته زود جوراج خواهی داد و با او از من خواهی گفت

सुमंत्र से, कुछ सोचकर, कहा कि तुम्हें किसी को यह बात नहीं बतानी चाहिए कि रामचन्द्र अपनी पत्नी और भाई के साथ विदेशियों के समान वन में हैं। सुमंत्र ने कहा फल खाने और कष्ट उठाने को भी उचित नहीं मानना चाहिए। क्योंकि आपका शरीर कोमल है, आप सीता और लक्ष्मण के साथ वन में रहकर तपस्या से तीनों लोकों को विजय करेंगे, और मुझ पर धिक्कार है कि मैं कैकेयी का पालन करूँगा। उसने यह कहा और रोने से उसकी आँखों से आँसू बहने लगे। जब आँसुओं से मुख धुल लिया तो राम ने मीठी व मधुर वाणी से उससे कहा "तुम ऐसा करना कि राजा वृद्ध हैं, मेरे वियोग से उनको कष्ट न हो, और जो कुछ वह कैकेयी के लिए कहें तुम वैसा ही करना राजा को राज्य के लोगों का मालिक होने के कारण कहते हैं उनकी आज्ञा की अवहेलना नहीं होती है। मेरी माता कौशल्या चन्द्रमा के समान हैं उन्होंने इससे पहले कोई कष्ट नहीं देखा है। यदि वह मेरे बाद जीवित रहें तो मेरी ओर से नमस्कार करके कहना कि वह मेरे लिये और सीता व लक्ष्मण के लिये क्रोध, दुख व चिन्ता न करें। पिता के कहने से मैं हज़ार वर्ष वन में रह सकता हूँ जैसे कि देवता स्वर्गलोक में रहते हैं और पिता के दुख का इलाज चाहे अधिक हो या कम वैद्य भी पूरा नहीं कर सकता। केवल पुत्र के और जो पुत्र आलस के कारण पिता की आज्ञा पालन न करे वह स्वयं को नरक में डालता है। और धनाऽय की तरह जो आचार छोड़ता है। मैं अग्नि में गिरूँगा लेकिन ऐसा नहीं करूँगा कि पिता की अनुमति न हो और तुम चौदह वर्ष की अवधि बीतने के बाद हमको फिर देखोगे और कैकेयी आदि हमारी माताओं को नमस्कार करना और मेरे लिए भरत को बुलाकर शीघ्र उसे उत्तराधिकारी अर्थात् राजा बना देना तथा मेरी ओर से उससे कहना कि

که همه مادرانرا برابر دانند و من برای خاطر داشت پدر هر دو لوک را بچشم نیاورم
چه جائی جوراج دهن برائی خاطر دختر راجه کیکه بصحرا میروم راقم ترجمه گوید کیکه اسم ولایت است
و نام کیکی اهنکا و نام مادر او انبا است درینجا صورت دریای گنگا و کشتی معه ملاح در کنار دریا
رام و لچهمن و سیتا ایستاده و سومنتر را با رته رخصت میکند و رام با سومنتر سخن میگوید و لچهمن
چشم سرخ کرده و ابرو کشیده بغصه سخن میگوید



सारी माताओं को समान जानें। मैंने पिता के लिए दोनों लोक को भी तुच्छ जाना। जबकि उत्तराधिकारी ओर मैं राजा कैकेयी के पुत्र के लिये जंगल को जा रहा हूँ। अनुवादकर्ता कहता है कि कैक्य असवीत है और कैकेयी का नाम अहंगा है और उसकी माता का नाम अम्बा है।

गंगा नदी और नाव केवट सहित का चित्र, नदी के किनारे राम, लक्ष्मण और सीता खड़े सुमंत्र को रथ सहित विदा कर रहे हैं और राम सुमंत्र से बातें कर रहे हैं और लक्ष्मण आँखें लाल किये तथा माथे पर बल डाले क्रोध में बात वार्तालाप रहे हैं।



سرکشیده چون رامچندر چنین فرمود لچهمن از طرف دست چپ بسومنتر از غصه ابرو کشیده
بزمین دیده پیغام نمود که از جانب من هم راجه را بعد نمسکار بار بار بگوئی از چه گنه
پسر کلان و دهرماتما را ابدر کردید هر آئینه خاطر کیکئی عزیز داشتید و راج از آبا و اجداد
با و میرسید ندادید شما کامکار باشید کشتن عورت زبون است اما اگر پسر برای محافظت
دهرم بکشد جایز باشد و غم و الم از هجر رامچندر نباید نمود زیرا که بصحرا ابدر کردید چنانکه کسی
خود شراب خورد و خود تصدیع کشد لچهمن چون چنین بیان نمود رامچندر منع کرد
که لچهمن از غصه گفته را نباید گفت شاید از شنیدن چنین سخنان پدر من بمیرد در مهربانی
او قصوری نیست اما از رسن راستی بسته است که از گفته کیکئی مرا بصحرا فرستاد
اینهمه را شنیده سومنتر گفت گفتار تو همه مقرون به بهکت یعنی خادمیت است اما من
بی تو در آن شهر چگونه خواهم رفت مردم از دور رتهه را دیده چنانچه لشکر بی والی باند
مضطرب خواهند شد من بکوشلا چه خواهم گفت که پسر ترا بصحرا گذاشتم آرزو
دارم که با تو در صحرا باشم خدمت تو کرده بسرک خواهم رفت با تو چهار سال مرا مانند لمحه
خواهد گذشت اگر این گفته مرا نخواهید کرد با رتهه خویش را در آتش خواهم سوخت رامچندر
گفت بشنو برای این ترا میفرستم که از رفتن تو با رتهه خالی اگر کیکئی خوشوقت خواهد شد
و راجه را دروغ گو نخواهد دانست این تمام مقصود نیست برای خاطر من ترا البته بشهر باید رفت

सर्ग-५५

जब रामचन्द्र ने यह कहा तो लक्ष्मण ने सुमंत्र के बायीं ओर से क्रोध से भौं चढ़ाकर भूमि की ओर देखते हुए यह संदेश दिया कि मेरी ओर से भी राजा को नमस्कार करने के बाद उनसे बार-बार यह कहना कि आपने किस अपराध में अपने बड़े और धर्मात्मा पुत्र को महल से निकाल दिया। निःसन्देह आपने कैकेयी को प्रिय रखा और बाप दादा का राज्य उसे दे दिया आप सफल रहें। स्त्री की हत्या करना बुरा है यदि धर्म की रक्षा के लिये पुत्र की हत्या करता है तो उचित होता है। आप रामचन्द्र के वियोग का दुख बिल्कुल न करें क्योंकि आपने उनको ऐसे वन में भेज दिया जैसे कोई स्वयं शराब पियें और कष्ट उठायें। लक्ष्मण ने जब यह कहा तो रामचन्द्र ने रोका कि लक्ष्मण तुम्हारे क्रोध में कही हुई बातें, कहने की नहीं हैं। संभवतः ऐसी बातें सुनकर मेरे पिता का देहान्त हो जाएगा, उनकी दया में कोई कमी नहीं है अपितु वह सत्यता की रस्सी से बँधे हुए हैं इसलिए कैकेयी के कहने से मुझे वन में भेज दिया। यह सब बातें सुनकर सुमंत्र ने कहा आपकी सारी बातें भक्ति अर्थात् सेवा भाव से परिपूर्ण हैं लेकिन मैं उस शहर में आपके बिना कैसे जाऊँगा ?लोग दूर से रथ देखकर ऐसे दुखी होंगे जैसे कि बिना सेनापति के सेना होती है। मैं कौशल्या से क्या कहूँगा कि आपके पुत्र को मैं वन में छोड़ आया हूं और आपकी सेवा करके मैं स्वर्ग में जाऊँगा। आपके साथ मेरे चौदह वर्ष एक क्षण के समान बीत जायेगा। यदि आप मेरा कहा हुआ यह नहीं करेंगे तो मैं रथ सहित स्वयं को अग्नि में जला डालूँगा। रामचन्द्र ने कहा सुनो, मैं तुम्हें इसलिये भेज रहा हूँ कि तुम्हारे खाली रथ के साथ जाने से कैकेयी प्रसन्न होगी और वह राजा को झूठा नहीं समझेगी। यह मेरा उद्देश्य है मेरे लिये तुम्हें अवश्य शहर जाना चाहिए।

اینقدر بسومنتر گفت بازیه بگوہہ گفت جٹا نموده خواهم رفت بنابران شیر درخت بگرود
یعنی بت عرف بر باید آورد واین درختی است در هندوستان بسیار کلان که بارا و
مثل انجیر باشد القصه گوہہ بموجب فرموده رامچندر شیر بر آورد و رامچندر آن را در سر
انداخته خود را ولچهمن را جٹا نموده لباس رکهان کرده بگوہہ فرمود تو نخوت را گذاشته
در حفظ لشکر و خزانه و قلعه خواهی کوشید بدینگونه گوہہ را مرخص کرد سیتا
ولچهمن بر کنار گنگا رفت آنجا کشتی دید بلچهمن فرمود زود سوار شو سیتا را سوار کن
او بموجب فرموده برادر سیتا را اول سوار کرد بعده خود سوار شد پس از آن رامچندر
سوار گردید و ملاحان کشتی براندند و سومنتر و گوہہ بر همین کنار ماندند چون کشتی در میان دریا
رسید سیتا رخ بگنگا کرده بدین سخن گرائید این پسر دشرتهه بموجب فرموده پدر بصحرا میرود
تو حافظ این باشی بعد چهارده سال با من ولچهمن بشهر خود خواهد آمد ترا خواهد دید
تو هی که بسته راه میروی واهلیه سمدر هستی ترا نمسکار است پسند خاطر شو صد هزار گاو داده
و سوپ ها و غیره اشیاء مذکوره نذر تو برهمنان را خواهم داد و در همین گفتار بود که کشتی
باینطرف رسید هر دو برادر گنگا را نمسکار کردند و رامچندر که لباس بان بسته کرده است
بلچهمن گفت پیش پیش تو برو و عقب تو سیتا پس نگهبان هر دو میرود
سیتا تصدیع صحرا معلوم خواهد کرد غرض که بدین طریق معهود هر دو دران صحرا رفتند

सुमंत्र से यह कहकर फिर गुह से कहा, मैं जटा रखकर जाऊँगा इस कारण बरगद के वृक्ष का दूध लाना चाहिये यह भारत में एक बहुत बड़ा वृक्ष होता है जिसका फल अंजीर के समान होता है। अतः गुह रामचन्द्र की आज्ञानुसार बरगद का दूध लाये रामचन्द्र ने उसे सर में डालकर अपनी और लक्ष्मण की जटा बनायी और ऋषियों का वस्त्र पहनकर गुह से कहा कि "घमण्ड को छोड़कर, सेना, कोष और किले की सुरक्षा का पूरा प्रयास करना।" इस प्रकार गुह को विदा करके सीता और लक्ष्मण के साथ गंगा के किनारे गये। वहां नांव देखी। लक्ष्मण से कहा शीघ्र सवार [illegible] जाओ और सीता को सवार करो। उन्होंने भाई के कथनानुसार पहले [illegible] को सवार कराया उसके बाद स्वयं सवार हुए। फिर रामचन्द्र सवार [illegible] केवट ने नाव चला दी। सुमंत्र और गुह उसी किनारे पर रह गये। जब नाव नदी के बीच में पहुँची सीता ने गंगा की ओर मुख करके यह कहा हे गंगा ! दशरथ के पुत्र पिता की आज्ञानुसार वन को जाते हैं तू उसकी रक्षा करना। चौदह वर्ष बाद वह मेरे और लक्ष्मण के साथ अपने शहर आयेंगे। तुझे देखेंगे कि तू तीन मार्गों पर चलती है और समुन्द्र की पत्नी है, तुझे नमस्कार स्वीकार हो। एक लाख गायें और सोप आदि उपरोक्त सामग्री तेरे लिये ब्राह्मणों को दूंगी। इसी वार्ता में व्यस्त थी कि नाव उस ओर पहुँच गयी दोनों भाइयों ने गंगा को नमस्कार किया। रामचन्द्र ने जिन्होंने बान का वस्त्र पहन रखा था लक्ष्मण से कहा : "आगे आगे तुम चलो और तुम्हारे पीछे सीता। फिर मैं दोनों का रक्षक बनकर चलूँगा आज सीता को वन की कठिनाई का पता चलेगा"। अतः इस अपरिचित मार्ग से दोनों उस वन में गये तथा

و سومنتر و گوهه برگشته آمدند چون رام و لچهمن و سیتا راه دور طی کردند و رخت بر
دیدند آنجا دو پهکرنی یعنی تالاب خورد دیدند پر از آب بسیار و نیلوفر و هنس ها و کارندواها و چکواها
بیشمار رامچندر بلچهمن گفت آب صاف چه خوشنما است گویا دریای مندا کنی که در سرگ باشد امروز همین جا
اقامت خواهیم کرد زیرا که سیتا مانده شده است چون در انجا منزل گزید لچهمن نیلوفرهای خوشبو
برائی خاطر سیتا آورد و او شل لچهمن هم آرنده شد و سومنتر بعد رفتن رامچندر با گوهه گریه نموده
برگشت در انجا چهار آهو و خوک و کاو جنگلی را کشته گوشت آنها را بابرگ و ثمرات اشجار

تناول نمودند درینجا صورت دریا و کشتی و رام و لچهمن و سیتا سوارند و هر سه نمسکار گنگا
میکنند و صورت ملاح و ازینجا بسر رام و لچهمن جٹا باید کرد و سیتا بطور سابق است



सुमंत्र और गुह वापस आ गये। जब राम लक्ष्मण और सीता ने अधिक मार्ग तय कर लिया तो उन्हें बरगद का एक पेड़ दिखा। वहाँ उन्होंने छोटा सा तालाब भी देखा जो पानी से भरा था और जहाँ नीलोफर, हंस चकोर अधिकांश थे। रामचन्द्र ने लक्ष्मण से कहा, स्वच्छ जल ऐसा आकर्षक लग रहा है जैसे मंदाकिनी नदी स्वर्ग में होती है आज हम यही पड़ाव करेंगे क्योंकि सीता थक गई है। जब वहाँ पड़ाव किया तो लक्ष्मण सुगन्धित नीलोफर सीता के लिये लाए और वह लक्ष्मी के समान खिल गयी। सुमंत्र, रामचन्द्र के जाने के बाद गुह के साथ रोता हुआ वापस चला गया। वहाँ उन्होंने चार हिरन, खूक और जंगली गाय को मारकर उनका मांस वृक्षों के पत्तों तथा फूलों के साथ खाया।

नदी और नाव का चित्र, राम, लक्ष्मण और सीता सवार हैं तथा तीनों गंगा को नमस्कार कर रहे हैं एवं केवट का चित्र। यहीं से राम और लक्ष्मण के सर पर जटा है और सीता यथावत् हैं।



سرگ ۵۶ گفت رام زیر درخت برفرو دآمده سند هیا آخر روز نموده رام بلچهمن گفت
گویا امشب شب اول در جدائی مردمانست سونمتر هم رفت صحرا ترسناک با بلاها
پرشغب است امشب بیدار هم باید بود و با سیتا از جوک و چهیم یعنی تسخیر حواس و تحمل باید
گذرانید به بیند که بر زمین خار و خاشاک چگونه شب آخر خواهیم کرد درین شب راجه با بش
خواهد خسپید و کام کیکئی حاصل خواهد شد امارا چه چکنند مغلوب شهوت و مسخر کیکئی است
در دانست من کام یعنی غلبه شیطان از دهرم وارتهه بالاتر است بهرت بسیار شته
نیکو کار است که تنها با خوشوقتی جوراج خواهد کرد که من بصحرا رفتم و هر که دهرم و ارتهه را گذا
مغلوب کام شود او تصدیع یابد چنانچه راجه دشرتهه من میدانم که کیکئی برای کشتن رانجه ودید
کردن من و راج دادن بهرت پیدا شده حالا کیکئی کوشلا و سومترا را از غرور دولت و حشمت
تصدیع خواهد رسانید بنابران لچهمن تو باز کنگا را عبور کن و با جودهیا باش من تنها با سیتا
در صحرا دندکارن خواهم رفت اگرچه بهرت خدمت والدهٔ من خواهد کرد اما آخر زنان دیگر
معلوم والدهٔ من مرا پرورده کلان نمود حالا که وقت ثمرهٔ آن آمد بدر میروم لعنت مراست
هیچ زن مانند من پسری نزاید از من شارک خوب است که آواز خوش میشنواند بنوعی که نیکو بود
چنان بعمل آرد والدهٔ من کم طالع است و من تنها هر گاه از غضب تیر و کمان بدست گیرم تمام اجودهیا
بلکه تمام زمین را خراب کنم و بسوزم اما از خوف دهرم و سرگ خود را راجه نمیکنم بدینگونه بسیار

सर्ग–५६

राम की वार्ता

बरगद के पेड़ के नीचे उतरकर और पूजा करके राम ने लक्ष्मण से कहाः ''आज की रात्रि लोगों के वियोग में पहली रात्रि है। सुमंत्र भी चला गया भयानक वन भूत प्रेत सहित कोलाहलमय है। आज की रात मुझे जागना है और सीता की ओर से इन्द्रियों पर विजय प्राप्त करना है। यह मत समझो कि कांटे और धूल वाली भूमि पर कैसे रात बिताऊँगा ?इससे राजा शान्ति से सोयेंगे और कैकेयी की इच्छा पूर्ण होगी लेकिन राजा क्या करे वह कामवासना, में मेरे विचार में काम अर्थात् शैतान का प्रभुत्व धर्म व अर्थ से परे है। भरत बहुत अच्छा है कि अकेले प्रसन्नता से उत्तराधिकारी बनेगा क्योंकि मैं तो वन चला गया और जो धर्म व अर्थ को छोड़कर कामभावना में लीन हो जाये तो उसे कष्ट होता है जैसे कि राजा दशरथ। मैं जानता हूँ कि कैकेयी राजा को मारने, मुझे देश निकाला देने और भरत को राज्य देने के लिये उत्पन्न हुई है। अब कैकेयी कौशल्या और सुमित्रा को धन दौलत व राज्य के घमण्ड में सतायेगी इस कारण लक्ष्मण ! तुम पुनः गंगा को पार करो और अयोध्या में रहो। मैं अकेला सीता के साथ वन में वनवास के लिये जाऊँगा। यद्यपि भरत मेरी माता की सेवा करेगा लेकिन दूसरी स्त्रियों के बारे में मालूम है मेरी माता ने मुझे पाल पोसकर बड़ा किया है। अब जबकि उसके फल का समय आया तो मैं बाहर जा रहा हूँ। धिक्कार है मुझ पर कोई स्त्री मुझ जैसे पुत्र को जन्म न दे। मुझसे तो शार्क अच्छा है कि मधुर आवाज़ सुनाता है जो अच्छी लगती है, इस प्रकार कार्य करो और मेरी माता दुखी हैं और मैं अकेला। जिस समय हाथ में धनुष बाण लूंगा सम्पूर्ण अयोध्या ही नहीं अपितु सारी पृथ्वी को नष्ट कर दूंगा और जला डालूँगा । लेकिन मैं अधर्म और स्वर्ग के डर से स्वयं को राजा नहीं बनाऊँगा। इस कारण दुख से राम बहुत रोये।

از غم والم رام گریه نمود و لچهمن او را که از غضب چون سمندر در موج است بدینسان تسلی نمود
از برآمدن تمام اجودهیا بیرونق است چنانچه شب بی ماه چرا فکر میکنی و مرا و سیتا را در غم اندازی
نه سیتا بتو خواهد بود و نه من بتو نه پدر را نسومنترا اما و در انشتر کهن برادر را دیدن آرزو دارم
گفته لچهمن را شنیده رام دل برقرار نمود و درینجا صورت رام و لچهمن جتبار بسر و سیتا بطور سابق
و درخت برگه شاخهای دراز دارد زیر او هر سه نشسته و رام سندهیا میکند و یک طرف تالاب خورد

و بر و نیلوفر و هنس و چکوه نشسته



लक्ष्मण ने उनको क्रोध में देख जैसे कि समुद्र लहर में से, इस प्रकार सांत्वना दी आपके बाहर होने से अपने से पूर्ण अयोध्या जैसे कि बिना चन्द्रमा के रात्रि की होती है। आप क्यों चिन्ता करते हैं और मुझे और सीता को दुखी करते हैं। आपके बिना न सीता रह पायेंगी और न मैं, न पिता, न सुमित्रा और न शत्रुघ्न मुझे भाई को देखने की इच्छा है, लक्ष्मण की बात को सुनकर राम को शान्ति मिल गयी।

राम और लक्ष्मण का चित्र, जटा सर पर रखे हुए और सीता पहले जैसी। और बरगद का पेड़ जिसकी लम्बी-लम्बी शाखें हैं उसके नीचे तीनों बैठे हुए हैं राम शाम की पूजा कर रहे हैं। एक ओर छोटा तालाब है और उस पर नीलोफर, हंस और चकोर बैठे हुए हैं।



سرگ عبور جمنا آنشب هرسه زیر درخت بر منزل نمودند پگاه · چون آفتاب برآمد کوچ
کردند بسمتی که گنگا و جمنا با یکدیگر سنگم کرده اند یعنی جمع شده اند راه صحرا طی ساختند
انواع اقطاع زمین و ملکها که پیشتر ندیده بودند دیدند چون روز آخر شد رامچندر بلچهمن
گفت ببینید که طرف پراگ دود برخاسته شاید منیی آتش روشن کرده باشد
و شور آب شنیده میشود شاید سنگم گنگا و جمنا همین جا باشد و درختانِ مکانِ بهردواج
رکهیه بنظر می آید غرض که چون آفتاب قریب بغروب رسید هردو برادر نزدیک سنگم
گنگا و جمنا که مکان بهردواج بود رسیدند نزدیک آن رکهیه که از ریاضت چشم همه بین داشت
و اگن هوتر میکرد رامچندر با سیتا و لچهمن رفته چنان ظاهر کرد ما هردو پسران راجه دسرته
ایم و این عورت زنِ منست پدر مرا بصحرا فرستاده است و این برادر و عورت از خود همراه
شده اند مرا برگ و ثمرات خورده گذران باید کرد و دهرم بجا باید آورد و این را شنیده
آن رکهیه ارگهه و آسن برای نشستن داد و مول و اثمار برای خوردن پیش نهاد و رام
بر آسن بنشست و آنهمه بگرفت بعد ازان بهردواج گفت دیرست که در انتظار آمدن تو
بودم و این بدر کردنِ تو بصحرا بیگناه میشنودم این مکان پاکست و سنگم گنگا و جمناست
اینجا با من باش رام دست بسته گفت مهربانی شماست مردم خبر آمدن من شنیده
برائی دیدن خواهند آمد سیتا همراه است مکانی علیحده میخواهم که سیتا آنجا باسایش ماند

सर्ग-५७

यमुना पार करना

उस रात्रि तीनों ने वृक्ष के नीचे बिताया। सुबह जब सूर्य निकल आया तो उस दिशा की ओर चले, जिधर गंगा और यमुना एक दूसरे से मिलते हैं। उन्होंने वन का मार्ग तय किया। विभिन्न प्रकार की भूमि और देश जो पहले नहीं देखे थे देखे। जब दिन समाप्त हुआ तो रामचन्द्र ने लक्ष्मण से कहा कि देखो आग का धुआँ उठ रहा है निःसन्देह किसी मुनिवर ने आग जला रखी है और पानी का शोर भी सुनायी दे रहा है सम्भवतः गंगा, यमुना का संगम यहीं होगा और भरद्वाज ऋषि के घर के वृक्ष दिखाई दे रहे हैं। अतः जब सूर्य अस्त होने वाला था दोनों भाई गंगा यमुना के संगम के निकट वहाँ पहुँचे जहाँ भरद्वाज का घर था। उसके निकट ऋषि जिसकी आँखें तपस्या के कारण सदा बोलती हुई थीं तथा तीनों कालों की सारी बात जानने वाले भरद्वाज ऋषि का दर्शन कर रामचन्द्र ने सीता व लक्ष्मण के साथ जाकर इस प्रकार परिचय दिया ''हम दोनों राजा दशरथ के पुत्र हैं और यह मेरी पत्नी हैं। पिता ने मुझे वन भेजा है और यह भाई और पत्नी स्वयं साथ हो गये हैं। मुझे पत्ते और फल खाकर जीवन यापन करना है और धर्म का पालन करना है''। यह सुनकर उस ऋषि ने बैठने के लिये अरघ और आसन दिया और खाने के लिए फल फूल रखा। राम आसन पर विराजे और वह सब ले लिया। उसके पश्चात् भारद्वाज ने कहा कि ''लम्बे समय से मैं आपके आगमन की प्रतीक्षा में था और मैंने अकारण आपके वनवास का समाचार सुना था। यह पवित्र स्थान है और गंगा और यमुना का संगम है यहाँ मेरे संग रहिये''। राम ने हाथ जोड़कर कहा ''आपकी कृपा है लोग मेरे आगमन की बात सुनकर देखने के लिए आयेंगे। सीता साथ में हैं मैं कोई अलग स्थान चाहता हूँ जहाँ सीता आराम से रहें।

بهردواج گفت کوه چترکوت که ثانی کند همان دن کوه هست و درانجا رکهه ها می باشند
ای رام انجا بودن تو با آرام خواهد بود آنجا کپال آشرشا بسیار مانده است تو خواه انجا
باش خواه با من باش غرض رامچند در شب همانجا بود انواع افسانه ها یار که میکفت و ازو
میشنود شب بآسودگی مانده صبحی مُن را نمسکار نموده غرض که عزم رفتن کرد بهردواج
بدینکونه بطریق نشان دادن گفت گنگا و جمنا جائی که جمع شده بطرف عقب جمنا بسمت
مغرب پاک دریائی انجا و درخت سیام نکروده یعنی بَر کلانست و دیگر درختان سبز
نزدیک او بینید از انجا یک کروه خیابانی سبز چون زمردست و اشجار و پلاس و بدری
و بانس درانجاست من باین راه بسیار رفته ام چون چنین گفت رامچند با سیتا
و لچهمن رفت و در راه میگفت ای برادر این بسیار نیکو کارم که مُن بر من مهربان است
قدری راه طی کردند نزدیک جمنا رسیدند دیدند که دریا تیز میرود و موج بر موج میزند
برائی عبور دریا متردد گشتند رامچند به لچهمن گفت اینجا آدمی نیست پس سنگهات یعنی آلت
عبور دریا بکن که بشتاب بگذریم او بموجب فرموده برادر شمشیر برآورد و شاخها
و چوبها و برگهائی اشجار قطع نموده از رسنها استوار بسته و پیوند داده سنگهات
کلان ربست و برامچند رعرض کرد رامچند سیتا را با شرم بر و سوار ساخته و عقب او
بنگاهداشتن اسلحه و پارچه و پیرایه خود پرداخت رسن سنگهات را گرفته هردو برادر

तब भरद्वाज ने कहा ''चित्रकूट पर्वत जो नन्दन पर्वत के समान है और वहाँ ऋषि रहते हैं, हे राम ! वहाँ आप सुविधापूर्वक रह सकते हैं वहाँ कपाल सरशा बहुत रहे हैं, आप चाहे वहाँ रहिये या मेरे साथ रहिये''। अन्ततः राम उस रात्रि वही रहे। कई प्रकार की कहानियाँ ऋषि को सुनाते रहे और उनसे सुनते रहे। रात आराम से रहकर प्रातः मुनि को नमस्कार किया और जाने का निश्चय किया। फिर भारद्वाज ने, इस प्रकार सीख देने के रूप में, कहा ''गंगा यमुना जहाँ पर मिले हैं यमुना के पीछे पश्चिम की ओर पवित्र नदी है वहाँ वट का एक बड़ा वृक्ष है और दूसरे सदाबहार वृक्ष भी उसके निकट हैं वहाँ से एक कोस की दूरी पर मूँगे की भाँति हरा मैदान है, वहाँ वृक्ष, पलाश (ढाक), वदरी (बेर) और बाँस हैं, मैं उस मार्ग से कई बार गया हूँ। जब उन्होंने यह कहा तो रामचन्द्र सीता और लक्ष्मण के साथ वहाँ गये। रास्ते में कहते जा रहे थे कि मेरे भाई मैं बहुत भाग्यशाली हूँ कि मन मुझ पर दयावान है। थोड़ा रास्ता उन्होंने तय किया। यमुना के निकट पहुँचे। देखा कि नदी तीव्रता से बह रही है, लहर पर लहर उठ रही है, नदी पार करने में संकोच हुआ। रामचन्द्र ने लक्ष्मण से कहाः यहाँ मनुष्य नहीं है अतः नदी पार करने की व्यवस्था करो ताकि हम शीघ्र जायें वह भाई के कहने के अनुसार तलवार लाए और उन्होंने वृक्षों की शाखें, लकड़ियाँ और पत्ते काटे। रस्सियों से कसकर बाँधा और मिलाकर बड़ा सिंहासन बाँधा और रामचन्द्र से बताया। रामचन्द्र ने लज्जापूर्वक सीता को सवार किया और उनके पीछे हथियार, कपड़े और अपने सामान की रक्षा करने में व्यस्त हुए। सिंघास्त की रस्सी पकड़कर दोनों भाईयों ने तैरते हुए नदी पार किया।

بطریق شنا بعبور دریا درآمدند چون مابین دریا رسیدند سیتا گفت
که ای دیبی جمنا نیکوی پیش خواهی آورد و بخوبی عبور خواهی کنانید هنگام
برگشتن از صحرا باز ترا خواهیم دید چون از دریا گذشتند جمنا بن نام صحرا دیدند
ازانجا گذشته بدم کنبهیر نام تالاب دیدند آنجا قدری آرام کرده گونا گون افسانه
گویان عزم رفتن کردند نزدیک سیام برگ رکهه گفته بود رسیدند آنجا سیتا گفت
ای درخت بر ترا نمسکار است بعد چهارده سال باز باجودهیا داخل شویم کوشلا
وغیره اقربایان و برادران را به ببینیم اینقدر دست بسته گفت و پیش رفت
چون یک کروه راه طی کردند رامچندر بلچهمن گفت تو پیش پیش سیتا را
گرفته برو عقب من می آیم اقسام اقسام اشجار دیده سیتا
احوال از رامچندر می پرسید و بیان او میشنید چون یک کروه راه طی
کردند سیتا را مانده دانسته بر کنار جمنا اقامت کردند و آهوان بسیار

برای آب آمده بودند یکی را کشتند و تناول نمودند درینجا صورت
دریای سنگم بطوریکه آب هر دو دریا نمودار باشد و برکنار آن چند آهو ایستاده
ازانجمله یکی را رام به تیر کشته و صورت رام و لچهمن جتا بر سر و کمان در دست ایستاده
و سیتا بطور سابق و مکان بهردواج و صورت او بطور رکهان در اشرم نشسته

जब नदी के बीच में पहुँचे तो सीता ने कहाः हे यमुना देवी ! तू भली प्रकार से व्यवहार करना और भली प्रकार से पार कराना। वन से वापसी में हम फिर तेरे दर्शन करेंगे। जब वह नदी से पार हो गये तो 'यमुना वन' नामक वन देखा। वहाँ से आगे चलकर पद्म कुम्भीर नामक तालाब देखा। वहाँ थोड़ा विश्राम करके विभिन्न प्रकार की बातें करते हुए जाने का निश्चय किया फिर श्याम वट के निकट जो ऋषि ने बताया था पहुँचे। वहाँ सीता ने कहा हे वृक्ष! हम तुमको नमस्कार करते हैं। चौदह वर्ष बाद हम फिर अयोध्या में प्रवेश करेंगे। कौशल्या आदि सम्बन्धियों और भाईयों को देखेंगे। इतना उन्होंने हाथ जोड़कर कहा और आगे गयीं जब एक कोस रास्ता गुजर गया तो रामचन्द्र ने लक्ष्मण से कहा "तुम सीता को लेकर आगे-आगे चलो। मैं पीछे-पीछे आ रहा हूँ"। भाँति-भाँति के वृक्ष देखकर सीता रामचन्द्र से उसके बारे में पूछती थीं और उनका वर्णन सुनती थीं। जब एक कोस तय हो गया तो सीता को थका हुआ जानकर यमुना के किनारे वे रुके वहाँ पानी पीने के लिये बहुत से हिरन आये हुये थे उनमें से एक का शिकार किया और खाया।

दोनों नदियों के संगम का चित्र जिससे दोनों का पानी प्रकट होता है। उसके तट पर कुछ हिरन बैठे हुए हैं। उनमें से एक को राम ने तीर से मारा और राम व लक्ष्मण का चित्र, सर पर जटा रखे हुए तथा हाथ में धनुष लिये हुए खड़े हैं एवं सीता यथावत् हैं और भरद्वाज के आश्रम और ऋषियों के चित्र जो आश्रम में बैठे हैं।





سرگ اشرم رام چون شب بگذشت رامچندر لچهمن را از خواب بیدار کرد و گفت ای
لچهمن آواز جانوران بشنو که خوش آینده است این وقت رفتن است سفر باید کرد از این گفتار
برادر لچهمن را خواب ماندگی رفت هر دو برادر در آب غسل کردند و سندهیا نمودند و روان شدند
و راه چترکوت گرفتند به نیت اقامت آنجا شتابا رفتند چون در انجا رسیدند رامچندر به سیتا و لچهمن گفت
کناره دریای مالنی گلها را به بین و کنشوک یعنی گلهار پلاس شعل چراغ مانند و عقب دریای مندا کنی
جنگل کریخا به بین که درختان آنجا مانند زر روشن اند و درختان بهلاتک و بلو و پنس و نندوک
از بار ثمرات فروتر شده و بوزنه ها از آنها بار آرنده اند این بارها را خورده خواهیم زیست مایان از کوها
چترکوت سرگ ید شد و در هر کوه مانند درون لانه ها یعنی چهته های عسل به بینید این کوکلا آواز میکنند
و طاوس در شور است هر گاه مرغابی آواز میکند با دبر و بنجند و اینجا بآرام خواهیم بود و بدبکونه دریای مندا کنی را
تماشا کنان بر کوه چترکوت رفتند هر دو برادر آنجا برای ساختن اشرم یعنی مکان بودن مشغول شدند از
جنگل هیزم ها که فیلان شکسته بودند و شاخها آورده مکان ساختند و از برگهای درختان پوشش
آن پرداختند لچهمن آن پرن شالا یعنی خانه برگ را صاف کرد و سیتا نازک بدن آن را لیپن نمود یعنی
آب انداخته بطریق کچ صاف ساخت بعده رامچندر به لچهمن گفت آهوی شکار کرده بیار که از دیوتای
اینمکان یعنی والی اینجا را پشت بکنم یعنی سیر نمایم لچهمن آهوی سیاه را کشته و آن را پخته دست بسته
برامچندر گفت بموجب امر آهوی سیاه را با میدی و پوتا طیار کرده ام رامچندر غسل کرد و جپ نمود

یعنی نام

सर्ग-५८

राम का आश्रम

जब रात बीत गयी तो रामचन्द्र ने लक्ष्मण को जगाया और कहा, लक्ष्मण ! पशुओं की आवाज सुनो जो अच्छी लग रही है। यह चलने का समय है यात्रा करना चाहिये। इस बात से भाई लक्ष्मण की नींद टूट गयी दोनों भाईयों ने स्नान किया और पूजा की तथा चल दिये। चित्रकूट की ओर वहाँ निवास करने के विचार से शीघ्र गये। जब वहाँ पहुँचे तो रामचन्द्र ने सीता और लक्ष्मण से कहा' ''मन्दाकिनी नदी के किनारे पुष्पों को देखो। पुष्प दियों के समान है और मन्दाकिनी नदी के पीछे करंगा का वन देखो जहाँ वृक्ष प्रकाशमयी दिन के समान हैं। भिलावे, बेल, पिन्स और तन्दूक के वृक्ष फलों के बोझ से झुक गये हैं और उन पर वानर बैठे हुए हैं। हम यही फल खाकर जीवन व्यतीत करेंगे। हम लोगों को चित्रकूट के रूप में मानों स्वर्ग मिल गया है। देखो प्रत्येक पर्वत में भीतर की ओर शहद के छत्ते हैं। यहॉ कोयल कूक रही है, मोर नाच रहा है और शोर मचा रहा है। जब मुर्गाबी आवाज़ निकालती है तो वायु उस पर हँसती है। यहाँ हम आराम से रहेंगे'' इस प्रकार वह लोग मन्दाकिनी नदी की सैर करते हुए चित्रकूट पहाड़ पर गये। दोनों भाई वहाँ आश्रम अर्थात् रहने का स्थान बनाने में व्यस्त हुए। जंगल से लकड़ियाँ, जो हाथियों ने तोड़ा था, और शाखें लाकर घर बनाया और वृक्षों के पत्तों से उनको ढक दिया। लक्ष्मण ने पत्तों का वह घर साफ किया और कोमल शरीर सीता ने उसे पानी डालकर लीपा। उसके बाद रामचन्द्र ने लक्ष्मण से कहा कोई हिरन शिकार करके लाओ ताकि उसके द्वारा उस स्थान के देवता को पुष्ट अर्थात् तृप्त करूँ। लक्ष्मण ने एक काला हिरन मारकर उसे पकाकर करबद्ध रामचन्द्र से कहा आज्ञानुसार एक काला हिरन देवता के स्वीकार करने की आशा में तैयार है। रामचन्द्र ने स्नान किया और जप किया

یعنی نامهائی ازدی می خواند وآتش روشن ساخت ودر وگوشت را بطریق هوم بنام دیوتاها و پترها انداخت
بعده بدادن انجلی هائی آب پاک پرداخت بعده دیگر بهوت یعنی ذیحیات را داد چون بدینطریق ازبل
دادن فارغ شد باقیمانده را خود ولچهمن بخورد بعد ازان سیتا تنها نشسته باقی ازان هردو بخورد
همه ها دران پرن شالا نشستند چنانچه دیوتاها در سود هرمان که مکان نشستن دیوتاهاست بر آن کوه
که مجمع انواع بهایم وطیور و بار و کلها بود با آرام بازی نمود واز تماشا آن دریاها وکوهها تصدیع گذاشتن
راج ورفتن صحرا فراموش کردند صورت کوه چترکوت ودران پرن شالا رام یعنی خانه شاخ وبرگ درخت ساخته
ودران سیتا نشسته ورام بطور سابق پیش خانه جب مینماید ولچهمن آهوی کشته بریان مینماید وبر کوه انواع کلها

و جانور مثل طاوس وکوکلا وآهو سیر میکردند



अर्थात् ईश्वर के नाम के लिये और अग्नि प्रज्वलित की, माँस को उसमें हवन के रूप में देवताओं और पितरों के नाम पर डाला। उसके बाद वह पवित्र जल लिया फिर दूसरे भूत अर्थात् जीवित को दिया। जब विधि पूर्ण हो गयी शेष स्वयं और लक्ष्मण ने दोनों ने खा लिया। उसके बाद सीता ने अकेले बैठकर उन दोनों का बचा हुआ खा लिया। सब वृक्षों के पत्ते और शाखों से बने हुए उस घर में बैठे जैसे कि देवता सुधर्मा में जो देवताओं के बैठने का स्थान है, उस पर्वत पर जहाँ भाँति-भाँति के पशु, पक्षी, फल-फूल थे आराम से खेले। उन नदियों, पहाड़ों का दृश्य देखने से राज्य को छोड़ने और वन जाने का दुःख समाप्त हो गया।

चित्रकूट पर्वत का चित्र जिस पर राम ने पर्णशाला अर्थात् वृक्ष के पत्तों और शाखों का घर बनाया है और उसमें सीता बैठी हुई हैं, राम यथावत् घर के सामने जाप कर रहे हैं, और लक्ष्मण हिरण मारकर उसे भून रहे हैं। पर्वत पर विभिन्न प्रकार के फूल, पशु जैसे मोर, कोयल और हिरन घूम रहे हैं।



سبب آمدن سومنتر بعد رفتن رامچندر از طرف گنگا سومنتر و گوهه بمکان گوهه آمدند رفتن
رام زو بهر دو راج و از انجا بچترکوت رفته اقامت کردن را شنیدند بعده سومنتر از گوهه
رخصت شده باجودها رفت و بسیار بلا در راه و دریا و نالابها بسرعت طی نموده هنگام
شام در اجودهیا رسید آواز اضطراب مرد و زن نشنید خالی طور ولی سرور چنانچه نیلوفر بی آب
باشد شهر بدید دلگیروار در شهر داخل شد و فکر میکرد چه از غم رامچندر تمام شهر نمیسوزد شهریان
آواز رتهه شنیدند همه ها سومنتر را تنها بر رتهه دیده اضطرابانه دویدند و پرسیدند که رامچندر
کجاست جواب داد که من از گنگا رخصت شده آمده ام آنها از دریا عبور کردند مردم از غم گفتند
لعنت بر تو که ما را کشتی رامچندر این شهر را از مثل پدر محافظت میکرد ای بیحیا چرا گذاشته ای
بدینسان انواع گفتار بسیار تهی میکنند القصه از رتهه فرود آمده نزد راجه رفت درینوقت زنان
راجه وغیره از بام و دریچه و غرفه ها شور کردند که این بار رامچندر رفت بوده دوبی او چرا آمد سومنتر راجه را
در غم پسر دید ناچار نمسکار کرد و انچه از رامچندر شنیده بود به بیان آورد راجه این را شنیده
بیهوش شد از سنگهاسن بر زمین افتاد عورات اندرون دست بر داشته شور نمودند
کوشلا و سومنتر راجه را بر داشتند کوشلا گریه کرده گفت این سارتهی از صحرا
آمده چرا خبر نمی پرسی چیزی بیگی خود نیاموخته است راجه بیهوش نیامد همه زنان راجه
که درینحالت بشور زاری نمودند مردم شهر شنیده پیران و جوانان عورت و مرد جمع گشتند

सर्ग-५६

सुमंत्र का आगमन

زبون دید صبح از آن غم میطپید و از الم میکپید یاران همجنس و دوستان اینحالت
دریافته چند سخنان فرحت آمیز میکردند و سرود میسرائیدند و رقص مینمودند
او بآن دل نهاده خوشوقت نمیشد دوستی همجنس از بهرت پرسید چرا خورم و خندان
نمیشوي بهرت در جواب گفت من خواب پریشان دیده ام و آنچنان است که سمندر
خشک شد و قمر بر زمین افتاد و از ابر تاریک تمام جهان اندوده است و پدر من با جامه
چرکین ملوث و موی سر پراکنده از قله کوه در تالاب سرگین مي افتد و بار بار خنده
کرده روغن کنجد مینوشد و آنرا نوشیده سر فرو کرده تمام وجود را در روغن
کنجد آلوده در روغن امیگردد و پدیده که چارپائی خورد و تکیه دار در هندي می باشد
بر و نشسته جامه سیاه پوشیده و پدیده هم سیاه است و عورات سیاه و زرد رنگ
بر راجه میخندند و میدوند و رنگ سرخ می آلایند و بر رتهه خران سمت دکن میرود و گویند
بدینحالت برد داوزود درچیار رود یعنی بمیرد اینقدر من خواب ترسناک دیده ام یا من
یا رام یا راجه یا لچهمن ازینجا یکی بمیرد این خواب را دیده خاطر من خوف را نمیگذارد

درینجا صورت بششت و یکدو وزراء دیگر که در دیوانخانه راجه نشسته دو کس را برای آوردن

सर्ग-७६

प्रश्न व उत्तर

एक प्रहर रात व्यतीत होने पर नगर में आये भरत को भी उस रात भयानक स्वप्न दिखाई दिये अर्थात् उसने स्वयं को गन्दगी में लिप्त और अन्य बुरी स्थिति में देखा। प्रातः को उसकी स्थिति दयनीय थी। दुख के मारे तड़प रहा था और दुख से पीड़ित था। मित्र आदि यह स्थिति देखकर यथासंभव उसके मन को प्रसन्न करने का प्रयास कर रहे थे। गाने ग़ा रहे थे, नृत्य कर रहे थे परन्तु भरत का मन उसी में लगा था वह किसी प्रकार प्रसन्न नहीं हो रहा था। एक अभिन्न मित्र ने भरत से पूछा आप प्रसन्न क्यों नहीं हो रहे हैं?भरत ने उत्तर में कहा, "मैंने एक भयानक सपना देखा है और वह यह है कि समुद्र सूख गया है। चन्द्रमा पृथ्वी पर गिर पड़ा और काले बादलों से समस्त पृथ्वी ढक गयी है। मेरे पिता पुराने कपड़े पहने हुए हैं सर के बाल उलझे हुए हैं, पर्वत की चोटी से तालाब में गिरते हैं। बार-बार हँसते हुए सरसों का तेल पीते हैं और उसको पीकर शीश झुकाकर अपने पूरे शरीर में तेल लगाते हैं एवं तेल कुंड में गिर जाते हैं। एक घाट पर काले वस्त्र पहने हुए बैठे हैं, घाट भी काला है और काले तथा पीले रंग वाली स्त्रियाँ राजा पर हँस रही हैं। भभूत मल रही हैं और वह गधों के रथ पर दक्षिण की ओर जा रहे हैं। कहते हैं कि जो इस स्थिति में जाता है वह अतिशीघ्र चिता में जाता है अर्थात् मर जाता है। मैंने यह भयानक स्वप्न देखा है इसके अनुरूप या तो मैं या राम या राजा या लक्ष्मण इनमें से कोई एक मरेगा। यह स्वप्न देखकर मेरे हृदय से भय नहीं निकल रहा है।"

वशिष्ठ और एक दूसरे मन्त्रियों का चित्र जो राजा के दीवान खाने में बैठे हुए हैं और दो व्यक्तियों को, भरत को लाने के लिए विदा कर रहे हैं।



بهرت رخصت میکنند



مرک روان شدن بهرت آن دوست گفته بهرت را شنید و گفت بسیار خوابهاست
که راست و دروغ هم میباشد تو همه کار بر تقدیر بگذار که بی آن پناهی نیست بهرت در
همین فکر بود که رسولان رسیدند در بارگاه راجه آمده قدمبوسی کرده به بهرت
گفتند که بششت پروهت و دیگر وزرا و مشورتیان خیر و عافیت گفته اند و ترا
بزودی طلب داشته اند و این سوبهای قیمتی قریب چهل کرور زر بگیرید بهرت
همه را گرفته پرسید چه راجه دشرته بعافیت است و رامچندر و لچهمن بی تصدیع اند
و کوشلا و دهرماتما بی آزار است و سومترا والده لچهمن و شترکهن را خود آزار نیست
و خود فروش و غصه دار کیکئی والده من نیکو هست رسولان مجمل گفتند خیر است
و خیریت تو میخواهند گفته ایشان را شنیده بهرت به پدر مادر خود گفت من بخانه
پدر خود میروم هرگاه یاد خواهی کرد باز خواهم آمد راجه کیکه فیل و شال باف و اجن و دیگر پوستین
پارچه های قیمتی داد و سه هزار و ششصد نشک داد و اسپان داد و ماهون دینار
اشترهای قوی هیکل همراه داد و مردم شهر اسپان بسیار نذر آوردند
و صدها رتهه مندل دار طیار کردند و بر اشتر و گاو و خرها سوار شده مردم همراه شدند
بهرت با شترکهن بر رتهه سوار شده بخانه پدرش روان شد چنانچه سده پور که باندرلوک

برود و درینجا صورت راجه کیکه بر تخت نشسته و بهرت و شترکهن رو برو استاده

सर्ग-८०

भरत का प्रस्थान

उस मित्र ने भरत की बात सुनकर कहा- बहुत से स्वप्न होते हैं जो सच्चे भी होते हैं और झूठे भी। आप सारा कार्य भाग्य पर छोड़ दीजिये क्योंकि इसके बिना कोई उपाय नहीं।'' भरत इसी चिन्ता में थे कि दूत पहुँच गये और राजा के दरबार में आकर चरण स्पर्श करके भरत से कहा कि ''वशिष्ठ पुरोहित और दूसरे मन्त्रियों व परामर्शदाताओं ने कहा है कि सब कुशल है, और आपको अति शीघ्र बुलाया है, और यह लगभग चालीस करोड़ लागत की वस्तुएँ लीजिए।'' भरत ने सब लेकर पूछा कि राजा दशरथ कुशलपूर्वक हैं?और रामचन्द्र व लक्ष्मण स्वस्थ हैं ?कौशल्या और धर्मात्मा कुशल से हैं? लक्ष्मण और शत्रुघ्न की माता सुमित्रा को कोई कष्ट तो नहीं है ?और मेरी क्रोधी तथा स्वावलम्बी माता अच्छी हैं ?संदेशवाहक ने संक्षिप्त में बताया कि सब कुशलपूर्वक है और आपका कुशल मंगल चाहते हैं। उनकी बात सुनकर भरत ने अपने नाना से कहा, मैं अपने पिता के घर जा रहा हूँ। जिस समय आप याद करेंगे मैं पुनः आ जाऊँगा। राजा कैकय ने उसे हाथी, शाल बाफ, पोस्तीन और दूसरे मूल्यवान वस्त्र दिये और तीन हजार छः सौ दीनार रुपये और घोड़े दिये। मामा ने भीमकाय ऊँट साथ कर दिये, शहर के लोगों ने घोड़े भेंट किये और मण्डलदार सैकड़ों रथ तैयार किये तथा ऊँटों, गायों और गधों पर सवार होकर लोग साथ हो गये। भरत शत्रुघ्न के साथ रथ पर सवार होकर अपने पिता के घर के लिये चले। जैसे कि सिद्धपुरुष इन्द्र लोक में जाते हैं।

دست بسته عرض میکنند و وزیران عقب ایشان استاده و یکدو اسپ

باساز طلا موجود استاده



राजा कैकय का चित्र तख्त पर बैठे हुए हैं और भरत एवं शत्रुघन सामने खड़े हाथ जोड़कर निवेदन कर रहे हैं मन्त्रीगण उनके पीछे खड़े हैं।



برگشت آمدن بهرت طی راه کرده از دریای سوتمان عبور کرد و بعده از دریای
شتدر کا گذشته از دریای بتنستا عبور کرده در ام کنتک رسید و سوستمان
۶۷ گرتی عبور نموده در جنگل چیتر رتهه آمد و از جمنا عبور کرده آنجا قدری طرح اقامت انداخت
و غسل نموده آب نوشیده به آب دادن زرکان پرداخت بعده بر رتهه تیز رو نشسته راه صحراها
و باغها و کوه ها طی نموده بر دریای گنگا رسید راه ساحل بر وتهه آمده بعده از گنگا عبور فرموده
و در دریای کومتی غسل نموده و عبور کرده هنگام صبح شدن بعد هفت شب شهر اجودهیا را دیده
بارتهی گفت بیشتر در شهر شور و غل برهمنان و آواز طنبوران و آراج رکهان و غیره شنیده میشد
حالا بگوش نمیرسد و آواز شادی زنان و مردان هم نمیشنوم و باغها و بازیگاه غم آلوده مینماید
و افیال و اسپان مانند سابق بنظر نمی آیند این بگفت و به بیدلی داخل شهر شد در آن شهر خالی
از اراستگی دکاکین و خانها و کوچه های ویرزن و توزن و دروازه بود سر فرو کرده بخانه اندر آمد

درینجا صورت رتهه چتر دار و بر آن
بهرت و سترگهن سوار و پیش ایشان اسپان
و فیلان و مردمان سواران و شتران
که بر و مردمان سوارند و بان ها
و مردم پیاده میروند

सर्ग–८१

भरत का आगमन

मार्ग तय करते हुए भरत ने सुदामा नदी को पार किया। उसके बाद शतुद्र (सतलज) नदी से चलते हुए वितस्ता नदी को पार करके अपर पर्वत पहुँचे और शल्यकर्षण, कुर्वती को पार करते हुए चैत्ररथ के वन में आये और यमुना को पार करके थोड़ा विश्राम किया। स्नान करके, पानी पीकर पूर्वजों को जल दिया। उसके बाद तीव्र गति वाले रथ पर सवार होकर वनों, बागों और पर्वतों को पार करते गंगा नदी के किनारे पहुँचे। तट के रास्ते बाहर आकर गंगा को पार करके गोमती में स्नान किया और फिर उसे भी पार करके प्रातःकाल सात रातों के बाद अयोध्या शहर में प्रविष्ट हुए। सारथी से कहा पहले तो नगर में ब्राह्मणों का कोलाहल, पक्षियों की चहचहाहट और राजरक्षकों आदि की आवाजें सुनायी देती थीं, अब यह सब आवाजें कानों में नहीं आ रही हैं। स्त्रियों और पुरुषों की प्रसन्नतापूर्ण आवाज़ भी नहीं सुन रहा हूँ, और बाग़ तथा क्रीड़ा के मैदान में सब दुखी और उदास दिखाई दे रहे हैं, और पहले के समान हाथी, घोड़े भी नहीं दिखाई दे रहे हैं, यह कहते हुए वह अनमने मन से नगर में प्रविष्ट हुए। इस नगर में जो दुकानों, घरों, गली-कूचों, खिड़कियों और द्वार आदि सज्जाहीन थे, सर झुकाए हुए महल के अन्दर गये।

छत्रदार रथ का चित्र जिस पर भरत शत्रुघ्न सवार हैं और उनके आगे घोड़े, हाथी पर सवार लोग और ऊँट जिन पर लोग सवार हैं तथा कुछ लोग पैदल चल रहे हैं।





سرکردیدن کیکئی پسر را بعد مدت بسیار آمده دیده کیکئی که بر کرسی زر نشسته بود برخاست
و سر او بوسیده در بغل گرفته خیریت پرسید و گفت پدر من بعافیت است وجود حن
ماموں تو بخیریت است این را شنیده بهرت گفت همین چند روز مرا میشود که گذاشته ام
همه بخیریت اند و آنچه جواهر وغیره مرا داده بودند بسبب سرعت در راه ماند و من از نموده
بشتت زودتر آمدم حالا آنچه من میپرسم جواب بگو مدت است که پدر خود دشرته را
ندیده ام که خوشوقت شوم کیکئی سخن نادلخواه را دلخواه او دانسته چنان گفت که پدر تو
بسرگ رفت چنانچه طریق نیکمردان است بهرت این را شنیده مثل درخت بیخ برکنده بیهوش
بر زمین افتاد و روی از پارچه پوشیده از غم اشکها بارید و زاری و اضطراب نمود
کیکئی گفت ای پسر برخیز مثل تو درین کار متردد و مضطر نمیشود دانشی که دانایان جگ
کنان و بید خوانان راست نصیب تو باد و دیری گریه کرده گفت راجه که رامچندر را راج داد
میخواست حالا بی او ده طرف مرا خالی مینماید راجه بکدام آزار مرد که من نتوانستم رسید
و رامچندر وغیره که بار آخرت او کردند آفرین باد بر ایشان و آن راحت من کجاست که
دشرته از دست خود گرد رخ من دور میکرد خوب شد آنچه شد حالا بگو آنکه بجای پدر برادر من است
آن رامچندر کجاست او را بجای پدر دانسته قدم او بگیرم که او ملجای منست و پدر من وقت
مردن چه گفت این را شنیدن آرزو دارم کیکئی آنچه مغز سخن بود تحقیق گفت که راجه رام رام کرده

सर्ग-८२

कैकेयी का अपने पुत्र को देखना

एक लम्बी अवधि के बाद पुत्र को आता हुआ देखकर कैकेयी जो रत्नजड़ित कुर्सी पर बैठी हुई थी, उठ खड़ी हुई और उसने भरत के शीश का चुम्बन लेकर अपनी बाँहों में भरकर कुशल क्षेम पूछ और कहा कि मेरे पिता कुशल से हैं ?और तेरे मामा जोधन कुशल से हैं ?यह सुनकर भरत ने कहा अभी कुछ दिन पहले मैं उन सबको कुशल छोड़कर आया हूँ। रत्न आदि जो कुछ मुझे वहाँ लोगों ने दिया था शीघ्रता के कारण मार्ग में रह गया और मैं वशिष्ठ के आदेश से तुरन्त शीघ्रता से आया हूँ। जो कुछ मैं पूँछू उसका उत्तर दीजिए। दीर्घकाल से मैंने अपने पिता दशरथ को नहीं देखा कि मुझे प्रसन्नता हो। कैकेयी ने इस अप्रिय बात को प्रिय जानकर कहा कि तुम्हारे पिता स्वर्ग को सिधार गये जैसा कि सज्जन लोगों का विधान है। भरत इतना सुनते ही कटे हुए वृक्ष की भाँति मूर्छित होकर गिर पड़े और वस्त्र से मुँह ढककर दुख से आँसू बहाने लगे और व्याकुल हुए तथा विलाप किया। कैकेयी ने कहा उठ तुझ जैसा व्यक्ति इस कार्य में चिन्तित और व्याकुल नहीं होता। वह बुद्धि जो यज्ञ करने वालों और वेद पढ़ने वालों को प्राप्त होती है, वह तुम्हें प्राप्त हो, उसने देर तक रोने के बाद कहा ''राजा जो रामचन्द्र को राज्य देना चाह रहे थे वह उनके बाद मुझे दस ओर से खाली दिखाई देता है। राजा की किस रोग में मृत्यु हुई कि मैं नहीं पहुँच सका और रामचन्द्र आदि ने उनका अन्तिम संस्कार किया धन्य है वह ! और मेरी वह प्रसन्नता कहाँ है जो दशरथ ने अपने हाथ से किया, मेरा मुखड़ा दूर कर दिया, ठीक हुआ। अब बताइये कि जो पिता के स्थान पर मेरा भाई है वह रामचन्द्र कहाँ हैं ?मैं उसे पिता के स्थान पर समझकर उसका पाँव पकड़ूँगा कि वही मेरा आश्रय है। मेरे पिता ने मरते समय क्या कहा ?मुझे उसे सुनने की इच्छा है। कैकेयी ने जो बात का तत्व था वह उसने सच-सच बता दिया कि राजा ने राम-राम करते हुए दुख से पीड़ित होकर प्राण त्याग दिया।

از غم رام بی آرام شده جان داد و آخر وقت چنان گفت آنهانیکو کارند که رام
و سیتا و لچهمن و بهرت را باز خواهند دید این سخن دیگر غم انگیز را شنیده دلگیر تر
شده باز پرسید آن پسر کوشلا دهرماتما با سیتا و لچهمن کجاست حالا این را
چنانچه هست راست بگو کیکئی گفت او چیره و پارچه بسته با سیتا و لچهمن بصحرا رفت
بهرت گفت چه آن رام برهمن را کشته بود یا زر برهمن بزور گرفته بود یا غریبی مفلسی را
هلاک کرده یا با عورت غیری صحبت کرده یا از زور و قوت بی زوری را کشته یا دهرم
گذاشته خلاف حکم پدر کرده آن رام چه بد کرده بود که از ان بصحرا بدر رفت
مانند کسی که بهرون هتیا کرده باشد یعنی طفلی که در شکم مادر باشد آنرا کشد والده بهرت
کار کرده خویش را عورتانه بناقص عقلی آنچه بود بیان نمود که آن رام چند نه زر کسی بزور گرفته
دارند نه مفلسی را کشته نه با عورت غیری صحبت کرده و دیگر هم هیچ بد نکرده او دهرماتما مسخر
حواس هست هر گاه راجه خواست که او را جوراج دهد من این را شنیده برای تو جوراج خواستم
و برائی رام تا چهارده سال بودن صحرا خواستم آن دهرماتما با سیتا و لچهمن بصحرا
رفت و راجه چون آن پسر را ندید از غم هجر او جان داده بسرگ رفت برای خاطر تو
این کار بد نامی جهان اختیار کردم این راج خود را بگیر و محنت مرا لا ینفع مکن و بسرعت
هرچه تمامتر با بششٹ و غیره برهمنان ملاقی شده خود را بجائی راجه بنشان

अन्तिम समय यह कहा कि यह लोग भाग्यशाली हैं कि राम, सीता, लक्ष्मण और भरत को पुनः देखेंगे। यह दूसरी दुखदायी बात सुनकर और अधिक दुखी होकर उसने फिर पूछा कि कौशल्या का वह पुत्र और धर्मात्मा सीता और लक्ष्मण के साथ कहाँ है ?अब जो कुछ वास्तविकता है, वह सत्य सत्य बता दो। कैकेयी ने कहा वह भिक्षुओं का वस्त्र धारण कर सीता और लक्ष्मण के साथ वन चले गये। भरत ने कहा क्या! इस राम ने किसी ब्राह्मण का वध कर दिया या किसी ब्राह्मण की सम्पत्ति बलपूर्वक ले लिया था, या किसी निर्धन की हत्या कर दी या किसी स्त्री के साथ बलात्कार किया था, या अपने बल से किसी निर्बल को मारा था या धर्म छोड़कर पिता की आज्ञा के विरुद्ध कुछ किया था ?उस राम ने क्या बुरा किया था कि जिसके कारण उसे वन जाना पड़ा। उस व्यक्ति की भाँति जिसने मरूनजटा (भ्रूणहत्या) किया हो अर्थात् माँ के गर्भ में किसी बच्चे की हत्या कर दी हो। भरत की माता ने अपना किया हुआ कारनामा स्त्रियों की कम बुद्धि के कारण जो कुछ घटा था वर्णन कर दिया कि रामचन्द्र ने न बलपूर्वक किसी का धन लिया था, न किसी निर्धन की हत्या की थी, न किसी स्त्री के साथ बलात्कार किया था ?इसके अतिरिक्त भी उन्होंने और कोई बुरा काम नहीं किया था, वह धर्मात्मा और अपने ऊपर नियन्त्रण रखने वाला है। हाँ! यह हुआ कि जिस समय राजा ने यह इच्छा प्रकट की कि उसे उत्तराधिकारी बनायें मैंने यह सुनकर तुम्हारे लिये राज्य की माँग की और राम के लिये चौदह वर्ष तक वन में रहने की माँग की। वह धर्मात्मा सीता व लक्ष्मण के साथ वन में चले गये और जब राजा ने उस लड़के को नहीं देखा तो दुःख के कारण प्राण त्याग दिये और स्वर्गवासी हो गये। मैंने तुम्हारे लिये संसार में कलंकित कार्य किया। अब तुम यह राज्य संभालो और मेरे प्रयास पर पानी मत फेरो और जितना शीघ्र हो सके वशिष्ठ आदि ब्राह्मणों से मिलकर अपने को राजा के स्थान पर सिंहासन पर बैठो।

دید بخبا صورت خانه کیکئی و در انجا کیکئی بر کرسی مطلا نشسته و
چوری بردار عقب استاده و بهرت سر فرو کرده استاده و شترگهن و تبک
پاک میکند



कैकेयी के महल का चित्र जहाँ कैकेयी सोने की एक कुर्सी पर बैठी हुई है। उसके पीछे मुरछल लिये स्त्रियाँ खड़ी हैं भरत सर झुकाये खड़े हैं और शत्रुघ्न उनके आँसू पोंछ रहे हैं।



سرکس غم کردن بهرت حقیقت مردن پدر و ماجرای رفتن هر دو برادر شنیده از غصه
طپسیده بکیکیی گفت ای ناکرده کار بواسطه این گناه که بدنامی هست دهرم را گذاشته
و رامچندر را از راج یافتن دور داشتی از طمع به نرک یعنی بدوزخ میروی دهرکار
یعنی لعنت بر تست اگر تو کار رفتن نرک ساختی مرا چرا عقب خود انداختی من هم
جان خود میدهم تو از مردن من سلامت باش رام ترا چه گنه کرده بود که از سبب تو
این تصدیع همچو مرگ او وا روئی نمود ازین کار تو بهر دون بیتا و بر هم بیتا کردی ای کشنده
شوهر ترا عاقبت نیکی مباد و از پت لوک بنرک بروی مرا چه از راج و چه از زندگی که پدر مرد
و برادر مانند پدر بصحرا اقامت کرد من بچه طاقت حراست ملک خواهم نمود و برداشت
بار عالم از من چسان خواهد بود تو ازین کار تمام نسل ما را کشتی تو ناگ ماده زهردار هستی
که پدرم ندانست تو راست زن نیستی و بیگناه پدر مرا دغا دادی که پسران او و جان او
هر دو بباد دادی کوشلا و سومترا و دیگر مادران من دشوار است که ازین عذاب زنده
مانند رامچندر ترا بجائی مادر نیستند او را چرا بدر کنانیدی اگر از ترک تو رامچندر مرا
ترک نکند فی الحال ترا بکشم در نسل ما برادر کلان از راج سزاوار است و برادران خورد او را
بجائی پدر دانند من خود رفته او را از صحرا باز در شهر می آرم و خود تا نه و پنج سال
که چهارده باشد در صحرا میمانم مادر بیگو نه مادر خود را نکوهش کرده از غم گفت

सर्ग-८३

भरत का शोक मनाना

भरत ने पिता की मृत्यु की सत्यता और दोनों भाईयों के जाने की घटना सुनकर क्रोध से काँपते हुए कैकेयी से कहा, “ऐ कुलक्षणी ! इस पाप के कारण जो कलंक है तूने धर्म छोड़कर रामचन्द्र को राज्य पाने से दूर रखा। तू लालच के कारण नरक में जायेगी। धिक्कार है तुझ पर कि तूने नरक में जाने का यह कार्य किया। तूने अपने साथ मुझे भी सम्मिलित कर लिया। मैं भी प्राण त्याग दूँगा। तू मेरे मरने से प्रसन्न हो। राम ने तेरा क्या बिगाड़ा था कि तेरे कारण मृत्यु जैसा यह कष्ट उन्हें मिला। इस कार्य से तो तूने गर्भपात और ब्राह्मण की हत्या कर दी। ऐ पति को मारने वाली ! तुझे पुण्य न मिले और तू पृथ्वी लोक से नरक में जाये। मुझे राज्य और जीवन से क्या लाभ?जबकि मेरा पिता मर गया और पिता समान भाई रहने के लिये वन चला गया। मैं किस शक्ति के आधार पर देश की रक्षा करूँगा और संसार का भार मुझसे कैसे सहन होगा ?तूने इस कृत्य से मेरे पूरे परिवार को मार डाला। तू एक विषैला पदार्थ है। मेरे पिता को ज्ञात नहीं था कि तू अच्छे चाल-चलन की नहीं है। और तुमने निर्दोष पिता को धोखा दिया, उनके पुत्रों और उनके जीवन (प्राण) को नष्ट कर डाला। कौशल्या, सुमित्रा और मेरी अन्य माताओं के लिये कठिन है कि वह रामचन्द्र की भाँति इस कष्ट को सहन कर जीवित रहें। वह तुझे अपनी माता के स्थान पर समझते थे क्यों तूने उन्हें देश निकाला करवा दिया ?यदि तुझे छोड़ने से रामचन्द्र मुझे न छोड़ें तो मैं अभी तेरा वध कर डालूं। हमारे परिवार में राज्य बड़े भाई को शोभा देता है और छोटे भाई सब उसे पिता के स्थान पर समझते हैं। मैं स्वयं जाकर उन्हें वन से नगर में वापस लाता हूँ और स्वयं चौदह वर्ष तक वन में रहूंगा।” इस प्रकार भरत ने माता को डाँटते हुए दुख से कहा और वह जोर जोर से ऐसे विलाप कर रहे थे जैसे कि पहाड़ की गुफा में शेर दहाड़ता है।

وبشور گریه وزاری میکرد چنانچه شیر در غار کوه سرگ ندمت باردیگر والده
ملامت کرده از غم گفت چرا پدر من که اوتار رگهه بود ترا از شاپ نسوخت از سبب تو
چه رشتی بمن رسیده چرا سوخته نمیشوم ازین عذاب نجات خود نمی بینم بیشک تو
بصورت مادر دشمن من هستی کوشلا و سومترا و غیره مادران من باعث تو
تصدیع و آزار یافتند تو دختر راجه کیکه نیستی و از کیکه هرگز پیدا نشده میدانم راچهسی
تو خود آمده و بیحیا هستی تو راست طور کوشلا را غم هجر پسر دادی تو الم هجر پسر
مگر نمیدانی وجود فرزند از وجود جگر مادر میشود لهذا هیچ چیز مادر را از پسر عزیزتر نیست
آورده اند پیش ازین سوربهی که نام کامدهین گاو ماده است او دو گاو پسران
خود را از قلبه بسته و در گردش دیده بگریه آمد هنگام رفتن او بر آسمان اشک او
بر زمین افتادن گرفت این حالت دیده اندر راجه دیوتا دست بسته گفت ترا
بهیچ وجه خوفی نمی بینم که برای آن این غم میکنی کامدهین گفت هیچ غم نیست اما این
پسران که لاغر و غریب شب و روز بر زمین میکرند آزا دیده بار بار مضطرب میشوم
آن هر دو گاو از وجود جگر من پیدا شده اند و بدین تصدیع گرفتار اند اندر گفت برای
این اضطراب مکن اینجا و امادا میکنند گاوها بسیار ریاضت کردند و از برهما خواهش
نمودند که ما یا نزآزدی رفتن لوکان پرم یعنی بزرگ تر هست برهما گفت شما در منیش

सर्ग-८४

माता को पुनः डाँटना

भरत ने माता को डाँटते हुए पुनः कहा ''मेरे पिता ने जो रघु या ऋषि अर्थात धर्मात्मा के अवतार थे तुझे अपने श्राप से भस्म क्यों नहीं कर दिया?और तेरे कारण मुझे कितना दुख पहुँचा मैं जल क्यों नहीं गया?इस कष्ट से मैं अपनी मुक्ति नहीं देखता हूँ। निःसन्देह तू मेरी माता के रूप में शत्रु है। कौशल्या सुमित्रा आदि मेरी माताओं को तेरे कारण कष्ट और दुख पहुँचा। तू राजा केकय की पुत्री नहीं है और तू केकय के वंश से कदापि उत्पन्न नहीं हुई है। मैं जानता हूँ तू राक्षस बनकर स्वयं आयी है और तू निर्लज्ज है। तूने सीधे कौशल्या को पुत्र के वियोग का दुख दिया। परन्तु तू पुत्र के वियोग के कष्ट को नहीं जानती। पुत्र का अस्तित्व माता के हृदय से होता है। अतः माता को कोई भी वस्तु पुत्र से अधिक प्रिय नहीं होती है। लोगों ने वर्णन किया है कि इससे पूर्व सुरभि जो कामधेनु गाय का नाम है वह अपने दो बच्चों (बैलों) को कोल्हू से बँधा हुआ और घूमता हुआ देखकर रोने लगी। उसके आकाश पर जाते हुए आँसू पृथ्वी पर गिरे। उसकी यह स्थिति देखकर राजा इन्द्र देवता ने करबद्ध कहा कि ''तेरे अन्दर मैं किसी वस्तु का भय नहीं देखता हूँ कि तू उसके लिए दुख करे।'' कामधेनु ने कहा ''कोई दुख नहीं है परन्तु इन बच्चों को जो दुर्बल और दीन हैं। रात दिन पृथ्वी पर फिरते रहते हैं उनको देखकर मैं प्रायः व्याकुल हो जाती हूँ। वह दोनों बैल मेरे हृदय से पैदा हुए हैं और ऐसे कष्ट में फँसे हैं।'' इन्द्र ने कहा उसके लिये तू दुखी न हो। यह भी ऋण उतारेगी। बैलों ने बहुत तपस्या की और ब्रह्मा से इस बात की इच्छा की कि हम सबको परमलोक अर्थात् श्रेष्ठ लोक में जाने की इच्छा है।

اوک یعنی ور دنیا رفته تپ یعنی ریاضت که دور کننده خوف و گناه است بکنید هر گاه شما را
بقلبه و غیره بسته اشیا پیدا خواهند نمود آن ریاضت شما عجیب خواهد شد و هر که کاو لاغر یا مانده
یا خورد پیر را در قلبه و غیره خواهد راند او را عذاب کشتن کاو خواهد شد و هر که بطریق خدمت کاو
قوی و فربه را خواهد راند گو گراس یعنی لقمه کاو خواهد داد او از عذاب رهائی خواهد یافت
و شما را غصه نباید کرد که پرم لوک خواهید یافت اندر گوید ای کام دهین چنانچه قبل
ازین بعمل آمده بنا بر آن تو غصه مکن و گفته برهما یاد کن بهرت گوید او را هزاران پسر است
و کوشلا را یک رام است که بدر کردی بنا بر آن تو در نرک خواهی رفت بدین آئین بهرت
گریه و زاری کرده بیهوش بر زمین افتاد دریچا بهرت درخانه کیکئی بیهوش بر زمین افتاده و شترگهن

او را بر میدارد و کیکئی نشسته



ब्रह्मा ने कहा तुम लोग मनुष्य लोक अर्थात् संसार में जाकर तप अर्थात् तपस्या करो जो भय और पाप को दूर करने वाला है, और जब तुमको लोग कोल्हू आदि में बाँधकर वस्तुएँ पैदा करेंगे तो वह तुम्हारी तपस्या काम आयेगी। जो व्यक्ति गाय को निर्बल करेगा या बच्चे को कोल्हू आदि में जोतेगा तो उसे गाय का वध करने का पाप होगा। जो व्यक्ति गाय की सेवा के रूप में शक्तिशाली और मोटी का प्रयोग करेगा तथा गाय को चारा देगा वह पाप से मुक्ति पायेगा। इन्द्र कहते हैं ''हे कामधेनु चूँकि इससे पूर्व ऐसा होता आया है इसलिये इस आधार पर तू क्रोध मत कर और ब्रह्मा का कथन याद कर। भरत कहते हैं कि इसके हजारों पुत्र हैं और कौशल्या का तो बस एक राम है जिसे तूने बाहर कर दिया। इस कारण तू नरक में जायेगी इसी प्रकार भरत शोक विलाप करते हुए मूर्छित होकर पृथ्वी पर गिर पड़े।

भरत कैकेयी के महल में पृथ्वी पर मूर्छित पड़े हैं। शत्रुघ्न उसे उठा रहे हैं और कैकेयी बैठी हुई है।



سر گفتار شترگهن برادر خورد لچهمن انحالت دیده از زمین برداشت و نیز شنید که از
مصلحت منتهرا کوزپشت که باکیکئی کرده رام بصحرا رفت اینهمه را معلوم کرده چنان بزبان
آورد چرا رامچندر از سبب عورت بصحرا رو آورده و لچهمن زورمند دانندهٔ استرها
راجه را قید نکرده رامچندر راجه نکردانید پدر من که بیوقوف شده مغلوب شهوت بود
بطریق راج دهرم پیش از انکه انحالت بوقوع آید چرا بند نمود بدینگونه لچهمن شترگهن میگفت
که ناگاه بر دروازه پیش رو منتهرا را دید که چندان واکر و غیره خوشبو و پیرایه‌های اقسام
آسوده و رشته میکهلا که پیرایه ایست بسته مثل فیل ماده باندرون خانه می‌آید شترگهن
گفت این کوزپشت همان است که باعث او رام صحرا گزید و راجه هلاک گردید این را بیشک
میکشم بدین اراده پای او گرفته بر زمین کشیدن گرفت و او شور مینمود و تمام وجود نجاست
آلوده شترگهن او را غلطان غلطان و کشان کشان میکشید همچنان منتهرا دیدند
غم میکردند اما از غصه و خوف شترگهن خلاص دادن نمیتوانستند میگفتند اگر این بسیار
غصه خواهد کرد ما در پناه کوشلا خواهیم رفت که او نگاهدارندهٔ ماست القصه شترگهن
از خشم چشم سرخ کرده میکشید و پیرایه‌ها و پارچه‌های او شکسته و دریده می‌افتاد
و آنچنان نمودار میگشتند که در شرت رت کواکب بر آسمان می‌تابند و او را کشان کشان
نزد کیکئی برده گفت انکه ناکردنی کرده و نسل ما را هلاک نموده انیست که عزیز میدارید بمنتهرا گفت

सर्ग-८५

शत्रुघ्न की वार्ता

शत्रुघ्न ने अपने बड़े भाई भरत की यह दशा देखकर उसे पृथ्वी से उठाया। उसने यह भी सुना कि मन्थरा कुबड़ी के षडयन्त्र के कारण जो उसने कैकेयी के साथ मिलकर की है, राम को वन जाना पड़ा है। उसने यह सब मालूम करके कहा रामचन्द्र एक स्त्री के कारण वन क्यों चले गये?और शक्तिशाली, अस्त्र का ज्ञान रखने वाले लक्ष्मण ने राजा को कैद करके रामचन्द्र को राजा क्यों नहीं बना दिया। मेरे पिता ने जो मूर्खता में प्रेम के वश में हो गये थे। राजधर्म के आधार पर इस स्थिति के उत्पन्न होने से पहले ही रोक क्यों नहीं लगा दी। शत्रुघ्न अभी यही बातें कर रहा था कि अचानक उसने सामने वाले द्वार पर मन्थरा को देखा कि वह चन्दन, अगर आदि सुगन्ध लगाये और शृंगार किये मेखला जो एक परिधान है उसकी रस्सी पकड़े हाथी के समान महल के अन्दर आ रही है। शत्रुघ्न ने कहा, यह कुबड़ी वही है जिसके कारण राम को वन जाना पड़ा और राजा के प्राण गये। मैं निःसन्देह उसकी हत्या कर दूँ। इस विचार से उसका पैर पकड़कर पृथ्वी पर घसीटना आरंभ किया और वह शोर मचाने लगी। उसका पूरा शरीर मिट्टी से भरा था और शत्रुघ्न उसे घसीट रहे थे। लेकिन शत्रुघ्न के क्रोध और भय से उसे कोई छुड़ा नहीं सकता था। लोग कहते थे यदि उसे अधिक क्रोध आयेगा तो हम कौशल्या की शरण में चले जायेंगे कि वही हमारी रक्षा करने वाली है। संक्षेप में शत्रुघ्न क्रोध से आँखें लाल किये उसे घसीट रहे थे और उसके वस्त्र फटते जा रहे थे। लोग उसे देखने के लिये इस प्रकार बाहर आ रहे थे जैसे शरद ऋतु में आकाश पर तारे चमकते हैं। उसको कैकेयी के पास ले जाकर उसने कहा ‘‘जिसने न करने वाला कार्य किया है और मेरे परिवार की हत्या की है वह यही है जिसे तुम प्रिय रखती हो। फिर उसने मन्थरा से कहा;

حالا ترا انجانه جم میفرستم انتقام غم رامچندر و مردن پدر از تو میگیرم چون شترکهن
چنان بر زبان راند بهرت گفت عورت همه جا سزاوار کشتن نیست بنا بران بگذار
شترکهن این را شنیده رها کرد و او بسرعت برخاسته در پناه کیکئی آمد و او با آهستگی
دلاسا نمود چنانچه ماده کرونج از خوف شاهین یا باز نگاهدارد درینجا صورت خانه کیکئی
او و بهرت در انجا نشسته و شترکهن پای کُبجا گرفته میکشد و تمام بدن او بخاک آلوده
و مو پریشان کرده و پارچه پاره پاره شده و زیور او جداگانه بر زمین افتاده چونها میدرخشید



अब मैं तुझे मौत के घर भेजता हूँ और मौत के घाट उतारता हूँ। रामचन्द्र के दुख और पिता की मृत्यु का बदला तुझसे लूँगा। जब शत्रुघ्न ने यह कहा; तो भरत ने कहा; स्त्री प्रत्येक स्थान पर हत्या किये जाने योग्य नहीं है अतः उसे छोड़ दो। शत्रुघ्न ने यह सुनकर उसे आजाद कर दिया और वह शीघ्रता से उठकर कैकेयी की शरण में आ गयी तथा उसने धीरे से उसे सान्त्वना दी जैसे कि ममूला शाहीन या बाज़ के भय से अपने बच्चे की रक्षा करती है।

कैकेयी के महल का चित्र। भरत वहाँ बैठे हुए है और शत्रुघ्न कुबड़ी स्त्री का पाँव पकड़कर उसे घसीट रहे हैं। उसका पूरा शरीर मिट्टी से भरा है केश बिखरे हुए हैं। कपड़े फटे हुए हैं और आभूषण अलग होकर पृथ्वी पर पड़े हुए हैं जैसे कि चाँद चमकता है।



پسر گفت ای بهرت مادر را نکوهش کرده بشترگهن گفت که بنی آدم بدست من
دریافتن رنج وراحت بی اختیار است راحت ورنج البته بخود میکشد کردکار زورآوراست
که همچو رامچندر سزاوار راحت را برنج انداخت واز غم پسر والم شوهر کوشلا دررنج
مبتلاست بد ویا نیک کاری که مادر من کرده است اگر راست می بینم اینهمه کرده
کردکار است زن ومرد همه از زور کردکار بیوقوف اند دانائی بزرگ هم یافتن نیک وبد خود
نمیفهمد از بیوقوفی مادر من این کار که کرد بکوشلا چه خواهم گفت این بگفت و باشترگهن
در گریه شد آواز او را شنیده کوشلا بسومترا گفت بهرت پسر کیکئی آمده است آرزوی دیدن او
دارم این بگفت واز خانه خود روان شد قضا را بهرت وشترگهن هم بدیدن کوشلا
از مکان خود روان گشتند با بین راه هردو کوشلا را دیده از دور نمسکار کردند کوشلا
هم مهربانی کرده مضطربانه گفت ویدم کیکئی شوهر را بخاطر نیاورده خود ترا راج بنجار بخشید
و پسر مرا بگناه با چیر واجن بدر کردانید زود مرا هم آنجا فرست یا من از خود باسومترا
میروم آنجا که هردو پسر با سیتا ریاضت میکنند این راج چتر تک لشکر که پدر تو گذاشته است
بگیر بهرت دست بسته گفت ای معظمه من چرا نکوهش من میکنی مرا با رامچندر بسیار محبت هست
سوای شاسته عقل هرگز مباد و هرکه تابع عقل مادر من که کیکئی است شود او را دانش وراستی
وطور راه بزرگان هرگز نشود و عذاب صحبت کنیز و پای زدن بگاو نشود و هرکه بگفته او ود

सर्ग–८६

भरत की वार्ता

भरत ने माँ की निन्दा करते हुए शत्रुघ्न से कहा कि ‘‘मेरे विचार में दुख व सुख पाने में मनु के वंशज विवश हैं। दुख और सुख स्वयं से खींचता है। होनी बलवान है कि रामचन्द्र जैसे सुख पाने वाले व्यक्ति को दुख में डाल दिया और पुत्र के शोक और पति के कष्ट से कौशल्या दुख में ग्रसित हैं। अच्छा या बुरा जो भी कार्य मेरी माता ने किया। यदि मैं उचित समझता हूँ तो यह सब होनी का किया हुआ है। पुरुष और स्त्री सब होनी की शक्ति के सामने विवश हैं। वृद्ध बुद्धिमान भी अपने अच्छे बुरे को प्राप्त करना स्वयं नहीं समझ पाता। मेरी माता मूर्खता से यह जो कार्य कर बैठी हैं, मैं कौशल्या से क्या कहूँगा ?यह कहकर वह शत्रुघ्न के साथ मिलकर रोने लगे। उसकी आवाज सुनकर कौशल्या ने सुमित्रा से कहा ‘‘कैकेयी का पुत्र भरत आया है, मैं उसे देखना चाहती हूँ’’ यह कहा और अपने महल से चलीं। संयोग से भरत और शत्रुघन भी कौशल्या को देखने के लिये अपने स्थान से चल चुके थे। रास्ते में कौशल्या को दूर से देखकर नमस्कार किया। कौशल्या ने भी प्रेम का प्रदर्शन करते हुए व्याकुलता से कहा ‘‘देखो कैकेयी ने अपने पति की इच्छा के विरुद्ध तुमको राज्य दिलवाया और मेरे निर्दोष पुत्र को भिक्षुओं के वस्त्र में वन भेज दिया। अतः तुम शीघ्रता से मुझे भी वहाँ भिजवा दो या मैं स्वयं ही सुमित्रा के साथ वहीं चली जाती हूँ जहाँ दो बच्चे सीता के साथ तपस्या कर रहे हैं। यह राज्य और यह भव्य सेना जो तुम्हारे पिता ने छोड़ी है, सब ले लो। भरत ने करबद्ध निवेदन किया। माताश्री आप मुझे क्यों अपमानित कर रही हैं ? मुझे रामचन्द्र से बहुत प्रेम है। शास्त्र के अतिरिक्त मेरी और कोई बुद्धि कदापि न हो। जो मेरी माता कैकेयी की बुद्धि क अधीन हो, उसको सत्य, बुद्धि और पूर्वजों का मार्ग कदापि प्राप्त न होगा और उसे दासी के साथ संभोग और गाय को ठोकर

او را گناه صحبت کردن با عورتِ دوست و عورت فرتوت شود و عذابی که به زور گرفتن
حاصل از رعایا بود و گناهی که از غیبتِ بادشاهِ عادل رعایا را بود و گناهی که از خراب کردن
کارهای بزرگان خادمان و نوکران را بود و گناهی که دانای معانی شاستر را که دانسته
فراموش کند و گناهی که ریاضت کشان و حکیم دانان دچنا داده واپس گیرد و گناهی
که در بسید گفتار نگاهداشتِ سخن خود بود و گناه لاینفع گوشت و شراب خوردن و اعزاز نکردن مرشد بود
و گناهی که از نکردنِ اکرام مادر و پدر و بزرگ و استاد و درویش بود و عذابی که از کشتن
طفل و عورت و راجه و بزرگان و ترک مرید و خادم گفته اند و عذابی که از کشتن برهمن
بی خانه و ارث ضعیف جنبش بی
و گیلا کا و گفته اند و عذابی که از خلاف کردن عهد و گشتن مرشد و بیرون رفتن از
فرموده پیر بود و عذابی که از پای کشتن آتش شود و گناهی که از سوختنِ خانه کسان بود
و گناهی که از کشتن عورت خود شود و گناهی که از مذمت دوست بود و گناهی که از خفتن
مابین وقت سندهیا بود و عذابی که از شاپ دادن شود و عذابی که از دروغ گفتن بود
[illegible]
و عذابی که از بزرگ مصلحت پرسیدن و عمل نکردن بر و شود و عذابی که از دور کردنِ وظیفه
پسرانِ خود و خوردن شیرینی تنها خود و ندادن بغیر شود او را شود هر که بگفته او رود
بدین آئین بهرت سوگندها خورد و تسلی و دلاسای گوشلا کرد گوشلا بهرت را گفت
دیدم من که ترا با رام‌چند در محبت هست بدینگونه سوگندها خوردی با رام‌چندر بوده عمر دراز

मारने का पाप होगा। जो उसके कहने पर चलेगा उसे मित्र की पत्नी या किसी वृद्ध स्त्री के साथ संभोग करने का पाप होगा। जो पाप प्रजा की सम्पत्ति को शक्ति बल से लेने और प्रजा को न्यायी राजा की बुराई करने से होता है, जो पाप पूर्वजों का कार्य बिगाड़ने से सेवकों और नौकरों को होता है, जो पाप शास्त्र के अर्थ को जानने वालों को जानबूझ कर भूल जाने से होता है, जो पाप कि तपस्या करने वालों, यज्ञ करने वालों को दक्षिणा देकर वापस लेने से होता है, जो पाप कि वेद के कथन में अपना कथन मिलाने से होता है, जो पाप कि अलाभकारी माँस खाने से, मदिरा पीने से और पुरोहित का सम्मान न करने से होता है, जो पाप माता, पिता, पूर्वज, गुरू और साधु का सम्मान न करने से होता है, जो पाप कि किसी बच्चे, स्त्री, राजा, वृद्ध का वध करने और अनुयायी एवं सेवक को छोड़ देने से होता है, जो पाप कि किसी ब्राह्मण का वध करने का बताया है, जो पाप प्रण तोड़ने वाले, गुरू को मारने या उसकी आज्ञा का उल्लंघन करने को होता है, जो पाप कि पाँव से अग्नि को बुझाने से होता है, जो पाप लोगों का घर जलाने से होता है, जो पाप अपनी पत्नी की हत्या करने से होता है, व जो पाप जो मित्र की भर्त्सना करने से होता है, जो पाप कि सायंकाल की पूजा के समय पर सोने से होता है, जो पाप श्राप देने से होता है, जो पाप झूठ बोलने से और किसी वृद्ध से परमर्श लेने और उसका पालन न करने से होता है, जो पाप कि अपने पुत्रों का माल खाने और अकेले मिठाई खाने तथा दूसरों को न देने से होता है, यह सब पाप और आपदा उसी की होगी जो उसके कहे पर चलेगा। इस प्रकार भरत ने सौगन्ध खाई और कौशल्या को सान्त्वना दी। कौशल्या ने भरत से कहा ''मैंने देख लिया कि तुम्हें रामचन्द्र से प्रेम है।'' इस प्रकार वह सौगन्ध खाता है कि वह रामचन्द्र के साथ रहकर लम्बी आयु पायेगा।

خواهی یافت و رامچندر پرتگیا پدر کرده بدر رفت بازآمده را با تو خواهم دید و ترا عمر
دراز مانند بزرگان سلف که راج رکهه بودند خواهی یافت رامچندر را با لچهمن و سیتا
بعد چهارده سال خواهی دید حالا وجود پدر تو که در روغن کنجد نهاست سنسکار او کن
و رعایا را بنوعیکه حراست لازم باشد همچنان نما و این غم را دور کن از چنین گفتار کوشلا بهرت
پارهٔ بخویش آمد بعد از ساعتی کوشلا را بدان حالت دیده باز در رنج و غم مبتلا شد تا آفتاب
بغروب رسید و آن شب او را مانند صد سال گذشت چون صبح شد مشورتیان و وزیران
رسیدند و در خانه بهرت جمع گردیدند و بهرت را بیهوش بر زمین دیدند صورت خانه کوشلا و کوشلا
و سومترا که ایستاده و صورت بهرت بیهوش بر زمین افتاده و شترگهن عقب بهرت استاده



रामचन्द्र जब पिता के प्रण एवं वचन को पूरा करते हुए देश से निष्कासित होकर पुनः वापस आयेंगे तो उन्हें तुम्हारे साथ देखूँगी और पूर्वजों की भाँति जो राजर्षि थे, लम्बी आयु पायेगा और रामचन्द्र को सीता और लक्ष्मण के साथ चौदह वर्ष बाद देखेगा। अभी तुम अपने पिता के शव को जो तिल के तेल में है उसका अन्तिम संस्कार करो। प्रजा की रक्षा करो और उस दुख को दूर करो।'' कौशल्या की यह बातें सुनकर भरत को कुछ शान्ति मिली। थोड़ी देर बाद कौशल्या को इस दशा में देखकर वह फिर दुख से ग्रसित हो गये यहाँ तक कि सूर्य अस्त हो गया। उसकी वह रात सौ वर्ष जैसी भारी गुज़री जब प्रातः हुई, परामर्शदाता और मंत्री उपस्थित हुए और भरत के महल में एकत्र हुए उस समय भरत को पृथ्वी पर मूर्छित पड़ा हुआ देखा।

कौशल्या के महल का चित्र- कौशल्या और सुमित्रा खड़ी हैं, और भरत का चित्र जो पृथ्वी पर मूर्च्छित पड़े हैं तथा शत्रुघ्न भरत के पीछे खड़े हैं।



مرگ ماتم بهرت بدینگونه زاری میکرد چنانچه در زندگی براجه میگفت ای راجه برخیز چه خفته
من بهرت آمده ام واز حکم تو شترگهن آمده است جودهاجن مامون نمسکار کرده چنانچه در بغل
مرا میگرفتی بگیر وسر من ببوس چرا با من سخن نمیگوئی آفرین بر رامچند راست که گفته تو کرد و تحسین
بر لچهمن که عقب او رفت و نفرین بر من که بدینجا ماندم بهرت را بدین آئین در غم دیده بششت
وجاوالی چنان گفتند که این وقت ماتم نیست راجه شجاع و سخی و معزز جهان و عاقل بود
کار آخرت این بکن واگر او بار مرده واز غم اشک بریزند مرده واز سرگ بیفتد و شنیده شد
که بهورمن دیو راجه از یون خود بسرگ رفت بعده که پس ماندگان او غم کردند از سرگ
بیفتاد بنابران غم پدر نباید کرد اگر از غم پدر تو سوخته از سرگ افتد ترا شاپ خواهد داو
داو در اصل نمرده است که پسران او مثل رامچند رو تو هستند بهرت این را
شنیده چنان گفت انچه شما میفرمایید مرا همچنین یقین است حالا کریا پدر خود میکنیم
همه وزرای راجه انچه باید موجود آرند قریب خرج یک بهار که در شمار وزن است
همه ها در سر برای کار مشغول شدند درین اثنا شب در آمد وآن شب از غم مثل صد سال
معلوم میشد درینجا صورت خانه راجه و حوضی که در ان راجه افتاده و بالای
حوض بهرت و شترگهن نشسته و بششت وجاوالی
و سومنتر و دیگر وزرا استاده تسلی بهرت میکنند

सर्ग-८७

भरत का शोक

भरत इस प्रकार विलाप कर रहे थे जैसे कि राजा के जीवन में उनसे कहते थे कि राजा सलामत (महाराज) उठिये क्या सोये हुए हैं। मैं भरत आया हुआ हूँ और आपके आदेश से शत्रुघ्न भी आया है। युधाजित मामा ने नमस्कार कहा है। जिस प्रकार आप मुझे अपने हृदय लगाते थे, लगाइये और मेरे सर का चुम्बन लीजिये। आप मुझसे बातें क्यों नहीं कर रहे हैं ?धन्य है रामचन्द्र कि उन्होनें आपका कहा हुआ किया और भाग्यशाली है लक्ष्मण कि वह उनके पीछे गये और धिक्कार है मुझ पर कि मैं यहाँ पड़ा रहा। भरत को इस प्रकार दुख में देखकर वशिष्ठ और जाबालि ने कहा कि यह शोक का समय नहीं है। राजा- वीर, दानी, संसार में सम्मानित और बुद्धिमान थे, उनका अन्तिम संस्कार करो। यदि शव के सम्बन्धी दुख से आँसू बहाते हैं तो मरने वाला स्वर्ग से गिर जाता है। और सुना गया है कि ब्रह्मण देव राजा अपने अच्छे कार्यों के कारण स्वर्ग में गये लेकिन उसके बाद पीछे रह गये सम्बन्धियों ने दुख दिया तो वह स्वर्ग से गिर गये। अतः पिता का दुख नहीं करना चाहिए। यदि तुम्हारे दुख करने से तुम्हारे पिता जलकर स्वर्ग से गिरते हैं तो वह तुम्हें शाप देंगे। वह वास्तव में मरे नहीं हैं। जबकि उनके पुत्र रामचन्द्र और तुम जैसे हैं। भरत ने यह सुनकर कहा ''जैसा आप कह रहे हैं मुझे विश्वास है, अब मैं अपने पिता का क्रियाकर्म करता हूँ। राजा के सारे मंत्री, जो कुछ चाहिए, उसकी व्यवस्था करें।'' एक भार खरज के समीप जो कि गणना में भार है सब व्यक्ति कार्यों को सम्पादित करने में व्यस्त हुए। इसी बीच रात्रि हो गयी। वह रात्रि, दुख के कारण, सौ वर्ष के समान विदित होती थी।

राजा के भवन का चित्र और वह कुण्ड जिस पर राजा पड़े हुए हैं तथा कुण्ड के ऊपर भरत और शत्रुघ्न बैठे हुए हैं। वशिष्ठ जाबालि सुमंत्र और अन्य मंत्रीगण खड़े हैं तथा भरत को सान्त्वना दे रहे हैं।



بعد گذشتن شب سوت و باد فروشان رسیده تعریف بهرت سر کردند و نقارچیان
نقارها نواختند و سنکهه یعنی خرمهره و بین وغیره بآواز آمدند از اواز کرناسی وغیره
تمام شهر پر شد بهرت این را شنیده بشترگهن گفت من خود راجه نیستم به بین که کیکئی
از حرص راج چه کرد و چه ذم بر خود پسندید پدرم را کشت و دولت و راج همچو مکردند
که چنانچه کشتی بی ملاح در دریا بعد از ان بششت بهرت را گفت که در مشورت خانه راجه

रात्रि व्यतीत होने के पश्चात् प्रशंसागीत गाने वालों ने पहुँचकर भरत की प्रशंसा आरंभ की। नक्कारचियों ने नक्कारे बजाये और शंख और बीन बजायी और करनाई आदि की ध्वनि से सारा नगर भर गया। भरत ने यह सुनकर शत्रुघ्न से कहा मैं राजा नहीं हूँ। देखो कैकेयी ने लालच के कारण राज्य की क्या दशा की है और अपने लिये कैसा कलंक पसंद किया। उसने मेरे पिता को मारा और राज्य तथा सम्पत्ति ऐसे हो गये जैसे मांझी के बिना नदी में नाव होती है। उसके पश्चात् वशिष्ठ ने भरत से कहा कि परामर्श कर राजा के महल में



کہ از صد ستون طلای کہ مرصع بلعل وغیره ست داخل شو بهرت بآشتٹ و دیگر
مشورتیان رفته بر آسن مرصع بنشست چنانچه اند و برسپت در دیوان نشینند و
سومنتر و چهمن و بام دیو و جی و دیگر سرداران لشکر و شهر جمع گشتند چنانچه مردم
و دشرتهه را دیده خوشوقت میشدند همچنان از خرمی آوازی کردند بهرت بر آسن طلای
مرصع مانند دشرتهه برآزنده ست درینجا صورت دیوان عام چهل ستون و دران بر تخته مرصع
بهرت با لباس طلای نشسته و سومنتر و بامدیو و جاوالی و دیگر سرداران لشکر استاده و شترگهن
نزدیک بهرت استاده و نقارچیان با نقاره و کرناچیان و بین کاران و خرمهره نوازان اسباب جلوس

مینوازند و سوت و باد و روش نیز کردست



जो एक सौ सोने के स्तम्भों और लाल आदि से सुसज्जित हैं प्रवेश करो, भरत, वशिष्ठ और दूसरे परामर्शदाताओं के साथ जाकर सुसज्जित कुर्सी पर बैठे। जैसे कि इन्द्र और बृहस्पति दीवान में बैठते हैं। और सुमंत्र, छमन, वामदेव जी और सेना तथा नगर के दूसरे नेतागण एकत्र हुए। जिस प्रकार लोग दशरथ को देखकर प्रसन्न होते थे उसी प्रकार लोग प्रसन्नता से चिल्ला रहे थे कि भरत सोने की कुर्सी पर दशरथ के समान लग रहे हैं।

चालीस स्तम्भों वाले दीवाने आम का चित्र, वहाँ सुसज्जित तख्त पर भरत सोने का वस्त्र पहने बैठे हैं और सुमंत्र, वामदेव, जाबालि और सेना के दूसरे नेता खड़े हैं। शत्रुघ्न भरत के निकट खड़े हैं और नक्कारची, ढोलची और बीन बजाने वाले जुलूस की व्यवस्था में व्यस्त हैं, तथा गुणगान करने वाले हाथ में कागज़ लिये है।



مرک کفتار بششت چون شب گذشت بششٹ بهرت را و وزرا را فرمود اینهمه مردم
شهریان و دیگران برای سنسکار راجه همه اشیا موجود کرده اند مالا خوشبو
و پهلیل و دهوپ و اگر و شیکا مرصع برای بردن راجه ای بهرت بر شیکا ببنداز
و برودی بیرون ببر بهرت گفت بششت را پدر من معزز میداشت انچه ایشان فرمایند
مرا کردن لازم ست القصه بهرت از فرموده بششت با شترگهن رفته کالبد راجه را در شیکا
نهاد و برو جامهای قیمتی انداختند و مالای کلها برو نهاده خوشبوها همراه ساختند
و بهرت و شترگهن شیکا را بر دوش برداشته بردند و چتر سفید و چامر موئین بلند
کردند و آواز گریه و نوحه بر آوردند بسبب کوتاه شدن عمر بششت فرمود که شیکا را
شتاب ببرید و پیش ازین جا و آلی وغیره برهمنان رفته آتش روشن کردند و ارابها
پر از جواهر و زر همراه برده بودند که بر راجه مرده خیرات نمودند بعده زن و مرد و پیر
و جوان با کالبد راجه از شهر بدر آمدند و کوشلا و سومترا و کیکئی و دیگر سیصد و پنجاه
بانوئی راجه موئی سیاه سر پراکنده و شور نوحه کنان عقب رفتند همگنان بر کنار دریای
سرجو رفته مکانی که درانجا زم زم گیاه بود معین کردند و نوکران از چوبهای چندن
و اگر چتا بر آوردند و کالیک و مرنال یعنی ... که از میان نیلوفر آیند و بال وغیره برو نهادند
و برهمنان بر ظروف جک کردند و مطابق بید سه گونه آتش بر مکان داشتند و منترها

सर्ग–८८

वशिष्ठ की वार्ता

जब रात्रि बीत गयी तो वशिष्ठ ने भरत और मंत्रियों से कहा कि शहर के सारे लोगों और दूसरों ने राजा की सलामी के लिये सारी सामग्री एकत्र कर दी है। राजा को ले जाने के लिये माला, सुगन्ध, पहलील, धूप, अगरबत्ती और सुसज्जित अरथी सब एकत्र है। ''ऐ भरत ! अरथी उठाओ और शीघ्रता से ले जाओ।'' भरत ने कहा' ''वशिष्ठ को मेरे पिता प्रिय रखते थे जैसा यह कहें मुझे वैसा करना आवश्यक है।'' भरत ने वशिष्ठ के कहने से शत्रुघ्न के साथ जाकर राजा का शव अरथी पर रखा और उस पर मूल्यवान वस्त्र डाले। फूलों के हार रखे और सुगन्ध साथ में रख दी तथा भरत व शत्रुघ्न अरथी को कन्धे पर उठाकर ले गये। सफ़ेद छत्र और बालों को ऊपर किया तथा रोना और विलाप करने की आवाजें आयीं। और दुख कम करने के लिये वशिष्ठ ने कहा शव शीघ्र ले जाओ। उससे पहले जाबालि आदि ब्राह्मणों ने जाकर आग जला दी थी और धन व रत्नों से भरी थैलियाँ साथ ले गये थे कि राजा के शव पर दान करेंगे। उसके बाद स्त्री-पुरुष-वृद्ध और नवयुवक सभी राजा के शव के साथ शहर से बाहर निकले। कौशल्या, सुमित्रा, कैकेयी राजा की दूसरी तीस हजार पचास पत्नियाँ शिर के काले केश गन्दा किये हुए, शोक व विलाप का शोर करती हुई पीछे-पीछे गयीं। सबने सरयू नदी के किनारे जाकर एक स्थान निर्धारित किया जहाँ कोमल घास थी। नौकरों ने चन्दन और अगर से चिता बनायी और काल्बक और मृणाल अर्थात् वह रेशे और बाल जो नीलोफर के मध्य से निकलते हैं और दूसरे बाल आदि उस पर रखा। ब्राह्मणों ने बर्तनों पर यज्ञ किया और वेद के अनुसार तीन गुना आग उस स्थान पर रखी और मंत्रों का

جب نمودند وهوتا یعنی هوم کننده وظروف جگ پاک ساختند وشرک پازو چگیک

وموشل یعنی دسته واوکهل یعنی هاون وآرنی که از و روغن بر می آرند اینهمه پاک صاف و

کردند واز منتر پنشو میدیعنی بهایم در آتش انداختند و پیش ازین بنو که قلبه زمین درست

کرده بودند انجا چتا شد وبعده گاو ماده بابچه اش موافق دستور دادند واز روغن گاو و روغن کنجد

چتا پر کردند بعده بهرت با دیگر وزرا چتا روشن کرد آتش شعله زدن گرفت وکالبد راجه بسوخت

برهمنان وغیره با حسن وجوه استکار راجه کردند بعده همه شهرهان وغیره گریه کردند وگفتند ای راجه

میروی ومارا چرا میگذاری درینجا صورت ارتهی راجه با پیرایه خوب وهار و گل انداخته وبهرت

موی تراشیده و برهم چرچا شده بردوش گرفته میبرند وچوری بردار وشست دسونتر وعقب ارتهی کوشلا

وکیکی ماتم کنان میروند و بر کنار سرجو چتا روشن کرده جا داد۔



जप किया और होम करते हुए यज्ञ के बर्तन पवित्र किये और लकड़ी के पंजे के आकार का चमचा और पारह, चकह्क और मूसल अर्थात् दस्ता और ओखली अथवा हावन और अरनी जिससे तेल निकालते हैं उन सबको पवित्र किया और मन्त्र से भेड़ बकरी अर्थात् पशु आग में डाले और इससे पहले जहाँ की भूमि ठीक की थी वहाँ चिता बनायी। उसके बाद परम्परानुसार बछड़े सहित गाय दी और गाय का घी और तिल के तेल से चिता को भिगा दिया। उसके बाद भरत ने दूसरे मन्त्रियों के साथ चिता जलाई और आग जलने लगी राजा का शव जला डाला। ब्राह्मणों आदि ने भली प्रकार राजा का अन्तिम संस्कार किया। सारे नगरवासी रोते थे और कहते थे कि हे राजा ! आप कहाँ जा रहे हैं और हमें क्यों छोड़ रहे हैं।

राजा की अरथी का चित्र उचित रूप में, जिस पर हार और फूल पड़े हुए हैं। उसे भरत और शत्रुघ्न सर के बाल कटवाये हुए कन्धे पर उठाकर ले जा रहे हैं और चूड़ीबरदार और वशिष्ठ और सुमंत्र अरथी के पीछे हैं और कौशल्या, सुमित्रा और कैकेयी विलाप करती हुई जा रही हैं तथा सरयू नदी के किनारे चिता को जलाता हुआ जावालि।



پس سگار راجه آن چتا را دیده بهرت با مردمان خویش بیهوش شده بر زمین می فتاد
و آشنایان بر میداشتند گفتار منتهرا گویا آب روان بود و بر دادن راجه سمندر و کیکئی
نهنگ در چنین دریای غم بهرت غرق بود و گریه میکرد و میگفت گوشلا که پسرش بصحرا رفته
مراجه خواهد گفت بدین آیین گریه کنان بر زمین افتاد چنانکه دهو جا را اندر بر افتد
یا راجه ججاتی از سرگ بر افتد چنانچه در آدپرب مهابهارت مذکور است و شترگهن
هم بیهوش افتاد بعد از ساعتی خوبیهای پدر را بیان کرد و میگفت مرا و بهرت را کجا
گذاشته میروی بیشتر در کودک در کودکی خبر اطعمه و اسواب تو میگرفتی و مایان را
کلان کردی حالا که خواهد کرد و از رفتن تو بسرگ و از روان شدن رامچندر بجنگل زندگی
نمیخواهم در آتش می افتم از گریه هردو برادر شهریان گریه و غم کردند بعد نوحه و اضطراب
هردو برادر دل کباب حیران چون گنگ ماندند و در مراقبه رفتند بعده بششت بهرت را
برداشته گفت رنج و راحت هردو در جهان توام اند البته تو غم نکردن را سزاواری
و هر که پیدا آمده است او را مرگ در پیش است و هر که مرده است او را پیدا شدن بنابران
تو غم مکن سوهنتر و شترگهن را از زمین برداشت بدینگونه هردو را برداشته و زرا
و گنگا بشیان برای آب دادن راجه روان گشتند درینجا صورت چتا شعله زنان
و راجه در و سوزان و بهرت و شترگهن بر زمین غلطان و بششت و سوهنتر تسکین دهان و عالی

सर्ग-८६

राजा का सत्कार

उस चिता को देखकर भरत अपने लोगों के साथ मूर्छित होकर पृथ्वी पर गिरे पड़ते थे और परिचित उन्हें उठाते थे। मंथरा की बात बहता हुआ जल थी और राजा का वचन देना समुन्द्र और कैकेयी मगरमच्छ। ऐसे ही दुख के सागर में भरत डूबते थे रोते थे और कहते थे कि कौशल्या का पुत्र जो वन गया है वह मुझे क्या कहेगा। इसी प्रकार रोते हुए पृथ्वी पर गिर पड़े जैसे कि इन्द्र का यन्त्र बद्ध ऊँचा ध्वज गिरता है या राजा ययाति स्वर्ग से गिरता है जैसा कि महाभारत के आदिपर्व में लिखा है। शत्रुघ्न भी मूर्छित हो गये। एक क्षण बाद अपने पिता का गुणगान करते हुए वह कह रहे थे कि आप मुझे और भरत को छोड़कर कहाँ जा रहे हैं ?हमारे बचपन में आप हमारे खाने पहनने का ध्यान रखते थे और हम सबका पालन-पोषण करके बड़ा किया। अब यह सब कौन करेगा ?आपके स्वर्ग सिधारने और रामचन्द्र के वन चले जाने से मैं जीवित नहीं रहूँगा। मैं आग में गिर जाऊँगा। रोते-रोते दोनों भाइयों ने पूरे शहरवासियों को रुला दिया और दुखी कर दिया। शोक व व्याकुलता के बाद दोनों भाई दुखी दिल से आश्चर्यचकित रह गये और उसके बाद वशिष्ठ ने भरत को उठाकर कहा, संसार में सुख-दुख दोनों साथ-साथ हैं तुम्हें कदापि दुख नहीं करना चाहिए। जिसने जन्म लिया है उसे मरना है और जो मरता है उसे जन्म लेना है। इस कारण तुम दुख न करो। कहकर ऐसा सुमंत्र और शत्रुघ्न को पृथ्वी से उठाया। इस प्रकार दोनों भाइयों को उठाकर मन्त्री और गणमान्य व्यक्ति राजा को जल देने के लिये चले।

دفعه آن روغن بر آتش رزان



سرگفتار دهرم پال بدین آئین بهرت ستکار راجه نموده برای آب دادن بر دریای سرجو رسید با شهریان و مردمان در دریا غسل کرد و بدین طریق انجلی آب داد از آپ بپاشا و شستندرکا و چندربهاکا و گنگا و جمنا و سرستی وغیره دریاها، نوید رهن سیر شده در سرگ برود و بدینگونه جل کریا نموده جمیع وزرا و امرا و شهریان و رعایا را دلاسا فرموده برگردید چون اجودها را از دور دید با مردم گفت بعد رفتن رام و مردن راجه شهر چون مکان مردگان بی رونق مینماید چنانچه عورت بی شوهر و شب بی ماه باشد مرا دیدن شهر

सर्ग-९०

धर्मपाल की वार्ता

भरत राजा का सत्कार करते हुए जल देने के लिये, सरयू नदी पर पहुँचे और नगरवासियों और दूसरे लोगों के साथ नदी में स्नान किया। इस प्रकार जल की अंजलि दी।

''मेरा पिता तृप्त होकर स्वर्ग में जाये'' और इस प्रकार जल क्रिया करके और सारे मंत्रियों, गणमान्य व्यक्तियों, नगरवासियों और प्रजा को सान्त्वना देते हुए वे वापस हुए। जब अयोध्या को दूर से देखा तो लोगों से कहा; राम के जाने और राजा के स्वर्गवास के बाद नगर श्मशान की भाँति सूनसान प्रतीत होता है जैसे कि स्त्री बिना पति के और रात्रि बिना चन्द्रमा के होती है।



خوش نمی آید چه جای رفتن بی پدر مرا زندگی در کار نیست باز در مکان مردکان مرحم
این کفتار راجه شنیده دهرم پال نام وزیر کفت فکر و تردد توای بهرت همه عبث است
بسیار اضطراب و غم کردن لائق نسب شما نیست اکر تمام اقربا و برادران قبائل
بمیرند پندت یعنی عالم غم نمیکنند اکر از کریه و غم مرده زنده شود ما همه جماعت بکنیم هرکاه
ما همه را که آمده ایم البته باید مرد و پیش مرک یکذره هم طاقت نیست لهذا با ما همکنان
در شهر داخل شو و شهزاده پدر با حسن وجوه بکن چون دهرم پال چنان کفت بهرت
با مردم و متعلقان اندرون شهر رفت و در خانه پدر در آمد شد و بر بستر کیاهی تا ده روز
بر زمین خواب نمود و در غم و الم بود سرک را ده رفتن بهرت چون ده روز کذشت
بهرت با همکنان غسل کرده پاک کشت بعد از ده روز شهزاده دوازدهم کرده روز سیزدهم
به نیت پدر برهمنان را پارچه های کران قیمت و کاو ماده های و دیکر سواریها مانند پالکی
و غیره و کنیزان و غلامان هر ملک و پیرایه های خوب و افیال و غیره هم خیرات کرد چون
روز سیزدهم بکذشت وزرا و امرا جمع آمده به بهرت کفتند راجه خود مرد و رام و لچهمن
بصحرا رفتند اکنون تو بجای آنان بر مسند بنشین و ساز و سامان ابهشیک یعنی راج
دادن موجود کرده کفت همکنان ترا راجه کردن میخواهند این راج بزرکان خود کرفته حراست
مایان کن این را شنیده بهرت کفت همیشه در نسل ما راج بکلان برادر میرسد شما اینچنین

शहर को देखना मुझे अच्छा नहीं लग रहा है। पिता के बिना मुझे तो जीने की इच्छा नहीं है। मैं फिर मुर्दों (शव) के स्थान पर जाता हूँ। राजा की यह बात सुनकर धर्मपाल नामक वज़ीर ने कहा; भरत ! आपके लिये चिन्ता करना उचित नहीं। बहुत अधिक व्याकुलता और दुख प्रकट करना आपके परिवार को शोभा नहीं देता। यदि सारे सम्बन्धी और सारे कबीले वाले मर जायें तब भी पण्डित दुख नहीं करते हैं। यदि रोने और दुख करने से मुर्दा जीवित हो जाय तो हम सब मिलकर करे। निःसन्देह हम सब जो संसार में आए हैं अवश्य मरेंगे। मृत्यु से छुटकारे की किसी को शक्ति नहीं है। अतः आप हम सबके साथ शहर में प्रवेश करें और पिता का श्राद्ध आदि भली प्रकार कीजिये। जब धर्मपाल ने यह कहा तो भरत लोगों और सम्बन्धियों के साथ शहर के अन्दर गये। पिता के महल में प्रवेश किया और दस दिन तक घास के बिस्तर पर पृथ्वी पर सोये और दुख में ग्रसित रहे।

सर्ग–६१

भरत के जाने का निश्चय

जब दस दिन बीत गये तो भरत सबके साथ स्नान करके पवित्र हुए। दस दिन के बाद बारहवीं श्राद्ध करके तेरहवें दिन पिता के विचार से ब्राह्मणों को मूल्यवान वस्त्र, गायें, दूसरी सवारियाँ जैसे पालकी आदि, हर देश की दासियाँ और दास, अच्छे वस्त्र और हाथी आदि दान किये। जब तेरहवाँ दिन बीत गया तो मन्त्री व गणमान्य व्यक्ति एकत्र हुए और भरत से कहा, राजा मर गये, राम और लक्ष्मण वन को चले गये, अब आप उनके स्थान-सिंहासन पर बैठिए। राज्याभिषेक की सामग्री प्रस्तुत करके कहा कि लोग आपको राजा बनायेंगे। अपने पूर्वजों का यह राज्य लेकर हमारी रक्षा कीजिये। यह सुनकर भरत ने कहा; हमारे परिवार में आरंभ से राज्य बड़े भाई के लिये नियत होता आया है

گفتن رانسزاوار ید دانندهٔ دهرم ها که راچندر ست او راجهٔ ماست و دیگری را
شما مدهید و من تا چهارده سال در جنگل خواهم ماند حالا لشکر چترنگ مرا طیار کنید
من آن برادر را از صحرا باز می آرم و این سامان ابهشیک همراه می برم و خواهش
کیکئی نمیکنم و اهل طریق راه را درست کنند و راه شهر دانان و راه فهمان صحرانشین پیش
بروند چون بهرت چنان گفت منتریان همه گفتند تو همچنین گفتن را نسزاواری که برادر را
دولت میدهی بعد ازان از حکم بهرت برائی صاف کردن راه اهلکاران را فرستادند
سرک طلبیدن راجه بعد ازان دانایان ملک و اراضی و شهریان و زمین کنندگان
و بیلداران و راه صاف کنان و جاسوسان و راه دانان و دستاجران و راه
درخت نشانان و سوب کاران بادرچیان و سکها کاران و سنگ کرم کاران اینها
همه پیشتر رفتند و کریوه ها و سنگها را برابر کردند و اشجار بیجا را قطع کردند پیش از همه
سیناپت یعنی هراول برآمد بعدهٔ از شام مردم ودولی برآمدند گویا در شب بدر دریای شور بطغیانی
آمد اقسام مکانات برای بودن لشکر طیار ساختند و راه هموار در جنگل پرخار
پرداختند درختان بیجا بریدند و انجاکه نبودند درختان سایه دار نشانیدند و بعضی لتا
یعنی درخت بیل دار
و گلم و شلا کا و سنگریزها را از گوتهار تبر و داس مستاصل و صاف نمودند و سنگریزه
یعنی خورد
نوک دار و کوهچه و خارهای سخت که در راه بودند هموار ساختند و تیرته درست نمودند

आप लोगों को ऐसा कहना शोभा नहीं देता है। धर्मों को जानने वाला जो रामचन्द्र हैं वह हम सबके राजा हैं। किसी और को आप लोग राज्य मत दीजिये और मैं चौदह वर्ष तक वन में रहूँगा। अब मेरी चतुरंगिणी सेना तैयार कीजिये मैं उस भाई को वन से वापस लाऊँगा। यह राज्याभिषेक की सामग्री मैं साथ ले जाता हूँ कैकेयी की इच्छा का मैं पालन नहीं करूँगा। मार्ग ठीक करवाए और शहर का मार्ग जानने वाले तथा वन का मार्ग समझने वाले आगे-आगे चले। जब भरत ने यह कहा तो समस्त मंत्रियों ने कहा आपको यही कहना शोभा देता है कि आप भाई को राज्य दे दें। इसके बाद भरत के आदेश से मार्ग साफ़ करने के लिये योग्य लोगों को भेजा।

सर्ग-८२

राजा का बुलाया जाना

उसके बाद पृथ्वी के बुद्धिजीवी, नगरवासी, जमींदार कामगार, मार्ग साफ करने वाले, जासूस, मार्ग जानने वाले, मजदूर, वृक्षों का चिन्ह लगाने वाले, सूपकार, सखाकार और पत्थर ढोने वाले यह सब पहले गये और ढेले और पत्थर बराबर किये। बेकार वृक्षों को काटा, सबसे पहले हरावल टुकड़ी सामने आयी उसके बाद प्रसन्नता से लोग आये। ऐसा लगा जैसे चौदहवीं रात में समुन्द्र में तूफान आ जाये। सेना के रहने के लिये विभिन्न प्रकार के घर तैयार किये और कांटेदार वन में समतल मार्ग पर चले बेकार वृक्षों को काटा। जहाँ पेड़ नहीं थे वहाँ छायादार पेड़ लगवाये और कुछ ने बेलदार कलम शलाका और झाड़, काँटे आदि को जड़ से काटकर साफ किया तथा नोकदार काँटों को और कठोर काँटों को जो मार्ग में थे, समतल किया। तीर्थ ठीक करके समुन्द्रों को ठीक करना आरंभ किया।

بهموار کردن کنارهای بجا پرداختند چیز قابل بستن را بستند و شکستنی را شکستند
و در اندک مدت در خشکی تالاب و چاه و باولی برکندیدند و مانند ساگر تیرتهه‌ها پیدا آوردند
و در بلاد و دیهات و شاه دکان و بیدی چبوتره و منڈپ مکان پدید کردند و اشجار کلدار با جانوران
گوناگون و پتاکا یعنی نشانها در نمود داشتند و آب صندل و گلهای دیگر روافزوده
داشتند و توپ و بندوق ها در کوچه ها گذاشتند و غرفه ها بچونه و غیره آراستند و جابجا
نشانها و بامها بیراستند و بر کنار گنگا که آب سرد داشت درختان برپا کردند تا بهرت
با لشکر بیکران فوج گران رفته درانجا اقامت نماید چنانچه راه آسمان از ماه و کواکب
در شب زیبا باشد همچنان این راه زیب آور نمودند درینجا صورت راه صاف نموده
و درختان سایه دار و مکانات بآرام راهروان و دیگر تیرتها که در راه اند



बाँधने योग्य वस्तुओं को बाँधा और तोड़ने योग्य वस्तुओं को तोड़ा तथा अल्प समय में सूखे भाग में तालाब, कुएँ, बावली खोद दी और सारे सागर की भाँति तीर्थ पैदा कर दिये। शहरों में देहातों में दुकान, चबूतरा और मण्डप तैयार कर दिया और फूलदार वृक्ष, भाँति-भाँति के पशुओं के रखने के स्थान बनाये। जल, चन्दन और अन्य फूलों में पैदावार की और गलियों में तोप तथा बन्दूक दागे, कमरों को चूने आदि से सुसज्जित किये और स्थान-स्थान पर चिन्ह व कोठे बनवाये। गंगा नदी के किनारे जिसका पानी शीतल था वृक्ष लगाये। ताकि भरत भारी सेना के साथ वहाँ जाकर निवास करें जिस प्रकार आकाश का मार्ग चाँद और सितारों से सुसज्जित होता है उसी प्रकार मार्ग को सजाया गया। स्वच्छ किये गये मार्ग का चित्र, छायादार वृक्ष यात्रियों के लिये तथा अन्य तीर्थ वालों के लिये आरामदायक भवन मार्ग में है।



سرگ دیوان چون بهرت سبها نمود یعنی دیوان فرمود بششت گفت مکانات
لشکریان وغیره در راه جمله درست شد وهمه شهریان ورعایا مستعد کشتند وراجه دشرته
بسرگ رفت ودولت واقبال وزمین تو تعلق گرفت رامچندر دایم راست گو و بر طریق
دهرم مستقل است وانحراف از گفته هرگز نخواهد کرد چنانچه روشنی را ماه نگذارد این دو
راج تو براحت بکن وباشندکان مشرق ومغرب وکن وکیرل وچکیرل وکمنت دهارا
بتو خراج آورده اند بهرت در دل رامچندر را یاد کرده از غمناکی گفت آن رام که
برهم چرج میکند و از بید یعنی علم کمال حاصل کرده غسل نموده و دهرما تمام نست راج اینچنین
کس را مثل من کجا گیرد پسر دشرتهه بتعدی راج چگونه متصرف شود چنان ادهرم گفتن را
سزاوار نیستی برادر کلان چون دلیپ نام راجه ونهوکهه نام راجه است ودر راج چون کاکوستهه نام راجه
ودشرتهه است من گناه کنم اگر راج اجهواکو بگیرم من اینجا هستم ورامچندر در صحرا است
من او را نمسکار میکنم وعقب رام خواهم رفت واو براج هر ۳ سه لوک سزاوار است
اگر از صحرا باز بشهر نیاید من هم مانند لچهمن همانجا خواهم ماند ودر اجودهیا لی او نخواهم بود
پدر راج باو داده است من گرفتن را نسزاوارم چنانچه گایتری را شودر دواو بجای پدر هنست
همگنان این سخن دهرم شنیده وعقیده او را دیده خوشوقت شدند واو را یاد بیا و وزرا
گفتند نیک بششت خوشوقت شده گفت این از تو عجب نیست که پسر دشرتهه هستی

सर्ग-६३

दरबार

जब भरत ने सभा अर्थात् दरबार लगाया तो वशिष्ठ ने कहा, सैनिकों आदि के भवन सब मार्ग में ठीक हो गये और सारे नगरवासी तथा प्रजा तैयार है। राजा दशरथ स्वर्ग में चले गये और सम्पत्ति एवं सम्मान पृथ्वी पर आपको प्राप्त हुई। रामचन्द्र सदा से सत्यवादी और धर्म के मार्ग पर चलने वाले हैं, वह अपने वचन से कदापि नहीं हटेंगे जैसे कि प्रकाश चन्द्रमा को नहीं छोड़ता है। आप यह राज्य निर्भय होकर करें। पूर्व, पश्चिम, दक्षिण, केरल, चकेरल, कंधार के निवासी आपके लिये कर लाये हैं। भरत ने हृदय में रामचन्द्र को याद करते हुए दुख से कहा वह राम जो आकाश को क्रोधित करता है और वेद अर्थात् श्रेष्ठ शिक्षा प्राप्त करके धर्मात्मा है मुझ जैसे व्यक्ति के राज्य को किस प्रकार लेगा ?दशरथ का पुत्र अन्याय और अत्याचार के साथ राज्य पर कैसे अधिकार करेगा ?तुम इस प्रकार की अधार्मिक बातें करने के योग्य नहीं हो। ज्येष्ठ भ्राता दिलीप और रघु की भाँति होता है। राज्य में चूँकि ककुस्थ और दशरथ भी है इसलिये मैं पाप करूँगा यदि इक्ष्वाकु का राज्य लूँगा। मैं उन्हें नमस्कार करता हूँ तथा राम के पीछे जाऊँगा और तीनों लोकों में राज्य उन्हीं को शोभा देता है। अगर वह वन से नगर में वापस नहीं आते हैं तो मैं भी लक्ष्मण की भाँति वहाँ रहूँगा और उनके बिना अयोध्या में नहीं रहूँगा। पिता ने राज्य मुझको दिया है मुझे उसे लेने का अधिकार नहीं है जैसे कि क्षत्रिय के लिये शूद्र। वह मेरे लिये पिता के स्थान पर हैं। सब लोग उसकी यह धार्मिक बात सुनकर और उसके विचार सुनकर प्रसन्न हो गये। उससे अमीरों और मंत्रियों ने कहा ''बहुत अच्छा, बहुत अच्छा''। वशिष्ठ ने प्रसन्न होकर कहा मुझे तुम्हारी ओर से यह आश्चर्य नही है क्योंकि तुम दशरथ के पुत्र हो

زیرا که برادر کلان را راج دادن میخواهی تو قابل آفرین هستی و او هم قابل تحسین است
که تو برادر او هستی کدام جا ست باید دید از سبب دهرم تو راجه بسرک رفت و مردم
خوشوقت شدند که تو برای آوردن رام بدان مقام میروی



سرکا راده رفتن بهرت بسوت سومنتر گفت که زود برو و بموجب حکم ما خبر رسان
تا لشکریان مستعد شوند سومنتر این را شنیده حکم را بخوشوقتی همگنان رسانید
شهریان آوازهٔ آوردن رام شنیده به بهجت مستعد گردیدند و سپاهیان

انمارت

चूँकि तुम बड़े भाई को राज्य देना चाहते हो इसलिये तुम प्रशंसा के योग्य हो और वह भी प्रशंसनीय है कि तुम उसके भाई हो। कौन सा स्थान है यह जानना चाहिये। तुम्हारे धर्म के कारणवश राजा स्वर्ग में गये और लोग प्रसन्न हुए कि तुम राम को लाने के लिये वहाँ जा रहे हो।

सर्ग- ६४

भरत के जाने का निश्चय

भरत ने सुमंत्र से कहा कि शीघ्र जाओ और हमारे आदेश के अनुसार समाचार पहुँचाओ ताकि सेना तैयार हो जाए। सुमंत्र ने यह आदेश सुनकर प्रसन्नतापूर्वक सबको समाचार पहुँचाया नगरवासी राम को लाये जाने का समाचार सुनकर प्रसन्नता से तैयार हुए और सैनिक



از مکانات خود ها بخوشوقتی تمام برآمدند مردم بسواری اسپ و رتهه های گاوی و اسپی
که بسرعت دل در رفتن برابر بودند طیار شده لشکر موجود نمودند بعد از ان بهرت
رو بروی لشبشت فرمود رتهه سواری خاص بیار سو نتر رتهه تیار کرده حاضر ساخت
پس آن راست رو برای آوردن برادر کلان به تبیه رفتن پرداخت برگاه بهرت از مکان
خاص راجه بیرون آمد اشتر و خر و افیال بسیار از بسیار بهر سو پر بار کردند درینجا
صورت سواری بهرت که معه شترگهن بر رتهه سوار است و دد دوله معه کهار عقب رتهه و فیل سفید
معه نشان پیش رو و عقب او بر رتهه گاوی لشبشت وغیره و مردم سپاه سوار و پیاده و نقارچیان وغیرآن



अपने घरों से पूरी प्रसन्नता से बाहर निकले। लोगों ने घोड़ों और गायों तथा घोड़ों वाले रथ पर सवार, जो चलने में दल की गति के बराबर थी, तैयार होकर सेना को उपस्थित किया। उसके पश्चात् भरत ने वशिष्ठ के सम्मुख कहा ''विशेष सवारी वाला रथ लाओ।'' सुमंत्र ने रथ तैयार करके प्रस्तुत किया उसके पश्चात् इस सत्यवादी ने ज्येष्ठ भ्राता को लाने की तैयारी आरंभ की। जिस समय भरत राजा के विशेष महल से बाहर आये चारों ओर अधिक से अधिक ऊँटों, गधों और हाथियों पर लोगों ने बोझ लादा।

भरत की सवारी का चित्र जो शत्रुघ्न के साथ रथ पर सवार हैं और दो तीन डोले कहारों सहित रथ के पीछे हैं और ध्वज वाला सफ़ेद हाथी आगे चल रहा है उसके पीछे बैल के रथ पर वशिष्ठ आदि तथा सिपाही और पैदल सैनिक एवं नक़्क़ारची आदि हैं।



بعد از آن بهرت بر رتهه اسپان سفید سوار شده باراده
دیدن رامچندر روان شد و پس پیش او وزرا و پروهتان بر رتهه‌ها، آفتاب مانند
سوار گشته روانه گردیدند و ده هزار زنجیر فیل با برگستوان وغیره آراسته عقب بهرت
روان شدند و شصت هزار رتهه در پس آن شدند و صد هزار سوار هم روان شدند
و کیکئی و سومترا و کوشلا بخوشوقتی بر بانهها یعنی چونڈول‌ها سوار گشته روانه شدند
و در اثنای راه خوبی‌های رام گویان و ترانه او سرایان قطع راه میکردند و میگفتند آن رامچندر
که برنگ چون میغ و دراز دست و رفتار چون فیل دارد کی خواهیم دید که دیدن او تمام
غم ببرد اید چون خورشید که تیرگی دور کند بدین آئین سخن کنان شهریان و دیگران
بامید دیدن رام گام زدند و آنها که کار جواهر میکردند و آنها که چتر میسازند و توپ ساز
و سوب ساز و باروت ساز و سوداگران و صرافان و پانوڑک و تیلی و نجار و سوراخ ساز
و سازندگان کار عاج و معمار و عاج فروشان و زرگران و طلاکدازان و باد فروشان
و ماکدهان و اشمار فروش و مالیان و غله فروشان و سلاح ساز و طریق و بهات شناس و طیور
پروران و آرکار و رس کار و بهوج کار و گند کار و تنبولیان لوزدبان پرداز و قربات بین
و کوه روان با عورات خود‌ها از همه شور و شغب از شهر برآمدند و آزارمندان و پیران
و کودکان همه بیرون شدند تمام شهر خالی ماند همگنان با نواع سواریها روان گشتند

उसके बाद भरत सफेद घोड़ों वाले रथ पर सवार होकर रामचन्द्र को देखने के विचार से चले। उसके आगे-आगे मंत्रियों और पुरोहित रथों पर सवार होकर चले और दस हजार हाथी झालर आदि से सुसज्जित होकर भरत के पीछे चले। उनके पीछे साठ हजार रथ थे और एक लाख सवार भी चले। कैकेयी, सुमित्रा और कौशल्या प्रसन्नतापूर्वक विमानों पर अर्थात् चन्डोलों पर सवार होकर चलीं। मार्ग में राम की प्रशंसा करने वाले और उनका गुणगान करने वाले मार्ग तय कर रहे थे। वह रामचन्द्र जो रंग में अद्वितीय और दानी हैं हाथी जैसी इनकी चाल है, हम उन्हें कब देखेंगे कि उनका देखना सारे दुखों को समाप्त कर देगा, जैसे सूर्य अंधकार को समाप्त कर देता है। इसी प्रकार नगरवासी और दूसरे लोग राम को देखने की आशा में अपने पग बढ़ा रहे थे। जो लोग कि रत्नों का कार्य करते हैं जो चित्र बनाते हैं, तोप बनाने वाले, साबुन बनाने वाले, बारूद बनाने वाले, व्यापारी, सुनार, तेली, बढ़ई, छेद करने वाले, जरगर सुनार, सोना माली, अनाज बेचने वाले, अस्त्र शस्त्र बनाने वाले, देहात का मार्ग जानने वाले, पक्षी पालने वाले, अन्तार तम्बोली और दूसरे अन्य लोग सब अपनी स्त्रियों सहित कोलाहल करते हुए बाहर निकल आये। बीमार, बूढ़े और बच्चे सब बाहर निकल आये। पूरा नगर खाली हो गया सब विभिन्न सवारियों पर सवार होकर चले

و هزاران برهمنان باقسام سواریها عقب پسر گنگی رفتند و در طریق تماستر متل
برسپت یعنی برجیس همه برهمنان با صدها سپاهیان عازم گشتند با وزرا و دانایان
و بشسٹ و غیره برهمنان با صدها سپاهیان عازم گشتند و با وزرا و لشکر کنار
دریائی گنگا رسیدند آن بحر مواج را که آب ۳ لوک میرود دیده بهرت گفت لشکر من
همین جا اقامت کنند زیرا که کریا بدر میکنیم و آب میدهیم بموجب فرموده بهرت وزرا
و امرا و غیره علیحده علیحده بمکان خودها فرود آمدند مطابق دستوری که داشتند در اینجا صورت
لشکر که بر کنار گنگا فرود آمده و دکاکین و خیمهها و اسپ و فیل و شتر و رتهه و علم و بیرقها استاده

که در تصویر کاده است



और हजारों ब्राह्मण विभिन्न प्रकार की सवारियों पर सवार होकर कैकेयी के पीछे गये। शास्त्र के अनुसार वृहस्पति की भाँति सारे ब्राह्मण सैकड़ों सिपाहियों के साथ चले और मन्त्रियों तथा सेना के साथ गंगा नदी के किनारे पहुँचे। इस बहते जल को जो तीनों लोक में जाता है देखकर भरत ने कहा कि मेरी सेना यहीं रुके। मैं अपने पिता की क्रिया करूँगा और जल दूँगा। फिर भरत के आदेश के अनुसार मन्त्री और धनवान आदि अलग-अलग अपने पड़ाव पर उतरे, जैसी कि इनकी परम्परा थी।

सेना का चित्र जो गंगा किनारे उतरा हुआ है और दुकानें, घोड़े, हाथी, ऊँट, रथ अलम और झण्डे आदि।



و هزاران برهمنان باقسام سواریها عقب پسر گنگی رفتند و در طریق تماستر متل
برسپت یعنی رجبیس همه برهمنان با صدها سپاهیان عازم گشتند با وزرا و دانایان
و بشسٹ و غیره برهمنان با صدها سپاهیان عازم گشتند و با وزرا و لشکر کنار
دریای گنگا رسیدند آن بحر مواج را که ب۳ لوک میرود دیده بهرت گفت لشکر من
همین جا اقامت کنند زیرا که کریا پدر میکنیم و آب میدهیم بموجب فرموده بهرت وزرا
و امرا و غیره علیحده علیحده بمکان خودها فرود آمدند مطابق دستوری که داشتند در اینجا صورت
لشکر که بر کنار گنگا فرود آمده و دکاکین و خیمهها و اسپ و فیل و شتر و رتهه و علم و بیرقها استاده
که در تصویر کاداده است



और हजारों ब्राह्मण विभिन्न प्रकार की सवारियों पर सवार होकर कैकेयी के पीछे गये। शास्त्र के अनुसार वृहस्पति की भाँति सारे ब्राह्मण सैकड़ों सिपाहियों के साथ चले और मन्त्रियों तथा सेना के साथ गंगा नदी के किनारे पहुँचे। इस बहते जल को जो तीनों लोक में जाता है देखकर भरत ने कहा कि मेरी सेना यहीं रुके। मैं अपने पिता की क्रिया करूँगा और जल दूँगा। फिर भरत के आदेश के अनुसार मन्त्री और धनवान आदि अलग-अलग अपने पड़ाव पर उतरे, जैसी कि इनकी परम्परा थी।

सेना का चित्र जो गंगा किनारे उतरा हुआ है और दुकानें, घोड़े, हाथी, ऊँट, रथ अलम और झण्डे आदि।



سکر دیدن گنگا چون دهوجا یعنی بیرقها و نشانها لشکر بهرت را کوهیه راجه نگهباد
که قوم بهیل باشد با اقربای خود گفت این لشکر که بر کنار گنگا فرود آمده چندان فراوان است
که حد او معلوم نمیشود و اراده عبور دریا دارد و درین شبهه نیست که این فوج از اولاد
آچهوا کو هست این رتهها با دهوجا کوودار نظر می آید معلوم نیست که باراده گرفتن
فیلان برآمده یا بطریق شکار یا تحقیق چنانست که رامچندر ولد دشرته که پدر او را از شهر
بدر کرده و حالا بهرت بطمع راج برای کشتن او مستعد گشته و از طمع دولت محبت برادری
برطرف میکند و مرا رامچندر محب و دوست عزیز است ازینجهت این لشکر را از عبور دریا باز دارم
باز بهمه اقربا و همراهیان گفت مسلح و مستعد باشند و کمانها بدست بگیرند و تیرها بایستند
و پانصد جهاز خورد که بغراب و کشتی موسوم اند در تصرف خودها نگاهدارند و اگر بکشتن
رام میروند هرگز رفتن ندهیم و اگر بر صلح میروند بگذاریم و اگر نوع دیگرش فی الفور تیرهای پیکان
در کالبد افواج مخالفان چنان خزند که مار در سوراخ خود و حالا این لشکر را خوراک
کرم و جانوران و طایران میکنم هر جا که اسپیان و پیلان و رتهها فرود آمده اند
آن زمین را تالاب خون میکنم ما برای خاطر رام همین لشکر بسیار نمیترسیم درینجا
صورت دریای گنگ و بر کنار آن پنج کشتی با لنگر استاده و راجه کوهیه با سپاه
فوج خود مسلح بر کنار استاده و راجه مذکور بصورتی که سابق نوشته بر اسپ سوار

सर्ग-९४

निषाद का देखना

जब भरत की सेना के चिह्न ध्वज और पताका भील वंश के राजा निषाद ने, देखा तो उसने अपने सम्बन्धियों से कहा कि यह सेना जो गंगा के किनारे उतरी है उसकी सीमा मालूम नहीं होती। वह नदी पार करना चाहते हैं और इसमें कोई संदेह नहीं कि यह सेना इक्ष्वाकु की संतान से सम्बन्ध रखती है। यह रथ ध्वज सहित दिखाई पड़ रहा है। मालूम नहीं कि यह हाथी पकड़ने के विचार से आया है या शिकार खेलने के लिये, या खोज के लिए या कि रामचन्द्र पुत्र दशरथ जिसे उसके पिता ने शहर से निकाल दिया है। और कहा कि अब भरत ने राज्य के लोभ में उसी हत्या करने के लिये निश्चय किया है और धन के लालच में भाई का प्रेम छोड़ रहा है। मेरे लिये रामचन्द्र एक प्रिय मित्र हैं इसलिये मैं इस सेना को नदी पार करने से रोकूँगा। फिर उसने अपने सम्बन्धियों और साथियों से कहा कि हथियार सहित तैयार रहें, कमान हाथ में ले लें, और पंक्ति में बैठ जायें। पाँच सौ छोटे जहाज जो नाव के नाम से जाने जाते हैं अपने प्रयोग में रखें और यदि यह राम की हत्या करने के लिये जाते हैं तो मैं कदापि नहीं जाने दूँगा। यदि सन्धि के विचार से जा रहे हैं तो जाने दूँगा। यदि दूसरी बात है तो तुरन्त हमारे बाण विरोधी सेना के शरीर को ऐसे छेदेंगे, जैसे हरनी अपने छेद में। मैं अभी इस सेना को कीड़े मकोड़ों, पशुओं और पक्षियों का भोजन बना दूँगा। जहाँ घोड़े, हाथी और रथ उतरे हुए हैं मैं उस पृथ्वी को रक्त के तालाब में परिवर्तित कर दूँगा हम राम के लिये इस भारी सेना से नहीं डरते।

गंगा नदी का चित्र, उसके किनारे पाँच नाव लंगर डाले हैं और राजा गुह अपने हथियार सहित सिपाहियों के साथ किनारे पर खड़ा है तथा राजा पहले के समान घोड़े पर सवार है।



سرکن ملاقات کوهه با اقربای خود و برانسان نصیحت کرده خود بطریق پیشکش شهد

وجزات وروغن وگوشت وماهی همراه گرفته باستقبال بهرت آمد او از دور دیده

در خاطر کرد که این را البته مسکن رام ولچهمن وسیتا معلوم خواهد بود واز زبان سومنتر هم

شنیده بود القصه کوهه رسیده عرض نمود که اینمکان را خانه خود دانسته اقامت فرمایند

وثمرات ومأکول که از مان میسر آید تناول سازند امشب در خانهٔ ما منزل کرده علی الصباح کوچ نمایند

सर्ग-६५

गुह का अपने परिवार वालों से भेंट करना

इस प्रकार दीक्षा देकर भेंट के रूप में शहद नजूरात, रोगन, माँस और मछली साथ लेकर भरत के स्वागत के लिये आये और दूर से देखकर हृदय में सोचा कि निःसन्देह उसे राम, लक्ष्मण और सीता का निवास स्थान ज्ञात होगा। उसने सुमित्रा के मुख से भी सुना था। अतः गुह ने पहुँचकर निवेदन किया कि इस स्थान को अपना घर समझते हुए निवास करें और फल आदि जो हमारी ओर से प्रस्तुत किया जाये उसे ग्रहण करें। आज की रात्रि हमारे घर में निवास करें और प्रातःकाल प्रस्थान करें।



بهرت گفت تو که این سخن گفتی گویا تمام لشکر ما را مهمانی کردی اما این را بگو که بکدام راه بمکان
بهردواج رکهه باید رفت چرا که راه پر خار و خس و افیال سرکش اند گوهه دست بسته گفت
من هم عقب لشکر میروم چه بداندیشی رامچندر در خاطر کرده کوچ میکنید این لشکر بیم افزاست
بهرت گفته گوهه را شنیده گفت اینچنین وقت مرا هرگز مباد و لعنت مرا که تو مرا چنین
دانسته میگوئی رامچندر برادر کلان من بجائی پدر منست برائی باز آوردن ام بصحرا
میروم و دیگر گون مدان این راست میگویم گوهه از گفته بهرت خوشحال شده بطریق اعزاز
به بهرت گفت تحسین و آفرین بر تو و مانند تو بر زمین نمی بینم که بی تصدیع راج بدست آمده را
میگذاری کیرت جاودانی در لوکها خواهی یافت در گفت و شنود آفتاب بمغرب رفت
بتیج جبس
لشکریان بتدابیر گوهه بمکان خودها اقامت کردند و بهرت با شترگهن بمکان استراحت رفت
اما در فکر باز گردانیدن رامچندر خوابش نیامد مانند آتش جنگل در غم بود و از تن او عرق میرفت
و از گفتار دغا آمیز کیکئی زمان زمان دلش میگرفت باز بیرون آمده با گوهه بنشست و با او
بسخنان در پیوست سرگ گفتار گوهه گوهه بهرت را با چشم اشک ریز دیده دست بسته
بدین آئین سخن سر کرد که ای بهرت تو سزاوار اولاد اچهواکو سخن میگوئی و این
ترا میزیبد که دولت و راج را گذاشته چنانکه کسی زن نامعقول را طلاق دهد برای
آوردن برادر دانا میروی و آن رامچندر قابل آفرین است که تو برادر او هستی اینچنین

भरत ने कहा आपने यह बात कहकर हमारी सम्पूर्ण सेना को अपना अतिथि बना लिया। लेकिन यह बताइये कि भरद्वाज ऋषि के घर किस मार्ग से जाना होगा। क्योंकि मार्ग काँटों से भरा है और सरकश हाथी है। गुह ने हाथ जोड़कर कहा ''मैं भी सेना के पीछे चलूँगा। रामचन्द्र के प्रति क्या आप बुरा विचार हृदय में सोचकर कूच कर रहे हैं ?यह सेना भय बढ़ाने वाली है। भरत ने गुह का कथन सुनकर कहा ''मेरा ऐसा बुरा समय कदापि न हो, और मुझ पर धिक्कार हो कि आप मुझे ऐसा समझकर कह रहे हैं। रामचन्द्र मेरे ज्येष्ठ भ्राता हैं, मेरे पिता के स्थान पर हैं, मैं तो राम को वापस लाने के लिये वन जा रहा हूँ।'' गुह भरत की बात सुनकर प्रसन्न होकर सम्मान के रूप में भरत से कहा आप धन्य हैं। आप जैसा मुझे समस्त संसार में कोई दिखाई नहीं देता कि बिना किसी कष्ट हाथ आये हुए राज्य को आप छोड़ रहे हैं। आप संसार में कभी न समाप्त होने वाला सम्मान प्राप्त करेंगे। इस वार्तालाप में सूर्य पश्चिम में जाकर अस्त हो गया। सैनिकों ने गुह की व्यवस्था से अपने खेमों में पड़ाव किया। भरत शत्रुघ्न के साथ विश्राम घर में गये लेकिन रामचन्द्र को वापस लाने की चिन्ता में निद्रा नहीं आयी। वह वन की अग्नि के समान दुखी थे उनके शरीर से पसीना बह रहा था और कैकेयी के धोखे वाली बातों से पल-पल उनका हृदय बैठा जाता था। फिर वह बाहर निकलकर गुह के साथ बैठे और उनसे बातें करने लगे।

सर्ग-९६

गुह की वार्ता

गुह ने भरत को अश्रु भरी आँखों के साथ देखकर हाथ जोड़कर इस प्रकार ठण्डी बातें कीं कि ''हे भरत ! आप इक्ष्वाकु की सन्तान के योग्य वार्ता कर रहे हैं। आपको यही शोभा देता है कि धन व राज्य को छोड़ दें जैसे कि कोई अपनी विवेकहीन पत्नी को तलाक़ देता है। आप बुद्धिमान भाई को लाने जा रहे हैं। रामचन्द्र धन्य है कि आप उसके भाई हैं।

اخلاص در زمانه کمیاب است آن رامچندر که دهرم وان است و براستی مستقیم و از گفته پدر
و والده تو با عورت خود بصحرا رفته آن زورمند و متحمل را همچو تو برادر سزاوار است
بهرت این را شنید گفت از محبت تو و از گفتار و خدمت تو بسیار خوشوقت شدم اکنون
راست بگو و هرآئنه دروغ مگو که برادران من و سیتا کجا هستند و چگونه میگذرانند و در بن
منزل کجا رام بر زمین نشست و کجا خفت و کجا ایستاد و کدام افسانه گفتند و چه خوردند و بیخ
کدام درخت انگدی خفتند که پیشتر گاهی نخفته بودند و لچهمن و سوت کمان در دست گرفته
نخچیر
در شب چسان بیدار بودند از من بگو گوهه دست بسته گفتن آغاز کرد سرگ گفتار گوهه
از روی راستی آنچه رام کرده بود بیان نمود که لچهمن تمام شب کمان چون اندر در دست
گرفته بیدار بود گفتمش این برای تو خوابگاه آراسته ام باری آسایشی بکن من بیدار خواهم بود
و از رفتن
گفت مرا از رام هیچ عزیز نیست من چگونه رام را با سیتا خفته گذاشته بخواب روم
اگرچه پادرم از دیده
رام دشرتهه هم بسیار نخواهد زیست و زمین زود بیوه خواهد شد کوشلا از غم خواهد مرد
شترگهن کهی زنده ماند
و فیل ها
و کوچه و برزن و شاهراه و غرفه ها و شبکه ها پرشور و شغب است با وجود رتهه و اسپ
و جواهرها تمام شهر چون جنگل مینماید و کی از راستی رتهنکیا همه بخیر و عافیت باز در شهر
وعده
خواهیم آمد و آسایش در سلطنت خواهیم نمود بدین آئین در گفت و گوی غم و الم شب در
گذشت و صبحگاه هر دو برادر جٹا نمودند و از ین دریائی بهاگیرتهی عبور فرمودند

ऐसा प्रेम संसार में कम मिलता है वह रामचन्द्र जो धर्म जानने वाले हैं और सत्य के मार्ग पर चलते हैं तथा अपने पिता और आपकी माता के कहने से अपनी पत्नी के साथ वन चले गये उस बलशाली, योग्य व्यक्ति के लिये आप जैसा भाई ही उचित है। भरत ने यह सुनकर कहा, मैं आपका प्रेम, आपकी वार्ता और सेवा से बहुत प्रसन्न हुआ। अब सत्य कहिये तनिक भी झूठ न बोलिये कि मेरे भाई और सीता कहाँ हैं ?किस प्रकार जीवन बिता रहे हैं ?और इस मार्ग में राम कहाँ पृथ्वी पर बैठे और कहाँ सोएँ, कहाँ खड़े हुए और कौन सी कथा का उन लोगों ने वर्णन किया। क्या खाया ?और इडगुदी के किस वृक्ष के नीचे सोये कि इससे पहले कभी नहीं सोये थे। लक्ष्मण और सूत हाथ में धनुष लेकर रात में कैसे जागते रहे। यह सब मुझको बताइये। गुह ने हाथ जोड़कर कहना आरम्भ किया।

सर्ग-८७

गुह की वार्ता

गुह ने जो कुछ कि राम ने किया था सच सच वर्णन किया कि ''लक्ष्मण सारी रात्रि भीतर हाथ में धनुष लेकर जागते रहे। मैंने उनसे कहा कि तुम्हारे लिये मैंने शयनकक्ष की व्यवस्था की है, कुछ विश्राम कर लो, मैं जागता रहूँगा। उन्होंने कहा; ''मुझे राम से अधिक कोई चीज़ प्रिय नहीं है। मैं किस प्रकार राम को सीता के साथ सोता हुआ छोड़कर सो जाऊँ और राम के जाने के बाद दशरथ भी अधिक जीवित नहीं रहेंगे। पृथ्वी शीघ्र ही विधवा हो जायेगी। कौशल्या दुःख से मर जायेंगी, यद्यपि मेरी माँ शत्रुघ्न को देखने से जीवित रहेगी और गली, खिड़कियाँ, पगडण्डी, कमरे और झरोखे सब कोलाहल से भरे हैं। रथ, घोड़े, हाथी, रत्नों के होने के अतिरिक्त पूरा शहर वन प्रतीत होता है और कौन सत्यता से अपना प्रण पूरा करता है। हम सब कुशलपूर्वक पुनः शहर में आयेंगे और राज्य में विश्राम करेंगे। इसी प्रकार दुःखभरी बातों में रात्रि बीत गयी और प्रातः हो गयी। दोनों भाईयों ने जटा बाँधी और भागीरथी नदी को पार किया।

هرد وجتا و کش یعنی کاه و چیر داشته مانند دو فیل کلان دو کمان گرفته با ستیا
راه نوردیدند درینجا صورت نموداری وقت شب و ماه و کواکب و دریای گنگا و درخت و بهرت
و شترکهن و راجه گوهه بر مسند خود ها نشسته اند و بنجن اند و یک خدمتگار با چور ایستاده
دآوند شیر و شهد و روغن و ماهی یکطرف نهاده



سرک گفتار بهرت گفت گوهه را شنیده بهرت غمگین گردیده مانند درخت از بیخ برکنده
بزمین افتاد گوهه بهرت را که نوجوان و زورمند و مانند شیر کتف داشت و دراز دست
و چون برگ نیلوفر چشم خوشنماست بدانحالت دیده متوزع و متشتت گشت
و شترکهن این وضع او دیده بگریه آمد و همه مادران او که از و پاس یعنی روزه که بعد فوت شوهر

दोनों जटा बाँधे हुए अर्थात् घास और चीर रखे हुए दो बड़े हाथियों के मान दो धनुष लिये हुए सीता के साथ मार्ग तय कर रहे थे।

रात का समय और चाँद तारों के निकलने का चित्र गंगा नदी, वृक्ष का चित्र, भरत, शत्रुघ्न और राजा गुह अपने-अपने आसन पर बैठे हुए हैं और वार्ता कर रहे हैं एक सेवक खड़ा है और दूध, शहद, रोग़न और मछली की परात एक ओर रखी है।

सर्ग-६८

भरत की वार्ता

गुह की बात सुनकर भरत दुखी हो गये और जड़ से उखड़े हुए वृक्ष के समान पृथ्वी पर गिर पड़े। गुह भरत को, जो नवयुवक शक्तिशाली, जिसका कन्धा शेर के समान था और लम्बे हाथों वाला था नीलोफर के समान उसके नेत्र सुन्दर थे, इस दशा में देखकर चिन्तित हो गये। और शत्रुघ्न यह दे खकर रोने लगा। उसकी सारी माताएँ व्रत के कारण जो वह अपने पति की मृत्यु के बाद रख रही थी।



میدارند لاغر گشته بودند بیهوش تر شدند گوشلا دست بر بهرت گذاشته بطریق
مضطربانه پرسید چه کالبد تو بی آزار است که ما ترا دیده بمیریم و محکوم تو ایم یا چیزی
لچهمن را خبر بد شنیده یا پسر مرا که یک پسر است خیریت است چون گوشلا چنان گفت
او بعد از ساعتی بخویش آمده گفت از گوهه ماجرا پرسیدم آن بنوعی بیان نمود
که مرا بیهوشی و رقت از کار در ربود گوهه بمن گفت که من برای رامچند بسیار اشیا
آوردم او هیچ نگرفت و لچهمن خود آب آورد رام با سیتا دست و پا شسته سندهیا
کرد و آن آب باقی را لچهمن خود بکار برد بعده لچهمن خود دربه یعنی قسمی از کاه آورده
مکان خواب مهیا ساخت و رام و سیتا بر وا استراحت گزیدند و لچهمن پابانی بشست
و در زیر بیخ این درخت انگدی این ماجرا گذشت و من و لچهمن و سوبت کمان در دست
گرفته بیدار ماندیم **سر گفتار بهرت** بعد از آن بهرت رفته آن مکان خوابگاه
رامچندر را دیده غمگین تر شده آمده با مادران خود گفت رام را که از دشرته پیدا شده
چسان بر زمین شب گذرانیده باشد و اجن ہوا و تر داشته بر گاه چسان خفته باشد آنانکه
در گلها و خوشبوئیها و چندن و اگر و سفید ابر و آواز کوکلا و مناظرها همیشه نشسته باشد
و بر بستر زرین و سیمین خفته باشد و از سرود و رباب و غیره نفیرها و مردنگ و شنکه
بیدار شده باشد و از اوصاف سوت و بیدیان و افسانه ها خصلت پذیر باشد

निर्बल हो गयी थीं, मूर्छित हो गयीं। कौशल्या ने भरत पर हाथ रखकर व्याकुलता से पूछा कि ''तेरा शरीर निःरोग है हम तुझे देखकर जीते हैं, और तेरे आधीन है। क्या तुमने लक्ष्मण के सम्बन्ध में कोई बुरा समाचार सुना है, या मेरा पुत्र जो एक ही पुत्र है सकुशल है।'' जब कौशल्या ने यह कहा तो उसने एक पल के पश्चात् होश में आकर कहा, मैंने गुह से घटना पूछी उसने इस प्रकार वर्णन किया कि मुझे मूर्छा और दुख ने अचेत कर दिया। गुह ने मुझसे कहा मैं रामचन्द्र के लिये बहुत सी वस्तुएँ लाया उन्होंने कुछ नहीं लिया। लक्ष्मण स्वयं पानी लाये और राम ने सीता के साथ हाथ पैर धोकर सायंकाल की पूजा की तथा शेष पानी को लक्ष्मण ने प्रयोग किया। उसके पश्चात् लक्ष्मण ने स्वयं ही एक प्रकार की घास लेकर सोने का स्थान बनाया और राम एवं सीता सोने चले गये। लक्ष्मण ने पाँव धोया और इनजीर के किसी वृक्ष की जड़ में यह घटना घटित हुई और मैं और लक्ष्मण और सूत हाथ में धनुष लेकर जागते रहे।

सर्ग-८८

भरत की वार्ता

इसके पश्चात् भरत ने जाकर रामचन्द्र के सोने का वह स्थान देखा और पहले से अधिक दुखी होकर आये तथा अपनी माताओं से कहा; ''राम ने जो दशरथ की सन्तान हैं कैसे पृथ्वी पर रात्रि व्यतीत की होगी, जटा रखकर घास पर कैसे सोये होंगे ?जो लोग कि पुष्पों, सुगन्धों, चन्दन, अगर, सफेदाबर और कोयल की आवाजों तथा सुन्दर दृश्यों पर सदा-सदा बैठे होंगे सोने चाँदी के आसन पर सोये होंगे, रबाव व चंग और बांसुरी की ध्वनि सुनकर जागे होंगे, सूत वेद जानने वाले और कहानी के गुणों से सुसज्जित हैं वह महान वंशजों व समस्त लोगों के प्रिय हैं। राज्य और धन छोड़कर कैसे तपस्या कर रहे हैं।

آن بزرگ نسب عزیز جمیع مردم راج و دولت را بگذاشته چگونه ریاضت میکنند
بنابران دنیا مرا چون خواب مینماید و برین دل بسته نمیشود و البته تدبیر هیچ نفعی ندارد
بواسطه آنکه تقدیر غالب است اینک خوابگاه برادر منست که از گاه سخت و پر خار ساخته
و دختر راجه جنک و سنه (بنو) راجه دسرته همین جا بر زمین خفته و ریگ و خار ریزهای زر که از او شی او
ریخته بنظر می آید آن نیکوکاری ستی (ناز ک بدن) مانند سایه همراه شوهر است و آفرین برد
که عقب شوهر میرود و ما همه بی آرام (نیکبخت) خفته ایم تمام روی زمین مرا خالی مینماید از مردن دسرته
(من هم) و رفتن رامچندر در دل هیچ از زمین نمیخواهم و تمام شب مرا چون بلابل مینماید و از امروز
بر بستر کاه خوابم پهل و مول خورم و جتا اجن دارم و عوض او بصحرا مانم و این کذب نباشد و بستر کهن با من باشد
(کفتا) و رام با لچهمن آمده راج نماید و من در سایه برکها باشم و در سایه راج رامچندر بود و این امید دیوتا راست آنقدر این
شب آخر شد طیوران از آشیانها آواز کردند و برآمدند و گوهه هم با همراهیان خود عزم رفتن خانه خود کرده

در اینجا صورت درخت یکطرف و در زیر آن
کوهه نشسته و یکطرف در آنجا صورت بهرت غمگین
سر فرو کرده نشسته و نزدیک او شترگهن
نشسته و کوشلا مادر رام دست بر سر بهرت
گذاشته و کیکئی و سومترا عقب او استاده

इस आधार पर संसार मुझे स्वप्न की भांति लग रहा है और हृदय इसमें लगता नहीं है। निःसंदेह लाभ की कोई संभावना नहीं है। क्योंकि भाग्य प्रभावी है। यह मेरे भाई का शयनकक्ष है जो कठोर और कांटेदार घास से बना है, राजा जनक की पुत्री और राजा दशरथ का पुत्र इसी स्थान पर धरती पर सोये हैं। यहाँ पर स्वर्ण के कण उसके लिये बिखरे हुए दिखाई देते हैं और वह भाग्यशाली है जो परछाई की भाँति पति के साथ है, धन्य है जो कि पति के पीछे जा रही हैं। हम सब व्याकुल सोये हैं मुझे समस्त पृथ्वी खाली लग रही है। दशरथ की मृत्यु और रामचन्द्र के वन जाने से मैं इस पृथ्वी से अब कुछ नहीं चाहता, पूरी रात्रि मुझे विष की भांति लगती है। आज से मैं भी घास की शैय्या पर सोऊँगा, कंद मूल खाऊँगा और अजन की जटा रखूँगा। उनके बदले में मैं वन में रहूँगा। यह असत्य नहीं होगा शत्रुघ्न मेरे साथ होगा। राम लक्ष्मण के साथ आकर राज्य करेंगे और मैं पत्तों की छाया में रहूँगा यह आकाश देवता पूर्ण करेंगे, इसी वार्तालाप में रात्रि हो गयी। पक्षियों ने अपने घोंसलों से चहचहाना आरंभ कर दिया और घोंसलों से बाहर निकल आये और गुह ने भी अपने साथियों के साथ अपने महल में वापस जाने का निश्चय किया।

एक ओर वृक्ष का चित्र उसके नीचे गुह बैठा हुआ है, उसके एक ओर भरत का चित्र जो दुखी सर नीचे किये बैठे हैं उसके निकट शत्रुघ्न बैठे हैं और राम की माता कौशल्या भरत के सर पर हाथ फेर रही है तथा कैकेयी और सुमित्रा उसके पीछे खड़ी हैं।



پس کوچ آلی شب را بهرت بر کنار گنگا گذرانده صبحی برخاسته نشتر گهن گفت
شب رفت و آفتاب بر آمد و نیلوفر شگفتن گرفت گوهه سردار بلنده شرنگبیر را بیا
تا لشکر مرا از گنگا عبور کنانند نشتر گهن گفت مرا در اضطراب هموم خواب نیامده
بیدارم نخفته ام در فکر خوشوقت ساختن و بخدمت پرداختن رامچند هستم
اینقدر به بهرت گفته نوکران از فرموده ما گوهه را بیارند درین اثنا گوهه حاضر گشت
و دست بسته عرض نمود که بر کنار دریا لشکر شب را آسودگی گذرانده و تصدیعی
بکسی نرسید اما میدانم ترا کجا راحت است که پدر مرده و برادر بصحرا سفر کرده بهرت

सर्ग-१००

भरत ने वह रात गंगा के किनारे बिताई और सुबह उठकर शत्रुघ्न से कहा ''रात बीत गई और सूर्य उग आया तथा नीलोफर के फूल खिलने लगे श्रृंगवेर शहर के सरदार गुह को बुलाओ ताकि वह मेरी सेना को गंगा पार कराये।'' शत्रुघ्न ने कहा ''गहरी सोच और चिन्ता के कारण मुझे नींद नही आयी। मैं जाग रहा हूँ सोया नहीं हूँ। मैं समय को आनन्दमयी बनाने और रामचन्द्र की सेवा में व्यस्त होने की चिन्ता में हूँ।'' उसने भरत से यह कहते हुए नौकरों को आदेश दिया कि गुह को बुलाकर लायें। इसी मध्य गुह ने उपस्थित होकर हाथ जोड़कर निवेदन किया कि सेना ने नदी के किनारे रात भली प्रकार व्यतीत की और किसी को कोई कष्ट नहीं हुआ। लेकिन मैं जानता हूँ कि आपको सुख कहाँ हैं ?क्योंकि पिता का देहान्त हो चुका है और भाई वन में यात्रा पर गये हैं।



در جواب گفت که از خدمت و پرستش تو شب گذشت اکنون کشتی ها آورده لشکر را
از گنگا بگذران گوهه اندر بلده رفت و بهم اهیان گفت که کشتی ها برائی عبور جمیع لشکر
جمع سازید همگنان بکار پرداختند و پانصد کشتی کلان که بغراب یعنی مانند جهاز خورد
بودند موجود ساختند همه بانت نهانی و کهنٹا ها و پتاکا ها و دیگر پارچه ها زیب آور
بودند و یک کشتی خوب که پوشش سفید شال داشت و با جرس وغیره آراسته بود
گوهه پیش آورد بر و بهرت و شترگهن سوار شدند و کوشلا و سومترا وغیره همه زنان راجه
دشرتهه که سیصد و پنجاه بودند و پروهت بششت با برهمنان بسیار سوار گشتند
و اعرابها و پارچه ها و ظروف بها نهادند همه بخیریت عبور کرده آنطرف دریا رسیدند
کسی بسرعت عوارت گذراند و کسی اسپان راند کسی کشتیها زود روان کرد القصه
همه لشکر عبور نمود بهرت باستصواب بششت بگوهه گفت آنجا را که رام است
راه بنما که تو راه میدانی گوهه بدین آئین نشان داد اینک سمت پراگ جنگل خوب است
انجا بسیار طیور ند و تالاب وغیره اند از انجا یکروه آشرم یعنی مکان بهردواج نام رکهیشی
رکهه است که سومتر سارتهی تو هم میدانی بهرت تو آنجا رفته آن رکهیش مشهور
هر سه لوک را نمسکار کرده بموجب گفته او آنجا یک شب اقامت فرما که او خواه مخواه
ضیافت خواهد کرد و از و نشان برادران خود بپرس گوهه چون اینقدر گفت بهرت

भरत ने उत्तर में कहा कि ''तुम्हारी सेवा के प्रतिफल में रात्रि अच्छी व्यतीत हो गयी। अब नाव लाकर सेना को गंगा पार कराओ। गुह ने नगर जाकर साथियों से कहा कि ''पूरी सेना को नदी पार कराने के लिये नाव एकत्र करो।'' सब इसी कार्य में व्यस्त हो गये और बड़ी-बड़ी पांच सौं नावें जो छोटे जलपोतों के समान थीं एकत्र कर दीं। समस्त नावें प्रतीक, कंठमाला और अन्य वस्त्रों से सुसज्जित थीं और एक अच्छी नाव जिस पर सफेद शाल पड़ी हुई थी और जरी आदि से सुसज्जित थी गुह ने प्रस्तुत की। इस पर भरत और शत्रुघ्न बैठे, राजा दशरथ की पटरानियां कौशल्या और सुमित्रा आदि जो संख्या में तीन हजार पचास थीं, वह और पुरोहित, वशिष्ठ तथा ब्राह्मणों के साथ बैठे एवं पारचे और बर्तन रख दिये। सभी कुशलपूर्वक पार होकर नदी के दूसरी ओर पहुँचे। किसी ने शीघ्रता से स्त्रियों को उतारा। कोई घोड़े लाया और किसी ने नावें शीघ्रता से भेजी। संक्षेप यह कि पूरी सेना पार उतर गयी भरत ने वशिष्ठ के परामर्श से गुह से कहा ''जहाँ राम हैं वहाँ का मार्ग बताओ, क्योंकि तुम वहाँ का मार्ग जानते हो।'' गुह ने इस प्रकार पता बताया ''उस ओर थोड़ी दूरी तक प्रयाग नामक एक अच्छा वन है वहाँ अनगिनत पक्षी और तालाब आदि हैं वहाँ से एक कोस की दूरी पर आश्रम अर्थात् भरद्वाज ऋषि का घर है जिसे आपका सारथी सुमन्त्र भी जानता है। भरत आप वहाँ जाकर तीनों लोक के इस प्रसिद्ध तपस्वी को नमस्कार करके उनके कथनानुसार वहाँ पर एक रात्रि निवास कीजिए। क्योंकि वह अवश्य आतिथ्य सत्कार करेगा और फिर उससे अपने भाईयों का पता पूछिये। गुह ने जब यह कहा तो भरत ने उससे नम्रता व प्रेम से कहा कि मैं तुम्हारे आतिथ्य सत्कार से प्रसन्न हूँ।

اورا از مهربانی فرمود از مهمانی و اکرام تو خرسند هستم اکنون مرخص شو که تو بهلت م

هستی و خدمت او کرده چنانچه هنگام برگشتن گو هه رخصت گشته با اقربا باز

بمکان خود آمد و بهرت با لشکر خود سمت پراک رفت و سومنتر دیهات فهم را پیشتر فوج

نمود ثمرات و گلها را شکنان و خوش الحانی طیور گوش کنان و خوبیها و فنون

رامچندر و لچهمن و سیتا سرایان و مذمت کیکئی گویان تا دو کروه راه طی کرده به پراک

رسید آنجا را چون باغ چترتهه بنت رت دید که درختان آنجا پیوسته بارآور باشند و نیلوفر و تیرتهها

بسیار موجود اند بهرت به پراک رفت نمسکار و پردچهنان کرده همه مادران او و شترگهن

نمسکار و پردچهنا بجا آوردند از آنجا برآمده یک کروه از آنجا آشرم بهردواج دید خوشوقت گشته

لشکر را همانجا گذاشت صورت مکان بهردواج و بهرت و شترگهن و بشست و سومنتر پیاده به ملاقات او بیرونا

و بمکان او درخت کدلی بر دروازه



अब तुम विदा हो जाओ क्योंकि तुम राम के भक्त हो और तुमने उनकी सेवा की है। अतः वापसी के समय गुह अपने संबंधियों के साथ विदा होकर अपने घर चला आया और भरत अपनी सेना सहित पराग की ओर चले गये और गाँव को जानने वाले सुमंत्र को सेना के आगे भेजा तथा फल फूल तोड़ते पक्षियों की चहचहाहट सुनते, रामचन्द्र, लक्ष्मण और सीता के गुणों का बखान करते और कैकेयी की निन्दा करते हुए दो कोस का मार्ग तय करके प्रयाग पहुँचे। वहाँ जब उन्होंने चित्ररथ का उपवन देखा जिसके वृक्ष सदा सदाबहार और फलों से लदे रहते हैं, वहाँ नीलोफर और तीर्थ असंख्य उपस्थित हैं। भरत प्रयाग गये, नमस्कार और आदर सम्मान किया, उनकी समस्त माताओं ने और शत्रुघ्न ने भी नमस्कार किया तथा सम्मान दिया और वहाँ से निकलकर एक कोस की दूरी पर भरद्वाज का आश्रम देखा प्रसन्न होकर सेना को वहीं छोड़ा।

भरद्वाज के भवन का चित्र। भरत शत्रुघ्न वशिष्ठ और सुमंत्र उनसे भेंट करने के लिये पैदल जा रहे हैं और उनके भवन में द्वार पर कदली का पेड़ है।



رسیدن بهردواج القصه بهرت بمجرد دیدن مکان بهردواج یک کروه لشکر را گذاشته
اسلحه وغیره را رها کرده پارچه خاکی پوشیده پا پیاده با منتریان و پروهت وشترگهن
روان گردید بر دروازه او نهالان کدلی دید و جماعه منیشران نظر کرد و جانوران
آنجا چنانکه تصدیع بکسی نرسانند گویا که دروازه سرگ است درانجا با پروهت بششٹ
وغیره داخل شد بمجرد دیدن رکهه منتریان را هم گذاشته با پروهت وشترگهن نزدیک
رفت بهردواج بششٹ را دیده از آسن خود برخاسته پیشوا آمد با یکدیگر ملاقی
شدند و بهرت نمسکار کرد بهردواج آن هردو را پسر راجه دشرته دانسته اکرام
ایشان بجا آورد و موافق ضابطه دیگر همراهیان را نیز بعد ازان خیریت ملک و خزانه
و راج پرسید جواب عافیت شنید بهرت و بششٹ هم خیریت وجود واگنهوتر
وشاگردان او و جانوران ازو پرسیدند جواب عافیت شنیدند بعده بهردواج گفت
که ای بهرت آمدن خود بیان کن در دل شک است رامچندر پسر را با برادر و عورت
بموجب گفته مادر تو پدر تو بصحرا فرستاد که تا چهارده سال درانجا گذراند چه مگر محبت
برادری ترک کرده بکشتن او آمده تا راج بیخار کنی البته این ناکردنی مکن چون بهردواج
چنان بر زبان راند بهرت با گریه گفت من سزاوار الغتم که مرا چنان فهمیدی من در دریای
این گناه که مادر من از طمع راج کرد غرق شده ام مرا آرزو آنست که رام را از صحرا بیارم

ولی

सर्ग-१०१

भरद्वाज का दर्शन

संक्षेप में भरद्वाज का घर देखते ही एक कोस पहले ही सेना छोड़कर अस्त्र आदि उतारकर, घरेलू वस्त्र पहनकर पैदल मंत्रियों और पुरोहित एवं शत्रुघ्न के साथ चले। उसके द्वार पर कदली के पेड़ दिखे और मुनीश्वरो का समूह देखा, वहां के पशु ऐसे थे जो किसी को हानि नहीं पहुँचाते थे जैसे कि स्वर्ग का द्वार है। वहाँ पर पुरोहित वशिष्ठ आदि प्रविष्ट हुए। ऋषि को देखते ही मंत्रियों को छोड़कर पुरोहित और शत्रुघ्न के साथ निकट गये फिर भरद्वाज वशिष्ठ को देखकर अपने आसन से उठकर आगे बढ़े और एक दूसरे से भेंट की। भरत ने नमस्कार किया, फिर भरद्वाज ने इन दोनों को राजा दशरथ का पुत्र समझकर सत्कार किया तथा नियमानुसार अन्य साथियों का भी सत्कार किया तथा उसके पश्चात् देश, खजाने और राज्य का कुशल पूछा। सब कुशल जानकर भरत और वशिष्ठ ने भी अग्निहोत्री के अस्तित्व, उसके शिष्यों और पशुओं की कुशल पूछी और सब कुशल जानकर भरत से भरद्वाज ने कहा ! ''ऐ भरत अपने आने का उद्देश्य बताइये, हृदय में सन्देह है। पुत्र रामचन्द्र को भाई और पत्नी सहित आपकी माता के कथनानुसार आपके पिता ने वन में भेज दिया कि चौदह वर्ष वहाँ व्यतीत करें। क्या आप प्रेम जताते हुए भ्रातृत्व को समाप्त करके उनके वध के लिये आये हैं। ताकि बिना किसी चिन्ता के आप शासन करें। आप यह कुकृत्य न कीजिये। जब भरद्वाज ने यह बात कही तो भरत ने रोते हुए कहा : मैं अपमानित होने का अधिकारी हूँ कि आपने मुझे ऐसा समझा मैं इस पाप के कुण्ड में जो मेरी माता ने राज्य के लालच में किया डूब चुका है। मुझे इस बात की इच्छा है कि राम को वन से वापस लाऊँ।

وراج باو بسپارم شما برمن خورسند شوید بهردواج خوشوقت شده تبسم کرده
گفت همچنین لایق تست و ورونه تو چون ماه روشن است و کیرت وجس خواهد شد
و من میدانم رام برادر تو با سیتا و لچهمن بر کوه چترکوٹ بعافیت اقامت دارد امشب
همین جا باش صبح خواهی رفت بهرت قبول کرده اراده منزل نمودن همانجا نمود
در اینجا نیز مکان بهردواج رکهه و در انجا درخت کیله بر دروازه و جاهای نشست منیشران
و جانوران آهو و طاوس وغیره و در جای آسن بهردواج گسترده و در همان مکان
و در همانجا بهرت و شترکهن و بششٹ و بهردواج نشسته



और राज्य उनको सौंप दूँ। आप मुझ पर प्रसन्न होंगे फिर भरद्वाज ने प्रसन्न होकर मुस्कुराते हुए कहा आपके सम्मान के लिये यही उचित है। आपका भविष्य चन्द्रमा के समान उज्जवल है और आपको महानता एवं सम्मान प्राप्त होगा। मैं जानता हूँ कि आपके भाई, सीता और लक्ष्मण के साथ चित्रकूट के पर्वत पर सकुशल हैं। आज रात्रि यहीं पर निवास कीजिये। प्रातः प्रस्थान कीजिएगा। भरत ने स्वीकार करते हुए वहीं निवास का विचार किया और रुक गये।

यहाँ भी भरद्वाज ऋषि का भवन है। जहाँ द्वार पर केले के वृक्ष हैं मुनीश्वरों और हिरण व मोर आदि पशुओं के बैठने का स्थान है। आसन के स्थान पर भरद्वाज विराजमान हैं। उसी स्थान पर भरत वशिष्ठ और भरद्वाज बैठे हुए हैं।



کر ضیافت چون بهرت اراده منزل نمودن در آشرم رکهه کرد او در تهیه
مهمانی شد بهرت گفت انچه ار کهه و پادو ثمرات جنگلی آورده دید همین کافیست زیاده تم
تکلیف مکنید بهردواج رکهه تبسم نموده گفت من میدانم که برای خاطر من انچه
ترا میکذرانم بهمان سیر میشوی اما میخواهم که تمام لشکر ترا طعامی بخورانم و برای خواهش
دل من امر من بجا آر لشکر را چرا دور گذاشته تنها آمدی بهرت دست بسته
به تبسم گفت از خوف شما که اسپان زمین را خراب کنند و درختان و مکانها بر کنند
لهذا با کرو چند مردم آمده ام حالا بامر شما خواهم طلبید این بگفت و تمام لشکر را نزدیک
خود طلب داشت و بهردواج از آب غسل کرده در پرستش گاه آتش خود آمد و دل را یکجا
کرده بطریق سماده و جوک دهیان مشغول گشت و اراده چنان کرد که بهرت و بششت
نظر باطن
وغیره که در آشرم آمده اند ایشان را ضیافت باید کرد و بشوکرمان را طلبید و گفت اراده
ستارن که بیکنظر عمارت طیار میکنند
ضیافت دارم انچه فرمایم مهیا ساز و هر چهار لوک پال یعنی اندر و جم و برن و کبیر را طلب کن
مانند آب
و دریاها که بسمت مشرق میروند و دریاها که بمغرب میروند بیار و انچه بر زمین و هوا
نیک است موجود نما و دیگر اطعمه و اشربه جمله طیار کن و گندهربها را برای سرود بطلب
و بشواسو و هاها و هوهو وغیرهم را و اپسران را حاضر کن گهرتاجی و مشرکسی و النبوکها
و ناگ دنتا و هیمان و هیمیندرا و کرت ستهلی ایشان را طلب دار و در اینجا باغی

सर्ग-१०२

आतिथ्य सत्कार

जब भरत ने ऋषि के आश्रम में निवास का निश्चय कर लिया तो वह आतिथ्य की तैयारी में लग गये। भरत ने कहा जंगली फल फूलों में से जो कुछ आप लायें हैं, वही पर्याप्त है ज्यादा चिन्ता मत कीजिए। भरद्वाज ऋषि ने मुस्कान के साथ कहा कि मैं जानता हूँ कि जो कुछ मैं प्रस्तुत करूँगा, तेरे लिये, आप उसी से सन्तुष्ट हो जायेंगे परन्तु मैं चाहता हूँ कि आपकी पूरी सेना को भोजन कराऊँ और मेरी हार्दिक इच्छा के लिये आप यह मेरा आदेश मानिये। सेना को दूर छोड़कर आप अकेले क्यों आये हैं ?भरत ने हाथ जोड़कर मुस्कान के साथ कहा, आपके भय से, कि वे धरती को खराब कर देंगे और वृक्षों तथा मकानों को उखाड़ देंगे। अतः मैं केवल अपने गुरु और कुछ लोगों के साथ आया हूँ। अब मैं आपकी आज्ञा से उन्हें बुलाता हूँ। यह कहा और समस्त सेना को अपने पास बुलाया। फिर भरद्वाज जल से स्नान करके अपनी अग्नि पूजा के घर में आये और एकाग्रचित्त के साथ निश्चित किया कि भरत व वशिष्ठ आदि, जो आश्रम में आये हैं उनके भोजन की व्यवस्था करनी चाहिए। विश्वकर्मा को बुलाकर कहा कि मैं आतिथ्य सत्कार का विचार रखता हूँ। जो कुछ मैं कहूँ उपस्थित करो और चारों लोकपालों अर्थात् इन्द्र, यम, वरुण और कुबेर को बुलाओ, पूर्व व पश्चिम में बहने वाली समस्त नदियों को लाओ, पृथ्वी और वायु पर जो अच्छी वस्तुएँ हैं सब

घृताची, विश्वाची, मिश्रकेशी, अलम्बुषा, नागदत्ता, हेमा, सोमा, उपस्थित करो तथा खाने-पीने की समस्त वस्तुएँ तैयार करो। गाने वालियों को नाच गाने के लिये बुलाओ, और विश्वावसु हाहा, और हूहू आदि गन्धर्वों को भी तथा अप्सराओं को प्रस्तुत करो।

پیدا کن که گل و اثمار او پر بهار و خوشبو باشند و سوم یعنی ماه را طلب کن تا طعام لذیذ
و انواع خوردنی و ذوق گرفتنی و نوشیدنی و چشیدنی موجود نماید و اقسام
مالاها و اشجار و شیرینی ها و شراب ها و گوشت ها و غیر اینها همه حاضر بیار را اینقدر آن
رکهه در سماده بخاطر کرد از قوت ریاضت او دست بسته بشوکرمان آمد و موافق اراده
جمیع مطلوبه موجود آورد و کوه ملی و کوه مندر و شدن بن آندر و نسیم خوشتر و ابر گلبار
که گوناگون گل میبارید و سرود و دیوتا و گندهرب بوقوع آمد و اپسران رقص سر کردند
و دیوتا و گندهرب می نواختند آسمان و زمین و گوش اهل ذیحیات پر سرود شد آنجا لشکر
بهرت بشوکرمان را دید که تمام سطح زمین تا پنج جوجن که بست کروه باشد برابر کرد و آنجا
درختان مانند نیلم از بلو و کیتهه و گریگا و آمله و چنپو و انب وغیره و دو دست چپ دریا
سرستی رسید و دیگر دریاها چون دریای شیر و دریای جغرات و دریای شهد و غیرهم
از امر رکهه پدید گشتند و عمارات بوقوع آمد چهار دریها و اصطبل و فیلخانه با دریچه ها
و مناظرها و تورن ها به تعمیر رسید برای هر شخص بسیار از بسیار و مکان بودن راجه مانند ابر
سفید مهیا شد که بالائی او بالائی سفید بود و بلند و پر از خوشبوها بود و چهار گوشه
پلنگ با اپسران برائی خواب طیار گشت و نشسته و صاف ظروف پر از گوناگون
طعام و شراب حاضر گردید و آسنها برائی نشستن مانند دیوتا موجود شد بعد از آن

अद्रिकृतस्थली उन सबको बुलाओ और यहाँ एक ऐसा उपवन उत्पन्न करो जिसके फल-फूल सदाबहार और सुगंधित हों । सोम अर्थात् चन्द्रमा को बुलाओ ताकि स्वादिष्ट भोजन, भांति-भांति के भोजन, स्वाद लेने, पीने और चखने के योग्य सारी वस्तुएँ एकत्र करें। विभिन्न प्रकार की मालायें, वृक्ष, मिठाई, शराब और मांस आदि सबकी व्यवस्था करो। ऋषि ने अपनी तपस्या के बल पर यह सब सोचा। विश्वकर्मा करबद्ध प्रस्तुत हुए और इच्छानुसार सारी वस्तुएँ उपस्थित कर दीं। कोहमली, कोह मन्दिर और नन्दन वन अन्दर आये, फूल बरसाते बादल एवं ठंडी हवायें आईं, जो भांति-भांति के फूल बरसा रहे थे और मधुर गीत गा रहे थे और देवता और कन्दहरण आये। अप्सराओं ने नृत्य किया। देवता और कन्दहरपों ने मधुर गीत गाये और आकाश व पृथ्वी और प्रत्येक प्राणी के कान गाने से भर गये। वहाँ भरत की सेना ने विश्वकर्मा को देखा जिसने सारी पृथ्वी, पांच योजन तक (चौबीस कोस के बराबर) होगी, समतल किया और वहाँ नीलम की भांति बेल, कैथ, कटहल, ऑवला, जम्बू (जामुन) और आम आदि के वृक्ष उगे हुए हैं। दायें बाये सरस्वती नदी और दूसरी नदी, ऋषि के आदेशानुसार प्रकट हुई जैसे दूध की नदी, जगरात नदी, शहद की नदी और चहारदीवारी सहित भवन प्रकट हुए और अस्तबल हाथी खाने दरीचों, दृश्य आदि सहित निर्मित हुए। यह सारी वस्तुएँ हर व्यक्ति के लिये अधिक से अधिक थीं। राजा के रहने का स्थान सफेद बादलों के समान तैयार हुआ जिसके ऊपर सफेद कोठा था जो ऊँचा और सुगन्ध से भरा था। चारों कोनों में सोने के लिये तख्त, अप्सराओं सहित तैयार हुए और साफ, धुले हुए बर्तन विभिन्न प्रकार की खाद्य, वस्तुओं से भरे हुए उपस्थित हुए तथा बैठने के लिये आसन देवता की भाँति उपस्थित हुए।

از حکم مهارکهه با بهرت پسر کیکئی در انخانه که مرصع از جواهر بود داخل شد و عقب
منتری ها و پروهت در آمدند آنجا مسند نشستن راجه با چتر و چامر یعنی قسطاس و پنکهه
یعنی بادکش دیدند و یکایکا مطابق مراتب منتریان و غیرهم نیز ملاحظه کردند بهرت
آسن را پرستش کرد و رامچند را نمسکار نمود و بادبیزن موئینه گرفته بران مسند از دست خود
راند و بعد پرستش آن و منتریان و غیرهم بر مکانات خود بنشستند مبتهج و خوشحال
گشتند و بعد از آن از امر بهردواج رکهه نهرهای شیر و بحرهای جغرات و غیرها
در انجا روان شدند که در ساحل آنها سفید خاک بجای ریگ بود و عورات و اپسران
آمدند بیست هزار زن با کنیز رسیدند مثل قمر و ستاره چنانکه مرد از صحبتشان
نوجوان شود و بیست و سه هزار از زنان بن آمدند و نارد و تونبر و کوپا و غیرهم
از منڈل آفتاب آمدند همه پیش بهرت حاضر گشتند و النبوکها و شرکیشی
و پوندریکا و باهنا از امر رکهه رقص آغاز کردند و بلوه و مار و نکرا و شیاما و کراما
و بهنا تکا و آشو بستهها و تکت مالا و تالکو و نجولا و سرتبالا و تلکا و تکت مالکا
نام ساز
و امرتا همه از امر بهردواج رسیدند و شنشپا و تلکا و جنبو و دیگر درختان بیل جنگل
بصورت عورات در انجا آمدند مردمان شراب مینوشیدند و شیر و لحم مینخوردند
و گوشت مینخوردند و از عورات یک مرد را پنج عورت بر میداشتند و غسل

उसके पश्चात् महर्षि के आदेश से कैकेयी के पुत्र भरत इस महल में जो रत्नों से जड़ित था प्रविष्ट हुए। उनके पीछे मंत्री और पुरोहित आये। वहाँ राजा के बैठने का स्थान चित्र व चँवर के साथ देखा और मंत्रियों आदि के लिए उनके पद के अनुरूप भवन भी देखे। भरत ने आसन को सम्मान दिया और रामचन्द्र को नमस्कार किया, पंखा करने वाले के हाथ से पंखा लेकर इस आसन पर स्वयं पंखा किया। सम्मान देने के पश्चात् वह और मंत्रीगण अपने स्थानों पर बैठ गये तथा प्रसन्न एवं आनन्दित हुए। उसके पश्चात् भरद्वाज ऋषि के आदेश से वहाँ दूध की नहरें और जुग़रात की नदी बहने लगी जिनके किनारों पर रंग के स्थान पर श्वेत मिट्टी थी। महिलाएँ एवं अप्सरायें आयीं और बीस हजार महिलाएँ सेविकाओं सहित पहुँची जो चाँद तारों की भाँति थी। ऐसी की इनकी संगति में पुरुष नवयुवक आए और तेईस हजार नंदन वन से आयी और नारद व तुम्बुरु और गोप आदि भी सूर्य मंडल से आये। सब भरत के सम्मुख उपस्थित हुए और अलम्बुषा, मिश्रकेशी, पुण्डरीका और वामना ऋषि के आदेश से नृत्य प्रारंभ किया। बेल, बहेड़े, पीपल, देवदारू, ताल, तिलक, तमाल यह सब भी भरद्वाज के आदेश से पहुँचे और शिंशपा तलका और जम्बू और जंगल के दूसरे वृक्ष मालती, मल्लिका जाति आदि वन लताएँ स्त्रियों के रूप में आयी। लोग शराब पी रहे थे, दूध और मांस खा रहे थे। स्त्रियों में से एक-एक पुरुष को पांच स्त्रियां उठाती थीं,

میکنانیدند و بازی میکنانیدند و پرستش و خدمت میکردند و شراب دیوتا ها نیجورا میبودند
و اسپان و فیلان و اشتران و گاوان بغیر لجام و بغیر کجک و بغیر مهار و بغیر بند
میگردیدند و آزار نمیدادند و شیر میخوردند تمام لشکر بخوشوقتی سیر شد و از خدمات
اسیران بسیار محظوظ شد مردم میگفتند که نه ما با وجود هیما میرویم نه بصحرا بهرت
هم محظوظ باشد و رام هم که بسبب بهرت گویا ببرگ رسیدایم کنیزان و رهروان
و جاسوسان و پیران همه سیر گشتند و فیلان و خران و اشتران و گاوان و آهوان
و غیر هم سیر خوردند هیچ ذیحیات گرسنه و تشنه نماند و نه هیچکس شوخگین جامه و چرکین
پوش ماند زیرا که گاوان کام دهین همبودند یعنی هر طعام که خواهند سوجود کنند
و درختان چنان که هر نوع که ثمره خواهند بار آورند و بچوک دیر و غیره هما طعام لذیذ
رسید و مردم ظروفها هزاران و تهالی ایت دیدند و ظروف طلائی اربدها
ده هزار سوکرور
ملاحظه کردند و سبوها و کوندها هزاران هزار در روغن و شیر و خجرات تالابها و دریاها
شد و شیر و شکر از گفتن بیرون بود و سفید خوردنی و دندان شستنی بسیار
و چندن و غیره بیشتر از بیشتر و آئینه ها و حمائلها رنگارنگ و کمانها و آسنها
هم برائی پوشیدن افیال و اسپان و شتران و غیر هم تالابها و دریاها
و از نیلم جواهر و پارچه هائی خوب جاها برائی جانوران مقرر شد چه جائی آدمیان

स्नान कराती थीं, खिलाती थीं पूजा और सेवा करती थीं। मदिरा देवता भी पी रहे थे और घोड़े हाथी, ऊँट तथा गायें बिना लगाम के बिना कजावह के, बिना महार व बिना बन्द के घूम रहे थे। वे किसी को कष्ट नहीं देते थे और दूध पीते थे। समस्त सेना आनन्दित हो गयी और अप्सराओं की सेवा से प्रभावित हुए। लोग कहते थे कि हम न अयोध्या जा रहे हैं और न वन में। भरत भी आनंदित हुए और राम भी कि भरत के कारण हम मानों स्वर्ग में पहुँचे हुए हैं। दासियां, राह चलने वाले जासूस और वृद्ध सभी सन्तुष्ट हुए। हाथियों, घोड़ों, ऊँटों, गायों और हिरणों आदि ने भी भरपेट खाया। कोई जीव भूखा या प्यासा नहीं रहा और न कोई व्यक्ति फटे पुराने वस्त्र पहनने वाला रहा क्योंकि, गायें, जो भोजन लोग चाहते थे, उपस्थित कर देती थी और वृक्ष ऐसे थे कि लोग जो फल चाहते थे वह फल लाते थे। और जोक और बरो आदि भी स्वादिष्ट व्यंजनों के साथ पहुँचे। लोगों ने हजारों बर्तन, दासियां हजार थालियां देखीं और सोने के सौ करोड़ बर्तन देखे, हजारों हजार मटके और जिनमें तेल, दूध और तालाबों और नदियों के जागेरात थे, दूध और शक्कर वर्णन से परे थे, और दाँत साफ करने की वस्तुएँ अनगिनत थीं, चन्दन आदि अधिक से अधिक मात्रा में थे, रंग बिरंगे शीशे और कमाने और आसन भी हाथियों, घोड़ों और ऊँटों आदि को ढाँकने के लिये थीं। नील और जवाहर और सुन्दर से भरे स्थान पशुओं के लिये नियुक्त थे। अतः मनुष्यों के लिये,

همگنان این ضیافت را مانند خواب دیده متحیر و متعجب ماندند القصه بدین آیین ضیافت کرده زنان و گندهربان و دیگران همه از امر رکهه بهردواج غایب شدند لشکریان شراب خوردند و خوشبوها شمیدند و مالاها پوشیدند و ست تر نشستند

درینجا صورت ضیافت بهرت و شترگهن که در خانه مرصع برآسن نشسته اند و جام میشود و رقاصان رقص میکنند و چیزی میخورند و می آشامند



सब लोग इस सत्कार को स्वप्न की भांति देखकर चकित रह गये। संक्षेप में इस प्रकार सत्कार करके स्त्रियाँ, गाने बजाने वाले और दूसरे लोग ऋषि भरद्वाज के आदेश से लुप्त हो गये। सेनानियों ने शराब पी, सुगन्ध का प्रयोग किया, हार और मालाएँ पहनीं और मस्त होकर बैठे।

भरत और शत्रुघ्न के सत्कार का चित्र जो सुसज्जित महल में आसन पर बैठे हुए हैं, नाचने वाले नाच रहे हैं और कुछ खा पी रहे हैं।



.بهرت شب را در مکان رکهه گذرانیده صبحی نمستکار کرده گفت از شفقت شما گویا سرگ را دیدم و با آسایش تمام با لشکریان شب گذرانیدم و بهمه خواهش سیر شدم و با سواریها و سارتهی ها و غیر آن آسوده ماندم اکنون اجازت ده که نزد برادر میروم و مکان او را نشان ده که بکدام راه بروم هر گاه بهرت چنان پرسید رکهه گفت ازینجا بمقدار ثلث نصف جوجن کوه چترکوت هست و پس پشت او بسمت شمال مندا کنی نام دریاست آنجا درختان گلدار و جانوران طیار بسیار اند و نزدیک تر آن آشرم یعنی مکان بالمیک دهار رکهه هست من شنیده ام که آنجا رامچندر با سیتا و لچهمن بگوشه میباشد براه جنوب رویه خواهی رفت که لشکر تو هم بدان راه خواهد رسید تا افیال و اسپان و عورات راجه دسرتهه و غیر هم نیز برسند هنگام رخصت زنان راجه دسرتهه نزد رکهه رفتند کوشلا و سومترا پای او بوسیدند و کیکئی مذموم عالم قدم او را بوسه داد و پردچهنا کردند رکهه با بهرت گفت در هر سه مادران تر اتفاوت معلوم نمیشود بهرت گفت اینکه مسکین تر و از غم دلگرفته و اشک ریزان ایستاده است این کوشلا زاینده رام ست مثل آدت که دهاتا را زاید و اینکه نزدیک کوشلا استاده و از دریغ دمها میکشد و غم خود پنهان میدارد این سومترا والده لچهمن و ستر گهن ست و این که بد اصلست و از کرده خود خوشحال نیست و از سبب او هر دو برادر

भरत ने रात्रि ऋषि के मकान में बिताकर प्रातः नमस्कार करते हुए कहा। आपकी दया से मानों मैंने स्वर्ग देख लिया और चिन्ता मुक्त होकर सिपाहियों सहित रात बिताई तथा अपनी सारी इच्छाएं पूर्ण कीं और सवारियों, शतरबानों आदि के साथ सुख से रहा। अब आज्ञा दीजिये कि मैं भाई के पास जाऊँ। उनका पता बताइये कि मैं किस मार्ग से जाऊँ ?भरत के पूछने पर ऋषि ने कहा, ''यहाँ से चार कोस की दूरी पर चित्रकूट का पहाड़ है और उसके पीछे दक्षिण की ओर मन्दाकिनी नाम की नदी है जहाँ फूल वाले वृक्ष और उड़ने वाले पशु बहुत हैं उससे बहुत निकट आश्रम अर्थात् वाल्मीकि महाऋषि का घर है। मैंने सुना है कि वहाँ रामचन्द्र, सीता और लक्ष्मण के साथ एक कोने में रहते हैं। दक्षिण की ओर मार्ग से जाना कि तुम्हारी सेना भी इसी मार्ग से जायेगी, ताकि हाथी, घोड़े और राजा दशरथ की रानियां भी पहुँच जायें।'' विदा के समय राजा दशरथ की रानियाँ ऋषि के पास गयीं। कौशल्या और सुमित्रा ने उनके पांव छुए और कैकेयी ने भी उसके पांव को छुआ और सबने उपहार दिये। ऋषि ने भरत से कहा, तीनों माताओं में आपको अन्तर मालूम नहीं होता। भरत ने कहा, यह जो सबसे अधिक दुखी मन और आँसू बहा रही हैं। यह राम को जन्म देने वाली कौशल्या हैं। सूर्य की माँ के समान जो देवताओं को जन्म देती हैं। यह जो कौशल्या के निकट खड़ी हैं और दुख के कारण आहें भर रही हैं और अपना दुख छिपाये हुए हैं यह लक्ष्मण और शत्रुघ्न की माँ सुमित्रा हैं। और यह जो किये से प्रसन्न नहीं हैं और जिसके कारण से दोनों वन में चले गये।

راه صحرا گرفتند و دشرتهه بزرگ رفت این کیکئی والده منست این رانج تمام عمر خود
میدانم رکهه گفت تقصیر این نباید دانست تقدیر غالب است بعد از ان از رکهه رخصت شده
کوچ کرد مردم بر فیل و اسپ و رتهه سوار گشته روان شدند و تپا کا ها یعنی نشان خورد
با دندی طلائی روان گشتند کوشلا وغیره عورات راجه دشرتهه بر چودولها سوار شده
بامید دیدن رامچندر براه نوردیدن درآمدند و بهرت که چون آفتاب صبح سرخ رنگ است
بر شبکا که قسمی از سنگهاسن باشد سوار گردیده با همراهیان روانه شد و شترگهن هم بر سواری
سوار شده بالشکر وغیره از عقب رفت هامون را که پر از بهایم و طیور بود در نوشتند و از
دریای جمنا که آب ژرف و از ماهی و نهنگ پر بود گذشتند جنگل انطرف کنار دریا از مردم لشکر و فیل
و اسپ و رتهه زیب آور شد و بهائم و طیور از خوف بگریختند و پریدند درینجا تصاد و برترخیص ازرکه



مرکن

और दशरथ स्वर्ग सिधारे यह मेरी माँ कैकेयी हैं उसे मैं अपने सारे जीवन का रोड़ा समझता हूँ। ऋषि ने कहा, उसकी गलती नहीं समझनी चाहिए, भाग्य का लिखा है। उसके बाद ऋषि से विदा होकर प्रस्थान किया लोग हाथी घोड़े और रथ पर सवार होकर चले तथा छोटी-छोटी टुकड़ियों के रूप में सुनहरे झण्डे के साथ चले। राजा दशरथ की रानियां हौदज पर सवार होकर रामचन्द्र को देखने की इच्छा में चलने लगे और भरत जो सुबह के सूर्य के समान लाल रंग वाले थे शिविका (एक प्रकार का सिंहासन) पर सवार होकर अपने साथियों के साथ चल दिये। शत्रुघ्न भी सवारी पर सवार होकर सेना आदि के साथ पीछे गये और पशुओं एवं पक्षियों से भरे जंगल पार किये और यमुना से जो ठण्डे पानी, मछली और मगरमच्छ से भरा हुआ था, उसे पार किया, नदी के उस ओर का वन सेना के आदमियों, हाथी, घोड़ों और रथ से सुसज्जित था, जो नूर और पक्षी डर कर भाग गये और उड़ गये

ऋषि से विदा होने के समय का चित्र।



سرک دیدن چترکوت بهرت دهرماتما با لشکریان وغیره چون راه دور نوردید و دریا
و فیافی جنگل فیها طی کرده علامتی که از کسان ورکهه شنید همچنان دید باشترکهن گفت انجا من
از بهردواج رکهه شنیده بودم همچنان دیدم اینک کوه چترکوت هست واین مندا کنی
نام دریاست این کوه از دور مانند ابر کبود مینماید وگلهائی از درختان می بارد کنیزها
بنظر می آیند و آهوان میدوند باد سرد می وزد و بوی خوش می آید از آواز لشکریان این
تمام صحرا و کوه خوش صداست و مانند اجودها مرا خوش مینماید و گردی که از نعل و حوافر
اسپان برخاسته بآسمان رفته و باد درهم میکند مرا اینک می آید و چون بر اسپان رتهه
و برونی سارتهی که می آید زیباتر مینماید و اینک طاوسان با دم کلان رقص کنان هستند
کسان را امر کن تا آن هر دو شیر کرداران را به بنید این را شنیده فی الفور جماعتی
مردم پراکنده گشته تفحص در آمدند ناگاه دخانی بلند شده دیدند با بهرت گفتند
که بغیر از مردم آتش روشن نمیشود و بی آتش دود نباشد البته آن هر دو برادر تو
باشند یا دیگر ایشان بهرت این را شنیده بجمیع لشکریان فرمود شما باحتیاط همین جا باشید
من و سومنتر میرویم این بگفت وهمه لشکر را گذاشته بطرفی که نمود دود بود
بامید دیدن رام بخوشوقتی روان شد درینجا صورت کوه چترکوت و بران آهوان وطاوس
و خرگوش سیر میکنند و از یکطرف کوه دود میخیزد و بهرت و شترکهن و سومنتر بدان طرف پیاده میروند

सर्ग-१०३

चित्रकूट का देखना

भरत धर्मात्मा ने जब सेनानियों सहित दूर तक मार्ग पूरा कर लिया और नदी, वन पार करते हुए, जो प्रतीक, लोगों से और ऋषि से, सुन रखा था वैसा ही देखा। यही चित्रकूट का पहाड़ है और यही मन्दाकिनी नामक नदी है। यह पहाड़ दूर से नीले बादल के समान दिखाई देता है और वृक्षों से फूल बरसाता है। दासियाँ दिखाई दे रही हैं, हिरन दौड़ रहे हैं, ठण्डी वायु चल रही है और मनभावन सुगन्ध आ रही है। मेरे सेनानियों की ध्वनि से पूरा वन और पहाड़ गूंज रहा है। यह मुझे अयोध्या के समान अच्छा लग रहा है। जो मिट्टी के घोड़ों की नाल और खुरों से उठकर आकाश में जाकर वायु में बिखर रही है वह मुझे बहुत अच्छी लग रही है, और जब वह मिट्टी रथ के घोड़ों पर तथा रथवान के मुंह पर आती है तो और अधिक अच्छी मालूम होती है। और यह देखो, मोर अपनी लम्बी दुमों के साथ नाच रहे हैं लोगों से कहो शेर के समान चरित्र वाले उन दोनों को देखें। यह सुनते ही एक समूह बिखरकर खोज में लग गया। अचानक उन्होंने धुआँ उठता हुआ देखा तो भरत से कहा कि लोगों के बिना आग नहीं जलती है और बिना आग के धुआँ नहीं होता है। निःसन्देह वह आपके दोनों भाई ही होंगे या दूसरे लोग। भरत ने यह सुनकर सारे सेनानियों से कहा कि तुम लोग सावधानी से यहीं रहो मैं और सुमंत्र जाते हैं। यह कहकर और सेनानियों को छोड़कर उस ओर, जिधर धुआँ दिखाई दे रहा था, राम को देखने की आशा में प्रसन्नतापूर्वक चले।

चित्रकूट पर्वत का चित्र। जिस पर हिरण, मोर और खरगोश भ्रमण कर रहे हैं और पहाड़ के एक ओर से धुआँ उठ रहा है तथा भरत सुमंत्र और शत्रुघ्न उस ओर पैदल जा रहे हैं।



سرک حال رامچندر رامچندر راچون دران کوه بسیار روز بگذشت برای
خاطر سیتا و تفرج دل خود با او متوجه صحرا گشت مانند آندر که با اندرانی گوید
می گفت گذاشتن راج و دور ماندن از قبائل و دوستان هیچ یاد نمی آید بواسطهٔ آنکه

सर्ग-१०४

रामचन्द्र की दशा

रामचन्द्र को जब उस पर्वत पर कई दिन बीत गये तो सीता का मन बहलाने और अपने मनोरंजन के लिये वे उनके साथ वन की ओर गये। इन्द्र के समान जो इन्द्राणी से कहते थे कि राज्य छोड़ने और कबीलों और मित्रों से दूर होने में किसी की याद नहीं आती।



این کوه جائی مانند نقره و مانند طلا و مانند گل زیب آور مینماید و گوناگون اشجار با گلهای
بوقلمون میزیبد مثل انب و لودهر و پیال و کوکوبهه و پنس و بلو [بلاغنشه] و تهندک و مدهک [مهوا] و تلک
و بدری [عناب] و املک [آنوله] و نیپ [قدم] و غیره هم با گلهائی و سایه ها دلخواه هستند و عقب کوه بر شاخهای
که کنشوک یعنی گل پلاس بسیار اند کنبرها [بوزنه] بازی میکنند و زنان بیدادهران بلهو آمده اند
و بعضی جا که آب از بالا می افتد کوه را پنداری که فیل مست است که مستی از وی میچکد
و از باد خوش بو شامه را سیری حاصل می آید اگر من یک دو ماه با تو و لچهمن درینجا
خواهم ماند هیچ غم را راه نخواهد بود ازین بودن صحرا مرا نفع عظیم شد خلاص شدن
از وام پدر و خوشوقت کردن دل بهرت برادر و تفرج صحرا با تو و دل و گفتار
و تن را مسخر ساختن و بزرگان ما برای همین بودن صحرا مانند ابحیات گفته اند
این سینک ها [قله کوه] نیله و زرد و سفید و سرخ و اقسام رنگ مینزیبد و چوب
و دواهای اینجا چون آتش شب و روز روشن اند این زمین ازین کوه خوشنما هست
مانند هماچل که دیها و دیو و گهکارو میباشند و درینجا شهوت پرستان زن و مرد
با یکدیگر نظر میکنند و ثمرات اینجا موافق خواهش دل اند درین صحرا من با تو و لچهمن
اقامت خواهم نمود ترا رت یعنی شهوت که افزایش کننده دهرم و نسل است
خواهد شد و به نیم برهم چرج از حکم پدر نیستم سیر گشت تفرج از کوه بر آمده سیتا را

इस कारण कि यह पहाड़ी का स्थान चाँदी, सोने और फूलों के समान प्रतीत होता है। भाँति-भांति के वृक्ष विभिन्न प्रकार के फूलों से सज रहे हैं, जैसे आम, कटहल, महुवा, उनाब, आलू आदि। यह सब फूलों और छाया के साथ मनमोहक है पहाड़ के पीछे शाखों पर पलास के फूल बहुत हैं। बन्दर खेल रहे हैं और स्त्रियां मस्ती में अटखेलियाँ कर रही हैं। किसी स्थान पर जहाँ जल ऊपर से गिरता है, पहाड़ को तुम ऐसे मस्त हाथी के समान अनुभव करोगे, जिससे मस्ती टपक रही है। वायु सुगन्ध से सगुंधित होती है। यदि मैं एक, दो महीने तुम्हारे और लक्ष्मण के साथ रहूँगा तो राज्य का कोई दुख नहीं होगा। इन वन में रहने से मुझे बहुत लाभ हुआ अर्थात् पिता के जल से स्वतंत्रता, भरत भाई का मन प्रसन्न करना, तुम्हारे साथ वन का भ्रमण और मन, वार्ता तथा शरीर को नियंत्रण में रखना। हमारे वयोवृद्धों ने इसी कारण वन में होने को अमृत जैसा कहा है। यह पहाड़ की चोटी नीली, पीली सफेद और लाल रंगों से सुन्दर लग रही है, यहां की लकड़ियाँ अग्नि की भांति दिन रात चमकती हैं यह पृथ्वी इसी पर्वत के कारण सुन्दर हैं, हिमांचल पर्वत के समान, कि जिस पर महादेव और कहगार रहते हैं यहाँ स्त्री पुरुष एक दूसरे को देखते हैं। यहां के फल मन की इच्छानुसार है। इस वन में मैं तुम्हारे और लक्ष्मण के साथ रहूंगा। यहाँ काम भावना जो धर्म और वंश को बढ़ाने वाली है यहाँ अधिक होगी और मैं तनिक भी पिता की आज्ञा के विपरीत नहीं हूँ।

دریای مندا کنی نموده گفت ای سیتا و تو چون ماه هست باری دریای مندا کنی
به بین که از رستن اقسام درختان زیب آور است و جوق جوق آهوان آب میخورند
تیر تهه محبت افزاست و رکهه های و سده ها دارنده جتا و اجن و پوست درخت شناسن
میکنند و بعضی تپسویان بسمت آفتاب دست برداشته نشسته اند و اینک از درختان
گلها در دریا میریزند و طیوران آواز خوش میکنند دیدن چترکوت و دریای مندا کنی را
از بودن شهر ترجیح میدهم این دریا را تو هم شنا کن کوه مانند اجودهیا و دریا مثل سرجو است لچهمن
دور تر است و با تو مرا محبت در تنهائی فزون میشود و رکهه هر روز درینجا غسل میکنند و اینک
به بین فیلان آب را خورده مستی میکنند القصه کسی نیست که درینجا آسوده نیست بدین نوع
رامچند بسیار سخن با سیتا گفته تفرج چترکوت که مثل سرمه نمودار است نمود رام چطور که از آینده
نسب آفتاب است درینجا بر چترکوت پرن شالا رام و لچهمن درانجا نشسته و بعضی تپسویان دست بجانب آفتاب
پرستش میکنند و صورت دریا و رام و سیتا ایستاده اند و فیلان و آهوان آب دریا میخورند



सर्ग-१०५

मनोरंजन

पहाड़ से उतरकर और सीता को मन्दाकिनी नदी दिखाकर कहाः सीता ! तुम्हारा मुख सूर्य के समान है। मन्दाकिनी नदी को देखो जो विभिन्न प्रकार के उगने से सुसज्जित हैं। हिरन झुण्ड के झुण्ड पानी पी रहे हैं। तीर्थ प्रेम बढ़ाने वाली है और ऋषि, सिद्ध जटा रखने वाले, वृक्ष की छाल पहनने वाले तैर रहे हैं। कुछ तपस्या करने वाले सूर्य की ओर हाथ उठाकर बैठे हुए हैं। फूल वृक्षों से नदी में गिर रहे हैं। मधुर वाणी वाले पक्षी चहचहा रहे हैं। चित्रकूट और मन्दाकिनी नदी देखने को मैं शहर देखने से वरीयता देता हूँ। इस नदी में तुम भी तैरो, पर्वत अयोध्या के समान और नदी सरयू के समान हैं। लक्ष्मण दूर हैं और तुम्हारे साथ एकान्त में मुझे प्रेम अधिक होता है। ऋषि प्रतिदिन यहाँ स्नान करते हैं यह देखो हाथी पानी पीकर मस्ती कर रहे हैं। अतः यहां कोई ऐसा नहीं है जो सुखी न हो। इसी प्रकार रामचन्द्र सीता से बहुत सी बातें करते हुए चित्रकूट की सैर कर रहे थे राम चित्रकूट और कुटिया का चित्र, जहाँ राम और लक्ष्मण बैठे हुए हैं और कुछ तपस्या करने वाले सूर्य की ओर हाथ उठाकर पूजा कर रहे हैं तथा नदी का चित्र। राम और सीता खड़े हैं, हाथी एवं हिरन नदी का पानी पी रहे हैं।



سرک آمدن بهرت و کور شدن زاغ رامچندر بدین آئین تماشا کنان برگشت ناگاه سمت
شمال در آن کوه غاری دید که باقسام جواهر و دهات پر بود واز درختان گلدار
وطیور بسیار خوشنما گفت ای سیتا تماشا کن این مکان را تا ماندگی کروش رفع شود
گویا برائی تو این مکان ساخته اند سیتا از محبت رام گفت البته خاطر من نیز چنان
میخواهد اینقدر گفته تماشائی آنجا نمود باز رامچندر گفت ای سیتا بر دوش من سوار
شده این اشجار را که مانند عاج سفیداند به بین و آواز جهلکارا بشنو و کوکلا را به بین
که برائی بچه کان خود شور میکنند و دیگر ذی بال کوکلا را طفل فهمیده دلرا باو داده
مطابق خواهش او آواز میکنند واین درختان چوت یعنی انبه که از بار گلها سر فرود
نهاده اند گویی تعظیم من داده اند سیتا بر دوش رامچندر سوار شده تماشا کردن
گرفت رامچندر انگشت بر سنگی سوده از رنگ او بر پیشانی سیتا تیکه کشید
در وی آفتاب نو برآمده او از رنگ تلک آن سنگ زیباتر شد و کیسر یعنی هونی
که از میان گل نیلوفر وغیره برآید در سر سیتا از عشق بجائی نغوله تاب داد بدین طور
رام با سیتا آنجا سیر کرده در مکان دیگر رفت سیتا در انجا بوزنه ها را دیده
از خوف بر رامچندر پیچید او بوزنه ها را دور کرده سیتا را امنی بخشید چون بوزنه ها رفتند
سیتا از بغل شوهر برآمده تبسم کرد بعده نزدیک تر مجموعه درختان اشوک که گل آده بودند

सर्ग-१०६

भरत का आना और कौए का अंधा होना

रामचन्द्र इसी प्रकार भ्रमण करते हुए लौटे। अचानक उत्तर की ओर उस पहाड़ में एक खोह देखी जो विभिन्न प्रकार के रत्नों एवं धातुओं से भरी हुई थी और फूलदार वृक्षों तथा पक्षियों के कारण बहुत सुन्दर थी। उन्होंने कहा ''सीता ! यह स्थान देखो ! ताकि चलने की थकान समाप्त हो। ऐसा लगता है कि तुम्हारे लिये ही घर बनाया है।'' सीता ने राम से प्रेमपूर्वक कहा मेरा मन भी यही चाहता है यह कहते हुए वहां का दृश्य देखने लगे। फिर रामचन्द्र ने कहा ऐ ! सीता मेरे कंधे पर चढ़कर उन वृक्षों को जो सफेद हाथी दांत के समान हैं देखो और चहचहाहट को सुनो तथा कोयल को देखो जो अपने बच्चों के लिये कोलाहल कर रही है। अन्य पक्षी कोयल को बच्चा समझकर और हृदय उसे देकर उसकी इच्छानुसार ध्वनि निकाल रहे हैं। आम के ये वृक्ष जो कि फलों के बोझ से ऐसा मस्तक झुकाए हैं जैसे मुझे सम्मान दे रहे हैं। सीता रामचन्द्र के कंधे पर चढ़कर तमाशा देखने लगीं। रामचन्द्र ने एक पत्थर पर उंगली रगड़कर उसके रंग से सीता के माथे पर टीका लगाया और सूर्योदय के समय, सूर्य की भांति, मुखड़ा इस पत्थर के तिलक के रंग से और सुन्दर हो गया। नीलोफर के फूल के तन्तु सीता के सर में लगाये। इस प्रकार रामचन्द्र सीता के साथ भ्रमण करते हुए दूसरे स्थान पर गये। सीता वहां वानरों को देखकर भय के कारण रामचन्द्र से लिपट गयीं तत्पश्चात् उन्होंने वानरों को दूर करके सीता को भयमुक्त किया। जब वानर चले गये तो सीता पति के आलिंगन से निकलकर मुस्कुराने लगीं। उसके पश्चात् अशोक के वृक्षों के झुण्ड को निकट ही देखकर, जो फलदार थे,

دیده برام گفت درین درختان باید رفت رآم برائی خاطر او درانجا رسید و بتماشا
مشغول گردید بنوعیکه مهادیو با پاربتی در کوه هماچل میگردید هر دو با یکدگر از گلهای
درختان هارها در گلو انداختند و پیرایه گوشها ساختند بدین نوع مکانهاء دیگر را تماشا کرده
بمکان خود آمدند لچهمن پیش دوید و کارهای که در غیبت ایشان کرده بیان کردانید و آهوی
سیاه که از تیر شکار کرده بود پیشکش گذرانید رامچندر ازین کار خوشوقت شده
گفت پل کن یعنی پخته ساز لچهمن به پخت اول ازان حصه برائی گدایان و جانوران
و غیر آنها برآورده هر دو برادر تناول نمودند بعده سیتا قدری سد رمق خورد
باقیمانده را سیتا بموجب امر رای دادن زاغان برد زاغان جمع شده سیتا را
حیران کردند او بار بار میراند و آنها منقار و ناخن و بال بر پستان و روی او میزدند
رآم اینحالت را دید زاغان را دور نمود بار دیگر جمع شده بر سیتا افتادند رامچندر
در غضب شده سینخ جنگلی را که قسمی از گیاه می باشد منتر برو خواند و بسمت زاغ راند
آن زاغ یکبخت در زیر زمین و بالای آسمان و در پنهان غرض در هر سه لوک گردید
و هر جا که رسید آن سینخ عقب خود دید باز آمده در پای رآم افتاد و بحضور
سیتا بزبان آدمی گفت ای رآم رحمن مهربان شو ازین سینخ که از استر افسون
مرا نگاهدار رآم گفت من برائی خاطر داشت سیتا این استر برای کشتن تو روان

राम ने कहा कि इन वृक्षों के समूहों में चलना चाहिये। राम उनके अनुरोध पर वहाँ गये और तमाशा देखने लगे जैसे कि महादेव पार्वती के साथ हिमाचल पर्वत पर करते हैं। दोनों ने एक दूसरे के गले में वृक्षों के फूलों के हार डाले और कानों की बालियां बनाईं। इस प्रकार दूसरे स्थानों का दृश्यालोकन करते हुए अपने स्थान पर आये। लक्ष्मण दौड़कर आगे गये और इनकी अनुपस्थिति में जो कार्य किये वह बताये और एक काला हिरन जिसका बाणों से शिकार किया था उनकी सेवा में प्रेषित किया। रामचन्द्र ने इस कार्य से प्रसन्न होकर कहा उसे पकाओ। लक्ष्मण ने पकाया। पहले इसमें से भिक्षुओं और पशुओं आदि का हिस्सा निकाला और फिर दोनों भाईयों ने खाया उसके बाद सीता ने अपनी भूख के अनुसार खाया। शेष सीता आदेशानुसार कौओं को देने के लिये ले गयीं। कौओं ने एकत्र होकर सीता को परेशान कर दिया। वह बार-बार हांकती थीं और वह मुख, छाती पर नाखून, चोंच व पर मारते थे। राम ने यह दशा देखकर कौओं को भगाया। पुनः एकत्र होकर कौए सीता पर गिर पड़े। रामचन्द्र ने क्रोध में आकर एक सींक नामक जंगली घास पर मंत्र पढ़ा और कौए की ओर फेंक दिया। वह कौआ भाग गया। पृथ्वी के नीचे आसमान के ऊपर और इस संसार में अर्थात् तीनों लोकों में वह भागा फिरा, जहां पहुंचा इस सींक को अपने पीछे देख वापस आकर राम के चरणों में गिर पड़ा और सीता से मनुष्य की भाषा में कहा। हे राम ! मुझ पर दया कीजिये और इस सींक से जो मंत्रों का अस्त्र है मुझे मुक्ति दिलाइये। राम ने कहा मैंने सीता के लिये यह अस्त्र तेरा वध करने के लिये छोड़ा है।

کرده ام دروغ نخواهد شد وچون تو در پناه من آمدی امان میدهم لیکن یک عضو تو
بگذار و زنده باش زاغ در دل کرد که بغیر یک عضو هم زندگانی از مردن بهتر است
خیر چشم دو دارم یک نشد نشد بدین اراده برامچندر گفت یک چشم میگذارم و از
دیگر زندگانی کنم رام منتر استر را حکم کرد تا در چشم زاغ در آمد سیتا متعجب ماند زاغ
با یک چشم در پای رامچندر افتاده هر جا که خواست برفت و لچهمن بخدمت مشغول شد
درین اثنا شور لشکر شنیده رام از لچهمن پرسید این چه شور است باری به بین لچهمن برخاسته
نظر گماشت درینجا صورت چترکوٹ و مجموعه درختان آشوک و بران بوزنه ها و زیر او رام و سیتا
ایستاده و بر پیشانی سیتا تیکه نیله خوشنما و در گلوی هر دو هار گلها و در پای رام زاغ افتاده که یک چشم دارد

و لچهمن بر قله کوه لشکر بهرت را می بیند



यह झूठ नहीं होगा और चूंकि मेरे शरण में आ गया है इसलिये अब मैंने तुझे शरण दी। परन्तु तुझे अब अपना एक अंग छोड़ना होगा और उसके बिना जीवित रहना होगा। कौए ने सोचा कि एक अंग के बिना भी जीवन मृत्यु से बेहतर उचित है। मेरी दो आंखें हैं यदि एक न रहे तो क्या हुआ इस निश्चय से उसने रामचन्द्र से कहा मैं आपकी आज्ञानुसार एक आंख छोड़ता हूं और दूसरी आंख से जी लूंगा। राम ने मंत्र अस्त्र को आदेश दिया और वह कौए की आंख में आया। सीता आश्चर्यचकित हुईं। कौआ एक आंख के साथ राम के चरण छूकर जहां चाहता था, चला गया और लक्ष्मण सेवा में व्यस्त हो गये। इसी मध्य सेना का कोलाहल सुनकर राम ने लक्ष्मण से पूछा कैसा कोलाहल है। ज़रा देखो! लक्ष्मण ने उठकर चारों ओर देखा।

चित्रकूट और अशोक के वृक्ष के समूह का चित्र जिन पर वानर हैं उनके नीचे सीता और राम खड़े है। सीता के माथे पर तिलक अच्छा लग रहा है दोनों के गले में हार है, राम के चरणों में कौआ पड़ा हुआ है। जिसकी आंख में सींक है और लक्ष्मण पहाड़ की चोटी पर भरत की सेना को देख रहे हैं।



بر غصه لچهمن رامچندر بر مکان خود نشسته بود و لچهمن بلشکر نظر میکیاست
که غلغله لشکر بسیار شد شیران و خرسان مکانهای خود گذاشته گریختند و بوزنه ها خود را
از درختان بر زمین فرو ریختند مار و غیره سوراخیان در سوراخها خزیدند و طیور بفلک
پریدند و آهوان رمیدند و فیلان بیرون دویدند و جاموس جنگلی کناره کشیدند بیدبا دران
و کنّران گوشه گزیدند لچهمن اینحالت را دیده برامچندر گفت لشکری می آید رام گفت شغب
و شور بسیار است نیک ملاحظه کن لچهمن بسرعت بالائی درخت شال برآمد و هر طرف
نظر گماشت ناگاه از سمت کوه لشکر عظیم دید که می آید رتهه ها و فیلان و اسپان و پیادگان
در و بسیار اند جمله را دیده برامچندر گفت که از کار اگن هوتر یعنی آتش پرستی فارغ شوید و سیتا را
در غاری ببرید و کوچ یعنی جوشن بپوشید و کمان زه نمائید لشکر چتر ملک میرسد رامچندر گفت
این لشکر کسی راجه یا پسر راجه است که برای شکار آمده است مغز سخن بگو لچهمن گفت بهرت
پسر کیکئی مانند چهتریان چون آتش بغضب آمده بکشتن مایان رسیده میخواهد که راج بیخار کند
اینک تُپ درخت میرخشند و کوودار و هوجا بنظر می آید تو هم با اهلیه خود در غاری بنشین
آنچه کاری از دست من می آید تنها میکنم و آنچه واجب است بعمل می آرم حالا تیرهای طلای کار من
از کمان رها شده خون مردم میخورند و همه لشکر را انجاک تیره و ار بر میکنم بهرت مایان را
چه تصدیع داد بسبب دشمنی که راج گذاشتیم همان پیش آمد اما گناه بهرت نیست

सर्ग-१०७

लक्ष्मण का क्रोध

रामचन्द्र अपने स्थान पर बैठे हुए हैं और लक्ष्मण सेना पर दृष्टि दौड़ा रहे थे कि सेना का कोलाहल बहुत बढ़ गया। शेर और भालू अपने स्थान छोड़कर भाग खड़े हुए हैं। वानरों ने अपने को पेड़ों से पृथ्वी पर गिरा दिया और सर्प आदि बिलों में रहने वाले अपनी बिलों में चले गये। पक्षी आकाश पर उड़ गये। हिरन भागे, हाथी बाहर को दौड़े, जंगली भैंसे किनारे हो गये बैलों और गायों ने कोने में शरण ली। लक्ष्मण ने यह स्थिति देखकर रामचन्द्र से कहा ''एक सेना आ रही है।'' राम ने कहा ''कोलाहल बहुत अधिक है भली प्रकार देखो।'' लक्ष्मण शीघ्रता से शाल के वृक्ष पर चढ़ गये और चारों ओर दृष्टि दौड़ाई। अचानक पहाड़ की ओर एक बड़ी सेना देखी जो चली आ रही थी, जिसमें रथ हाथी घोड़े और पैदल बहुत थे। सबको देखकर उन्होंने रामचन्द्र से कहा कि अग्नि की पूजा से निवृत्त होकर सीता को लेकर गुफा में चले जाइये और कवच पहन लीजिये। बाण को धनुष पर चढ़ा लीजिये। राजा की सेना आ रही है। रामचन्द्र ने कहा ''यह सेना किसी राजा या राजपुत्र की है। जो शिकार के लिये आया है। अपने कथन का उद्देश्य बताओ।'' लक्ष्मण ने कहा कैकेयी का पुत्र भरत क्षत्रियों की भांति अग्नि के समान क्रोधित होकर हम सबका वध करने के लिये पहुँच गया है। वह चाहता है कि बेखटके राज्य करे। घोड़े दौड़ रहे हैं आप भी अपनी पत्नी के साथ किसी गुफा में बैठ जाइये। जो कार्य मेरे हाथ से होगा मैं अकेला करूंगा और जो आवश्यक है वह पूर्ण करूंगा। अभी मेरे स्वर्ण बाण कमान से छूटकर लोगों का रक्त पीते हैं और समस्त सेना को मैं धूल में मिलाता हूं। भरत ने हम सबको कितना कष्ट दिया और उसकी जिस शत्रुता के कारण हमने राज्य छोड़ा वही सामने आया परन्तु भरत जैसा कोई भी अपराधी नहीं है।

این دهرم است کە اول دشمن را باید کشت بنابران بهرت را میکشم تو راج بنجار بکن حالا کیکی
مغرور راج در ماتم پسر خواهد گریست و بهرت را چنان میکشم کە فیل درخت را و کیکی را
با برادران و متعلقان میکشم حالا بجنگ میروم و این جنگل چترکوٹ را از خون
دشمنان تالاب میکنم و فیلان و اسپان وغیره را از تیر کشته خوراک جانوران
صحرا میسازم و پیشک فرض تیر و کمان کە بر ذمه منست میگذارم اکنون لشکر بهرت را
ببین کە در صحرا و اشجار و دهان جانوران می افتد صورت چترکوت و رام و سیتا در آشرم نشسته
و لچھمن بر درخت شال برآمده لشکر را می بیند و در لشکر فیل سفید با نشان و درو تصویر بیاده کاو
و عقب او مردم پیاده و سوار و رتهه و بند و قچیان وغیره و چهترها همه میدرخشند



बुद्धिमानी यही है कि पहले शत्रु को मार डालना चाहिये। इसलिए मैं भरत को मार डालता हूँ। आप बेखटके राज्य कीजियेगा। अब राज्य के मद में कैकेयी पुत्र के वियोग में रोयेगी, भरत का मैं ऐसा वध करूंगा कि जैसे वृक्षों के लिए हाथी और कैकेयी के भाईयों और सम्बन्धियों सहित मारुंगा। अब मैं युद्ध के लिये जाता हूँ और चित्रकूट के इस वन को शत्रुओं के रक्त से तालाब बना देता हूँ। हाथियों और घोड़ों को बाण से मारकर वन के पशुओं का भोजन बना देता हूँ। बाण और धनुष का जो उधार मुझ पर है वह चुकाता हूँ। अब भरत की सेना को देखिये कि अब वह वन वृक्ष और पशुओं के मुंह में जाते हैं।

चित्रकूट का चित्र राम और सीता आश्रम में बैठे हुए हैं और लक्ष्मण शाल के वृक्ष पर चढ़कर सेना को देख रहे हैं। सेना में सफेद हाथी झण्डे सहित हैं। इस पर गाय का चित्र बना हुआ है उसके पीछे लोग पैदल सवार रथ और बन्दूकचियाँ आदि हैं सबके मुखड़े चमक रहे हैं।



بهرک گفت رام لچهمن از غصه درین گفتار بود که رامچند گفت بهرت کاهی
با من بدی نکرده تو چرا از و میترسی اگر بهرت خود می آید مرا با کمان و شمشیر و سپر
چه کار اگر بهرت برای دیدن می آید آرزوی من نیز چنانست تو بطرف او سخت مگو
از عداوت کردن تو من بیزارم او بجای پسر منست از سبب دولت پسر چگونه پدر را میکشد
یا برادر عزیز را برادر چرا هلاک میکند اگر راج میخواهی من به بهرت خواهم گفت که راج
به لچهمن بده او قبول خواهد کرد چون رامچند چنان گفت لچهمن از انفعال در خود
فرو رفت رامچند او را شرمنده دیده بار دیگر گفت من چنان میدانم که برای
دیدن من آمده است و برای دیدن سیتا به بین که بهرت و شترگهن هردو بهادران
بر اسپان بادرو بنظر می آیند اینک پیش پیش لشکر فیل شترجی بابت پدر من میزیبد
چون رام چنین گفت و آن لشکر را از شادی بلچهمن نمود او از درخت شال فرود آمد
و از شرم سر فرو افکنده پس پشت رام ایستاده شد و بهرت بمفاصله
یک گروه لشکر را استاده کرده در تهنیهٔ مهربان کردن برادر کلان شد



[illegible]

सर्ग-१०८

राम की वार्ता

लक्ष्मण क्रोध के कारण इस वार्ता में थे कि रामचन्द्र ने कहा ''भरत ने मेरे साथ कोई बुराई नहीं की तुम क्यों उससे डरते हो? यदि भरत स्वयं आता है तो मुझे कमान तलवार शस्त्र से क्या काम। यदि भरत मुझे देखने आता है, तो मुझे भी इसकी इच्छा है तुम उसके विषय में कोई कठोर बात मत कहो। तुम्हारे शत्रुतापूर्ण व्यवहार से मैं दुःखी हूँ। वह मेरे पुत्र के समान है। राज्य के लिये एक पुत्र पिता का कैसे वध कर सकता है? या एक प्रिय भाई को कैसे मार सकता है?यदि तुम राजपाट चाहते हो तो मैं भरत से कहूँगा कि राज्य लक्ष्मण को दे दो और वह उसे स्वीकार कर लेगा।'' जब रामचन्द्र ने यह कहा तो लक्ष्मण हृदय में लज्जित हुए। रामचन्द्र ने उनको अधिक लज़्जित देखकर पुनः कहा ''मैं ऐसा समझता हूँ कि वह मुझे देखने और सीता को ले जाने आया है। देखो भरत और शत्रुघ्न दोनों वीर द्रुतगति घोड़ों पर सवार दिखाई पड़ रहे हैं। उनके आगे-आगे मेरे पिता का विशेष हाथी। है।'' जब राम ने यह कहा, और प्रसन्नता से यह सेना लक्ष्मण को दिखाई तो वह शाल वृक्ष से नीचे उतरे और लज्जा के कारण सर झुकाकर राम के पीछे खड़े हो गये और भरत ने एक कोस की दूरी पर सेना को रोककर बड़े भाई को दयालु करने और मनाने का निश्चय किया।



بهرک گفت رام لچهمن از غصه درین گفتار بود که رامچندر گفت بهرت کاهی
با من بدی نکرده تو چرا از و میترسی اگر بهرت خود می آید مرا با کمان و شمشیر و سپر
چه کار اگر بهرت برای دیدن می آید آرزوی من نیز چنانست تو بطرف او سخت مگو
از عداوت کردن تو من بیزارم او بجای پسر منست از سبب دولت پسر چگونه پدر را میکشد
یا برادر عزیز را برادر چرا هلاک میکند اگر راج میخواهی من به بهرت خواهم گفت که راج
به لچهمن بده او قبول خواهد کرد چون رامچندر چنان گفت لچهمن از انفعال در خود
فرو رفت رامچندر او را شرمنده دیده بار دیگر گفت من چنان میدانم که برای
دیدن من آمده است و برای دیدن سیتا بهین که بهرت و شترگهن هردو بهادران
بر اسپان باد رو بنظر می آیند اینک پیش پیش لشکر فیل شترجی بابت پدر من میرسید
چون رام چنین گفت و آن لشکر را از شادی بلچهمن نمود آواز درخت شال فرود آمد
و از شرم سر فرو افکنده پس پشت رام ایستاده شد و بهرت بمفاصله
یک کروه لشکر را استاده کرده در تهیّهٔ مهربان کردن برادر کلان شد



صورت چترکوت
ویران شالا و بشارت [illegible]

सर्ग-१०८

राम की वार्ता

लक्ष्मण क्रोध के कारण इस वार्ता में थे कि रामचन्द्र ने कहा ''भरत ने मेरे साथ कोई बुराई नहीं की तुम क्यों उससे डरते हो? यदि भरत स्वयं आता है तो मुझे कमान तलवार शस्त्र से क्या काम। यदि भरत मुझे देखने आता है, तो मुझे भी इसकी इच्छा है तुम उसके विषय में कोई कठोर बात मत कहो। तुम्हारे शत्रुतापूर्ण व्यवहार से मैं दुःखी हूँ। वह मेरे पुत्र के समान है। राज्य के लिये एक पुत्र पिता का कैसे वध कर सकता है? या एक प्रिय भाई को कैसे मार सकता है?यदि तुम राजपाट चाहते हो तो मैं भरत से कहूँगा कि राज्य लक्ष्मण को दे दो और वह उसे स्वीकार कर लेगा।'' जब रामचन्द्र ने यह कहा तो लक्ष्मण हृदय में लज्जित हुए। रामचन्द्र ने उनको अधिक लज्जित देखकर पुनः कहा ''मैं ऐसा समझता हूँ कि वह मुझे देखने और सीता को ले जाने आया है। देखो भरत और शत्रुघ्न दोनों वीर द्रुतगति घोड़ों पर सवार दिखाई पड़ रहे हैं। उनके आगे-आगे मेरे पिता का विशेष हाथी। है।'' जब राम ने यह कहा, और प्रसन्नता से यह सेना लक्ष्मण को दिखाई तो वह शाल वृक्ष से नीचे उतरे और लज्जा के कारण सर झुकाकर राम के पीछे खड़े हो गये और भरत ने एक कोस की दूरी पर सेना को रोककर बड़े भाई को दयालु करने और मनाने का निश्चय किया।



سرگ ملاقات چون بهرت جانب رامچندر روان شد به بشستّ گفت که مادران مرا
دو بیارید و خود بنزدیک رام قدم برداشت و شتر گهن و سومنتر عقب او رفتند
بجایی که دخان بنظر می آمد همان نشان پیش گرفت هر گاه بر چترکوت نزدیک دریای
منداکنی رسید پرن شالا یعنی خانه از برگ درختان دید و پیش و پس او اشجار شال
و تال و نیب بسیار نظر کرد در انجا رامچندر را بر آسن خوب نشسته و بهایم و جانوران
جنگلی بقرب صحبت او چون تیر ترکش دید و پیکانها تیر چون مهر تابان میدرخشید
شمشیر کوفت مطلا و کمان منقش از بندهای زرین خوشنما و شست زرنگار در انگشت
و روبروی او بیدی از آتش است و جتا بر سر بکل در تن و کرشن اجن در بغل است
پوست آهوی سیاه
و دوش چون شیر و دست دراز و چشم چون نیلوفر کلان دل و بخت بلند گویا برهماست
دهرماتمان و حافظ تمام زمین تا دریای شور بهرت پیش دویده برادر را بدانحال
دیده از غم اشک ریزان گردیده بی اختیار گفت کسیکه در دیوانخانه با امرا می نشست
حالا با بهایم جنگلی نشسته آنکه پارچه و پیرایه بیش قیمت می پوشید حالا آن دهرماتما
اجن آهو دارد آنکه اقسام جواهر و مالا میداشت او بار جتا را چسان برداشت
میکند آنکه تن او پیوسته از صندل وغیره آلوده می ماند ازین گرد و خاک چگونه
برمیدارد از سبب من اینقدر تصدیع یافت لعنت بر زندگی من اینقدر گفت

सर्ग-१०६

भेंट

जब भरत रामचन्द्र की ओर चले तो वशिष्ठ ने कहा ''मेरी माताओं को शीघ्र लाइये'' और स्वयं राम की ओर अपने पाँव बढ़ाये। शत्रुघ्न और सुमन्त्र उनके पीछे गये। जिस स्थान पर धुआँ दिखाई पड़ रहा था उसी को लक्ष्य रखा जब चित्रकूट पर मन्दाकिनी नदी के निकट पहुँचे तो एक पर्णशाला अर्थात् वृक्ष के पत्तों का घर देखा और उसके आगे पीछे शाल ताल तथा नीम के अनगिनत वृक्ष देखे। वहाँ रामचन्द्र को एक अच्छे तख़्त पर बैठा देखा उनके निकट वन पशुओं को धनुष में बाण के समान देखा जो तीर के अग्रभार के समान चमक रहे थे। रत्नजड़ित वाली तलवार और सुसज्जित कमान जरी बन्द से सुन्दर लग रही थी। उंगली में रत्न जड़ित अंगूठी थी। उनका मुखड़ा अग्नि की भाँति दमक रहा था। सर पर जटा थी शरीर पर और बगल में वृक्ष की छाल थी। कन्धा शेर जैसा मजबूत और लम्बी, आँखें ऐसी जैसे बड़ा सा नीलोफर का फूल, हृदय और भाग्य दोनों उच्च जैसे ब्रह्मा हैं। धर्मात्मा और शोर नदी तक समस्त पृथ्वी का रक्षक भरत ने आगे दौड़कर भाई को इस स्थिति में देखकर दुख से अश्रु बहाते हुए कहा ''जो राजभवन में धनवानों के साथ बैठता था अब वह वन पशुओं के साथ बैठा हुआ है, और जो मूल्यवान वस्त्र पहनता था वह धर्मात्मा मृग की खाल पहने हुए है, जो विभिन्न प्रकार के रत्न और माला पहनता था वह जटा का बोझ कैसे उठाये हैं ?जिसका शरीर सदैव चन्दन आदि सुगन्धों से महकता रहता था वह यह धूल और मिट्टी कैसे सहन कर रहा है ?मेरे कारण से उनको इतना कष्ट हुआ मेरे जीवन पर धिक्कार है।''

و در پای رامچند افتاد و شترگهن نیز پای رام را بوسه داد رامچند هر دو را در کنار
گرفت و سر آنها بوسید بمثالی که با آفتاب و ماهتاب و زهره و مشتری ملاقات کنند
و سومنتر هم ملازمت نمود و بوزنه‌ها و آهوان و غیره که بهم جمع بودند در صحرا پراکنده شده
گریختند و در اینجا صورت چترکوت و آشرم بدستور و رام بر آسن نشسته و ترکش و کمان و شمشیر
پیش نهاده و جتّهای سر بکل درخت و دست بر سر بهرت می نهد و او پای او را بوسه میدهد و شترگهن و غیره ایستاده



گفتار رام رامچند بهرت را بوسیده و در بغل گرفته بدینگونه باعث آمدن آن
پرسید راجه دشرته کی شد که تو در صحرا آمدی زیرا که در حیات راجه آمدن اینجا نزار دار

यह कहते हुए वह रामचन्द्र के चरणों में गिर पड़े और शत्रुघ्न ने भी राम के पैर चूमे। रामचन्द्र ने दोनों को हृदय से लगाया और उनके मस्तक को चूमा। जैसे कि सूर्य और चन्द्रमा तथा मंगल शुक्र भेंट करते हैं और सुमन्त्र ने भी सम्मान जताया तथा वानर और हिरन आदि जो एकत्र थे वन में भाग गये।

चित्रकूट और आश्रम का चित्र पूर्व की भाँति है। राम आसन पर बैठे हुए हैं। धनुष बाण और तीर सामने रखे हैं शिर पर जटा है हाथ भरत के सर पर रखे हुए हैं और वह उनके पाँव को चूम रहे हैं पास में वशिष्ठ आदि खड़े हैं।

सर्ग–११०

रामचन्द्र की वार्ता

रामचन्द्र ने भरत को चूमा और अपने निकट लेकर इस प्रकार उनके आने का कारण पूछा ''राजा दशरथ कहाँ गये कि तुम वन में आए हो। क्या तुम राजा के जीवन में यहाँ नहीं आ सकते थे।''



بنودی ویرست که ترا از دور می بینم موجب آمدن تو درین صحرا چه باشد چه مگر راجه
دشرتهه که کننده جک راجسوها و آشومیدها و مستقل بر دهرم است بعافیت است
چه مگر اوپادهیایی اجهواکورا که ریاضت کمال دولت اوست و دهرماتماست از پدر من موافق
معمول او پرستش او میشود چه مگر کوشلا و سومترا بخیریت اند چه مگر کیکئی براحت است
چه مگر مسخر کننده حواس و داننده بیدها پروهت بعافیت است چه مگر هنگام اگن هوتر
هوم در آتش بجمعیت می اندازد چه مگر منتریان یعنی مشورتیان و وزراء تو که شاستر دان
و جهاندیده و طریق فهم هستند بواسطه راجه ها مشورت ایشان بیخ دولت و ظفر است
چه مگر خواب ترا بسیار میشود و بروقت بیدار نمیشوی چه مگر هر معامله را هنگام آخر شب تامل
نمیکنی چه مگر با مردم مصلحت در خلوت نمیکنی و چه مگر کنگاشیان تو دولتخواه نیستند
چه مگر کاری کردن میتوانی و بسرعت نمیشود چه مگر چیزی که قابل گفتن است و چیزی که
قابل نگفتن مصلحتیان تو آنرا نمیفهمند چه مگر ترا نادان بسیار جمعند و دانا کم بواسطه آنکه
گفته اند اگر نادان هزاران و لکها معاون باشند با اینها صحبت نباید کرد و اگر عاقل یکی
باشد از سبب او دولت بسیار حاصل آید چه مگر بشسٹ و بام دیو مطابق شاستر
پند نمیدهند چه مگر وزرائی تو بزرگان را بکارهای بزرگ و خردان را بکار خرد مشغول
نمیدارند چه مگر مقصدیان تو مردم را بسیار تنبیه و تادیب میکنند چه مگر نوکران ترا بخاطر

‘‘मैं बहुत समय से तुम्हें दूर से देख रहा हूँ तुम्हारे वन में आने का क्या कारण है ?क्या राजा दशरथ जो अश्वमेध यज्ञ करने वाले, और सदैव धर्म पर स्थिर रहने वाले हैं, कुशल से हैं ?तथा इक्ष्वाकु के उपाध्याय के लिये तपस्या जिसकी सबसे बड़ी सम्पत्ति है, जो धर्मात्मा हैं, मेरे पिता की ओर से इसकी पूजा पूर्व की भाँति हो रही है ?क्या कौशल्या और सुमित्रा कुशलपूर्वक हैं ?क्या कैकेयी सुखपूर्वक हैं?क्या मन को वश में करने वाले और वेदों को जानने वाले पुरोहित कुशल से हैं?क्या वह अग्नि की पूजा पूर्ण मनोयोग से कर रहे हैं ?क्या मंत्री, परामर्शदाता और मंत्रीगण जो शास्त्र जानने वाले दूरदर्शी और बुद्धिमान हैं राजा के लिए उनके परामर्श धन सम्पत्ति का आधार है?क्या तुम्हें निद्रा बहुत आती है?समय पर उठते नहीं हो क्या?तुम प्रत्येक मामले में रात्रि के अन्तिम पहर में विचार नहीं करते हो क्या?तुम लोगों के साथ एकान्त में संधि नहीं करते हो क्या ?तुम्हारे परामर्शी सम्पत्ति के शुभचिन्तक नहीं हैं क्या ?तुम कोई कार्य कर सकते हो और वह शीघ्र नहीं होता क्या ?ऐसी बात है कि कोई बात कहने की है और कोई बात कहने की नहीं है। उसको तुम्हारे सलाहकार नहीं समझते हैं ?क्या तुम्हारे निकट मूर्ख लोग अधिक एकत्र हैं, बुद्धिजीवी कम ?क्योंकि लोगों ने कहा है कि हजारों मूर्ख भी तुम्हारे सहयोगी हों तब भी उनका संग नहीं करना चाहिए और यदि बुद्धिमान एक ही हों तब भी उसके कारण से बहुत सम्पत्ति प्राप्त होती है। क्या वशिष्ठ और वामदेव शास्त्र के अनुसार शिक्षा नहीं देते हैं ?क्या तुम्हारे मंत्रीगण बड़ों को बड़े कार्यों में और छोटों को छोटे कार्यों में व्यस्त नहीं रखते हैं ?क्या तुम्हारे शत्रु लोगों को बहुत डराते धमकाते हैं ?क्या तुम्हारे नौकर तुम्हारी आज्ञा नहीं मानते हैं, जैसे कि बूढ़े पति को उसकी पत्नी सम्मान नहीं देती है।

نمی آرند چنانکه شوہر پیر ازن او وگفته اند ہر که طبیب کامل و نوکر محکوم و سپاہی
دولتخواه ندارد او ہلاک میشود چه مگر سرداران لشکر تو اصیل وکارگذار و سپاہی
وعاقل ومتحمل و یا کر و نیست چه مگر پہلوانان سرآمد تو بخوشی در جنگ مستعد نمیشوند
چه مگر بل وغیره انچه باید داد آزا پس میگیری چه مگر خراج آوران ترا باج نمیدہند
که آن فساد کلان ہست چه مگر اقربا و ہمجنسان تو در مصاف بجان دادن کوتاہی
میکنند چه مگر جاسوسان وقاصدان تو در کار کاہلی میکنند و پیغام بدانش
[illegible]
نمیگذارند چه مگر تیرتهه کنان تو ہر ده و ده و پنج و سه را درست نمی فہمند
چه مگر ترا از دشمنان خوف رسیده وخود را کم زور دانسته چه مگر این بیوقوفان
که خود را عاقل میدانند چه برہمنان نمی پرستند چه پدر ما بدستور سابق راست رو
نیست واجود ہیا راکه از افیال و اسپان ورتهه و برہمن و چہتری و بیش و شودر
بقول ن
پرہست وزن و مرد بخوشی دران میباشند با حسن وجوه حراست نمیکنند چه مگر پیران
خوردان وبیدانان از دان یعنی بخشش و درستی دل و راستی گفتار آراسته
دولت
ہستند چه مگر ارتهه وکام و دہرم کسان نقصان می یابد چه مگر برہمنان تو سخنان
دہرم وکام ارتهه ہمیشه نمیگویند زیرا که ناستک یعنی آن عالم ہیچ داند و دروغ گو
وغصه دار و دیرکه سوتری یعنی ہر که کار یکروزه تمامی سه انجام کند و نفهمنده شناسته

लोगों ने सत्य ही कहा है कि जो व्यक्ति योग्य चिकित्सक, आदेश का पालन करने वाले नौकर, धन के इच्छुक सिपाही, नहीं रखता उसका नाश हो जाता है। क्या तुम्हारा सेनापति योग्य एवं कार्यकुशल, योद्धा, बुद्धिमान, धैर्यवान और पवित्र विचारों वाला नहीं है ?और क्या तुम्हारे बड़े-बड़े प्रसिद्ध पहलवान प्रसन्नतापूर्वक युद्ध के लिये तैयार नहीं होते हैं ?क्या पुल आदि जितने चाहिये, उनको तुम किनारे डाल देते हो ?और क्या तुम्हारे करदाता तुम्हें कर भुगतान नहीं करते ?क्योंकि यह बहुत बड़ा दोष है। और क्या तुम्हारे संबंधित और पुरुष युद्ध के मैदान में प्राण देने में संकोच करते हैं?और क्या तुम्हारे गुप्तचर और संदेशवाहक अपना कार्य करने में ढिलाई दिखाते हैं और संदेश समझबूझ के साथ नहीं पहुँचाते हैं ?और क्या तुम्हारे तीर्थ करने वाले अटठारह, दो, पांच, तीन और तीन को सही नहीं माने हैं?क्या तुम्हें शत्रुओं की ओर से भय है और तुम अपने को निर्बल समझते हो?और क्या यह मूर्ख जो स्वयं को बुद्धिमान समझते हैं। ब्राह्मणों की पूजा नहीं करते हैं और क्या हमारे पिता पूर्व की भांति सत्यवादी नहीं हैं ?और क्या अयोध्या जो हाथी, घोड़े, रथ और ब्राह्मण, क्षत्रिय, बक्काल और शूद्र से भरी हुई है, उसमें पुरुष और स्त्री प्रसन्नतापूर्वक नहीं रहते हैं ?और भली प्रकार से उसकी सुरक्षा नहीं करते हैं ?और क्या बुद्धिमान बुद्धि और वेद का ज्ञान रखने वाले दान, मन की शुद्धता, वार्ता की सत्यता से सुसज्जित नहीं हैं?और क्या लोगों की सम्पत्ति और धर्म कम हो रहा है ?और क्या तुम्हारे ब्राह्मण धर्म, अर्थ और काम की बातें नहीं कहते हैं क्योंकि जो ज्ञानी कुछ जानता है वह झूठ बोलने वाला और क्रोध रखता है और जो कि जिस समय एक दिन का कार्य सम्पादित करता है और वह शास्त्र को समझने वाला नहीं है उसे उसकी समझ रखनी चाहिए।

اینها زود تمیز باید کرد چه مگر تو از گناه چهارده قسم پاک نیستی چه مگر زا از دوازده
عقوبت چیزی رسیده که ازین دولت کلان از دست برود چه مگروه اندر بیست
برگ و پنج برگ و چهار برگ و هفت برگ و هشت برگ و سه نفر برگ و تسخیر
اربعه عناصر و ملک
حواس شش وجه و بیست برگ و مسافت و سیاست و پیوند دادن دو مجال
اینها موافق ضابطه نمیکنی و آنچه از منتریان بابته و چهار مطلوب ست مطابق معمول
بعمل نمی آرند چه مگر بید ترا نفع نمی بخشد و زر ترا فائده نمیدهد و عورت و علم ترا نفع بخشش
نیست اینها که گفتم موافق دستوربد سوید رمن بطریق اجداد ما مستقل ست و دینار از درهم
محافظت میکند و میدانم که بدرم ببرک [illegible] بیجا عوت چترکوت و پرن شالا درم و لچهمن و بهرت
و شترگهن و سیتا و سومنتر و بشست رام و سیتا نشسته اند و جمیع استاده اند



और क्या तुम चौदह पापों से मुक्त नहीं हो ?क्या तुम्हें बारह दण्ड या कष्ट में से कुछ हुई है जिसके कारण से बड़ा राज्य हाथ से निकल जाता है ?और क्या दस इन्द्री वर्ग, पांच वर्ग, सात वर्ग, आठ वर्ग और तीन नफ़र वर्ग और छः इन्द्रियों को वश में करना बीस वर्ग, यात्रा राजनीति यह सारे कार्य तुम नियमानुसार नहीं करते हो ?और जो कुछ कि मंत्रियों से तीन चार बातें वांछित हैं वह उन्हें परम्परानुसार नहीं करते हो ?और जो कुछ कि मंत्रियों से तीन चार बातें वांछित हैं। सब नियमों के अनुरूप हैं। अतः मेरे पिता और पूर्वजों के रास्ते पर सदा स्थापित हैं, और संसार के धर्म के कारण से रक्षा करते हैं और मैं जानता हूँ कि मेरे पिता स्वर्गवासी हो चुके हैं।

चित्रकूट और पर्णशाला का चित्र, राम लक्ष्मण, भरत, शत्रुघ्न, सीता, सुमंत्र व वशिष्ठ के चित्र-राम और सीता बैठे हुए हैं, शेष सब खड़े हैं।



سرک گفت بهرت را آنچه در بدنیان مستفسر بود که بهرت غمگین و مضطربانه
حقیقت مردن پدر بیان کرد و گفت من که از دهرم افتاده ام مرا به راج چه کار باوجود
همچو تو برادر کلان بخوردان چه رسد با بزرگان در اجودهیا در آی و خود را راجه
ذات ما کن تو لایق راج زمین بلکه راج دیوتاها را لایق هستی بواسطه آنکه کارهای تو
از درجهٔ مردم بالاتر است بسبب کیکئی والدهٔ من تو بصحرا آمدی و مهاراجه بسرگ رفت
اکنون برخیز و اودک کریا کن یعنی بنام او آب بده اگرچه من و شترگهن قبل ازین کرده ایم
جل کریا
اما دادهٔ فرزندی که عزیز پدر باشد در پترلوک اچهی میشود یعنی ثمرهٔ او کاهی کم نمیشود
مردگان
و تو فرزند عزیز پدر هستی بواسطه آنکه پدرم در فکر تو و آرزوی دیدار تو بود و دل
و عقل را بتو پیوند کرده و ترا یاد نموده در غم تو مرده است درینجا صورت رام و لچهمن و سیتا و بهرت
و شترگهن و سومنتر و بششت و صورت چترکوت بدستور معمول بهرت روبرو میرسد
و از بنیان نشسته



सर्ग–१११

भरत की वार्ता

रामचन्द्र इस प्रकार पूछ रहे थे कि भरत ने दुखी होकर और व्याकुल होकर पिता के स्वर्गवास होने की सत्यता बताई और कहा कि "मैं धर्म से दूर हो चुका हूँ। मुझे राजपाट से क्या लेना देना। आप जैसे बड़े भाई के होते हुए छोटों को इससे क्या काम। बड़े बूढ़ों के साथ अयोध्या चलिये और स्वयं को हमारा राजा बनाइये। आप पृथ्वी पर राज्य करने अपितु देवताओं पर राज्य करने योग्य हैं। क्योंकि आपके कार्य लोगों की पहुँच से ऊपर हैं मेरी माता कैकेयी के कारण आप वन में आए और महाराजा स्वर्ग को चले गये अब उठिये और जल क्रिया कीजिये अर्थात् उसके नाम पर जल दीजिये। यद्यपि मैंने और शत्रुघ्न इससे पूर्व जल दे चुके हैं परन्तु प्रिय पुत्र का दिया हुआ जल मृतक के संसार के लिये अच्छा होता है अर्थात् उसका फल कभी कम नहीं होता। आप पिता के प्रिय पुत्र हैं। क्योंकि मेरे पिता आपकी चिंता और आपको देखने की इच्छा रखते थे उन्होंने अपने मन और हृदय दोनों आपस में जोड़ रखे थे आपको स्मरण करते हुए ही आपके दुख में स्वर्ग सिधार गये।"

राम, लक्ष्मण, सीता, भरत, शत्रुघ्न सुमंत्र, वशिष्ठ का चित्र और चित्रकूट का चित्र। यथावत् व पूर्व के अनुरूप हैं। भरत सामने पहुँचते हैं और वह सब बैठे हुए हैं।



کہ ماتم رامچندر اینچنین گفتار تحیر از بهرت شنیده بنوعیکه درخت از تبر شکسته
افتد بیهوش برزمین افتاد و برادران او با سیتا و چندان غم کردند باز بهوش آمده
با بهرت گفت از من کدام کار لایق آن صاحبدل آمد تو نیک مردی که با شترگهن ستمکار او
کردی اکنون که اجودهیا بی راجه بی رونق مانده بعد انقضای ایام صحرا هم شوق آنجا نیست
و شوق راج هم نمانده گفتارهای پند که پدرم میگفت از کجا خواهم شنید بهرت گفت باری
برخیزید و آب به پدر بدهید اگرچه من ستمکار کرده ام بعد ازان رام سیتا را که میگریست
انجیر کوفته شده [illegible]
تسلی کرده بلچهمن گفت پناک انگدی و چرو او تر من بیارید که جل کریا پدر میکنیم اول سیتا
برود و تو با او برو بعد ازان من میروم که طریق بزرگان چنین است لچهمن همچنان
بعمل آورد بعد ازان رامچندر با سومنتر آنطرف دریای مندا کنی آمد در آنجا بشیو
تیرتهه رسید آنجا همه ها غسل کردند رامچندر انجلی پر آب از آن گرفته رو بسمت جنوب کرده
چنان گفت ای پدر ترا در جم لوک که پتر لوک است این آب همیشه برسا و بعد ازان
عناب و [illegible]
با برادران خود پناک یعنی غلوله از انگدی و بدری کرده بر وریهه یعنی گیاه نهاده گفت
ای پدر این را بخور هر خوردنی که هست همه را دیوتا ئی هست باز رامچندر همان راه
دریا را عبور کرده هر دو دست بهرت و لچهمن گرفته در همان پرن کٹی یعنی خانه برگ
درختان هر چهار برادر و سیتا و غیره گریه آغاز کردند مردم لشکر که ایستاده بودند

सर्ग-११२

रामचन्द्र का शोक

रामचन्द्र ने भरत से ऐसी आश्चर्यजनक बात सुनकर, जिस प्रकार आरी से कटकर वृक्ष गिरता है, उसी प्रकार वह मूर्छित होकर पृथ्वी पर गिर पड़े, और सीता सहित उनके भाइयों ने कुछ शोक मनाया। फिर उन्होंने होश में आकर भरत से कहा ''मुझसे उस महान आत्मा के योग्य कौन-सा कार्य हुआ ?तुम सज्जन पुरुष हो कि तुमने शत्रुघ्न के साथ उनका अन्तिम संस्कार किया। अब जबकि अयोध्या उजड़ चुकी है, वनवास की अवधि पूर्ण होने के पश्चात् भी मुझे वहाँ जाने की इच्छा नहीं है, और राज्य की इच्छा भी नहीं रह गयी है। मैं वह शिक्षाप्रद बातें जो मेरे पिता बताते थे अब कहाँ से सुनूँगा।'' भरत ने कहा ''भगवान के लिये उठिये और पिता को जल दीजिये यद्यपि मैं संस्कार कर चुका हूँ। उसके पश्चात् राम ने सीता को, जो रो रही थी, सान्त्वना देते हुए लक्ष्मण से कहा ''इडगुदी और चन्दन आदि लाओ ताकि मैं पिता की जल क्रिया करूँ। पहले सीता जायें और तुम उनके साथ जाओ तथा उसके बाद मैं जाऊँगा कि पूर्वजों का विधान यही है।'' लक्ष्मण ने इसका पालन किया उसके पश्चात् रामचन्द्र, सुमंत्र के साथ मन्दाकिनी नदी के उस ओर आए। वहाँ शिव तीर्थ पर पहुँचे सबने स्नान किया। रामचन्द्र ने घड़ा पानी से भरकर अपना मुँह दक्षिण की ओर करके स्नान किया। ''ऐ पिता ! आपको यमलोक में जो पितृलोक है, यह जल सदैव पहुँचे। उसके पश्चात् भाईयों के साथ पिण्डदान करके और उसे (कुशो) घास पर रखकर कहा ''पूज्य पिता जी! इसे खाइये। खाने के योग्य जो कुछ है वही देवता को अर्पित है। फिर रामचन्द्र उसी मार्ग से नदी पार करते हुए दोनों भुजाओं में लक्ष्मण और भरत को लिये हुए उसी कुटिया में आए। चारों भाई और सीता ने रोना आरंभ कर दिया। सेना के लोग जो खड़े थे,

این شور را شنیده دانستند که با برادران ملاقات شد باز روئی دیدار رام همکنان
با اسپ و فیل و رتهه و غیرهم همانجا جمع شدند دران زمین از حوا فروسم و از تمام رتهه
شغب بسیار شد فیلان آنجا از ترس در صحرا دیگر گریختند و گرازها و آهوان و جوامیس
و خرسها و میمونها و پلنگان و شیران و گاوکوشان و گاوان همه گوشه
گرفتند و کوکلا و غیره طیوران بآسمان پریدند بعد ازان رامچندر همکنان را
مانند پدر تسلی و اطمینان داده مطابق درجات هر کسان سخنی و حکایتی بگفتار آورد و آن
مردم چون از غم گریه سر کردند آن نفیر مانند مرذنگ شده تمام غارهای کوه و هامون پر کرد
درینجا صورت هر چهار برادر جٹا بر سر و سیتا و سومنتر و بشسٹ درمیان دریا



